ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष सप्तमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 30 मई 2024
वर्ष 34, अंक 123, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

लावा उगल रही है खूबसूरत वीनस की सतह 16

पुष्पा 2 के पोस्टर में दिखा रश्मिका का अलग अंदाज 15

एक नजर

रूद्रम- दो मिसाइल का सफल परीक्षण

नई दिल्ली। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने हवा से सतह पर मार करने वाली रूद्रम - दो मिसाइल का वायु सेना के लड़ाकू विमान सुखोई से सफल परीक्षण किया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में मिसाइल के सफल परीक्षण पर डीआरडीओ, वायु सेना और उद्योग जगत को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि इस परीक्षण की सफलता से रूद्रम -दो की भूमिका की मजबूती से पुष्टि हुई है और इससे भारतीय सशस्त्र बलों की ताकत कई गुणा बढ़ जाएगी।

केजरीवाल की अंतरिम जमानत याचिका नामंजूर

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट के रजिस्ट्रार ने दिल्ली आबकारी नीति से संबंधित धनशोधन के एक मामले के आरोपी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की एक जून को समाप्त होने वाली अंतरिम जमानत अवधि सात दिन बढ़ाने के लिए दायर उनकी याचिका सूचीबद्ध करने से इनकार कर दिया है। अब उन्हें हर हाल में 2 जून को जेल जाना ही होगा। रजिस्ट्रार ने कहा कि न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और दिपांकर दत्ता की पीठ ने मुख्यमंत्री केजरीवाल को अंतरिम जमानत देने के साथ ही नियमित जमानत के लिए निचली अदालत में जाने की भी छूट दी थी, इसलिए उनकी यह याचिका (अंतरिम जमानत बढ़ाने की याचिका) विचार करने के योग्य नहीं है।

परिवार के आठ सदस्यों की हत्या कर की आत्महत्या

छिंदवाड़ा। मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा जिले के माहुलझिर थाना क्षेत्र में एक युवक ने अपने परिवार के आठ सदस्यों की कुल्हाडी से हत्या कर स्वयं को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। जिले के माहुलझिर थाना अंतर्गत बोदल कछार गांव में एक आदिवासी परिवार के एक युवक ने वारदात को अंजाम दिया। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को अपने कब्जे में ले लिया है।

देश में कदम रखते ही गिरफ्तार होगा रेवन्ना

बेंगलुरु, एजेंसी

- म्यूनिख से बेंगलुरु की उड़ान का 30 मई का टिकट बुक कराया
- एसआई बेंगलुरु अड्डे पर गिरफ्तारी के लिए तैनात

जनता दल (सेक्यूलर) के निलंबित नेता प्रज्ज्वल रेवन्ना ने 30 मई को म्यूनिख से बेंगलुरु की वापसी की उड़ान में टिकट बुक कराया है। देश में कदम रखते ही उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। रेवन्ना यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे हैं।

एसआईटी के सूत्रों के अनुसार, जद(एस) सुप्रीमो एचडी देवेगौड़ा के 33 वर्षीय पोते रेवन्ना के 31 मई को बेंगलुरु पहुंचने की संभावना है। एसआईटी रेवन्ना के बेंगलुरु पहुंचते ही उन्हें गिरफ्तार करने के लिए यहां केम्पेगौड़ा हवाईअड्डे पर लगातार नजर रख रही है। हासन लोकसभा सीट से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के प्रत्याशी के तौर पर फिर से चुनाव लड़ रहे रेवन्ना यह खबर सामने आने के तुरंत बाद विदेश भाग गए थे कि कर्नाटक राज्य महिला आयोग ने मुख्यमंत्री सिद्दरमैया से उन आपत्तिजनक वीडियो की जांच करने का आदेश दिया है जिसमें रेवन्ना कई महिलाओं का कथित तौर पर यौन शोषण करते हुए दिखायी दे रहे हैं।

तबाही के निशान

असम के नागांव में रेमल तूफान का व्यापक असर पड़ा है। भूस्खलन व ज्यादा बारिश होने से बुधवार को भी यहां हाल बेहाल रहा। क्षेत्र की सड़कों व घरों में पानी भर गया, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। ● एजेंसी

लूटपाट मामले में आजम खां और बरकत दोषी करार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- 2019 के डूंगरपुर बस्ती में मामले आज होगा सजा का ऐलान

अमृत विचार : डूंगरपुर बस्ती में लूटपाट व चोरी के मामले में कोर्ट ने बुधवार को सपा नेता मोहम्मद आजम खां और ठेकेदार बरकत अली को एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट के जज डॉ. विजय कुमार ने दोषी करार दिया है। दोनों को सजा का ऐलान गुरुवार को होगा।

सपा नेता आजम खां के खिलाफ 2019 में डूंगरपुर बस्ती में रहने वाले लोगों ने बस्ती खाली कराने के नाम पर लूटपाट, चोरी, मारपीट समेत अन्य आरोपों में गंज थाने में मामले दर्ज कराए थे। डूंगरपुर निवासी अबरार हुसैन ने गंज थाने में 13 अगस्त 2019 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि तत्कालीन सीओ आले हसन, दरोगा फिरोज खां, ठेकेदार बरकत अली, सीएंडडीएस के जेई परवेज आलम छह दिसंबर 16 की सुबह बस्ती में पहुंचे और उनसे मकान खाली करने को कहा। आरोप है कि दरोगा फिरोज खां ने फायर भी किया। इसके बाद उसकी वाशिंग मशीन, सोना, चांदी के जेवर तथा 5000 रुपये लूटकर ले गए। विवेचना के दौरान सपा नेता आजम खां का भी नाम शामिल किया गया था।

देश की राजधानी सबसे गर्म

दिल्ली में पारे ने रचा इतिहास, 52.3 डिग्री सेल्सियस किया गया दर्ज

नई दिल्ली, एजेंसी

नौतपा के पांचवें दिन बुधवार को देश की राजधानी में गर्मी ने सारे रिकॉर्ड तोड़ डाले। नई दिल्ली में शाम 4.14 बजे तापमान 52.3 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने बताया कि यह तापमान मुंगेशपुर इलाके में बुधवार को दर्ज किया गया, जो राष्ट्रीय राजधानी में अब तक का सर्वाधिक तापमान है। मौसम विभाग ने देश के 7 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों- पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश में बुधवार के लिए हीटवेव का रेड अलर्ट जारी किया है। वहीं देर शाम दिल्ली में आसमां से बरसी फुहारों ने लोगों को कुछ राहत दी।

उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा गर्म वाराणसी रहा, यहां तापमान 47 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं राजस्थान का चूरू शहर 50.5 डिग्री तापमान के साथ देश का दूसरा सबसे गर्म शहर रहा। बिहार के भी कई जिलों में पारा 48 डिग्री के करीब पहुंच और 8 जिलों में 80 बच्चे बेहोश हो गए। मौसम विभाग ने बताया कि मानसून अगले 24 घंटे में केरल तट से टकरा सकता है। अगले एक हफ्ते में यह देश के बाकी हिस्सों तक पहुंच सकता है।

कानपुर में गर्मी से राहत के लिए निगम ने बौछार अभियान चलाया। ● मनोज तिवारी

पाइप से कार धोने पर 2 हजार रुपए जुर्माना

दिल्ली में पानी किल्लत को देखते हुए केजरीवाल सरकार ने पाइप से कार धोने पर 2 हजार रुपए जुर्माना लगाने का निर्देश दिया है। 200 लोगों की टीम पानी की बर्बादी की मॉनिटरिंग करेगी। वहीं दिल्ली में कंस्ट्रक्शन साइट पर काम करने वाले मजदूरों को दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक पेड लीव दी गई है। दिल्ली के उपराज्यपाल ने निर्देश जारी किए हैं।

उप्र में लू से 34 लोगों की मौत

- महोबा में छह, हमीरपुर में तीन, चित्रकूट-बांदा में दो-दो की मौत
- कानपुर में दरोगा सहित 8 लोगों ने तोड़ा दम
- बहराइच तीन, लखनऊ में दो व प्रतापगढ़ में चार जान गई

लखनऊ/ कानपुर। प्रदेश में प्रचंड गर्मी व लू का दौर जारी है। बुधवार को लू और हीटस्ट्रोक की चपेट में आने से बुधवार को अलग-अलग जिलों से 33 लोगों की मरने की खबर सामने आयीं हैं। महोबा में छह हमीरपुर में तीन,बहराइच तीन, कानपुर देहात में तीन, चित्रकूट और बांदा में दो-दो और लखनऊ में दो, प्रयागराज में एक व प्रतापगढ़ चार जान गई। इसके अलावा कानपुर में एक दरोगा सहित आठ लोगों की मौत लू लगने से हो गई। महोबा में अधिकतम तापमान 46 .7 डिग्री सेल्सियस रहा। हमीरपुर में 48 डिग्री सेल्सियस रहा। शाम करीब पांच बजे बूंदाबादी के बाद उमस बढ़ गई। जालौन, बांदा व चित्रकूट में अधिकतम तापमान 47 डिग्री, इटावा में 45 .4 डिग्री तो फतेहपुर अधिकतम तापमान 48 डिग्री सिल्सियस रहा। झांसी 47 .5 डिग्री सेल्सियस रहा। कानपुर में दिन का पारा 46 .8 डिग्री से. रहा। लखनऊ में अधिकतम तापमान 43 .7 डिग्री सेल्सियस रहा। बहराइच 43 डिग्री से. और प्रतापगढ़ 45 .6 डिग्री सेल्सियस रहा।

बृजभूषण के बेटे के काफिले की कार ने बाइक सवार 2 युवकों को रौंदा, मौत

संवाददाता, करनैलगंज(गोंडा)

रेहान

सहजाद

- गुस्साए ग्रामीणों ने काफिले पर किया पथराव, वाहन छोड़कर भागा चालक गिरफ्तार

हादसे के बाद खड़ी फार्च्यूनर कार।

अमृत विचारः कैसरगंज लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी व सांसद बृजभूषण के बेटे करण भूषण सिंह के काफिले में शामिल पुलिस स्कोर्ट लिखी फार्च्यूनर कार ने बुधवार की सुबह बाइक सवार दो युवकों समेत तीन लोगों को रौंद डाला। हादसे में बाइक सवार दोनों युवकों की मौके पर मौत हो गई, जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला अस्पताल में भर्ती है। हादसे से गुस्साए ग्रामीणों ने पथराव कर कार को क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार को कब्जे में लेकर चालक लवकुश को गिरफ्तार कर लिया है। हादसे के बाद गांव में तनाव है और इस तनाव को देखते हुए कई थानों की पुलिस फोर्स तैनात है।

बुधवार की सुबह बीजेपी प्रत्याशी करण भूषण सिंह अपने लाल लश्कर के साथ कैसरगंज की तरफ जा रहे थे। करनैलगंज हुजूरपुर मार्ग पर छितईपुरवा गांव के समीप काफिले में चल रही पुलिस स्कॉर्ट लिखी फॉर्च्यूनर गाड़ी ने बाइक सवार दो युवकों को रौंद डाला। हादसे में निंदुरा गांव निवासी रेहान (17) व शहजादे (24) की मौत हो गयी। जबकि छितईपुरवा गांव की रहने वाली महिला सीता देवी गंभीर रूप से घायल हो गयी। सीता देवी को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसा उस वक्त हुआ जब करण भूषण के काफिले की पुलिस स्कोर्ट लिखी कार ओवरटेकिंग का प्रयास कर रही थी। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार युवक कर के सामने आ गए। ग्रामीणों का कहना है कि हादसे के शिकार लोगों को अस्पताल ले जाने के बजाय काफिले में शामिल अन्य गाड़ियां फर्राटा भरते हुये निकल गयीं। आक्रोशित लोगों ने हादसे को अंजाम देने वाली फॉर्च्यूनर कार पर पथराव कर उसे क्षतिग्रस्त कर दिया। ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए कार चालक बस में सवरने लोग भाग खड़े हुए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने दोनों युवकों को मृत घोषित कर दिया जबकि महिला को इलाज के लिए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। इस घटना के बाद पूरे इलाके में तनाव व्याप्त हो गया परिजनों संग ग्रामीणों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का घेराव किया तथा पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। अपर पुलिस अधीक्षक राधेश्याम राय ने बताया कि पीड़ित परिजनों की तहरीर पर आरोपी कार चालक लवकुश श्रीवास्तव निवासी नवाबगंज के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

मोदी के मौन व्रत पर कांग्रेस को आपत्ति

नई दिल्ली, एजेंसी

- निर्वाचन आयोग पहुंचे नेता- कहा, मोदी एक जून की शाम को हर तरह का व्रत कर सकते हैं

कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गुरुवार शाम से कन्याकुमारी में शुरू होने वाले मौन व्रत को लेकर निर्वाचन आयोग में गुहार लगायी है कि या तो यह मौन व्रत सातवें और अंतिम चरण के मतदान के समाप्त होने के बाद शुरू होना चाहिए या फिर इसके मीडिया में प्रसारण और प्रचार पर प्रतिबंध लगना चाहिए। कांग्रेस के एक शिष्टमंडल ने बुधवार को निर्वाचन आयोग को इस बारे में शिकायत दी। इस प्रतिनिधिमंडल में कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी, रणदीप सुरजेवाला और सैयद नासिर हुसैन शामिल थे।

बाद में सिंघवी ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि कांग्रेस को प्रधानमंत्री के ध्यान से नहीं, बल्कि इसके चुनाव की शांत अवधि में होने पर आपत्ति है। साइलेंस पीरियड में कोई भी नेता प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष तौर पर प्रचार नहीं कर सकता। उनका कहना है, साइलेंस पीरियड में प्रधानमंत्री ने घोषणा की है जो आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। सिंघवी ने कहा अगर वह 30 जून की शाम को करते हैं तो इसका प्रसारण प्रतिबंधित होना चाहिए। इसी बीच पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि यदि कन्याकुमारी में प्रधानमंत्री के ध्यान का टेलीविजन पर प्रसारण किया जाता है तो उनकी पार्टी निर्वाचन आयोग से शिकायत करेगी।

कन्याकुमारी में 2,000 पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे

कन्याकुमारी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विवेकानंद रॉक मेमोरियल पर 45 घंटे के प्रवास के लिए सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। देश के दक्षिणी छोर पर स्थित इस जिले में 2,000 पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। ऐसा माना जाता है कि इसी स्थान पर आध्यात्मिक विभूति विवेकानंद को 'भारत माता' के बारे में दिव्य दृष्टि प्राप्त हुई थी।

आईटी ने रियल स्टेट कारोबारी की जब्त की 82 एकड़ जमीन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सुल्तानपुर रोड स्थित बक्कास गांव में हुई कार्रवाई

अमृत विचार : आयकर विभाग ने राजधानी के सुल्तानपुर रोड स्थित बक्कास गांव में 82 एकड़ जमीन जब्त की है। आरोप है कि यह विभिन्न कंपनियों के नाम से खरीदी थी। जब्तीकरण की कार्रवाई के बाद कुर्की की नोटिस भी चस्पा की गई है।

सूत्रों के मुताबिक जांच में सामने आया कि जमीनें तिलिचो इन्फ्राडेवलपर, इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, ट्रेपेजियम इन्फ्रा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, टेरे नार्मस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, पानटियक इन्फ्रा इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड, एम्ब्लाजान प्रापर्टीज, एवलिन इन्फ्राकान व साईंस्तुति वेंचर के नाम पर खरीदी गई थीं। जमीनों को जब्त करने के बाद कुर्की की नोटिस चस्पा की गई है। आयकर विभाग ने फरवरी माह में बेनामी कंपनियों के जरिए काले धन को रियल एस्टेट में खपाए जाने के मामले में लखनऊ, गौतमबुद्धनगर व गाजियाबाद समेत छह शहरों में स्थित 25 ठिकानों पर छापेमारी की थी। इनमें हवाला कारोबारी नंद किशोर चतुर्वेदी की कंपनी हमसफर डीलर्स व उसकी सहयोगी कंपनियों के ठिकानों पर छानबीन हुई थी।

एक घंटे में मिलेगी कैशलेस इलाज की मंजूरी

नई दिल्ली, ब्यूरो

- ग्राहकों को नहीं देने होंगे पेपर्स, अस्पताल से ही हासिल करेंगी बीमा कंपनियां
- तीन घंटे के भीतर ही बीमा कंपनियों को उस पर अपना फाइनल अप्रूवल

कैशलेस हेल्थ पॉलिसी ग्राहकों के लिए राहत भरी खबर है। इलाज के लिए पॉलिसी धारकों को अस्पतालों में लंबा इंतजार नहीं करना पडेग़ा, बीमा कंपनी को एक घंटे में बीमा क्लेम पर स्वीकृति देनी होगी। बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) ने बुधवार को स्वास्थ्य बीमा पर एक मास्टर गाइड लाइन जारी करके साफ कर दिया कि बीमा कंपनी को अनुरोध के एक घंटे के भीतर कैशलेस इलाज की अनुमति देने पर निर्णय लेना ही होगा। इरडा ने इसके साथ ही पूर्व में जारी गाइड लाइन के 55 पत्रों को निरस्त कर दिया है। नए नियमों के अनुसार क्लेम सेटलमेंट के लिए पॉलिसी होल्डर कोई पेपर जमा नहीं करेगा, बल्कि बीमा कंपनियों को ये अस्पताल से ही हासिल करने होंगे।

आपके पास कोई हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी है और आपको अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता होती है। अस्पताल जाने पर इलाज कैशलेस होगा या नहीं, इसके लिए एक अनुरोध बीमा कंपनियों को भेजा जाता है। इसकी मंजूरी के लिए घंटों इंतजार करना होता था। नए नियमों के अंतर्गत अब इस अनुरोध पर बीमा कंपनियों को एक घंटे में फैसला लेना होगा। अभी तक इसको लेकर कोई गाइड लाइन नहीं थी।

रोजाना मिलेगा 5 हजार मुआवजा : सर्कुलर में बीमा पोर्टेबिलिटी को आसान बनाने की बात कही गई है। ग्राहकों के लिए राहत की बात ये भी है कि विवाद की स्थिति में अगर बीमा लोकपाल बीमा कंपनी के खिलाफ कोई फैसला सुनाता है और वह 30 दिन में लागू नहीं होता है तब बीमा कंपनी पॉलिसी होल्डर को हर दिन 5,000 रुपए मुआवजा देगी।

3 घंटे में सेटल करेंगी क्लेम

बीमा कंपनियों को अस्पताल से जैसे ही मरीज के डिस्चार्ज अनुरोध मिलेगा, उसके तीन घंटे के भीतर ही बीमा कंपनियों को उस पर अपना फाइनल अप्रूवल देना होगा। प्राधिकरण का कहना है कि इस सर्कुलर का मकसद हेल्थ इंश्योरेंस ग्राहकों को अधिक सशक्त बनाना और उन्हें बेहतर विकल्प उपलब्ध कराना है। नये सर्कुलर में इरडा ने ग्राहकों को ज्यादा से ज्यादा बेनेफिट देने पर जोर दिया गया है। किसी ग्राहक के पॉलिसी पीरियड में कोई क्लेम नहीं करने पर उसे या तो सम एश्योर्ड में बढ़ोतरी या प्रीमियम में डिस्काउंट देने की बात कही गई है।

चांदी में रिकॉर्ड तेजी जारी

नई दिल्ली, एजेंसी

- 1,150 रुपये चढ़कर 97,100 रुपये के सर्वकालिक उच्चस्तर पर

वैश्विक बाजारों में मजबूती के रुख के अनुरूप राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को चांदी की कीमत 97,100 रुपये प्रति किलोग्राम के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। वहीं सोना भी 250 रुपये चढ़ गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार, लगातार तीसरे दिन चांदी में मजबूती बनी रही। इसकी कीमत 1,150 रुपये के उछाल के साथ 97,100 रुपये प्रति किग्रा हो गई।

मंगलवार को चांदी 95,950 रुपये प्रति किग्रा के स्तर पर बंद हुई थी। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) के वायदा कारोबार में बुधवार को चांदी 96,493 रुपये प्रति किलोग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गई। इस बीच, राजधानी में सोना 250 रुपये मजबूत होकर 73,200 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। पिछले कारोबारी सत्र में यह 72,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बंद हुआ था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, दिल्ली के बाजारों में हाजिर सोना (24 कैरेट) की कीमतें 73,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रही हैं, जो पिछले बंद भाव (72,950 रुपये प्रति 10 ग्राम) से 250 रुपये अधिक है।

7वें चरण में 13 सीटों के लिए आज थम जाएगा प्रचार

लखनऊ। प्रदेश में सातवें चरण की 13 लोकसभा सीटों व सोनभद्र की दुद्धी (अजजा) विधानसभा सीट पर चुनाव के लिए 30 मई को शाम छह बजे प्रचार थम जाएगा। इन सीटों पर एक जून को मतदान होगा। इस बीच, निर्वाचन आयोग ने भीषण गर्मी में मतदाताओं व मतदान कर्मियों के बचाव के लिए व्यापक प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि सातवें चरण के इन सभी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 144 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, जिनमें 134 पुरुष व 10 महिला प्रत्याशी हैं। वहीं, दुद्धी विधानसभा उप निर्वाचन के लिए छह प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

मोदी ने पूछा, नवीन बाबू की तबियत खराब होने के पीछे षड्यंत्र तो नहीं

बारीपदा/बालासोर (ओडिशा), एजेंसी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के स्वास्थ्य में अचानक आई गिरावट के पीछे साजिश की आशंका जताते हुए बुधवार को वादा किया कि राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार बनी तो वह इस मामले की जांच के लिए एक समिति गठित करेगी।

मयूरभंज और बालासोर लोकसभा सीट पर चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए मोदी ने दावा किया कि पांच दशक के अंतराल के बाद केंद्र में लगातार तीसरी बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा, सवाल ये है कि नवीन बाबू की तबियत खराब होने के पीछे कोई षड्यंत्र है क्या? ये ओडिशा के लोगों को जानने का अधिकार है। कहीं इसमें उस लॉबी का तो हाथ नहीं है न जो नवीन बाबू के नाम पर पर्दे के पीछे ओडिशा में सत्ता भोग रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा इस रहस्य से पर्दा उठना जरूरी है। इसलिए 10 जून के बाद ओडिशा में भाजपा सरकार बनने के बाद हमारी सरकार एक स्पेशल कमेटी का गठन करेगी और ये जांच करेगी कि अचानक नवीन बाबू की तबियत क्यों गिरती जा रही है। उन्होंने कहा नवीन बाबू की बिगड़ती स्वास्थ्य स्थिति के पीछे के रहस्य को सामने लाया जाना चाहिए, क्योंकि राज्य के लोगों को इसका कारण जानने का अधिकार है। तमिलनाडु से ताल्लुक रखने वाले और पटनायक के करीबी माने जाने वाले बीजू जनता दल (बीजद) के नेता वी के पांडियन का परोक्ष रूप से उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि पूरा ओडिशा चाहता है कि कोई उड़िया राज्य का मुख्यमंत्री बने। उन्होंने कहा ओडिशा के लोगों ने राज्य में बीजद के 25 साल के शासन पर पूर्ण विराम लगाने का फैसला किया है।

- कहा- 10 जून को ओडिशा में भाजपा की सरकार बनी तो विशेष समिति का गठन कर कराएंगे जांच

पटनायक का मोदी को जवाब, मेरी सेहत ठीक, कर रहा हूं चुनाव प्रचार

भुवनेश्वर। ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने बुधवार को कहा कि उनकी सेहत ठीक है और वह लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनाव के लिए गत एक महीने से प्रचार कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा उन्होंने (प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी) पूर्व में सार्वजनिक रूप से कहा कि मैं उनका अच्छा मित्र हूं। उन्हें मात्र मुझे फोन करके मेरी सेहत की जानकारी लेनी थी लेकिन ओडिशा एवं दिल्ली में भाजपा के कुछ लोग मेरी सेहत को लेकर अफवाह फैला रहे हैं। उन्होंने कहा मैं प्रधानमंत्री को आश्वस्त करना चाहता हूं कि मेरी सेहत ठीक है और मैं राज्य में विगत एक महीने से चुनाव प्रचार कर रहा हूं। मोदी के बयान के कुछ घंटों के बाद ही पटनायक की यह प्रतिक्रिया आई है।

एक नजर

अब तक की कार्रवाई में 3162 किग्रा विस्फोटक 608 बम बरामद

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स व अन्य विभागों द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। जांच के लिए 464 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1730 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 28 मई तक पुलिस विभाग द्वारा आपराधिक लोगों के 537 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किए गए। 4766 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराए गए। इसी प्रकार शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए 28,31,596 लोगों को पाबंद किए जाने के लिए नोटिस दिए गए हैं, जिनमें से 26,88,418 लोगों को पाबंद किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग द्वारा 10,147 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 10,335 कारतूस, 3162 .32 किलोग्राम विस्फोटक व 608 बम बरामद कर जब्त किए गए। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 5323 केन्द्रों पर रेड डाली गई और 188 केन्द्रों को जब्त किया गया।

पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की 37वीं पुण्यतिथि मनाई गई

अमृत विचार, लखनऊ : राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के प्रदेश कार्यालय में बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की 37वीं पुण्यतिथि मनाई गयी। इस अवसर पर प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ ही प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय, राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे व रोहित अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं के साथ हवन पूजन किया। कार्यालय परिसर में सुबह चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण किया। इसके बाद राष्ट्रीय सचिव विजय श्रीवास्तव की मौजूदगी में प्रदेश पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पैदल मार्च करते हुए चौधरी चरण सिंह अमर रहे के नारे लगाये। विधानसभा मुख्य द्वार स्थित चौधरी साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

बिजली आपूर्ति में लापरवाही पर चार अधिशासी अभियंता निलंबित

वरिष्ठ संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश में गहराये बिजली संकट के बीच विद्युत आपूर्ति में लापरवाही पर मेरठ में तैनात चार अधिशासी अभियंताओं को निलंबित कर दिया गया है। इसी बीच, उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष आशीष गोयल ने बिजली आपूर्ति व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए हैं।

पावर कारपोरेशन के सूत्रों के अनुसार पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम की प्रबंध निदेशक ईशा दुहन ने जिन अभियंताओं पर कार्रवाई की है, उसमें अधिशासी अभियंता वितरण खंड- पंचम मेरठ मनोज अग्रवाल,

▸▸ पश्चिमांचल निगम के एमडी ने मेरठ में तैनात अभियंताओं पर की कार्रवाई

अधिशासी अभियंता वितरण खंड द्वितीय मवाना महेश चंद्र विश्वकर्मा, अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड-द्वितीय बड़ौत कृष्ण पाल व अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड-चंदौसी सुशील कुमार पांडे शामिल हैं। इन अभियंताओं पर बिजली आपूर्ति में लापरवाही के साथ ही अपने कार्य में रुचि न लेने व राजस्व वसूली के लिए सार्थक प्रयास न करने का आरोप है। जांच में इन अभियंताओं को प्रथम दृष्ट्या दोषी पाया गया है। प्रबंध निदेशक ने बिजली आपूर्ति में लगे अभियंताओं को कर्तव्य व दायित्वों के निर्वहन में शिथिलता बरतने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है।

अनपरा व पारीछा की इकाइयां ठप, संकट गहराया

लखनऊ : भारी मांग के कारण अनपरा सी की 600 मेगावाट व पारीछा बिजलीघर की 250 मेगावाट क्षमता की इकाइयां ठप हो गईं। इससे प्रदेश में बिजली संकट गहरा गया है। प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में करीब 200 मेगावाट आपात बिजली कटौती की गई। पावर कारपोरेशन के सूत्रों के अनुसार इन इकाइयों के अगले दो दिनों के भीतर चालू होने की संभावना है। जबकि पहले से बंद चल रहीं इकाइयों बारा व जवाहरपुर बिजलीघर की 660 मेगावाट की एक-एक इकाई व पारीछा की 210 मेगावाट क्षमता की एक इकाई को चालू किए जाने के प्रयास जारी रहे। बिजली अभियंता बुधवार की रात तक इन इकाइयों के चालू हो जाने की संभावना जताते रहे। कारपोरेशन के सूत्रों के अनुसार एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से बिजली आयात कर स्थिति को काबू में करने के प्रयास हो रहे हैं, पर बार-बार उत्पादन इकाइयों के ठप होने के कारण स्थिति संभल नहीं पा रही है। साथ ही स्थानीय खराबियों के कारण प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में बिजली संकट लगातार बना हुआ है।

प्रदेश सरकार ने दिए बिजली आपूर्ति निर्बाध बनाए रखने के निर्देश

वरिष्ठ संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश सरकार ने भीषण गर्मी व लू के दौरान प्रदेश में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

सरकार ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन को स्थानीय समस्यायों का जल्द से जल्द समाधान करने का निर्देश दिया है। कहा गया है कि वर्तमान में गर्मी पूरे चरम पर है। पूरे प्रदेश में लगभग सभी जिलों में तापमान निरंतर 45 डिग्री सेल्सियस को पार कर रहा है। शाम को व रात्रि में भी तापमान में विशेष गिरावट नहीं हो रही है। भीषण गर्मी का कहर प्रदेश के विद्युत तंत्र व उत्पादन कर रही इकाइयों की क्षमता को निरंतर चुनौती दे रहा है।

अधिकारियों के अनुसार प्रदेश में बीते 26 मई को 29,058 मेगावाट बिजली आपूर्ति की गई, जो 2022 व 2023 की अधिकतम दैनिक मांग क्रमशः 22,572 व 21,502 मेगावाट से लगभग 29 प्रतिशत व 35 प्रतिशत अधिक थी। इसी प्रकार इस वर्ष 27 मई को आपूर्ति की गई अधिकतम मांग क्रमशः 29,167 मेगावाट व 29,212 मेगावाट थी, जो वर्ष 2022 व 2023 से क्रमशः 35 प्रतिशत व 40 प्रतिशत अधिक है।

40 उपकेंद्रों पर चल रहा स्वीकृत से ज्यादा बिजली भार

लखनऊ : प्रदेश में जैसे-जैसे तापमान बढ़ रहा है, वैसे-वैसे बिजली की मांग भी लगातार बढ़ रही है। अधिकारियों के अनुसार प्रदेश में बढ़ी हुई मांग के अनुपात में पावर कॉरपोरेशन अनवरत बिजली आपूर्ति कर रहा है। प्रदेश के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों को मिलाकर लगभग 4634 उपकेंद्रों के जरिए प्रदेश के उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति की जा रही है। इसमें से मात्र 40 उपकेंद्रों पर बढ़ती बिजली मांग का प्रभाव देखा गया है। फिलहाल बिजली भार को संतुलित करने का प्रयास लगातार जारी है। स्थायी समाधान के लिए बिजनेस प्लान के अंतर्गत इन सभी उपकेंद्र पर कार्य कराया जा रहा है।

चिकित्सा संस्थान व मेडिकल कॉलेजों में हर हाल में क्रियाशील रहें उपकरण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ कुलपति, निदेशक और प्रधानाचार्य खुद करें निगरानी

▸▸ प्रमुख सचिव ने अस्पताल में मौजूद सभी उपकरणों को दुरूस्त रखने के दिये निर्देश

अमृत विचार : संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान हो या राजकीय मेडिकल कॉलेज, सभी में चिकित्सकीय उपकरण शत-प्रतिशत क्रियाशील होने चाहिये। उपकरण खराब होने पर निर्माता कंपनी द्वारा न ठीक किये जाने या उपकरण नहीं मिल रहे, आदि बहाने बाजी नहीं चलेगी। खराब उपकरण की एएमसी (वार्षिक रखरखाव) होने पर भी ठीक कराने की जिम्मेदारी कॉलेज प्रशासन की होगी। यह निर्देश बुधवार को चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने दिए हैं।

नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) द्वारा शिक्षकों की कमी और संसाधनों की कमी के लिए लगाए गए अर्थदंड के बाद, चिकित्सा शिक्षा विभाग की नींद टूटी है। निश्चित अवधि में संस्थानों के चिकित्सकीय उपकरण संबंधित खामियों को खत्म करने के लिए प्रमुख सचिव ने सख्त निर्देश जारी किए हैं।

चिकित्सा संस्थान, चिकित्सा विश्वविद्यालय व राजकीय मेडिकल कॉलेजों के प्रधानाचार्यों को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि अस्पताल में मौजूद समस्त चिकित्सकीय उपकरण क्रियाशील होने चाहिए। उपकरण किसी भी स्त्रोत या मद से उपलब्ध कराए गये हों, उन्हें क्रियाशील बनाए रखने की जिम्मेदारी संस्थान निदेशक व कुलपति और प्रधानाचार्यों की होगी। साथ ही स्पष्ट किया कि अगर किसी उपकरण की क्रियाशीलता के लिए उपकरण निर्माता कंपनी के पास एएमसी है तो उसे समय रहते ठीक कराने की जिम्मेदारी प्रधानाचार्य की ही होगी, मगर वित्तीय नियमों और अनुशासन का अनुपालन करते हुए उपकरणों की मरम्मत करानी होगी।

एनएमसी में अर्थदंड जमा करेंगे मेडिकल कॉलेज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ दूर होगी शिक्षकों की कमी

▸▸ अर्थदंड माफ करने के लिए करेंगे आवेदन

▸▸ प्रमुख सचिव ने कॉलेजों के प्रधानाचार्यों के साथ की बैठक

अमृत विचार : जल्द ही सरकारी मेडिकल कॉलेजों में शिक्षकों की कमी दूर होगी, चुनाव आचार संहिता खत्म होते ही डिपार्टमेंटल प्रमोशन कमेटी (डीपीसी) की बैठक कर शिक्षकों को पदोन्नति दी जाएगी और रुके साक्षात्कार कराकर नए शिक्षकों की नियुक्ति की जायेगी। उक्त जानकारी देते हुए चिकित्सा शिक्षा के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) द्वारा लगाए गए अर्थदंड को अतिशीघ्र जमा करने के निर्देश दिये हैं।

प्रमुख सचिव ने बुधवार को एनेक्सी भवन में केजीएमयू की कुलपति प्रो.सोनिया नित्यानंद समेत एनएमसी द्वारा अर्थदंड लगाए गए करीब डेढ़ दर्जन से ज्यादा प्रधानाचार्यों के साथ बैठक की। सभी कॉलेजों में लगाए गए अर्थदंड के कारणों की जानकारी लेने के साथ ही जल्द सुधार को लेकर भी चर्चा हुई। चर्चा के दौरान ज्ञात हुआ कि कई मामलों में कॉलेज प्रशासन की लापरवाही की वजह से अर्थदंड लगाया गया है। पार्थ सारथी सेन द्वारा गैरवेतन मद से निर्धारित तिथि के अंदर अर्थदंड जमा करने के साथ ही, अर्थदंड माफ करने के लिए एनएमसी में आवेदन करने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, सैफई आयुर्विज्ञान संस्थान के अधिकारी भी मौजूद रहे।

कई मेडिकल कॉलेजों में कैडेवर(मृत शरीर) की कमी है। छात्रों की पढ़ाई प्रभावित न हो, इसके लिए इन्हें पूरा करने के निर्देश दिए गए। मालूम हो कि 100 छात्रों के लिए कम से कम 10 कैडेबर होने चाहिए। ताकि नए सत्र के छात्रों को स्कैलटन के साथ शिक्षित किया जा सके।

एनएमसी के 2023 के नियमानुसार एमबीबीएस के हर छात्र को गांव में जाकर चिकित्सकीय परिदृश्य में कम से कम तीन परिवार को गोद लेना है। हर तीन माह में उसे संबंधित परिवार के घर भ्रमण करना आवश्यक है। पर्याप्त भ्रमण के अभाव में एनएमसी द्वारा अर्थदंड भी लगाया जाता है। इस संबंध में प्रधानाचार्यों ने अवगत कराया कि अगस्त व सितंबर में शुरू होने वाले सत्र के छात्रों ने दिसंबर में भ्रमण किया था, दूसरे भ्रमण के पहले ही रिपोर्ट भेजी गई, इसलिए वर्तमान तक होने वाले भ्रमण की संख्या एनएमसी के पास नहीं है। इसलिए स्थिति से अवगत कराते हुए अर्थदंड माफ करने के लिए आवेदन किया जायेगा।

अवकाश पंजीकरण कराने के निर्देश

मुख्यतया कॉलेजों में शिक्षकों की बायोमेट्रिक उपस्थिति पूरी न होने पर अर्थदंड लगाया गया है। इसकी मुख्य वजह बायोमेट्रिक सिस्टम में साप्ताहिक अवकाश, सार्वजनिक अवकाश और शिक्षक द्वारा लिए गए अवकाश का पंजीकरण न होना है। जबकि सिस्टम में अवकाश का प्रावधान है। सभी प्रधानाचार्यों को अवकाश पंजीकरण कराने के निर्देश दिए गए हैं।

मतगणना कर्मियों को एसएमएस से मिलेगी टेबल संख्या की जानकारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : मतगणना में लगे कर्मियों को एसएमएस के माध्यम से टेबल संख्या की जानकारी मिलेगी। मतगणना में लगे कर्मियों को सुबह 6 बजे रमाबाई रैली स्थल पहुंचना होगा। कर्मी मोबाइल या इलेक्ट्रानिक डिवाइस नहीं ले जा सकेंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने बुधवार को केकेसी कॉलेज में 4 जून को होने वाली मतगणना को लेकर 934 कर्मियों को प्रशिक्षण दिया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सभी कर्मियों को सुबह 6 बजे रमाबाई स्थल पहुंचना होगा। लखनऊ और मोहनलालगंज लोकसभा के लिए अलग-अलग गेट बनाए गए हैं। कर्मियों की जिस लोकसभा में ड्यूटी होगी उसी के अनुसार, प्रवेश करेंगे। प्रत्येक मतगणना टेबल पर एक माइक्रो ऑब्जर्वर मौजूद रहेंगे और गणना की समस्त गतिविधियों पर नजर रखेंगे। मतदान में लगे कर्मियों का दूसरा प्रशिक्षण 3 जून को होगा। दूसरी ओर जिला निर्वाचन अधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में चल रही इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्रेषित डाक मतपत्र प्रणाली (ईटीपीबीएस) के मतपत्रों की स्कैनिंग प्रशिक्षण में प्रतिभाग किया। उन्होंने कहा कि 3 जून को रमाबाई स्थल पर सुबह 7:30 बजे ईटीपीबीएस मत पत्रों को स्कैनिंग करने की प्रक्रिया अभ्यास किया जाएगा।

कर्मियों को केकेसी कॉलेज में जानकारी देते जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार।

▸▸ मतगणना में लगे कर्मियों को सुबह 6 बजे पहुंचना होगा रमाबाई स्थल

▸▸ मोबाइल या इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस अंदर नहीं ले जा सकेंगे कर्मी

164 टेबल पर होगा प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला : रमाबाई रैली स्थल पर 164 टेबल पर मतगणना होगी। इनमें एआरओ और आरओ की टेबल भी शामिल है। मतगणना विधानसभा क्षेत्रवार की जाएगी। प्रत्येक विधानसभा में आरओ और एआरओ के अलावा 14 टेबल होंगी। रिजर्व और पोस्टल बैलेट मिलाकर कुल 19 टेबल एक विधानसभा में होंगी। जिस विधानसभा क्षेत्र में बूथों की संख्या अधिक होगी वहां पर मतगणना के चक्र ज्यादा रहेंगे। जहां बूथ कम हैं उस विधान सभा क्षेत्र की मतगणना जल्द पूरी हो जाएगी क्योंकि चक्र कम होंगे।

प्रशिक्षण में ये भी बताया

- मतगणना शुरू होने पर विभिन्न चक्रों में मशीनें प्राप्त होंगी। मशीन प्राप्त होने पर यह सुनिश्चित कर लें कि चक्र के अनुसार निर्धारित मशीन ही उन्हें प्राप्त हुई है या नहीं।
- परिणाम सेक्शन के एड्रेस टैग सील को खोल कर रिजल्ट सेक्शन कवर को ऊपर की ओर उठाकर खोलना होगा। क्लोज बटन के साथ लगे हुए स्पेशल टैग से भी बूथ का मिलान एवं सील की जांच करनी होगी। जांच में किसी भी प्रकार की दिक्कत होने पर आरओ को तत्काल सूचना देनी होगी।
- मशीन का स्विच ऑन करें उसकी डिस्प्ले प्रक्रिया पूरी होने के बाद ग्रीन पेपर सील एवं स्पेशल टैग को बिना निकाले रिजल्ट बटन को दबाना होगा।

पांच जिला न्यायालयों में होगी यूपीएसएसएफ की तैनाती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ कानपुर नगर, अलीगढ़, गोरखपुर, आगरा और मथुरा में होगी तैनाती

अमृत विचार : प्रदेश के जिला न्यायालयों की सुरक्षा को लेकर गृह विभाग ने बड़ा फैसला लिया है। अब जिला न्यायालयों पर पुलिस के स्थान पर उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल (यूपीएसएसएफ) की तैनाती की जाएगी। काफी समय से यह मांग भी की जा रही थी। हालांकि प्रथम चरण में अभी सिर्फ पांच जनपदों में विशेष सुरक्षा बल की तैनाती का फैसला लिया गया है। बाकी जनपद न्यायालयों में सुरक्षा बलों की तैनाती कब की जाएगी यह फैसला अगले चरण के तहत लिया जाएगा।

जिन जिलों के न्यायालयों में यूपीएसएसएफ तैनात करने का निर्णय लिया गया है, वह जिले कानपुर नगर, अलीगढ़, गोरखपुर, आगरा और मथुरा हैं। गृह विभाग ने बुधवार को तैनाती करने की संस्तुति प्रदान कर दी है। न्यायालयों में कितने कार्मिक तैनात होंगे, कब से तैनात होंगे, रुकने आदि की क्या व्यवस्थाएं होंगी.. यह फैसला पुलिस मुख्यालय स्तर पर लिया जाएगा। बताया जा रहा है कि संस्तुति मिल गई है, जल्द ही संबंधित जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों से बातचीत करके तैनाती का फैसला लिया जाएगा। बता दें कि न्यायालयों में यूपीएसएसएफ लगाने का प्रस्ताव बीती 3 जनवरी को पुलिस विभाग की ओर से भेजा गया था। इस संबंध में गृह सचिव डॉ. संजीव गुप्ता की ओर से पुलिस महानिदेशक को भी अवगत करा दिया गया है। सूत्रों के मुताबिक द्वितीय चरण में प्रयागराज, लखनऊ, मेरठ आदि जनपदों के न्यायालयों को शामिल किया जाएगा।

कम्प्यूटर सहायकों की होगी समीक्षा अधिकारी पद पर पदोन्नति

अमृत विचार, लखनऊ : आचार संहिता खत्म होते ही सचिवालय में रिक्त चल रहे सहायक समीक्षा अधिकारियों के पद भरे जायेंगे। पदोन्नति कोटे के आरक्षित पदों को भरने के लिए कम्प्यूटर सहायकों की सेवा अवधि और विरुद्ध चलने वाली अनुशासकीय कार्रवाई संबंधी पत्रावली मांगी गई है। सचिवालय प्रशासन द्वारा कम्प्यूटर सहायक के पदों पर कार्यरत कर्मियों की सूचनाएं अधिष्ठान से मांगी हैं। 1 जुलाई को सेवा अवधि के तीन वर्ष पूर्ण करने वाले कर्मियों की जानकारी मांगी गई है। प्रशासन द्वारा प्रारूप एक व दो में सर्विस बुक समेत संबंधित जानकारी मंगाई गई है।

पशु बीमा में नहीं चलेगी मनमानी करें दावों का भुगतान

अमृत विचार, लखनऊ : बीमित पशुओं की संख्या बढ़ाने के साथ शर्तों के मुताबिक दावों का भुगतान करना होगा। यह निर्देश मनमानी से लंबित दावों और लक्ष्य न बढ़ने पर निदेशक डॉ. आरएन सिंह ने उप्र पशुधन विकास परिषद और बीमा कंपनी को दिए हैं।

सोमवार को पशुपालन निदेशालय से की गई वीडियो कांफ्रेंसिंग में निदेशक को पशुधन बीमा योजना की समीक्षा में जिलों पर पशुओं के बीमा का लक्ष्य पूरा नहीं मिला था। जिन पशुओं की मौत हुई उनमें ज्यादातर का भुगतान लंबित पाया। नाराजगी जताते हुए लक्ष्य के मुताबिक पशुओं का बीमा करना व लंबित दावों का भुगतान करने के निर्देश दिए। बैठक में एक पशु का बीमा होना और मरने पर कम से कम दो पशुओं के बीमा की अनिवार्यता बताकर क्लेम निरस्त करना और न के बराबर पशुओं के मरने पर ज्यादा क्लेम बताकर चिकित्सकों द्वारा किए जा रहे बीमा पर रोक लगाना जैसी शिकायतें की गईं। लाभ न मिलने से पशुपालकों का योजना से मोहभंग हो रहा है। इस पर निदेशक ने संबंधित अधिकारियों से जवाब मांगा तो इस तरह के निर्देश व पत्राचार से करने से मुकर गए।

अजीम प्रेमजी के खिलाफ निचली अदालत का तलबी आदेश निरस्त

विधि संवाददाता, लखनऊ

▸▸ 'प्रेमजी का कार्य गीता के कर्म योग के सिद्धांत के अनुरूप'

▸▸ न्यायमूर्ति शमीम अहमद ने की टिप्पणी

अमृत विचार : हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने देश के मशहूर उद्योगपति व विप्रो के चेयरमैन/एमडी अजीम प्रेमजी के खिलाफ श्रम प्रवर्तन अधिकारी, लखनऊ द्वारा स्थानीय अदालत में दाखिल परिवाद की पूरी प्रक्रिया को खारिज कर दिया है, साथ ही न्यायालय ने निचली अदालत द्वारा अजीम प्रेमजी को तलब किए जाने संबंधी आदेश को भी निरस्त कर दिया है। न्यायालय ने अपने निर्णय में अजीम प्रेमजी के लोकहित के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा है कि उनका कार्य श्रीमद्भागवद गीता के 'कर्म योग' के सिद्धांत के अनुरूप है, जिसका आशय है निःस्वार्थ भाव से कार्य करते हुए, आध्यात्मिकता को प्राप्त करना है।

यह निर्णय न्यायमूर्ति शमीम अहमद की एकल पीठ ने अजीम प्रेमजी की याचिका पर पारित किया है। याची की ओर से दलील दी गई कि श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने श्रम कानूनों के उल्लंघन के आरोप में प्रेमजी व अन्य के खिलाफ मुख्य मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, लखनऊ की अदालत में परिवाद दाखिल किया, जिस पर अदालत ने 3 सितम्बर 2016 को संज्ञान लेते हुए प्रेमजी के खिलाफ तलबी आदेश पारित किया और बाद में 13 मई 2017 को वारंट भी जारी कर दिया था।

दलील दी गई कि प्रेमजी की कम्पनी विप्रो ने एक सर्विस प्रोवाइडर कम्पनी मेसर्स जीफॉरएस सिक्योर सल्युशंस इंडिया प्राइवेट लि. कम्पनी से मैन पावर सप्लाई करने का करार किया था, उक्त करार में ही स्पष्ट था कि जीफॉरएस के कर्मचारी न तो विप्रो के एजेंट होंगे और न ही उसके कर्मचारी माने जाएंगे, यह भी तय था कि अपने कर्मचारियों का भुगतान सर्विस प्रोवाइडर कम्पनी ही करेगी। इस दौरान 2 जून 2016 को श्रम प्रवर्तन अधिकारी के निरीक्षण में जीफॉरएस द्वारा श्रम कानूनों का अनुपालन न करना पाया गया। घटनाक्रम का उल्लेख करते हुए, याची की ओर से तर्क दिया गया कि उपरोक्त तथ्यों से प्रेमजी के खिलाफ कोई अपराधिक मामला नहीं बनता है। याचिका का राज्य सरकार की ओर से विरोध किया गया। हालांकि न्यायालय ने याचिका को मंजूर करते हुए कहा कि प्रेमजी बिजनेस में नैतिक मूल्यों का सम्मान करने वाले व्यक्ति हैं, उन्होंने विप्रो को आईटी सेक्टर में एक ग्लोबल ब्रांड बनाया और वे कई परोपकारी कार्य करते रहे हैं।

25 जिलों के 137 ग्रामों की होगी चकबंदी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : शासन ने 25 जिलों के 137 ग्रामों की प्रथम चरण एवं द्वितीय चरण की चकबंदी कराने की अनुमति दे दी है। यह अनुमति उप्र. जोत चकबंदी अधिनियम-1953 की धारा 4 के अंतर्गत प्रदान की गई है। इसमें कई जिलों में एक-दो तो कई में आठ से दस ग्राम शामिल हैं। इनमें बरेली, मुरादाबाद, कानपुर देहात, सुल्तानपुर, बस्ती जैसे जिलों के अधिक ग्राम शामिल हैं। बताया जा रहा है कि इन गांवों में चकबंदी की मांग लंबे समय से चल रही थी।

बरेली, मुरादाबाद, कानपुर देहात के ये गांव शामिल

बरेली की मीरगंज तहसील क्षेत्र के करौरा भगवंतपुर, ठिरिया बुजुर्ग, बफरी अब्दुल नवीबुर, अंबरपुर, जैतपुरा, बिहारीपुर, गोरालोकनाथपुर मुस्तकिल, गोरालोकनाथपुर एहतमाली तथा बहेड़ी तहसील के गांव पनवरिया एवं फरीदपुर तहसील के गांव गोविंदपुर शामिल हैं। उधर, मुरादाबाद की बिलारी तहसील के गांव अलीरजापुर माफी, राधौपुर विरान, जैतिया फिरोजपुर शामिल हैं।

मुरादाबाद तहसील के गांव रफातपुर को शामिल किया गया है, जबकि ठाकुरद्वारा तहसील के गांव टांडा अफजल ऐहतमाली, पीपलसाना एहतमाली और कोहनकू गांव को भी शामिल किया गया है। बिजनौर की नगीना तहसील के गांव मुर्तजाबाद, शंकरपुर व धामपुर तहसील के ताजगंज और शाहजहांपुर को शामिल किया गया है। कानपुर देहात की रसूलाबाद तहसील के गांव भीतरगांव, करनजाई, भीटीकुर्सी, तिस्ती, परसौरा, गोपालपुरतालुका, धरमूपुर शामिल हैं, जबकि भोगिनीपुर तहसील के गांव बम्हरौली को भी शामिल किया गया है।

गोरखपुर, सुल्तानपुर, अंबेडकरनगर और गोंडा के ये गांव शामिल

गोरखपुर की खजनी तहसील का गांव ढढौना तप्पा हवेली, चतुर बंदुआरी तप्पा महसिन, सहजनवा के गांव भीमापार तप्पा उत्तर हवेली, सीहापार तप्पा उत्तर हवेली, खीरीडाड़ तप्पा भरसाड़, महुआपार तप्पा भरसाड़ एवं सदर तहसील के गांव बैजनाथपुर तप्पा मछारी चंदौर गांव को शामिल किया गया है। सुल्तानपुर की तहसील जयसिंहपुर के ग्राम भीखूपुर, कारबेन, पारा, विशुनदासपुर, कल्याणपुर, डोमनपुर, रायापुर, चिरानेडीह तथा लंभुआ तहसील के धनहुआ ग्राम को भी शामिल किया गया है। अंबेडकरनगर के जलालपुर तहसील के ग्राम चौदहप्रास, नारीपुरमेहनाजपुर, मैनुद्दीनपुर, साईपुरसमसपुर को भी शामिल किया गया है।

गोंडा की मनकापुर तहसील के अंतर्गत आने वाले वनटांगिया ग्राम अशरफाबाद व मनीपुर ग्रंट के अलावा गोंडा तहसील के अंतर्गत आने वाले गांव घुसवा को भी शामिल किया गया है। बलरामपुर के उतरौला का गांव महुवाधनी भी शामिल है। इसके अलावा कई अन्य जिलों के ग्राम भी इसमें शामिल हैं।

मिली अनुमति

▸▸ कई जिलों में एक-दो तो कई में आठ से दस ग्राम हैं शामिल

पहल | किसान आय बढ़ाने के लिए पहली बार 400 हेक्टेयर में करेंगे धान की खेती

मधुमेह रोगी खा सकेंगे तेलंगाना सोना चावल

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

अमृत विचार : खरीफ में जिले के किसान 400 हेक्टेयर में तेलंगाना सोना (आरएनआर-15048) प्रजाति के धान की पैदावार करके आय बढ़ायेंगे। यह धान तेलंगाना के हैदराबाद की प्रजाति है और यहां पहली बार कृषि विभाग खेती कराएगा। यह महीन चावल है। इसमें ग्लाइसेमिक इंडेक्स (जीआई) 51.50 फीसद होता है। यह चावल मधुमेह (डाइबिटीज) रोगी खा सकते हैं। इसके अलावा जिन बीमारियों में चावल का परहेज किया जाता है उनमें भी नुकसानदायक नहीं है। जबकि सामान्य चावल में ग्लाइसेमिक इंडेक्स 65 फीसद तक होता है। इसलिए इस चावल की मांग देश-विदेश में खूब है और दाम भी सामान्य से अधिक मिलते हैं। इसके बीज में प्रति हेक्टेयर 27 क्विंटल तक उपज होती है। यह बीज कृषि विभाग ने अपने फार्म हाउस में तैयार कर जिले को 100 क्विंटल दिए हैं। खरीद पर 50 फीसद अनुदान किसानों को मिलेगा।

▸▸ कृषि विभाग को मिला 100 क्विंटल बीज, बिक्री पर 50 फीसद देगा अनुदान

> जिले में धान का क्षेत्रफल और किसानों की आय बढ़ाने के लिए उनकी मांग पर पहली बार तेलंगाना सोना धान की पैदावार कराएंगे। इसका चावल डाइबिटीज व अन्य रोगी खा सकते हैं। जो सेहत के लिए नुकसानदायक नहीं है।
>
> – हर्षित त्रिपाठी, अपर जिला कृषि अधिकारी, लखनऊ।

53,967 हेक्टेयर में होगी धान की पैदावार

जिले में इस खरीफ में कुल 53,967 हेक्टेयर में धान की पैदावार का लक्ष्य विभाग ने रखा है। इसमें तेलंगाना सोना के अलावा 2,500 हेक्टेयर में सुगंधित/बासमती धान, 16,500 हेक्टेयर में शंकर धान व 34,967 हेक्टेयर में अन्य मोटा व महीन धान की प्रजाति की जाएंगी। बीज राजकीय बीज गोदामों पर उपलब्ध हैं। जो ई-पॉस मशीन से बिक्री की जाएगी।

दो वर्ष में यह हुआ उत्पादन

वर्ष	क्षेत्रफल (हेक्टेयर)	पैदावार प्रति हेक्टेयर
2022-23	51801	26.24 क्विंटल
2023-24	54540	26.7 क्विंटल

सरकारी बीजों के यह दाम

मोटा धान - प्रमाणित 4193 रुपये, आधारीय 4330 रुपये

महीन धान - प्रमाणित 4223 रुपये, आधारीय 4360 रुपये

बासमती/सुगंधित - प्रमाणित 6534, आधारीय 6780 रुपये

(रुपये प्रति क्विंटल में)

ट्रांसफार्मरों पर किया जा रहा पानी का छिड़काव

अंधेरे में डूबे गांव, गर्मी से ग्रामीणों का हाल बेहाल

उफ ये गर्मी

- ओवरलोडिंग की वजह से ट्रांसफार्मरों के फुंकने का रहता है खतरा
- आपूर्ति बंदकर हर आधे घंटे पर डाला जा रहा पानी

संवाददाता, सलोन, रायबरेली

अमृत विचार। एक तरफ जहां गर्मी और चिलचिलाती धूप ने इंसानों से लेकर जानवरों तक को बेहाल कर रखा है। वहीं बिजली ट्रांसफार्मरों का भी हाल खस्ता हो चुका है और यही वजह है कि विद्युत उपकेंद्र में मौजूद कर्मचारियों से ज्यादा ट्रांसफार्मरों का ख्याल रखा जा रहा है।

सलोन तहसील क्षेत्र के छतोह विद्युत उपकेंद्र का एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमे ट्रांसफॉर्मर को पानी से ठंडा किया जा रहा है। छतोह विद्युत केंद्र में भीषण गर्मी और ओवरलोडिंग की वजह से विद्युत उपकेंद्रों पर लगे ट्रांसफार्मर तेजी से हीट हो रहे हैं। ट्रांसफार्मर को ठंडा करने के लिए हर आधे घंटे में संविदा लाइनमैन जान जोखिम में डालकर पानी से ट्रांसफार्मर को ठंडा करने में जुटे हुए हैं। बताया जाता है कि नौतपा के बीच जैसे ही तापमान में बढ़ोतरी हुई है, वैसे ही लोड बढ़ गया है। ऐसे में ट्रांसफार्मर ओवर हीट होकर फुंकने का डर बना हुआ हैं। ट्रांसफार्मर के तापमान को हीटवेव से बचाने के लिए पानी का फौव्वारा से छिड़काव किया जा रहा है। स्थानीय कर्मचारियों की माने तो बिजली घर की आपूर्ति 10 से 15 मिनट के लिए बंदकर उस पर पानी डालकर तापमान स्थिर रखने का प्रयास किया जा रहा है। यह कार्य सुबह, दोपहर और शाम के समय किया जा रहा है।

लोड बढ़ने से फूंका ट्रांसफार्मर।

> पहले पहले आपूर्ति बन्दकर करके ट्रांसफॉर्मर को पानी से ठंडा किया जाता था, लेकिन अब फौव्वारे से उस पर बराबर पानी पड़ता रहता है। इस दौरान आपूर्ति सुचारू रूप से बहाल रहती है। कूलर लगाने का बजट फिलहाल नही है।
>
> –विनोद चौहान, अवर अभियंता

संवाददाता, सरेनी, रायबरेली

अमृत विचार। बिजली विभाग के उदासीन जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही का दंश क्षेत्र के कहिंजर गांव के ग्रामीण भुगत रहे हैं। बीते एक सप्ताह से गांव में ट्रांसफार्मर फुंकने के कारण जहां रात को अंधेरा पसरा रहता है।

वहीं इस प्रचंड गर्मी में लोगों के सामने कई दुश्वारियां आ गई हैं। लोगों के यहां लगे पंखे, कूलर आदि बेकार साबित हो रहे हैं तो वहीं मोबाइल चार्ज करने के लिए दूसरे गांव की तरफ लोगों को जाना पड़ रहा है। एक सप्ताह के लंबे समय के बाद और इस भीषण गर्मी में ट्रांसफार्मर न बदला जाना जिम्मेदारों की उदासीनता को जग जाहिर करता है।

सरकार जहां 24 घंटे के अंदर ट्रांसफार्मर बदलने के निर्देश दे रखा है। वहीं इस भीषण गर्मी में एक सप्ताह का समय बीतने के बाद ट्रांसफार्मर अब नहीं बदले जाने से ग्रामीणों में लगातार आक्रोश पनप रहा है। यह आक्रोश कहीं बड़ा आकार न ले ले, क्योंकि जिस तरीके से हो रही गर्मी से आम जनमानस उबल रहा है। वहीं एक सप्ताह से ग्रामीणों को बिजली न मिलने से अब उनका पारा भी चढ़ने लगा है।

कहिंजर गांव के ललित सिंह, सर्वेश सिंह, हरिनाम सिंह व रामराज सिंह ने बताया कि एक सप्ताह पूर्व फुंके ट्रांसफार्मर को न बदले जाने से पूरे गांव में बिजली नहीं है। जिससे वह लोग परेशान हो रहे हैं। पूर्व प्रधान रामदेव सिंह ने बताया कि गांव में ट्रांसफार्मर बदले जाने की सूचना सरेनी विद्युत उपकेंद्र में दे दी गयी, किन्तु विद्युत कर्मी पुराना ट्रांसफार्मर रखकर चले गये जो दूसरे ही दिन जल गया। हालात यह है कि गांव के लोग एक हफ्ते से अंधेरे में रहने को मजबूर हैं।

जिम्मेदारों की उदासीनता गर्मी में बनी ग्रामीणों की मुसीबत

ललित सिंह

सर्वेश सिंह

हरिनाम सिंह

रामराज सिंह

> ट्रांसफार्मर बदलने की प्रक्रिया चल रही है। एक बार ट्रांसफार्मर बदल चुका है, लेकिन उसके फुंकने के बाद यह समस्या आई है। शाम तक ट्रांसफार्मर रखकर विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।
>
> –कृपा शंकर यादव, अवर अभियंता, सरेनी

पारा पहुंचा 47 डिग्री पार, बिजली के लिए मचा हाहाकार

ऊंचाहार, रायबरेली। भीषण गर्मी, आग उगलता सूरज, वातावरण का तापमान 47 डिग्री पार ऐसे में बिजली की बेतहाशा कटौती ने हाहाकार मचा दिया है। इस समय ओवरलोडिंग के बीच अघोषित कटौती व ट्रिपिंग की जा रही है। बिजली विभाग के कर्मचारी फोन तक उठाने को तैयार नहीं है। समस्या को लेकर कस्बा वासियों समेत ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है।तहसील स्थित विद्युत उपकेंद्र से कस्बा समेत क्षेत्र के सावांपुर नेवादा, मुंडीपुर, पूरे भद्दी, भोज, लाला का पुरवा, मकवापुर, पचखरा, पूरे रामबक्स, नाजेपुर, होरैसा, पूरे चूर, गोकना, कोटिया चित्रा, शहजादपुर तथा सवैया हसन, सवैया राजे, सवैया मीरा, सवैया धनी, लक्ष्मीगंज, ब्राह्मणों का नदौरा समेत करीब 120 गांवों की 80 हजार आबादी को विद्युत आपूर्ति की जाती है। कस्बा निवासी आयुष जायसवाल, अंकित मिश्र, दीपक सोनी, अरविंद कुमार, विजय मौर्य, साजू नकवी, सहाब नकवी, हरिशंकर साहू, धर्मेंद्र मौर्य अखिलेश यादव आदि का कहना है कि एक सप्ताह से बराबर बिजली का संकट बना हुआ है। दिन हो या रात भीषण गर्मी के बीच विभाग द्वारा बिजली की कटौती जारी है। रात दिन मिलकर 10 से 12 घंटे की ही आपूर्ति हो पा रही है। दो मिनट को बिजली आती है तो दस मिनट के लिए चली जाती है। ऐसी दशा में दिन का सुकून और रातों की नींद गायब हो चुकी है। यदि जल्द ही समस्या का समाधान ना हुआ तो हम सभी लोग तपती धूप में बिजली घर का घेराव कर प्रदर्शन करेंगे। विद्युत वितरण खंड के अधिशासी अभियंता धीरेंद्र सिंह ने बताया कि भीषण गर्मी के बीच ओवरलोड के चलते संयंत्र टाइपिंग हो जा रहे है। जल्द ही बिजली की व्यवस्था सुचारू की जाएगी।

सार-संक्षेप

अब एनएचएआई ध्वस्त करेगा बटोही रेस्टोरेंट

रायबरेली, अमृत विचार। लखनऊ–प्रयागराज राजमार्ग के किनारे स्थित ऊंचाहार का बटोही रेस्टोरेंट को अब एनएचएआई ध्वस्त करेगा। राजमार्ग के चौड़ीकरण में अधिकग्रहीत किए गए रेस्टोरेंट का अतिक्रमण हटाने की नोटिस के बाद एनएचएआई ने यह निर्णय लिया है। ज्ञात हो कि इस समय राजमार्ग के चौड़ीकरण और ऊंचाहार में बाई पास का निर्माण किया जा रहा है। जिसके तहत राजमार्ग के किनारे स्थित प्रसिद्ध बटोही रेस्टोरेंट की भूमि का एनएचएआई ने अधिग्रहण करके भूस्वामियों कमलेश कुमार सिंह और राजेश कुमार सिंह को मुआवजा दिया गया था। मुआवजे की राशि को प्राप्त हुए कई माह का समय बीत जाने के बावजूद अधिग्रहीत भूमि से अवस्थित संरचना को नहीं हटाया गया। इसके बाद एनएचएआई के महाप्रबंधक तकनीकी ने बीते 17 मई को दोनो भूस्वामियों को नोटिस जारी करके सात दिन के अंदर अवस्थित संरचना को सात दिन के अंदर हटाने की अंतिम चेतावनी दी गई थी। जिसमें यह कहा गया था कि निर्माण स्वयं से ने हटाने की दशा में एनएचएआई इसे ध्वस्त कर देगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी भूस्वामियों की होगी। इस सख्त नोटिस के बावजूद अधिग्रहीत जमीन से निर्माण नहीं हटाया गया है। उसके बाद अब एनएचएआई बटोही रेस्टोरेंट को ध्वस्त करने जा रहा है। एनएचएआई के जीएम तकनीकी ने बताया कि निर्माण एजेंसी को निर्माण ध्वस्त करके राजमार्ग का निर्माण कार्य आगे बढ़ाने के निर्देश दिए गए है।

कोतवाल की सख्ती से मिला महिला को न्याय

ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार। बेटी का अपहरण करके उसके साथ दुष्कर्म के मामले में पीड़िता की मां की फरियाद कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने सुनी। मामले में उन्होंने पीड़िता को न्याय देते हुए आरोपी को जेल भेज दिया है। इससे पूर्व महिला कार्रवाई को लेकर काफी परेशान थी और विवेचक पर सुलह कराने के लिए दबाव बनाने का आरोप लगा रही थी। मामला कोतवाली क्षेत्र के अकोढिया गांव का है। गांव की रहने वाली एक महिला का कहना था कि उसकी नाबालिक बेटी को प्रतापगढ़ जनपद के हथगवां थाना क्षेत्र के गांव शेखपुर आशिक निवासी समीर अपहृत कर ले गया था। उसने उसकी बेटी के साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने उसे पकड़ तो लिया किंतु कोतवाली का एक दारोगा उस पर सुलह होने का दबाव बना रहा था। यही नहीं आरोपित का एक रिश्तेदार भी उसे सुलह होने के लिए धमकी दे रहा था। महिला कई दिन से पटेशान थी। उसने कोतवाल अनिल कुमार सिंह से मिलकर आप बीती सुनाई और अपनी मांग रखी। उसके बाद कोतवाल ने इस प्रकरण में खुद कार्रवाई करते हुए आरोपित को जेल भेज दिया हैं, साथ ही किशोरी का चिकित्सीय परीक्षण कराया जा रहा है।

शनि मंदिर में भंडारा आज

सरेनी, रायबरेली। लखनापुर गांव में स्थित शनि मंदिर में 30 मई को भण्डारे का आयोजन किया जाएगा। मंदिर की व्यवस्थापिका सुमित्रा साहू ने बताया कि 30 मई को शनि मंदिर का स्थापना दिवस है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से भंडारे में भारी संख्या में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है।

महात्मा ने गृहस्थ जीवन में रहकर भक्ति करने की दी प्रेरणा

जगतपुर, रायबरेली। संत निरंकारी सत्संग भवन में बुधवार को सत्संग का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता महात्मा राकेश कुमार ने की। उन्होंने कहा कि सद्गुरु ने प्रभु परमात्मा का ज्ञान देकर एक गृहस्थ जीवन में रहकर भक्ति करने की प्रेरणा दी है। एक प्रेम को ही जीवन में आधार बनाना है। अगर हमारे मनों में सभी के लिए प्रेम है। तो रिश्तो में भी प्रेम बना रहेगा कर्म रूप या स्वभाव रूप में भले ही सभी को एक जैसे नहीं होते, लेकिन मन में प्रेम है। इस प्रभु परमात्मा का एहसास हमारे जीवन में बना मालिक से सारी दुनिया रोशन है। सभी में इसी का नूर समाया है तो हम सभी से प्रेम कर पाएंगे और अपने जीवन को सद्गुणों से सवार पाएंगे एक दूसरे के लिए मनों में आदर और सम्मान के भाव रखना है। एक दूसरे की सेवा के लिए सदैव समर्पित रहना है। प्रभु परमात्मा घट–घट वासी हैं। इस मौके पर ब्रांच प्रबंधक ज्ञान प्रचारक बसंत लाल, रामस्वरूप, आशीष, ताराचंद, रंजन, राम सुमेर, बाबूलाल, रतिपाल, वंदना, माया, सुमित्रा, प्रेमवती, प्रभावती, उषा आदि साध संगत मौजूद रहे।

गैर जमानती वारंट जारी, दो को भेजा जेल

महराजगंज, रायबरेली। मारपीट के एक मामले में न्यायालय से गैर जमानती वारंट जारी होने पर कोतवाली पुलिस ने दो लोगों को छापेमारी में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव मूडू का पुरवा के रहने दो सगे भाइयों लाला उर्फ हीरालाल व शत्रोहन पुत्रगण ननकू के ऊपर मारपीट का एक मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन है और उपरोक्त दोनों न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहे थे जिस पर न्यायालय द्वारा गैरजमानती वारंट जारी किया गया। मामले में कोतवाल बालेन्दु गौतम ने बताया कि आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

बाइक सवार युवक पर बदमाशों ने फेंका बम

संवाददाता, सलोन, रायबरेली

अमृत विचार। निमंत्रण से घर लौट रहे बाइक सवार युवक पर बदमाशों ने बम फेक कर हमला कर दिया। इस दैरान युवक को दौड़ा-दौड़ा कर बदमाशो ने बेहरमी से पीटकर मरणासन्न कर दिया। घटना को अंजाम देने वाले दोनों आरोपी प्रयागराज के बताए जा रहे है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

कोतवाली अंतर्गत शहजादपुर मजरे अतरथरिया निवासी राम लखन साहू और पड़ोस के रहने वाले चतुरी साहू से नाली खड़ंजा को लेकर पुरानी रंजिस है। चतुरी के घर लगभग एक माह से मुकेश और अमन नाम के दो लड़के रिस्तेदार बनकर रह रहे थे। मंगलवार शाम राम लखन का लड़का सचिन साहू उमरी गांव में आयोजित भंडारे में बतौर निमंत्रण करने गया हुआ था। सचिन के मुताबिक रात्रि साढ़े नौ बजे के करीब घर लौट रहा था। गांव के समीप ही एक दुकान से गाड़ी में पेट्रोल भराने लगा। इसी दौरान मुकेश और अमन नाम के दोनों युवकों ने उसपर बम फेक कर हमला कर दिया। युवक जान बचाने के लिए भागा तो दूसरा बम फेक कर उसे जख्मी कर दिया। इसके बाद उसे मारा पीटा गया। पीड़ित की चीख पुकार पर ग्रामीणों के पहुंचने से पहले दोनों बदमाश भागे। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि घायल युवक की मां गोपी साहू ने पड़ोस के अमित और इसके घर मे रहने आये मुकेश, अमन के विरुद्ध तहरीर देकर जानलेवा हमले का अपराध पंजीकृत कराया है। पीड़ित का मेडिकल कराया जा रहा है। अभियुक्तों की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है।

मवेशी भगाने को लेकर हुई भिड़ंत, दो घायल

ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार। मवेशी खदेड़ कर ले जा रहे लोगों को रोकने पर दो पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई, जिसमें दोंनो पक्षों से दो लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पीआरवी पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से घायलों को सीएचसी भिजवाया, जिसमें एक घायल को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया था। दोनों पक्षों ने बुधवार को कोतवाली में मामले की तहरीर दी है। मामला क्षेत्र के गोकना घाट का है। गोकना गांव निवासी गजेंद्र त्रिपाठी का कहना है कि मंगलवार की दोपहर वो घाट पर अपने मवेशी चराने गया था। आरोप है कि फतेहपुर जिले के कुछ लोग उसके एक मवेशी को खदेड़कर ले जा रहे थे। जब उसने उन लोगों को मना किया तो दोनों पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। जिसमें एक पक्ष से गजेंद्र त्रिपाठी (25) तथा दूसरे पक्ष से वीरेंद्र कुमार (26) घायल हो गये। सीएचसी अधीक्षक डॉ मनोज शुक्ल ने बताया कि मारपीट में घायल दो लोग सीएचसी आये थे। जिसमें वीरेंद्र कुमार को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों से मामले की तहरीर मिली है, आवश्यक विधिक कार्यवाई की जा रही है।

बाइक व साइकिल में भिड़ंत, युवक की मौत

संवाददाता, अमावां, रायबरेली

अमृत विचार। मिल एरिया थाना क्षेत्र में रायबरेली-अयोध्या हाईवे पर मंगलवार की रात ड्यूटी से वापस घर लौट रहे साइकिल सवार एक युवक की बाइक सवार दो युवकों से जोरदार भिड़ंत हो गई। घटना में तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने साइकिल सवार युवक को मृत घोषित कर दिया। चिकित्सक की सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है।

महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के सिजनी गांव निवासी बलदेव सिंह पुत्र रामहेत सिंह शहर स्थित किसी फैक्ट्री में काम करता था। रात में छुट्टी के बाद बलदेव साइकिल से अपने घर जा रहा था, तभी रात 9:45 बजे रायबरेली-अयोध्या हाईवे पर दुसौती नहर के पुल के पास एक बाइक सवार महराजगंज थाना क्षेत्र के दुसौती गांव निवासी सोनू सिंह पुत्र सोमनाथ सिंह व ऋषि सिंह पुत्र महेंद्र प्रताप सिंह से उसकी जोरदार भिड़ंत हो गई। घटना में तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने तीनों घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने बलदेव 50 वर्ष को मृत घोषित कर दिया। जबकि सोनू सिंह 40 वर्ष व ऋषि सिंह 35 वर्ष का इलाज जारी है। चिकित्सक की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है। इस संबंध में इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह ने बताया तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

पिकअप की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल

महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार। महराजगंज–रायबरेली रोड पर स्थित सोथी गांव के पास पिकप ने बाइक सवार दो लोगों को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। एम्बुलेंस की मदद से दोनों को सीएचसी महराजगंज लाया गया, जहां हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर दोनों को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया है। बताते चले कि थुलवासा गांव के रहने सुरेंद्र यादव (36) पुत्र शिवम यादव भैंस की दवा लेने महराजगंज आ रहे थे। उनके साथ शिवेंद्र प्रताप सिंह 29 पुत्र केके सिंह निवासी रायबरेली भी बैठा था तभी सोथी गांव के पास रायबरेली की तरफ से आ रही एक तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची डॉयल 108 एम्बुलेंस की मदद से दोनों को सीएचसी महराजगंज लाया गया, जहां हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार कर दोनों को जिला चिकित्सालय रेफेर कर दिया। मामले में कोतवाल बालेन्दु गौतम ने बताया की तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।

कनेक्शन कराने के लिए मीटर रीडर ने की धोखाधड़ी

ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार। उपभोक्ता से कनेक्शन कराने के नाम पर मीटर रीडर ने पैसे ले लिये और उसके मीटर को पंजीकृत भी नहीं कराया। परिणामस्वरूप जब उपभोक्ता को बिजली के बकाये बिल का नोटिस मिला तो उसे इस बात की जानकारी हुई। जबकि उसके द्वारा लगातार बिजली का बिल जमा किया जा रहा था। पीड़ित उपभोक्ता अधिशासी अभियंता से मामले की शिकायत की है।नगर के दर्जी मोहल्ला निवासी मो सलीम का कहना है कि उसने लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व एक किलो वाट का बिजली कनेक्शन मीटर रीडर आशीष कुमार के माध्यम से करवाया था। आरोप है कि कनेक्शन करवाने के नाम पर मीटर रीडर ने उससे आठ हजार रुपये लिये थे। कनेक्शन के बाद जो मीटर लगाया गया था उसका पंजीकरण नहीं कराया गया। जबकि वो हर महीने बिजली का बिल जमा कर रहा था। कुछ दिनों उसे बिजली के बकाया बिल का उसे नोटिस मिला तो उसे मामले की जानकारी हुई। बुधवार को पीड़ित उपभोक्ता ने अधिशासी अभियंता से मामले की शिकायत की है। अधिशासी अभियंता धीरेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की शिकायत पर एसडीओ को जांच कर कार्यवाई के लिए निर्देशित किया गया है।

भंडारे व जागरण में उमड़े श्रद्धालु

संवाददाता, शिवगढ़, रायबरेली

अमृत विचार। क्षेत्र के प्राचीन कालीन श्री बरखण्डीनाथ महादेव मन्दिर में आयोजित भण्डारे एवं जागरण में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। जागरण में भगवान की अद्भुत एवं आकर्षक झांकियां देख श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गये। श्रद्धालुओं द्वारा लगाए जा भगवान के जयकारों से समूचा मन्दिर परिसर गुंजायमान हो उठा।

गौरतलब हो कि ज्येष्ठ मास के पहले बड़े मंगल के उपलक्ष्य में शिवगढ़ नगर पंचायत स्थित श्री बरखण्डीनाथ महादेव मन्दिर में पदुमपुर के रहने वाले अमित मिश्रा, अनूप मिश्रा, लवकुश मिश्रा, कन्हैया मिश्रा, रोहित मिश्रा के नेतृत्व में संगीतमयी श्री रामचरितमानस पाठ, भण्डारे का आयोजन किया गया। जागरण में श्रद्धा म्यूजिकल ग्रुप के निर्देशक एवं मशहूर गायक रिंकू जायसवाल, शनी द्विवेदी, निहारिका, रुबली आदि गायकों ने अपने मृदुल कंठ से एक से बढ़कर एक भक्ति गीत गाकर श्रद्धालुओं को झूमने गाने एवं तालियां बजाने को मजबूर कर दिया।

भंडारे में नृत्य करते कलाकार। अमृत विचार

जागरण में साहिल झांकी सम्राट ग्रुप कानपुर के मशहूर कलाकार साहिल सम्राट, पिंकी गुप्ता आदि कलाकारों ने विध्न विनासक गणेश जी, श्रीराम दरबार, शंकर-पार्वती, राधा-कृष्ण, बाहुबली हनुमान, राधा-कृष्ण की रासलीला, सुदामा चरित्र, भोलेनाथ का ताण्डव नृत्य आदि झांकियों की अद्भुत अलौकिक अनुपम प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। श्रद्धा म्यूजिकल ग्रुप के गायकों को सुनने एवं झांकियों को देखने के लिए रात भर श्रद्धालु जमे रहे। मथुरा, वृंदावन, बरसाने की फूलों की होली झांकी देख सभी श्रद्धालु खड़े होकर राधा-कृष्ण के ऊपर पुष्प वर्षा करते हुए उनके साथ थिरकने लगे इस अद्भुत मनोरम दृश्य को अपने मोबाइल के कमरे में कैद करने के लिए दर्शक बेताब दिखे। हवन पूजन के पश्चात पूर्वाहन 11 से शुरू हुआ भण्डारा देर रात तक चलता रहा। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख कुंवर हनुमंत प्रताप सिंह, अनिल शुक्ला, कुलदीप सिंह, पूर्व प्रधान आशुतोष मिश्रा, पंकज मिश्रा, अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश त्रिवेदी सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

सुंदरकांड समिति का 22वां वार्षिकोत्सव संपन्न

समिति के 22वें वार्षिकोत्सव पर आयोजित भंडारे में शामिल भक्त।

संवाददाता, बछरावां, रायबरेली

अमृत विचार। ज्येष्ठ माह के प्रथम मंगलवार को कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में जगह-जगह सुंदरकांड पाठ एवं भंडारों का आयोजन किया गया। चुरूआ मंदिर में सुबह से भक्तों की लंबी-लंबी लाइनें लगी रहीं। महराजगंज रोड स्थित हनुमान मंदिर, लालगंज रोड क्रॉसिंग स्थित हनुमान मंदिर, बांध टोला स्थित हनुमान मंदिर सहित सभी मंदिरों में हनुमान भक्तों की लंबी-लंबी कतारें लगी रही। सुंदर कांड समिति बछरावां का 22वां वार्षिकोत्सव ज्येष्ठ माह के प्रथम मंगलवार को कस्बे के कूटी मोहल्ला स्थित बुलाकेश्वर मंदिर के पीछे सरस्वती शिशु मंदिर के प्रांगण में सम्पन्न हुआ। इस मौके पर प्रांत समरसता प्रमुख राज किशोर, सुंदरकांड समिति के अध्यक्ष व जिला समरसता प्रमुख सतीश सिंह, संरक्षक शशिकांत मिश्रा, नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ रामजी, रामकुमार सोनी, सौरभ मिश्रा, इंजीनियरिंग सचिन चौधरी, लाडले रायनी, बल्लू शुक्ला, बंशलाल चौधरी, प्रमोद साहू, अरविंद तिवारी मौजूद रहे।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

असुविधा पुष्पक, पद्मावत सहित कई ट्रेनें चल रहीं हैं फुल, स्टेशन पर सुबह से ही टिकट बुक कराने के लिए भीड़ जुट जाती है

ट्रेनों में वेटिंग जारी, खड़े होकर भी सफर करना मुश्किल

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। भीषण गर्मी के बाद भी लम्बी दूरी की गाड़ियां ज्यादातर फुल चल रही है। इन गाड़ियों में सीट कन्फर्म होना तो छोड़ो खड़े सामान्य कोचों में खड़े होकर चलना भी मुश्किल है।

दिल्ली, मुम्बई, सूरत आदि रूटों पर जाने वाली ट्रेनों में सफर करना आसान नही है। ट्रेनो में चल रही वेटिंग के कारण रोजाना लोगो को निराशा झेलने पड़ती है। बीते समय चल रही गर्मी की छुट्टियों को बिताने के लिए लोग बाहर निकल रहे है। जिले से भी बड़ी तादाद में लोग बाहर जाते है। गर्मी के बीच लोग ठंडे स्थानों पर भी जाने के लिए परेशान रहते है। लेकिन इस समय सभी गाड़ियां पूरी तरीके से फुल है। कई गाड़ियों की वेटिंग 250 तक आ गई है। इस समय पुष्पक में 239, पद्मावत 150, अर्चना, साबरमती लखनऊ 232 वेटिंग है। रायबरेली स्टेशन पर सुबह से ही टिकट कराने के लिए लोगों की भीड़ जुट जाती है। हर आदमी चाहता है कि उसे कंफर्म टिकट मिले, लेकिन गाड़ियों में वेटिंग होने के कारण उसे मायूसी झेलनी पड़ती है, और अंततः वह वही टिकट लेने को मजबूर हो जाता है। रायबरेली स्टेशन से होकर गुजरने वाली ज्यादातर ट्रेनों में भीड़ रहती है। भीड़ इस कदर रहती है कि सामान्य कोचों में पैर रखकर खड़े होकर भी सफर करना आसान नहीं रहता है।रेलवे के लिहाज यह समय पीक सीजन माना जाता है और इस सीजन में ज्यादातर यही हाल रहता है।

रेलवे स्टेशन पर आरक्षण खिड़की पर लगी भीड़। अमृत विचार

> यह पीक सीजन होता हैं, लोग छुट्टी मनाने और घूमने बाहर आते जाते हैं। जिसकी वजह से भीड़ रहती है। समर स्पेशल की पांच गाड़ियां चल रही है, जिसमें से दो का स्टेशन पर ठहराव है।
>
> –रवि रंजन कुमार, स्टेशन अधीक्षक रायबरेली

रोजाना होते है 20 से अधिक टिकट कैंसिल

रायबरेली। लंबी दूरी की गाड़ियों में वेटिंग अधिक होने के कारण कई यात्री अपना मन बदलकर अपने टिकट को भी कैंसिल कर रहे हैं आलम यह है कि रेलवे स्टेशन पर प्रतिदिन 20 से अधिक टिकट कैंसिल होते हैं। अपना टिकट कैंसिल करने आए बबलू ने बताया कि उनका पद्मावत ट्रेन में टिकट था लेकिन लंबी वेटिंग के कारण उन्होंने टिकट कैंसिल कर दिया है क्योंकि गर्मी होने के कारण वह खड़े होकर भी सफल नहीं से कर सकते।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (UP) India, Phone: 0581-2526051, 053, 153
Email: registrar@biu.edu.in, Website: www.biu.edu.in
For any query contact : 7906374491, 9105500202, 9105500404
APPLICATIONS ARE INVITED FOR ADMISSION TO Ph. D. PROGRAMMES JULY 2024 SESSION IN THE FOLLOWING DISCIPLINES
FACULTY OF MEDICAL SCIENCES (All Clinical and Non-Clinical Specialties)
FACULTY OF NURSING M. Sc.(N) with 3 years teaching or clinical experience
FACULTY OF DENTAL SCIENCES All Specialties)
HUMANITIES AND JOURNALISM English
FACULTY OF PHARMACY
Last Date of Receiving Application : 20th May, 2024
Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.), India
For more details and application form & application fee
Visit University Website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/research/Latest-Application-form-for-PHD-pogramme.pdf

गुरुजी से नेटवर्क पूछे बिना सिम देने की तैयारी, टैबलेट चलाना चुनौती

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। ये दो केस बानगी है ऐसे ही न जाने जिले की कितनी ग्रामसभाएं हैं, जहां पर नेटवर्क की बहुत बड़ी समस्या है। जिले में कई ऐसी ग्रामसभाएं हैं, जहां पर अभी सिर्फ बीएसएनएल ही बेहतर काम करता है।

दूरसंचार की अन्य प्राइवेट कम्पनियों का नेटवर्क अभी तक उन गांवों तक नहीं पहुंच पाया है। नेटवर्क की बेहतर व्यवस्था न होने की वजह से ग्रामीण से लेकर वहां पर नौकरी करने वाले लोग बहुत ही परेशान रहते हैं। गांवों में अभी तक नेटवर्क की बेहतर व्यवस्था नहीं है और बेसिक शिक्षा विभाग अपनी फाइलों में एक ही कम्पनी के नेटवर्क को पूरे जिले में बेहतर मानते हुए सिमकॉर्ड खरीदने की तैयारी करने जा रहा है। बेसिक शिक्षा विभाग ने जिले के विद्यालयों से कोई भी डेटा नहीं मांगा है कि आखिरकार कहां पर किस विद्यालय और ब्लॉक में किस कम्पनी का बेहतर नेटवर्क काम रह रहा है। विभाग के अधिकारी और कर्मचारी सिर्फ यह देखने में लगा हुआ है कि किस कम्पनी की तरफ से जिले में बल्क में होने वाली खरीददारी में कितना कमीशन मिलेगा। विभाग अपने स्तर से सिमकार्ड खरीदकर शिक्षकों को उपलब्ध कराएगा और शिक्षकों को उसी सिमकार्ड से काम करना होगा। गांवों में नेटवर्क की कैसी व्यवस्था है, यह किसी छिपी नहीं है, लेकिन विभाग जबरदस्ती एक ही कम्पनी का सिमकार्ड खरीदकर गुरुजनों को थमाने की तैयारी कर रहा है।

केस 1

महराजगंज ब्लॉक में करीब दस किलोमीटर के एरिया में फैली मऊ ग्रामसभा के गांवों में मोबाइल नेटवर्क की बड़ी समस्या है। यहां पर कहीं पर जियो, एयरटेल तो कहीं पर वोडाफोन काम करता है। नेटवर्क की समस्या से जूझते ग्रामीणों ने कई बार इसकी शिकायत भी की। ऐसे में एक ही कंपनी का सिम गुरुजी को भारी पड़ सकता है।

केस 2

सरेनी, डलमऊ और लालगंज ब्लॉक में गंगा किनारे पर स्थित गांवों में अभी तक सिर्फ एक ही नेटवर्क पकड़ रहा है। यहां पर अभी तक सिर्फ बीएसएनएल ही नेटवर्क ही पहुंच पाया है। यहां के विद्यालयों में पढ़ाने वाले शिक्षक बहुत ही परेशान रहते हैं। नेटवर्क की समस्या की वजह से कोई भी काम नहीं हो पाता है।

▸▸ ब्लॉकों से नहीं पूछी गई नेटवर्किंग की व्यवस्था, खेल करने को तैयार विभाग

जिले में इतने हैं परिषदीय विद्यालय

रायबरेली। वर्तमान समय में बेसिक शिक्षा विभाग में करीब 2300 प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और कम्पोजिट विद्यालय हैं। शिक्षकों और बच्चों की ऑनलाइन उपस्थिति, सभी रजिस्टर को ऑनलाइन करना यानि डिजिटलाइजेशन करना है। डिजिटलाइजेशन का विरोध शिक्षकों ने किया था। इसके बाद विभाग ने कुछ समय के लिए इस पर पाबंदी लगाई थी। अब लोकसभा चुनाव बीतने को हैं और ऐसे कहा जा रहा है कि नया सत्र शुरू होते ही शिक्षकों पर ऑनलाइन व्यवस्था थोपी जा रही है। महानिदेशक के सख्त आदेश के बाद में अब सभी जिलों में सिमकॉर्ड खरीदने का सख्त आदेश दिया गया है।

नेटवर्क इश्यू की वजह से असफल रहा निपुण टेस्ट

जिले के सुदूर ग्रामीण इलाकों में कार्यरत शिक्षक अधिकतर नेटवर्क इश्यू की समस्या से बहुत ही परेशान रहते हैं। गांवों में बेहतर नेटवर्क न होने की वजह से कई बार डीबीटी, प्रेरणा पोर्टल व अन्य ऑनलाइन कामों को नेटवर्क वाली जगह पर करते हैं। नेटवर्क का इश्यू ग्रामीण इलाकों में कितना है, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि सरल टेस्ट और निपुण टेस्ट कई विद्यालयों में सिर्फ इस वजह से असफल हो गए कि विद्यालय में बेहतर नेटवर्क नहीं था। बता दें, विद्यालयों में जाकर ही बच्चों का निपुण असेसमेंट होना था। इस टेस्ट के लिए डायट से गई टीमों ने निपुण टेस्ट किया, लेकिन आखिर में वह असफल रहा। टेस्ट के असफल होने का सबसे बड़ा कारण नेटवर्क इश्यू ही निकल कर आया था। यह समस्या किसी एक ब्लॉक में नहीं बल्कि बछरावां, शिवगढ़, खीरों, सरेनी, अमावां, डलमऊ, ऊंचाहार, लालगंज सहित लगभग सभी ब्लॉकों में निकलकर सामने आई थी। सुदूर गांवों में नेटवर्क की बड़ी समस्या है, ऐसे में यह मिशन कैसे कामयाब होगा।

बिना नेटवर्क वाले सिम का क्या करेंगे शिक्षक

बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारी सिमकार्ड की खरीददारी करके अपना पेट भरने में लगे हुए हैं, लेकिन उनको नेटवर्क का बिल्कुल ही ख्याल नहीं है कि आखिरकार कैसे करके बिना नेटवर्क के शिक्षक काम करेंगे। बता दें, बेसिक शिक्षा विभाग की तरफ से ऑनलाइन उपस्थिति देना सबसे बड़ी समस्या है। विभाग के शिक्षकों का कहना है कि बेहतर नेटवर्क होने की दशा में ऑनलाइन उपस्थिति होगी। अगर नेटवर्क कमजोर रहेगा तो फिर ऑनलाइन उपस्थिति नहीं होगी।

गैर जमानती वारंट जारी, दो को भेजा जेल

महराजगंज, रायबरेली। मारपीट के एक मामले में न्यायालय से गैर जमानती वारंट जारी होने पर कोतवाली पुलिस ने दो लोगों को छापेमारी में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव मूडू का पुरवा के रहने दो सगे भाइयों लाला उर्फ हीरालाल व शत्रोहन पुत्रगण ननकू के ऊपर मारपीट का एक मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन है और उपरोक्त दोनों न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहे थे जिस पर न्यायालय द्वारा गैरजमानती वारंट जारी किया गया। मामले में कोतवाल बालेन्दु गौतम ने बताया कि आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

कहीं चलता मिला टेबल फैन तो कहीं बंद रहा वार्ड का पंखा

भीषण गर्मी से मरीजों व तीमारदारों का बुरा हाल, पटरी पर नहीं लौट रहीं जिला अस्पताल की व्यवस्थाएं

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। जिले के तापमान में लगातार बढोत्तरी जारी है। गर्मी से बेहाल अस्पतालों में मरीजों की संख्या में भी इजाफा हो रहा है। ऐसे में साहब तो भले ही एसी में बैठकर काम निपटा रहे लेकिन मरीजों पंखे की भी हवा ठीक से नही मिल पा रही है। भीड़ के हिसाब से मरीजों को बैठने के इंतजाम भी नकाफी है। बैंचों पर जगह न मिलने पर मरीजों को बरामदा के फर्श पर बैठकर इंतजार करना पड़ता है।

बुधवार को अमृत विचार की टीम ने राना बेनीमाधव सिंह जिला चिकित्सालय में मरीजों को सुविधाओ को लेकर पड़ताल की तो कई खामियां नजर आई। जिन्हें कैमरे में कैद कर लिया गया। इस समय पड़ रही भीषण गर्मी के कारण जिला अस्पताल की ओपीडी में रोज एक हजार से अधिक मरीज आ रहे है। ओपीडी का समय खत्म होने के बाद इमरजेंसी में भी रोजाना बड़ी संख्या मरीज आते है जिनका वार्डो में भर्ती कर उपचार किया जाता है। इन वार्डों की हालत गर्मी के हिसाब से दयनीय है। यहां भर्ती मरीजों की बीमारी को यहां की असुविधाएं और बढ़ा देती हैं। वार्डो में कूलर तो लगे है लेकिन कई कूलरों में पानी की समस्या बनी रहती है।



वार्ड नंबर तीन में गर्मी में बंद पड़ा पंखा।

सीएमएस कक्ष के सामने फर्श पर लेटी वृद्ध महिला। अमृत विचार

भीषण गर्मी से बचने के लिए टेबल फैन लगाकर बेड पर बैठा मरीज।

कैमरा देख बोले मरीज व तीमारदार

अस्पताल की ओपीडी में जगह न होने के चलते मरीजों के तीमारदार जमीन पर बैठकर मरीज का इंतजार करते देखे गए। इधर तेज धूप की वजह और भीषण गर्मी के चलते अस्पताल में मरीज व उनके तीमारदार परेशान दिख रहे थे। इस दौरान अमृत विचार की टीम को देखकर लोगों का कहना है कि बिजली जाने के बाद केवल पंखे ही चलते है। बुधवार को जहा तापमान 46 डिग्री का रहा और कई तीमारदार अपने मरीजों को अलग से टेबल पंखा लगाकर गर्मी से राहत देने की कोशिश में लगे रहे वहीं वार्ड नम्बर तीन में भर्ती दो मरीजों के नीचे अस्पताल का पंखा बन्द रहा जिसकी वजह से मरीज और उनके तीमारदार गर्मी से बेहाल रहे। एक ओर जहां गर्मी से बेहाल मरीज जिला अस्पताल में भर्ती हो रहे है। वहीं, अस्पताल प्रशासन की बदइंतजामी उन पर भारी पड़ रही है।

देश मरीजों को गर्मी से बचाने के लिए जिला अस्पताल में पर्याप्त इंतजाम है। हर वार्ड में कूलर और पंखे लगे हुए है। अगर कही पंखा बन्द था तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।
–डॉ. महेंद्र मौर्य, सीएमएस जिला चिकित्सालय रायबरेली।

दुकान में चोरी कर बदमाशों ने उड़ाया हजारों का माल

लालगंज, रायबरेली। बीती रात बहाई निवासी आशीष मौर्य पुत्र रवी शंकर मौर्य की पूरे हरजू मजरे बहाई त्रिवेणी पेट्रोल पंप के पास स्थित दुकान से बेखौफ चोरों ने जनरेटर का अल्टीनेटर, सबमर्सिबल का स्टार्टर, पानी के पाइप, दो कुंतल रिंग, दो स्टील के तसलो सहित हजारों का माल पार कर दिया है। चोरी की जानकारी होते ही आशीष मौर्य द्वारा तत्काल 112 डायल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मियों ने घटना की तहकीकात की। वही चोरी की घटना से पीड़ित आशीष मौर्य ने कोतवाली लालगंज में प्रार्थना पत्र देकर चोरी के खुलासे की गुहार पुलिस से लगाई है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

प्लाट बिकाऊ है
26×100=2600 sqfit हाइवे से 150 metar अन्दर काली सड़क पर पानी बिजली व्यवस्था है।
पता : रानी बाजार सूबेदार का पुरवा, अमौना जिला– अयोध्या
मो0नम्बर = 9721860359
9415548728

शीघ्र चाहिए
कोठी, बंगला, अपार्टमेंट, फार्म हाउस के लिए नौकर–नौकरानी, आया, मैड, सर्वेंट, ड्राइवर, चौकीदार, कुक, बेबीकेयर, पेशेंट केयर, वेतन 11000 से 15000 रहना–खाना मेडिकल फ्री ड्यूटी दिल्ली पंजाब महाराष्ट्र, गुजरात नोएडा गाजियाबाद लखनऊ कानपुर मिले अपने आधार कार्ड फोटो के साथ 105 दुर्गा मां टावर लालबाग लखनऊ, मो0– 8896030769 / 9554377000

सूचना
मैं अमरेंद्र बहादुर सिंह (सेवा क्रमांक –2890871एम) पिता शालिनी सिंह, दिव्यांशी सिंह, कृष्ण बहादुर सिंह ग्राम–शिवपुर पोस्ट–गहरौली जिला– रायबरेली–229202। सत्यनिष्ठा से घोषित करता हूं कि मेरी सेना डिस्चार्ज बुक में मेरी बेटी और बेटे का नाम गलत लिखा गया है 1. शालनी सिंह का सही नाम है– शालिनी सिंह, 2. दिव्यांशी का सही नाम है– दिव्यांशी सिंह, 3. कृष्ण बहादुर सिंह का सही नाम है–कृष्ण बहादुर सिंह।

सूचना
सूचित हो कि मैं अपने चारों पुत्रों अनिल कुमार, सुनील कुमार, मनोज कुमार व सत्येन्द्र कुमार उर्फ लाली को उनके गलत चाल चलन, नशेबाजी एवं गलत व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखलर करता हूँ। उपरोक्त चारों पुत्रों द्वारा किये गये किसी भी कार्य की समस्त जिम्मेदारी स्वयं उनकी होगी। मुझसे कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा। हरीशंकर पुत्र महराजदीन निवासी ग्राम– पूरेलाल साहब मजरे निसगर परगना– सरेनी तह0 लालगंज, जिला– रायबरेली।

सूचना
मेरी पुत्री का नाम आधार कार्ड सं. –921512215924 में त्रुटिवश नाम तनिषा मलिक (TANISHA MALIK) व जन्मतिथि 30.08.2003 अंकित हो गयी है जबकि हाईस्कूल की मार्कशीट में नाम अदा मलिक (ADA MALIK) व जन्मतिथि–30.08.2006 है। जो सत्य एवं सही है। अतः आधार कार्ड में नाम अदा मलिक व जन्मतिथि–30. 08.2006 अंकित किया जाये मलिक मोहम्मद, नि.–485/75ज, लकड़मंडी, जेलर कम्पाउंड, डालीगंज, निरालानगर, लखनऊ 226020

पैथोलॉजी में शॉर्ट सर्किट से हड़कंप

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी के बीच विद्युत उपकरण भी जवाब देना शुरू कर दिए हैं। लगातार तापमान में बढ़ोतरी के कारण गर्मी अपने प्रचंड रूप में पहुंच गई है जिससे कि जहां आमजन बेहाल है वही विद्युत उपकरण भी जवाब दे रहे हैं। बुधवार को शहर के जिला अस्पताल के निकट रफी अहमद पार्क के पास स्थित श्वेता पैथोलॉजी में बिजली की शार्ट सर्किट से आग लग गई। शार्ट सर्किट में हुई तड़तड़ाहट की आवाज के बाद वहां पर मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। आनन फानन में फायर ब्रिगेड को सूचना दी और विद्युत केंद्र से सप्लाई रूकवाई गई। पैथोलॉजी में मौजूद स्टाफ किसी तरीके से आग को बुझाने में सफलता पा सके। पैथोलॉजी के मालिक के अनुसार शार्ट सर्किट से ज्यादा नुकसान नहीं हुआ है लेकिन कई चीजे हैं जो खराब हो गई हैं। गनीमत रही कि कोई हताहत नही हुआ।

नलकूपों के लिए बना अलग किसान फीडर

संवाददाता, लालगंज, रायबरेली

अमृत विचार। ग्रामीण विद्युत पावर हाउस लालगंज के अवर अभियंता मुलायम सिंह यादव ने बिजली विभाग के नलकूप कनेक्शन धारी किसानों से बिजली बिल माफी के लिए रजिस्ट्रेशन कराने की अपील की है। अवर अभियंता ने बताया कि अभी 50 के लगभग किसानों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। सरकार के निर्देशानुसार नलकूप वाले किसानों का बिजली का बिल एक अप्रैल 2023 से माफ हो गया है, लेकिन रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है जिससे बिजली बिल माफी की कार्यवाही की जा सके।

उन्होंने बताया कि किसानों के नलकूप के लिए अलग से लाइन भी बिछाई जा रही है जिससे उन्हें नलकूप चलाने के लिए भरपूर बिजली मिल सके। उन्होंने बताया कि लालगंज ग्रामीण पावर हाउस से मानपुर, बेलहनी, मधुकरपुर, बेहटा कोल्ड स्टोर डलमऊ, सब स्टेशन और किसान फीडर संचालित है। किसान के नलकूपों के लिए अलग किसान फीडर बनाया गया है। पावर हाउस में पैनल भी बन गया है। विद्युत उपभोक्ताओं को अबाध रूप से बिजली मिल सके, इसके लिए विद्युत विभाग बराबर प्रयत्नशील है। जिन फीडरो पर अधिक लोड है। उन्हें दो भागों में बांटने की योजना पर भी काम तेजी से चल रहा है। वर्तमान में लालगंज ग्रामीण पावर हाउस को डलमऊ और सरेनी से बिजली सप्लाई हो रही है। सभी फीडरो के उपभोक्ताओं को भरपूर बिजली देने का प्रयास किया जा रहा है। अवर अभियंता ने सभी उपभोक्ताओं से समय पर बिजली का बिल भी जमा करने की अपील की है। पावर हाउस में एसएसओ का काम देख रहे डॉक्टर राजू ने बताया कि भीषण गर्मी के बावजूद बराबर बिजली देने का प्रयास किया जा रहा है।

माहवारी में साफ-सफाई का ध्यान रखें महिलाएं

गयादीन मौर्य स्मृति पीजी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं। अमृत विचार

संवाददाता, रायबरेली।

अमृत विचार। मासिक स्वच्छता दिवस के तहत वन स्टॉप सेन्टर की ओर से गयादीन मौर्य स्मृति पीजी कॉलेज में महिलाओ के साथ मासिक स्वच्छता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मासिक स्वच्छता की जानकारी दी गई। महिलाओं को यह भी बताया गया कि माहवारी के दौरान गंदा कपड़ा या अन्य कोई भी चीज का प्रयोग ना करें। वह सेनेटरी पैड का इस्तेमाल करें और माहवारी के समय अधिक साफ सफाई व अपने खाने पीने का विशेष ध्यान रखें। इस मौके पर श्रद्धा सिंह भदौरिया, अर्चना सिंह आदि तमाम महिलाएं मौजूद रहीं।

अनियंत्रित ट्रक पलटा चालक घायल, रेफर

संवाददाता, बछरावां, रायबरेली

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ–प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर सरौरा गांव के पास तेज रफ्तार अनियंत्रित बालू लदा ट्रक सड़क पर पलट गया। इस घटना में ट्रक का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। एंबुलेंस से उसे बछरावां अस्पताल ले जाया गया, वहां पर मौजूद डॉक्टरों ने उसे रायबरेली जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। थाना क्षेत्र के सरौरा गांव के पास बीते मंगलवार की देर रात को एक ट्रक सड़क पर पलट गया। ट्रक पलटने से चालक उमेश 27 वर्ष पुत्र बजरंग निवासी कालूखेड़ा जनपद उन्नाव गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची एनएचएआई की एंबुलेंस द्वारा उसे बछरावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया। हालत नाजुक होने के कारण डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। थाना प्रभारी विजेंद्र शर्मा ने बताया कि गंभीर रूप से घायल ड्राइवर को पुलिस कर्मियों ने एनएचएआई की एंबुलेंस के द्वारा अस्पताल पहुंचाया। अभी तक तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि ट्रक चालक के परिजनों को सूचना दे दी गई है।

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25
Accreditations, Affiliations & Approvals
प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध
मेडिकल साइसेंज
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेन्टल साइंसेज
डिप्लोमा – डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा – डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/निर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)
पैरामेडिकल साइंसेज
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/ डिप्लोमा इन इमरजेंसी और ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)
फोरेंसिक साइंसेज
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए (आईटी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
योगा एंड नेचुरोपैथी
पीजी डिप्लोमा इन योगा एंड नेचुरोपैथी (PGDYN)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड–243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in

औसानेश्वर मंदिर में भंडारा आयोजित

शिवगढ़, रायबरेली, अमृत विचार। शिवगढ़ नगर पंचायत के वार्ड नम्बर चार स्थित प्राचीन कालीन औसानेश्वर महादेव मन्दिर में सुन्दरकाण्ड पाठ एवं भण्डारा सम्पन्न हुआ। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर मनोकामनाएं मांगी। भण्डारे का आयोजन शिवली के रहने वाले पत्रकार एडवोकेट विजय कनौजिया व उनकी धर्मपत्नी अनीता कनौजिया द्वारा किया गया। संगीतमयी सुन्दरकाण्ड पाठ के समापन के पश्चात मंत्रोच्चारण के साथ हवन पूजन किया गया तत्पश्चात कन्याभोज से भण्डारे का आयोजन किया गया। भण्ड़ारे में पुण्य की लालसा से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने मंदिर में माथा टेक कर प्रसाद ग्रहण किया। प्रातः 10 बजे से देर शाम तक चले भण्डारे में क्षेत्र वासियों के साथ ही सैकड़ों राहगीरों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख कुंवर हनुमंत प्रताप सिंह, शिवगढ़ सीएचसी अधीक्षक डॉ. प्रेम शरण, स्वास्थ्य शिक्षाधिकारी जय राम यादव, बब्लू वर्मा, प्रधान रणविजय सिंह, प्रधान शिवेंद्र सिंह, सुनील कुमार, सुकृति कनौजिया, विनय त्रिवेदी, राकेश दिवाकर, राजेन्द्र त्रिवेदी, प्रमोद त्रिवेदी, पिंटू भदौरिया, सभासद उमेश गौतम, राजकुमार कनौजिया, राम सेवक, आलोक त्रिवेदी सहित भक्त मौजूद रहे।

मेधा सम्मान समारोह में लगभग 100 छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

बैसवारा डिग्री कॉलेज में पुरस्कृत किए गए मेधावी विद्यार्थी। अमृत विचार

संवाददाता, लालगंज, रायबरेली

अमृत विचार। बैसवारा डिग्री कॉलेज में मेधा सम्मान समारोह मनाया गया। समारोह में बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल, एसजेएस पब्लिक स्कूल और सरस्वती विद्या मंदिर के लगभग 100 छात्राओं को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रो. अरुण कुमार सिंह ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस महाविद्यालय की विशेषता इसकी शैक्षिक गुणवत्ता मूल्य एवं संस्कारों की श्रेष्ठ और इसका संरक्षण है। जिसे यह निरंतर समृद्ध कर रहा है।

डॉ निरंजन राय ने कहा कि निरंतर मेहनत करें और जो हासिल हो उसे शानदार बनाने की कोशिश करें। डॉ नवीन कुमार विश्वकर्मा ने महाविद्यालय के गौरवशाली इतिहास की चर्चा करते हुए छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया। प्रबंधक लाल देवेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ व्यक्तित्व निर्माण की प्रक्रिया पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए ताकि छात्रों का सर्वांगीण विकास हो। प्राचार्य प्रो. शीला श्रीवास्तव ने छात्र-छात्राओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर डॉ. पुष्पा बरनवाल, डा शैलेंद्र कुमार सिंह, डा नवीन विश्वकर्मा, डा दीक्षा मिश्रा, डा नवीन सिंह, डा मनोज कुमार, कमल कुमार सिंह, अंजू सिंह, नीलम शुक्ला, मीरा पांडेय, रिचा त्रिपाठी, पूजा श्रीवास्तव, कंचन सिंह सहित विद्यार्थी मौजूद रहे।

पड़ोसियों ने चोरी किया अनाज व बर्तन

ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार। सूनसान घर में पड़ोसियों ने नकब काटकर चोरी कर ली। मामले की जानकारी गृह स्वामी को हुई तो उसने कोतवाली पहुंचकर लिखित शिकायत की है। जिसमें पांच पड़ोसियों को नामजद किया गया है। मामला कोतवाली क्षेत्र के गांव पट्टी रहस कैथवल का है। गांव के पुतान कुमार का कहना है कि वह परिवार सहित बाहर गया हुआ था। उसके घर में ताला बंद था। रात में पड़ोसियों ने अपने घर से उसके घर में नकब लगा दी और उसके घर में रखा खाद्यान्न और बर्तन उठा ले गए। घटना की जानकारी ग्रामीणों को हुई तो उन्होंने उसे फोन पर सूचना दी। इस सूचना के बाद अपने घर पहुंचे पीड़ित ने देखा तो उसका सारा सामान गायब था। उसके बाद कोतवाली पहुंचकर उसने पांच लोगों को नामजद करते हुए तहरीर दी है। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

एक नजर

गर्मी के कारण मदरसों में चार घंटे होगी पढ़ाई

बाराबंकी, अमृत विचार : लिधिकारी सत्येंद्र कुमार ने भीषण गर्मी व लू का प्रकोप देखते हुए सभी राज्यानुदानित/मान्यताप्राप्त मदरसों में शिक्षण अवधि प्रात : सात से 11 बजे तक अग्रिम आदेशों तक निर्धारित की है। इसके साथ ही मदरसों में मध्याह्न भोजन के साथ-साथ शुद्ध पेयजल एवं ओआरएस के साथ ही आवश्यक दवाओं की उपलब्धता प्रत्येक दशा में सुनिश्चित करने और आउटडोर गतिविधियां मसलन खेलकूद आदि संचालित करने से परहेज करने का निर्देश दिया है।

नहर के किनारे मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

मसौली, बाराबंकी : अमृत विचार : थाना क्षेत्र में अयोध्या-लखनऊ हाईवे के सागर कॉलेज के निकट नहर के किनारे कई दिन पुराना अज्ञात शव मिला। मसौली पुलिस ने शिनाख्त का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। मसौली थाना क्षेत्र के अन्तर्गत सागर कालेज के निकट नहर के किनारे शव देख एक दुकानदार ने पुलिस को सूचना दी।

36 लोगों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई

बाराबंकी, अमृत विचार : बुधवार को जिले के अलग अलग थाना क्षेत्रों से पुलिस ने 36 लोगों के खिलाफ शांति भंग की आशंका को देखते हुए कार्रवाई की। नौ अलग-अलग मामलों में वांछितों को गिरफ्तार किया गया।

10 लाख की स्मैक के साथ आरोपी गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बुधवार को मसौली पुलिस ने ग्राम कसमंडा निवासी जतिन को 105 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार कर लिया। बरामद स्मैक की कीमत अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में 10 लाख रुपये की बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया।

40 लीटर कच्ची शराब के साथ दो लोग पकड़े गए

बाराबंकी, अमृत विचार : कोठी पुलिस ने बुधवार को ग्राम रामापुर मजरे ढेढिया निवासी कमलेश व रमेश को गिरफ्तार कर 40 लीटर कच्ची शराब बरामद की। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की।

अधेड़ का मिला शव

सतरिख, बाराबंकी : अमृत विचार : बाराबंकी-शरीफाबाद मार्ग पर पचासी गांव मोड़ के पास एक 55 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, फिलहाल पुलिस का कहना है कि व्यक्ति विक्षिप्त था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस शव के पहचान के लिए प्रयास कर रही है।

मतगणना के विशेषज्ञ एजेंटों की तलाश में जुटे राजनीतिक दल

प्रक्रिया

▸▸ **दरियाबाद विधानसभा के लिए अयोध्या संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी करेंगे नामित**

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव की मतगणना चार जून को बहराइच रोड स्थित नवीनमंडी परिसर में करायी जाएगी।

सपा-कांग्रेस गठबंधन, भाजपा व बसपा के जिलाध्यक्ष मतगणना के विशेषज्ञ एजेंटों की तलाश में जुटे हुए हैं। मतगणना के दौरान एक प्रत्याशी लोकसभा के पांचों विधानसभा क्षेत्रों में 75 मतगणना एजेंटों की तैनाती कर सकता है। पार्टियों की ओर से ऐसे एजेंटों को तैनात करने पर मंथन चल रहा है।

विधानसभावार पड़े मतों का प्रतिशत

266 कुर्सी	70.80
267 रामनगर	66.82
268 बाराबंकी	66.10
269 जैदपुर	68.32
272 हैदरगढ़	63.39

बाराबंकी सुरक्षित लोकसभा सीट पर पांचवें चरण में 20 मई को मतदान हुआ था। प्रदेश भर के जिलों में सबसे अधिक 67.20 प्रतिशत मतदान यहां हुआ था। सबसे अधिक मतदान कुर्सी विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं ने किया था। सभी अब बेसब्री से परिणाम के लिए चार जून का इंतजार कर रहे हैं। प्रमुख दलों के वरिष्ठ नेता अपने पार्टी कार्यालयों पर कार्यकर्ताओं को मतगणना की बारीकियों का पाठ पढ़ाने में जुटे है। इसके साथ ही मतगणना एजेंटों की सूची तैयार की जा रही है।

मतगणना का सांकेतिक चित्र।

एक प्रत्याशी 75 एजेंट की कर सकता है तैनात

जिले की सुरक्षित लोकसभा में पांच विधानसभाएं आती है। वहीं अयोध्या संसदीय क्षेत्र के तहत जिले की दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र की भी मतगणना जिले में होगी। मतगणना के लिए प्रत्येक विधानसभा में 14 टेबल मतगणना एजेंटो के लिए और एक आरओ की टेबल की व्यवस्था बनाई गई है। प्रत्याशी आरओ टेबल पर भी अपना एक एजेंट नियुक्त कर सकता है। इस तरह जिले की लोकसभा सीट पर एक प्रत्याशी प्रत्येक विधानसभाओं में 15-15 मतगणना एजेंटों की तैनाती कर सकता है। प्रत्याशी को 75 एजेंटों की आवश्यकता होगी। वहीं अयोध्या संसदीय क्षेत्र की दरियाबाद विधानसभा सीट पर 15 एजेंटों की आवश्यकता होगी। लेकिन इस विधानसभा के लिए एजेंटों की नियुक्त अयोध्या संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी करेंगे।

क्या बोले दलों के जिलाध्यक्ष

एजेंटों की तैयार की जा रही सूची

विधानसभावार एजेंटों की सूची तैयार की जा रही है। कार्यकर्ताओं को मतगणना की जानकारी दी जा रही है। शीघ्र ही सूची जमा कर दी जाएगी।

-अरविंद मौर्या, जिलाध्यक्ष, भाजपा।

प्रशासन को जल्द सौंपी जाएगी सूची

कार्यकर्ताओं के नामों पर मंथन चल रहा है। एजेंटों की सूची प्रशासन को जल्द सौंपी जाएगी। ताकि उनके पास जारी कराए जा सकें।

-मो.मोहसिन, जिलाध्यक्ष, कांग्रेस।

संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

बीते मंगलवार को वैष्णो देवी के दर्शन कर लौटा था, परिजनों ने जतायी हत्या की आशंका

सूरतगंज, बाराबंकी

अमृत विचार : मोहम्मदपुर खाला थाना इलाके के उतरावां गांव निवासी एक युवक का शव बुधवार को एक खेत में लगे पेड़ से रस्सी से लटकता मिला। युवक के दोनों हाथों की नसें कटी थीं। साथ ही शरीर पर चोट के कई निशान थे। परिजनों का आरोप है कि युवक की हत्या कर शव को पेड़ से लटका दिया गया है। हालांकि पुलिस को दी तहरीर में किसी पर आरोप नहीं लगाया गया है। पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने मौके पर छानबीन कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। उदिनेश कुमार सिंह ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। एसपी ने कहा कि मामला हत्या का है। पुलिस टीम ने मौके से कई अहम सबूत इकट्ठा किये हैं। जल्द ही वारदात का खुलासा किया जाएगा।

नीरज रावत।

थाना क्षेत्र के उतरावां गांव निवासी नीरज रावत (30) मंगलवार को अपने बड़े भाई मीनू और छोटे भाई सूरज के साथ खेत मे लगी मेंथा फसल की सिचाई करने गया था। शाम छह बजे तक सिचाईं कर बाकी दोनो भाई वापस घर आ गए लेकिन नीरज नहीं लौटा। उसने भाइयों से रात में घर आने की बात कही। लेकिन देर रात तक खेत से घर न लौटने पर परिजनों को चिंता हुई, तो उन्होंने तलाश शुरू की। देर रात तक नीरज का कहीं कुछ पता नहीं चल सका। उसका फोन भी स्विच ऑफ था। बुधवार सुबह परिजन नीरज की तलाश करने निकले तो घर के पास ही प्राइमरी स्कूल के पीछे स्थित रामसागर के मक्के के खेत में नीरज की चप्पल, शर्ट, मोबाइल, डंडा और खून से सनी ईंट समेत दूसरी चीजें पड़ी मिलीं। मौके पर खून भी फैला था। फिर करीब 300 मीटर दूर जिगनी गांव के उदयभान सिंह के खेत में लगे नीम के एक पेड़ में रस्सी से लटकता नीरज का शव मिला। नीम के पेड़ की टहनियों की बीच में शव का एक पैर फंसा हुआ था। जबकि दूसरा हवा में लटक रहा था।

रोते-बिलखते युवक के परिजन। अमृत विचार

परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने शव को नीचे उतरवाया। शरीर पर चोट के कई निशान थे। मौके से फील्ड यूनिट, डॉग स्क्वॉयड और फॉरेंसिक टीम ने सबूत इकट्ठा किये। इसके साथ ही घटना स्थल पर पहुंचीं सीओ डॉ बीनू सिंह और पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने परिजनों से बातचीत की। घरवालों ने किसी दूसरी जगह हत्या कर शव फंदे से लटकाए जाने की बात कही। पुलिस ने हत्या की असल वजह जानने के लिए गांव के अन्य लोगों से भी पूछताछ की।

> नीरज अपने तीन भाइयों में मझला था। प्रथम दृष्ट्या नीरज की हत्या करके शव पेड़ पर लटकाने की बात साफ हो गई है। परिवार के लोगों ने किसी से रंजिश होने की बात से इनकार किया है। फील्ड यूनिट से लेकर क्राइम ब्रांच मामले की जांच में जुटी है। हत्या के खुलासे के लिए पुलिस टीमें गठित कर दी गई हैं। परिजनों से मिली जानकारी और जांच पड़ताल के आधार पर जल्द ही हत्या का खुलासा किया जाएगा।
>
> **-दिनेश कुमार सिंह**, पुलिस अधीक्षक

खेत में मेंथा की फसल की सिंचाई करने गया था

मृतक नीरज साथियों के संग माता वैष्णो देवी के दर्शन कर मंगलवार की भोर ही घर वापस आया था। उसके बाद खेत में लगी मेंथा फसल की सिंचाई भी की थी। शाम को कुछ बच्चे सरकारी स्कूल के पास खेल रहे थे। जहां वह अंतिम बार खड़ा देखा गया था। तीन भाइयों में पहले नंबर पर मीनू, दूसरे नंबर पर मृतक नीरज तो तीसरे नंबर पर सूरज है। वहीं दो बहनें भी हैं। सबसे बड़ी बहन रीना व चौथे नंबर पर हेमा है। सभी की शादी हो चुकी है।

दो बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

नीरज की शादी 2014 में प्रीति के साथ हुई थी। उसके दो बच्चे हैं। इसमें बेटी छह वर्ष की अनन्या और चार साल का बेटा पीयूष है।

सात घंटे कटौती कर बिछा रहे तार

संवाददाता, देवा, बाराबंकी

अमृत विचार : विद्युत उपकेंद्र देवा के बिशनपुर फीडर पर नई लाइन पर तार बिछाने के कार्य को लेकर दिन में की जा रही बिजली कटौती से लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। पहले दिन ही बिजली कटौती के चलते लोग घरों से बाहर निकलकर पेड़ों की छांव का सहारा लेते नजर आये।

देवा क्षेत्र के अंतर्गत उपकेंद्र देवा के विशुनपुर फीडर में आरडीएसएस योजना के तहत नई लाइन के पोल लगाने का कार्य किये जाने के कारण चार दिनों के विशुनपुर फीडर की सप्लाई 29 मई से 1 जून तक सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक बंद रहने की बात कही गई है। बिजली कटौती के पहले दिन ही विशुनपुर फीडर के अंतर्गत आने वाले गांवों में त्राहि-त्राहि मच गई। भीषण गर्मी के चलते लोग घरों से बाहर निकलकर पेड़ों की छांव का सहारा लेते देखे गए। लोगों का कहना है कि इतनी गर्मी हो रही है और उसके बाद दिन में बिजली कटौती करना गलत है। बिजली की नई लाइन बिछाने का कार्य पहले भी हो सकता था या फिर गर्मी कम होने पर कराया जा सकता था। इस संबंध में उपखंड अधिकारी देवा रमाशंकर पाल से बात की गई तो उन्होंने बताया कि आज पहले दिन कटौती की गई है। इस समय किसानों के खेत खाली हैं। इसके चलते काम शुरू किया गया था। फसल होने पर किसान एतराज करते हैं लेकिन गर्मी ज्यादा पड़ रही है इसलिए बिजली कटौती रोक दी गई है, मौसम का मिजाज देखते हुए कटौती की जाएगी।

बिजली विभाग द्वारा चल रहा काम। अमृत विचार

आर्केस्ट्रा में हुड़दंग एक सिपाही घायल

सूरतगंज, बाराबंकी: अमृत विचार : मोहम्मदपुर खाला थाना इलाके में चल रहे उर्स के आखिरी दिन रात्रि में आयोजित आर्केस्ट्रा में हुड़दंग कर रहे युवकों को समझाने पहुंचे दरोगा से युवकों ने अभद्रता की। उपद्रवियों ने पथराव कर दिया। जिसमें एक सिपाही घायल हो गया। पुलिस दो युवकों को थाने लायी है। फूलपुर में सय्यदे शकील शाह बाबा की मजार पर मेले के अंतिम दिन मंगलवार की रात्रि आर्केस्ट्रा का आयोजन किया गया था। इसी बीच कुछ युवकों ने हुड़दंग शुरू कर दिया। दरोगा शवाब हैदर जब समझाने पहुंचे तो हसीब व शफीक ने अभद्रता की। पुलिस ने भीड़ को खदेड़ना शुरू किया। इसी बीच उपद्रवियों ने पथराव कर दिया जिससे सिपाही आनंद घायल हो गया।

सार-संक्षेप

किशोरियों को बताया स्वच्छता का महत्व

किशोरियों को जानकारी देतीं एएनएम, सीएचओ तथा अन्य हेल्थ वर्कर।

देवा, बाराबंकी : अमृत विचार : देवा क्षेत्र के सब सेंटरों पर एएनएम, सीएचओ तथा अन्य हेल्थ वर्करों की उपस्थिति मे मंगलवार को अंतराष्ट्रीय माहवारी स्वछता दिवस मनाया गया। इसमें किशोरियों को इसके बारे मे विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी।इस मौके पर एएनएम कंचन, सीएचओ संजू तथा संगनी किरन सहित कई स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

भंडारे में श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। अमृत विचार

रामसनेहीघाट, बाराबंकी : अमृत विचार : ग्राम गाजीपुर के स्थित कल्याणी नदी हनुमंत वाटिका आश्रम के मुख्य महंत रमेश दास के नेतृत्व में भंडारा आयोजित किया गया। भंडारे में दूरदराज से आए साधु-संतों का पैर प्रक्षालन कर भोजन वितरित किया गया। इस मौके पर शिव प्रसाद तिवारी, राजनरायन शुक्ल वकील, शेष नारायण शुक्ला समेत अन्य श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

शारीरिक प्रक्रिया है माहवारी

कार्यक्रम को संबोधित करते सीएमओ डा. अवधेश यादव। अमृत विचार

बाराबंकी : अमृत विचार : अंतरराष्ट्रीय माहवारी स्वच्छता दिवस पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय स्थित सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सीएमओ डा. अवधेश यादव व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरआत की। वात्सल्य संस्थापक डा. नीलम सिंह ने माहवारी क्या है और कैसे होती है इसके बारे में अवगत कराया। डा. कंचन श्रीवास्तव ने बताया कि माहवारी महिलाओं में होने वाली शारीरिक प्रक्रिया है। कार्यक्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष देव पाण्डेय, राजकीय विद्यालयों के प्रधानाचार्य, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के प्रधानाचार्य, पंचायतीराज विभाग और बाल विकास विभाग के कर्मचारी भी मौजूद रहे।

राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक वादों का कराएं निस्तारण

बैठक करते नोडल अधिकारी।

बाराबंकी : अमृत विचार : सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह की उपस्थिति में 13 जुलाई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर दीवानी एवं फौजदारी न्यायालयों के न्यायाधीश के साथ बैठक हुई। इस दौरान अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश व नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत अनिल कुमार शुक्ल ने अधिक से अधिक वादों को निस्तारित करने के लिये प्रेरित किया। सभी अधिकारियों को यह भी सुझाव दिया गया कि वह अपने अपने न्यायालयों में निस्तारण योग्य सभी प्रकृति के वादों के लिए संबंधित पक्षकारों को सूचित करने के लिए कम से कम दो बार नोटिस जारी करें तथा नजारत अनुभाग से एवं पुलिस विभाग को सम्मन एवं नोटिसों के शत प्रतिशत तामीला हेतु प्राप्त कराएं।

लापरवाह विद्युत अफसरों पर हो कार्रवाई : धर्मदास

कार्यालय संवाददाता बाराबंकी:

अमृत विचार : थाना मसौली अन्तर्गत ग्राम भट्पुरवा मजरे सुरसण्डा के रहने वाले दर्जनों ग्रामीण अंधेरे में रहने को विवश हैं। ग्रामीणों ने दर्जनों बार गांव में विद्युतीकरण के लिए डीएम व उच्चाधिकारियों को पत्र दिया लेकिन सुनवाई नहीं हुई। अयोध्या हनुमानगढ़ी और अखिल भारतीय श्रीपंच निर्वाणी अनि अखाड़ा के महंत बाबा धर्मदास ने मुख्यमंत्री से लापरवाह अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

भट्पुरवा मजरे सुरसण्डा में अनिल कौशल, वीरेन्द्र सहितग डेढ़ दर्जन लोग परिवार के साथ रहते हैं। अनिल ने तीन वर्ष पूर्व डीएम से बिजली कनेक्शन की मांग की थी। मंगलवार को महंत बाबा धर्मदास ने इस मामले को लेकर डीएम से मिलने का प्रयास किया लेकिन मुलाकात नहीं हो सकी। अब महंत मुख्यमंत्री और विद्युत मंत्री से मुलाकात करेंगे। विद्युत उपकेन्द्र रसौली के जेई विशाल कुमार का कहना था कि जिस बस्ती में विद्युत सप्लाई जानी है वहां पर विवाद चल रहा है रेलवे की लाइन वहीं है व कुछ अन्य विवाद हैं। विवाद निस्तारण के बाद कनेक्शन दे दिए जायेंगे।

विभिन्न क्षेत्रों से छात्रा और किशोरी लापता

सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार : विभिन्न स्थानों से एक किशोरी और एक छात्रा लापता हो गयी। कस्बे की रहने वाली एक किशोरी लापता हो गयी। कॉलेज के लिए निकली एक छात्रा भी लापता हो गयी है। पुलिस ने दोनों मामलो में मुकदमा दर्ज़ किया है। एक नाबालिग मंगलवार की देर रात लापता हो गई। पिता ने मोहल्ले के ही एक युवक पर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। वहीं दूसरी घटना क्षेत्र के एक गांव की है। एक छात्रा डिग्री कॉलेज के लिए निकली थी, लेकिन देर शाम तक घर नहीं पहुंची। तलाश के बाद भी उसका पता नहीं चला। छात्रा के पिता ने पड़ोस के गांव के युवक पर उसे भगा ले जाने का आरोप लगाया है।

सुबेहा समिति में फिर से मिलेगी खाद

सुबेहा, बाराबंकी

अमृत विचार : बीते पांच वर्षों से बंद पड़ी साधन साहकारी समिति सुबेहा में अब फिर से किसानों को खाद मिलेगी। सुबेहा क्षेत्र से जुड़ी कमेला, जोंधी, सरांय चन्देल, गढ़ी गोसियामऊ , ताला, क्रिर्सिया , ओहरामऊ , चौकी , जमीन हुसैनाबाद सहित 75 ग्राम पंचायतों के किसानों को लाभ मिलेगा। उन्हे उचित दाम में खाद मिल सकेगी।

साधन सहकारी समिति सुबेहा में 2019 से खाद नहीं आ रही थी। समिति को डिफाल्टर घोषित कर दिया गया था। ठसकी वजह किसानों को खाद मिलनी बंद हो गयी थी। इस बार समिति के अध्यक्ष डॉ. रामदेव सिंह व पूर्व अध्यक्ष मतीन के संयुक्त प्रयासों से समिति अस्तित्व में आयी और इस बार धान की फसल में यूरिया, डीएपी व नैनो यूरिया उपलब्ध रहेगी। कमेला गांव के कृषक हरि कृष्ण शुक्ला ने बताया कि साधन सहकारी समिति सुबेहा में खाद न रहने से खाद के लिए 16 किलोमीटर दूर तहसील मुख्यालय जाना पड़ता था। जिसमें अतिरिक्त समय व खर्च लगता था। इस बार समिति में खाद उपलब्ध रहने से आसानी रहेगी। वही नीमामऊ निवासी विवेक मिश्रा ने बताया कि समिति में खाद न रहने से दुकानदार अधिक दामों में खाद किसानों को देते थे। मजबूरी में किसान खरीदते भी थे। तो वहीं समिति के अध्यक्ष डॉ. रामदेव सिंह ने कहा कि अब खाद के लिए क्षेत्र के किसानों को दर-दर भटकना नहीं पडेग़ा। उचित दाम में किसानों को खाद दी जायेगी।

सहकारी समिति में मौजूद समिति के अध्यक्ष डा. रामदेव सिहं और पूर्व अध्यक्ष मतीन।

उदासीनता मतदान न करने वालों में हर वर्ग के लोग शामिल, प्रदेश भर के जिलों में अब तक बाराबंकी में हुआ है अधिक मतदान

जागरूकता अभियान के बावजूद बूथों तक नहीं पहुंचे 6.29 लाख वोटर

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी

अमृत विचार : निर्वाचन आयोग से लेकर जिला प्रशासन व सामाजिक, शैक्षणिक व अन्य संस्थाओं ने मतदाता जागरूकता के लिए खूब जतन किए। इन कवायदों के बाद भी छह लाख से अधिक मतदाता पोलिंग सेंटर तक नहीं पहुंचे। वैसे छह चरणों के चुनाव के बाद प्रदेश भर के जिलों में सबसे ज्यादा मतदान करने में बाराबंकी अव्वल है।

53 बाराबंकी लोकसभा संसदीय क्षेत्र में पांच विधानसभाएं आती हैं। इनमें कुल 19,18,491 मतदाता हैं। इसमें 1,014,174 पुरुष, 9,04,242 महिला तो 75 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं।

एक पोलिंग बूथ पर लगी मतदाताओं की लंबी कतार। फाइल फोटो

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में बीती 20 मई को हुए मतदान में 12,89,225 मतदाताओं ने मतदान किया। वहीं 6,29,266 मतदाताओं ने वोट नहीं डाला। छह चरणों तक प्रदेश भर के जिलों में सबसे अधिक 67.20 प्रतिशत मतदान बाराबंकी में हुआ है। सबसे अधिकि मतदान कुर्सी विधानसभा क्षेत्र में हुआ। यहां के 70.80 प्रतिशत वोटर घर से निकलकर बूथ तक गए और अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र के महापर्व में भागीदार बने। यह जरूर है कि इस बार मतदाताओं ने अपना ही 2019 का रिकार्ड तोड़ दिया और एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी सुनील पांडेय ने बताया कि मतदान प्रतिशत जिले में बढ़ा है। आयोग के साथ जिला प्रशासन द्वारा मतदान प्रतिशत बढ़ाने की कवायद की गई थी। इसका परिणाम यह आया कि इस बार मतदान प्रतिशत बढ़ा।

विस क्षेत्र	पु.	म.	ट्रां.जे.	कुल मतदाता	वोट न देने वाले वोटर
कुर्सी	2,16,132	1,90,813	13	4,06,958	1,18,832
रामनगर	1,85,948	1,62,749	9	3,48,706	1,15,701
बाराबंकी	2,13,644	1,89,726	32	4,03,202	1,36,689
जैदपुर	2,13,472	1,93,682	13	4,07,167	1,28,991
हैदरगढ़	1,84,978	1,67,272	8	3,52,258	1,28,962
कुल मतदाता	10,14,174	9,04,242	75	19,18,491	6,29,175

नोट- वोट न देने वाले मतदाताओं के दर्शाए गए आंकड़े मतदान प्रतिशत के आधार पर निकाले गए हैं। इनमें कुछ हद तक बदलाव संभव है।

एक नजर

सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो लोग घायल

निन्दूरा, बाराबंकी। कुर्सी कोतवाली क्षेत्र में अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवा भेजा। कुर्सी कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत लखनऊ-महमूदाबाद मार्ग पर राजकीय इंटर कॉलेज के निकट लखनऊ के गुड़ंबा थाना क्षेत्र के निवासी आकाश पुत्र रामविलास साथी मेराज के साथ बाइक से लखनऊ की ओर जा रहा था। रास्ते में तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक में ठोकर मार दी। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। कुर्सी पुलिस ने घायलों को 108 नंबर एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवां भेजा। जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। एक की हालत चिंताजनक बनी हुई है।

ट्रेन से गिरकर विवाहिता की मौत

नैनी, अमृत विचार : नैनी स्थित लिंक जंक्शन स्टेशन के समीप बुधवार को ट्रेन से गिरकर एक विवाहिता की मौत ही गई। जानकारी के मुताबिक वाराणसी के चोलापुर थानांतर्गत बनियापुर निवासी को नखड़ू आदिवासी पुत्र शिनाथ आदिवासी प्रयागराज से पत्ता बेचकर अपनी पत्नी गुड्डी (34) के साथ इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन पर सवार होकर सतना जा रहा था। लिंक जंक्शन के पास उसकी गुड्डी अचानक ट्रेन से गिर गई और उसकी मौत हो गई।

हीट स्ट्रोक से युवक की मौत, शिनाख्त नहीं

नैनी, अमृत विचार : कोतवाली नैनी अंतर्गत अरैल मोड़ के पास रुद्रा अपार्टमेंट के बगल एक युवक का शव मिला। आशंका जताई गई है कि उसकी हीट स्ट्रोक से मौत हुई है। युवक की शिनाख्त नही हो पाई है, जबकि वह देखने से मजदूर लग रहा था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे स्वरूप रानी मेडिकल अस्पताल भेज दिया है।

14 हिस्सों में बांटी गई मतगणना की प्रक्रिया, अफसरों को मिली जिम्मेदारी

व्यवस्था

▸▸ **दो दिनों से चल रहा प्रशिक्षण भी पूरा, अब अंतिम प्रशिक्षण तीन जून को**

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

मतगणना कार्मिकों को प्रशिक्षण देते प्रवक्ता आशीष पाठक। अमृत विचार

अमृत विचार : मतगणना प्रक्रिया को जिला निर्वाचन मजिस्ट्रेट सत्येंद्र कुमार ने 14 हिस्सों में बांटा हैं। प्रत्येक हिस्से की जिम्मेदारी नामित अधिकारियों को दी गई है। सुबह आठ बजे से मतगणना शुरू हो जाएगी। प्रत्येक चक्र आठ से दस मिनट में पूरा होगा।

मतगणना कार्मिक और माइक्रो आब्जर्वर प्रभारी सीडीओ अन्ना सुदन को बनाया गया है। इनके सहयोग में डीएम ने एनआइसी प्रभारी अरविंद मिश्रा, डीडीओ भूषण कुमार, परियोजना निदेशक मनीष कुमार, डीपीओ डा. पल्लवी सिंह, बीएसए संतोषदेव पांडेय को लगाया है। पोस्टल बैलेट पेपर एवं सर्विस मत गणना के लिए एसडीएम शम्स तरबेज, आनंद कुमार तिवारी, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी डा. राजेश कुमार, ई-जिला प्रबंधक धर्मेंद्र उपाध्याय को जिम्मेदारी दी है। मीडिया सेल प्रभारी डिप्टी कलेक्ट्रेट मधुमिता सिंह को बनाया गया है। इनके सहयोग में जिलाधिकारी ने उपायुक्त राज्यकर विकास सेठ, सूचना अधिकारी आरती वर्मा, सहायक आयुक्त रेनू सिंह को लगाया हैं। सूचना प्रेषण में अतिरिक्त मजिस्ट्रेट राजेश कुमार विश्वकर्मा प्रभारी और एनआइसी के अरविंद मिश्रा, परियोजना अधिकारी सौरभ त्रिपाठी अपर प्रभारी रहेंगे।

चिकित्सीय व्यवस्था में सीएमओ, अपर सीएमओ और क्षय रोग अधिकारी को लगाया है। मतगणना स्थल पर निर्बाध आपूर्ति की जिम्मेदारी अधिशाषी अभियंता अंशुमान और राजकपूर को लगा दिया है। मतगणना में टेंट, फर्नीचर, बैरीकेडिंग और साउंड सिस्टम के लिए अधिशाषी अभियंता लोकनिर्माण के राजीव और उदित भटनागर, विपिन चंद्र वर्मा को कार्यभार सौंपा गया है। भारी वाहन एवं ईंधन की व्यवस्था अपर जिलाधिकारी इंद्रसेन, एआरटीओ अंकिता शुक्ला, डीएसओ डा. राकेश तिवारी को जिम्मेदारी दी गई। पेयजल, सफाई व्यवस्था ईओ नवाबगंज संजय कुमार, मोहनी केशरवानी, आलोक वर्मा के हवाले है। वीडियोग्राफी मनरेगा उपायुक्त कराएंगे। मतगणना के बाद ईवीएम और वीवीपैट को सुरक्षित गोदाम में रखने की जिम्मेदारी आइएएस राल्ला पल्ली जगत साईं को दी गयी है। मतगणना स्थल पर शांति व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार सिंह और सहयोगी के रूप में एएसपी चिरंजीव नाथ सिन्हा व सीओ जगतराम करेंगे।

बैंक अधिकारी करेंगे सर्विस मतों की गणना

तीन मेजों पर सर्विस मतों गणना के लिए बैंक अधिकारियों को लगाया गया है। इनकी गिनती क्यूआर कोड को स्कैन कर होगी। वहीं पोस्टल बैलेट से करीब 2872 कर्मचारी व दिव्यांग मतदाताओं ने वोट डाला था। सर्विस मतदाताओं की संख्या लगभग 216 है। इनकी गिनती के लिए अलग से मेजें लगाई जाएंगी। छह मेजों पर पोस्टल बैलेट पेपरों की गिनती के लिए राजपत्रित अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। ईवीएम की गिनती से पहले पोस्टल बैलेट पेपर की गिनती होगी। पोस्टल बैलेट पेपरों की गिनती हो जाने के बाद ईवीएम के मतों की गणना होगी। करीब नौ बजे से ईवीएम में पड़े मतों की गणना होगी। बुधवार को प्रवक्ता आशीष पाठक द्वारा दिया जा रहा प्रथम प्रशिक्षण पूरा हो गया। अब तीन जून को दूसरा प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान एडीओ अरुण कुमार सिंह, डीडीओ भूषण कुमार, परियोजना निदेशक मनीष कुमार आदि मौजूद रहे।

किशोरी से दुष्कर्म का प्रयास, विरोध पर भाई पर फावड़े से किया हमला

गंभीर हालत में किशोर ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर, आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस

बनीकोडर, बाराबंकी

अमृतविचार : असंद्रा थाना क्षेत्र में मंगलवार की रात किशोरी से दुष्कर्म की कोशिश कर रहे युवक ने विरोध करने पर पीड़िता के भाई पर फावड़े से जानलेवा हमला कर दिया। गंभीर हालत में उसे उपचार के लिए ट्रामा सेंटर लखनऊ में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

घटना थाना क्षेत्र के एक गांव की है। गांव निवासी एक व्यक्ति दिल्ली में रहकर मजदूरी करता है। उसकी पत्नी का निधन हो चुका है। घर पर उसका 15 वर्षीय पुत्र अपनी तेरह वर्षीया बहन के साथ रहता है। मंगलवार रात भाई-बहन घर पर सो रहे थे। इसी बीच पड़ोस में रहने वाला विनय मिश्र उसके घर में घुस आया और चाकू की नोक पर किशोरी से दुष्कर्म का प्रयास करने लगा। बहन के चिल्लाने पर भाई की नींद टूट गई और वह शोर मचाने लगा। इस पर आरोपी ने पास में रखे फावड़े से उस पर वार कर दिया और फरार हो गया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई। ग्रामीणों के सहयोग से किशोर को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर असंद्रा अरुण कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

सामूहिक दुष्कर्म के आरोपियों को भेजा जेल

हैदरगढ़, बाराबंकी : अमृत विचार : हैदरगढ़ कोतवाली क्षेत्र में किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने के आरोपियों को गिरफ्तार कर कोतवाली पुलिस ने बुधवार को मेडिकल परीक्षण के बाद जेल भेज दिया। बीते मंगलवार की शाम किशोरी छोटे भाई के साथ बाबा टीकारामधाम से वापस घर जा रही थी। आरोप है कि बाइक सवार तीन युवक बेहटा व नरौली गांव के बीच उसे अगवा कर जंगल में ले गये और सामूहिक दुष्कर्म किया। पीड़िता व उसके भाई के शोर मचाने पर राहगीरों ने आरोपियों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। परिजनों ने देर रात हैदरगढ़ थाने में गैंगरेप की तहरीर दी। पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर तीनों आरोपियों नियाज़,नान्हू एवं कल्लू को बुधवार को जेल भेज दिया।

दिखाया शौर्य

प्रशिक्षण शिविर संपन्न

रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार : सुमेरगंज स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज में दुर्गा वाहिनी अवध प्रांत का चल रहा सात दिवसीय दुर्गा वाहिनी शौर्य प्रशिक्षण का समापन बुधवार को हुआ। शिविर में अम्बेडकरनगर, अयोध्या, उन्नाव, लखीमपुर, लखनऊ सहित 25 जनपद से 16 से 35 वर्ष आयु वर्ग की 173 प्रशिक्षणार्थी 19 शिक्षिकाओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण वर्ग के समापन सत्र में मुख्य अतिथि विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मंत्री गोपालजी थे। दुर्गा वाहिनी के 7 दिनों के प्रशिक्षण का प्रदर्शन भी किया गया। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधक राज कुमार शर्मा, लखनऊ संयोजक संगीता ताई, जिला अध्यक्ष राकेश सिंह मुन्ना, प्रान्त संयोजिका मुद्रा, प्रान्त मंत्री देवेंद्र, विजय अग्रवाल, सुधाग्नि सिंह, संतोष कुमार, शिव कुमार, बृजेश सिंह, विनय राजपूत, चन्द्र भूषण शुक्ला, बलराम शुक्ल, अवधेश श्रीवास्तव, विष्णु श्रीवास्तव, नेहा, मनोज तिवारी, विद्यालय के प्रधानाचार्य देवेंद्र कुमार शुक्ला, राज नारायण मिश्रा आदि मौजूद रहे।

उपनिदेशक ने किसानों से ली योजनाओं के लाभ की जानकारी

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : उद्यान विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का उपनिदेशक उद्यान (मंडल अयोध्या) गीता त्रिवेदी ने बुधवार को स्थलीय निरीक्षण कर योजनाओं की स्थिति व किसानों को मिल रहे लाभ की जानकारी ली। इस दौरान जिला उद्यान अधिकारी महेश श्रीवास्तव व वरिष्ठ उद्यान निरीक्षक गणेश चंद्र भी उनके साथ मौजूद रहे। गीता त्रिवेदी बागवानी विकास मिशन एवं प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना द्वारा संचालित ड्रॉप मोर क्राफ्ट के तहत कराए गए कार्यों का निरीक्षण करने विकासखंड हरख के उधवापुर गांव पहुंची। वहां पहुंचकर उन्होंने इस वित्तीय वर्ष में लगाए गए केला टिश्यू कल्चर कार्यक्रम की जमीनी हकीकत जानी। इस दौरान गांव के लाभार्थी सहदेव प्रसाद, सहज राम, रविंद्र कुमार, किशोर और विशाल के खेत में लगे केला टिश्यू कल्चर रोपण का निरीक्षण किया। उपनिदेशक उद्यान ने इब्राहिमाबाद में राम मनोहर के खेत में लगे ड्रैगन फूट की फसल का निरीक्षण किया। उपनिदेशक ने विकासखंड सिद्धौर के गांवों में किसानों से मिलकर विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं और उनसे मिलने वाले लाभों की जानकारी ली। उन्होंने ड्रिप और मिनी स्प्रिंकलर की जानकारी भी ली। पूरेदई में बेचू लाल वर्मा के यहां मेंथा की फसल में मिनी स्प्रिंकलर लगाया गया है। इसी प्रकार ऊधौली में लवलेश कुमार ने भी मेंथा की फसल में तथा रामनरेश ने देवकली में मिनी स्प्रिंकलर लगवाकर योजना के लाभार्थी बने हैं।

स्थलीय निरीक्षण करतीं उपनिदेशक उद्यान (मंडल अयोध्या) गीता त्रिवेदी। अमृत विचार

दीवार से टकरायी अनियंत्रित बाइक, वृद्ध की मौत

▸▸ **मोहम्मदपुर खाला क्षेत्र में हुई घटना, परिजनों ने पुलिस को सूचना दिये बिना की अंत्येष्टि**

सूरतगंज, बाराबंकी

अमृत विचार : मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के गौसापुर गांव के पास बुधवार को दिन में करीब 11 बजे अनियंत्रित होकर एक बाइक दीवार से टकरा गयी। हादसे में बाइक सवार एक वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। जिला अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गयी। बिना पोस्टमार्टम कराए ही परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

मोहम्मदपुर खाला के मंझारी गांव निवासी बड़ेलाल चौहान (65) बसारी गांव पर स्थित अकंबा कुटी में रहकर पूजा पाठ करते थे। बुधवार की सुबह 11 बजे वह बाइक से गौसापुर गांव की तरफ जा रहे थे। तभी रोड के किनारे खड़ी बाइक को बचाने के चक्कर में उनकी बाइक दीवार से टकरा गयी।

हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। पहले उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत बिगड़ी हुई देख परिजन उन्हें सूरतगंज सीएचसी ले गए जहां डाक्टरों ने उनको एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेज दिया लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गयी। इस संबंध में थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने बताया कि एक्सीडेंट की जानकारी नहीं है।

दो माह बाद सऊदी अरब से आया शव

निंदूरा, बाराबंकी, अमृत विचार : पिपरौली गांव में बुधवार दोपहर सऊदी अरब से युवक का शव पहुंचते ही स्वजनों में कोहराम मच गया। युवक की करीब दो माह पहले मौत हो गई थी। उधर अंतिम संस्कार के दौरान विशेष समुदाय के लोगों ने विरोध किया। पुलिस के पहुंचने पर शव का अंतिम संस्कार कराया गया।

बड्डूपुर थाना क्षेत्र के पिपरौली गांव निवासी कैलाश चंद्र (30) पुत्र रामशंकर पिछले एक वर्ष से सऊदी अरब के जेद्दा में वाहन चलाता था। बीती एक अप्रैल को दिल का दौरा पड़ने से उसकी मौत हो गई थी। मौत की खबर परिजनों को मिली तो घर में रोना पिटना मच गया। इसके बाद स्वजन कैलाश का शव घर लाने का प्रयास करने लगे। बुधवार दोपहर कैलाश का शव गांव लाया गया।

कमलेशपुरी का गोप ने किया स्वागत

पीठाधीश्वर कमलेशपुरी का स्वागत करते सपा नेता अरविंद सिंह गोप। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार: दिगंबर पीठ मेहरा बुजुर्ग लहार जिला भिंड मध्य प्रदेश के पीठाधीश्वर कमलेशपुरी को पुष्प माला समर्पित कर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने बाराबंकी की धरती पर स्वागत करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया। कमलेश पुरी शिष्यों के साथ एमपी के भिंड की दिगंबर पीठ आश्रम से पदयात्रा करते हुए रामलला के दर्शन के लिए निकले हैं। पूर्व मंत्री ने असैनी तिराहे पर महाराज का माल्यार्पण कर स्वागत किया। लॉर्ड बुद्धा एकेडमी में विश्राम की व्यवस्था की गयी। महाराज का दर्शन लाभ प्राप्त करने वालों में दिनेश सिंह गढी, विनय पांडे, कुंदन सिंह यादव, सपा जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान, शिवकुमार यादव, वैभव सैनी, संतोष रावत, हसमत अली गुड्डू आदि मौजूद थे।

सीएचसी हैदरगढ़ | **पर्चा बनवाने के लिए परेशान रहे भीषण गर्मी में उमड़े मरीज व उनके तीमारदार**

अल्ट्रासाउंड के लिए मरीजों को करना पड़ता है घंटों इंतजार

हैदरगढ़, बाराबंकी

अमृत विचार : भीषण गर्मी के कारण स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर बुधवार को मरीजों की भीड़ उमड़ी। पर्चा बनवाने के लिए मरीज व उनके साथ आए तीमारदार परेशान रहे। सीएचसी में अल्ट्रासाउंड और एक्स-रे के लिए मरीजों को घंटों इंतजार करना पड़ता है। यहां इमरजेंसी ड्यूटी के लिए आसपास की पीएचसी से चिकित्सकों को बुलाना पड़ता है। सीएचसी पर शीतल जल, साफ सफाई का उचित प्रबन्ध किया गया है। मरीजों का इलाज फार्मासिस्ट अमरीश मिश्रा कर रहे थे। इमरजेंसी ड्यूटी पर लगाये गये पीएचसी सरायगोपी के डा. आरिफ नदारद मिले। पता चला कि वह भोजन करने गये हैं। स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डा. मोनिका शुक्ला नदारद मिलीं। पूनम पत्नी आशीष का आपरेशन करने के बाद वह लखनऊ रवाना हो गईं। स्टाफ ने बताया कि डा. मोनिका की अनुपस्थिति में प्रसव सम्बन्धी काम स्टाफ नर्स के भरोसे चलता है। स्टाफ नर्स सुनीता तो परीक्षण कक्ष में मौजूद थीं। स्टाफ नर्स सुनीता ने बताया कि रात में यदि प्रसव से सम्बंधित कोई जटिल केस आता है, तो इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक द्वारा इलाज किया जाता है।

गर्भवती महिलाओं की जांच करती स्त्री एवं प्रसूत रोग विशेषज्ञ डॉ. मोनिका शुक्ला।

मरीज परेशान

सीएचसी पर महिलाओं को छोड़कर पुरुषों को अल्ट्रासाउंड के लिए रेडियोलोजिस्ट डा. विश्वनाथ मद्धेशिया के आने का इंतजार करना पड़ता है। महिला चिकित्सक महिलाओं का अल्ट्रासाउंड करती हैं। शिफा ने बताया कि डाक्टर ने डेढ़ बजे अल्ट्रासाउंड करने को कहा है।

एक्स-रे के लिए भी प्रतीक्षा

साल 1997 में शुरू हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर दशकों पुरानी एक्स-रे मशीन लगी है। यहां भी मरीजों को घंटों इंतजार करना पड़ता है। हाथ का एक्सरे कराने आए राजू लस्सी प्रतिष्ठान के कर्मचारी रवि शंकर ने बताया कि घंटे भर बाद उनका एक्स-रे हो सका।

> पूरे जिले में चिकित्सकों का अभाव है। मरीजों को 24 घंटे स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए विभाग हर संभव कोशिश कर रहा है। आपात स्थिति में आसपास की सीएचसी और पीएचसी से चिकित्सकों को बुलाकर मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं दी जा रही हैं। सीएचसी पर सिर्फ गर्भवती महिलाओं के ही अल्ट्रासाउंड को सुविधा है।
>
> –डॉ. अवधेश कुमार यादव, सीएमओ

सार-संक्षेप

ई कंपनी के जवानों के साथ पुलिस ने की गश्त

हलिया (मिर्जापुर)। लोकसभा चुनाव के मतदान के मद्देनजर मंगलवार की देर शाम थानाध्यक्ष हलिया विष्णु प्रभा सिंह ने मणिपुर एसएपी ई कंपनी कंपाउंडर ली थन्गमीन्लेन खोन्गसाई के साथ कंपनी के जवानों व पुलिसकर्मियों के साथ हलिया बाजार में चक्रमण करते हुए निर्भीक होकर मतदान करने के लिए लोगों को सुरक्षा व्यवस्था का एहसास कराया है जिससे लोकसभा चुनाव का मतदान सकुशल संपन्न कराया जा सके। थानाध्यक्ष हलिया विष्णु प्रभा सिंह ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा कि अगर किसी को कोई खतरा दिक्कत परेशानी हो तो तत्काल संपर्क करें लोकसभा चुनाव में निर्भीक होकर मतदान करने की ग्रामीणों से अपील किया। अराजक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। यदि क्षेत्र में कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखाई पड़ता है तो तत्काल पुलिस को सूचना दे जिससे समय पर कार्रवाई किया जा सके।इस दौरान थानाध्यक्ष हलिया विष्णु प्रभा सिंह, चैकी प्रभारी मतवार रविप्रकाश एसआई बाली मौर्य, सतीश सिंह, श्यामलाल, हेड़ कांस्टेबल ज्ञानदीप सिंह रामअजोर सरोज, लाला सोनकर, राजेश मौर्य, इमरान, जयप्रकाश यादव आदि मौजूद रहे।

भीषण गर्मी में प्याऊ लगाकर लोगों की बुझाई प्यास

जौनपुर, अमृत विचार : लीनेस क्लब ने स्वर्गीय सायमा खान की स्मृति में नगर के स्टेशन रोड अहियापुर मोड़ पर निशुल्क ठंडे पानी की प्याऊ लगाई। भीषण गर्मी में लोगों को राहत दिलाने के उदेश्य से रोड से गुजरने वाले राहगीरों, टैम्पो, ई रिक्शा चालकों व उसमें बैठीं सवारियों, दो पहिया व चार पहिया वाहन चालकों को रोककर ठंडा पानी पिलाया प्याऊ शिविर का उदघाटन वरिष्ठ चिकित्सक डा वी एस उपाध्याय ने लोगों को पानी पिला कर किया इस अवसर पर डा वी एस उपाध्याय ने कहा कि जीवन में पुण्य कार्य करने के कई तरीके है उनमें से एक महत्वपूर्ण कार्य प्यासे को पानी पिलाना भी है उन्होंने कहा कि गर्मी में स्वस्थ रहने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी खूब पीना चाहिए। पानी पीना सेहत के लिए बेहद जरूरी होता है, क्योंकि यह यूरिन के रूप में हमारे शरीर से वेस्ट प्रोडक्ट को बाहर निकालने में मदद करता है। वैसे तो सभी लोगों को जरूरत के हिसाब से पानी पीना चाहिए, लेकिन जो लोग किडनी स्टोन की समस्या से जूझ रहे हैं उन्हें ज्यादा से ज्यादा पानी पीने की सलाह दी जाती है। आगे डा उपाध्याय ने कहा कि गर्मियों में सिर्फ पानी पीना ही पर्याप्त नहीं होता है, बल्कि मौसम के हिसाब से डाइट में भी बदलाव करने की जरूरत होती है।

चालक के परिजनों ने मुकदमा दर्ज कराने को लगाया जाम

हलिया (मिर्जापुर)। स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया सोनकर बस्ती में मंगलवार की रात्रि में ट्रैक्टर चालक से बाइक सवार युवक को धक्का लगने के बाद बाइक सवार युवक ने अपने परिवार के दो अन्य लोगों के साथ ट्रैक्टर चालक को बसुहरा गांव में रोककर सरिया पत्थर से मारपीट कर हत्या कर दिया मौके पर पंहुची पुलिस ने युवक के शव को लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जहां पर चिकित्सक ने देखते ही मृत घोषित कर दिया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए थाना परिसर में लाकर रख दिया मौके पर पंहुचे मृतक के परिजनों ने हत्या का मुकदमा दर्ज कराने की मांग पर अड़ गये लेकिन पुलिस द्वारा हत्या के मुकदमा के जगह दुर्घटना का मुकदमा दर्ज कराने की बात कह रही थी जिस पर परिजनों ने आक्रोशित होकर शव को थाने से उठा ले गए जानकारी मिलने पर थानाध्यक्ष हलिया विष्णु प्रभा सिंह पुलिसकर्मियों के साथ शव को ले जाने से रोकने लगे लेकिन मृतक के परिजनों ने पुलिस को धक्का मुक्की करते हुए शव को हलिया बाजार में शव को रखकर जाम लगा दिया।

मतगणना कार्मिकों को दिया गया प्रशिक्षण

जौनपुर, अमृत विचार : लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 हेतु मतगणना कार्मिकों का प्रथम प्रशिक्षण तिलकधारी सिंह इंटर कॉलेज में दो पालियों में आयोजित किया गया ईवीएम मशीन से गणना हेतु कुल 171 पार्टियों द्वारा दोनों पालियों में उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त किया गया। प्रशिक्षण के समय प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर एवं परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण द्वारा सभी कक्षों में जाकर प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर द्वारा दिए जा रहे प्रशिक्षण की जानकारी ली गई तथा मतगणना डेमू सीट पर प्रशिक्षण दिया गया तथा चक्रवार की जाने वाली गणना और भरे जाने वाले संबंधित प्रपत्रों तथा मत पत्र लेखा 17 सी का मिलान ,एड्रेस टैग ईवीएम मशीन की टोटल बटन से मिलान के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया डाक मतपत्र से मतों की गणना के संबंध में परियोजना निदेशक जिला ग्राम विकास अभिकरण, द्वारा संबंधित गणना सहायकों को प्रशिक्षित किया गया इसी प्रकार डेमो सेट के माध्यम से गणना की बारीकियों को समझाया गया तथा निर्देशित किया गया कि पुन: समस्त मतगणना कार्मिक दिनांक 30 मई 2024 को उन्ही निर्धारित कक्षों में बैठकर प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे तथा मतगणना हेतु संबंधित डेमो सीट पर अभ्यास भी कराया जाएगा। प्रशिक्षण के उपरांत समस्त मतगणना कार्मिकों की परीक्षा आयोजित कराई जाएगी जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रशिक्षण कक्ष में जाकर प्रश्नोत्तरी की जाएगी तथा संबंधित कार्मिकों की जिज्ञासा का समाधान भी कराया जाएगा जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि जो भी कार्मिक किसी कारणवश प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहे है वह किसी भी दशा में दिनांक 30 मई 2024 को आयोजित प्रशिक्षण में उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करना सुनिश्चित करें अन्यथा उनके खिलाफ विधिक कार्यवाही करते हुए एफआईआर दर्ज किया जाएगा।

एक नजर

समर कैंप को लेकर भड़के शिक्षक, करेंगे विरोध

अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार : राज्य परियोजना निदेशक बेसिक शिक्षा द्वारा पांच से 11 जून तक प्रदेश के सभी परिषदीय विद्यालयों में समर कैंप लगाने के आदेश जारी किए गए हैं। इसे लेकर विरोध भी शुरू हो गया है। शिक्षकों ने कहा कि गर्मी अपने चरम पर है, लू चल रही है। यदि समर कैंप लगता है तो छात्रों को भी खतरा हो सकता है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष नीलमणि त्रिपाठी ने कहा कि यह एक अव्यावहारिक आदेश है। अधिकारियों को जहां कैंप लग रहे हैं, वहां जाकर देखना चाहिए। किन परिस्थितियों में छात्र-छात्राओं को परेशान होना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि संघ द्वारा इसका विरोध किया जा रहा है।

87 आंगनबाड़ी केंद्रों पर आज बंटेगा पुष्टाहार

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : नगर निगम क्षेत्र के 87 आंगनबाड़ी केंद्रों पर गुरुवार को अभियान के तहत पुष्टाहार वितरित किया जाएगा। वितरण में पारदर्शिता के लिए विभाग के 10 बाल विकास परियोजना अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों में खाद्यान्न का वितरण सुबह 9 से शाम पांच बजे तक किया जाएगा। खाद्यान्न मार्च, अप्रैल और मई माह का एक साथ दिया जाएगा। केंद्रों पर छह माह से तीन साल के बच्चों को एक-एक किग्रा दलिया, चावल, चना और .455 किग्रा खाद्य तेल प्रतिमाह के हिसाब से दिया जाएगा। तीन से छह साल के बच्चों को आधा-आधा किलो दलिया, चावल, चना बांटा जाएगा। गर्भवती एवं धात्री महिलाओं, स्कूल बाहर किशोरियों डेढ़ किलो दलिया, एक-एक चावल व चना, .455 किग्रा तेल और छह माह से छह वर्ष तक के अतिकुपोषित बच्चों को डेढ़-डेढ़ किलो दलिया व चावल, दो किलो चना दाल और .455 किग्रा तेल प्रतिमाह की दर से दिया जाएगा।

जिला कार्यक्रम अधिकारी एके त्रिपाठी ने बताया कि वितरण में पारदर्शिता के लिए दस बाल विकास परियोजना अधिकारियों मुख्य सेविका को लगाया गया है।

रात में पहरा देते रहे सीएमएस, दिन में सहमे दिखे चिकित्सक

जिला अस्पताल में चिकित्सकों से शपथ पत्र भराए जाने के कुछ ही घंटे बाद सीएमएस ने जानी हकीकत

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : जिला अस्पताल में चिकित्सकों से शपथ पत्र भराए जाने के कुछ ही घंटे बाद रात में सीएमएस रिएलटी चेक करने के लिए इमरजेंसी ओपीडी में पहुंच गए। वह देर रात तक बैठे रहे। इस दौरान उन्होंने कुछ वार्डों का निरीक्षण भी किया, लेकिन उनकी पूरी निगाह इमरजेंसी ओपीडी से बाहर की दवाएं लिखने वालों पर थीं। हालांकि पूरी रात बीत गई और एक भी दवा बाहर की नहीं लिखी गई। दूसरे दिन बुधवार को ओपीडी शुरू हुई तो इसका असर और चिकित्सकों पर भी दिखा। आलम यह रहा कि सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक एक भी चिकित्सक द्वारा बाहर की दवा लिखे जाने का मामला प्रकाश में नहीं आया।

▸▸ **निरीक्षण के दौरान इमरजेंसी ओपीडी से बाहर की दवाएं लिखने वालों पर रही नजर**

दरअसल जिला अस्पताल से लगातार बाहर की दवाएं व जांच कराने का मामला सामने आ रहा था। हाल ही में प्रभारी सीएमएस के रूप में पदभार ग्रहण करने वाले डॉ.उत्तम कुमार के लिए इसे रोकना काफी चुनौतीपूर्ण होने लगा था। लगातार उन्हें मीडिया के जरिए बाहर की दवाएं व जांच को लेकर शिकायतें मिल रही थीं। इसे लेकर उन्होंने मंगलवार को ईएमओ समेत सभी चिकित्सकों से शपथ पत्र पर हस्ताक्षर करवा लिए थे। इसकी तस्दीक करने के लिए सीएमएस रात साढ़े 10 बजे के करीब जिला अस्पताल पहुंच गए। सूत्रों की मानें तो वह रात एक बजे तक इमरजेंसी की ओपीडी में बैठे रहे। वह ओपीडी में आने वाले हर एक मरीज की स्टाफ से बातचीत पर निगाह बनाए हुए थे।

ओपीडी के समय दवा की दुकानों पर रहा सन्नाटा

रात में सीएमएस के इमरजेंसी ओपीडी में रहने की बात जानने के बाद बुधवार को ओपीडी में पहुंचे चिकित्सक सहमे दिखे। दोपहर दो बजे तक कोई भी मरीज बाहर से दवा लेने जाता नहीं दिखाई पड़ा। आलम यह रहा कि अस्पताल के सामने स्थित मेडिकल स्टोरों पर भी सन्नाटा पसरा नजर आया।

हस्ताक्षर के बाद बाहर की दवाओं की पर्चियां हुईं थीं वायरल

शपथ पत्र पर चिकित्सकों के हस्ताक्षर के बाद दो चिकित्सकों की पर्चियां वायरल हुई थीं। जेबा और लीला नाम की मरीज को बाहर की दवाएं लिखी गईं थीं। दोनों ही मरीजों के पर्चे पर पूर्व सीएमएस डॉ. बृज कुमार की मुहर लगी हुई थी।

> चिकित्सालय में सरकार ने सारी व्यवस्थाएं दे रखी हैं। उसी के तहत कार्य कराना है। रात में इमरजेंसी ओपीडी में बैठा था। वार्डों का भी निरीक्षण किया। इक्का-दुक्का कमियां मिली थीं। उन्हें सुधारने का निर्देश दिया गया है। बाहर की दवा व जांच बर्दाश्त नहीं की जाएगी।
>
> **-डॉ. उत्तम कुमार, सीएमएस जिला चिकित्सालय**

10 घंटे से अधिक अंधेरे में रहे 80 हजार लोग

42 डिग्री के तापमान में क्षतिग्रस्त हुई 33 हजार केवीए लाइन, 8 घंटे तक ढूंढे नहीं मिला फाल्ट

चौक उपकेंद्र से जुड़े 22 इलाकों में मचा हाहाकार, बिजली पानी को तरसे लोग, उपकेंद्र पर सुरक्षा के लिए तैनात रही पुलिस

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : भीषण गर्मी ने बिजली आपूर्ति के इंतजामों की पोल खोल दी है। 48 घंटे के दौरान 10 घंटे की अघोषित कटौती, ट्रिपिंग और 33 हजार केवीए लाइन के क्षतिग्रस्त होने से 80 हजार से अधिक लोग अंधेरे में रहने को मजबूर रहे। पेयजल संकट के साथ-साथ तमाम परेशानियां झेलनी पड़ीं। कटौती के दौरान सभी उपकेंद्रों के नंबर व्यस्त होने और अधिकारियों के मोबाइल नंबर कवरेज क्षेत्र से बाहर होने के कारण लोग किसी से संपर्क कर ये भी नहीं जान पाए कि बिजली कब आएगी। जिसके चलते उपभोक्ताओं के आक्रोश को देखते हुए चौक और नियावां आदि उपकेन्द्रों पर पुलिस का पहरा बिठाना पड़ा।

कैंट अंजनीपुरम विद्युत उपकेंद्र के अधीन देवकाली और अंजनीपुरम इलाके के लोगों ने मंगलवार को दोपहर तीन बजे से पांच घंटे बिजली कटौती झेली। चौक क्षेत्र की 80 हजार से अधिक आबादी शाम सात बजे से रात दो बजे तक आठ घंटे से ज्यादा अंधेरे में भीषण गर्मी में बिलबिलाने को मजबूर हुई। दर्शननगर उपकेन्द्र से आई 33 हजार केवीए लाइन दो स्थानों पर खराब हो गई। जानकारी के बाद जब पेट्रोलिंग शुरू की गई तो रात 11 बजे तक फाल्ट की लोकेशन ही नहीं मिली। फाल्ट लोकेटर मशीन लाई गई, लेकिन उसे भी एक घंटे से ऊपर लगा, तब जाकर फॉल्ट मिला। चौक उपकेन्द्र तक आई 33 हजार केवीए लाइन इस सीजन में चौथी बार फाल्ट आया है। इसके बाद भी पॉवर कॉर्पोरेशन द्वारा कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की जा सकी है। चौक क्षेत्र, अकब बजाजा, हैदरगंज, राठहवेली, खुर्द महल, शक्तिनगर, अंगूरीबाग, आवास विकास, मुकेरीटोला, धारा रोड, अफीम कोठी, कश्मीरी मोहल्ला समेत रीडगंज, चौक लायट गेट आदि इलाकों में मंगलवार रात बिजली आपूर्ति ठप रही।

अंगूरीबाग के निवासी अशोक कुमार, रियाज अंसारी, महताब आलम ने बताया कि फोन न मिलने पर वह रात 11 बजे चौक उपकेन्द्र शिकायत दर्ज कराने गए तो वहां तैनात पुलिस ने लौटा दिया। राठहवेली के मंजर आलम, शफीक अहमद ने कहा कि हर दूसरे तीसरे दिन अंडरग्राउंड 33 हजार केवीए लाइन में फाल्ट हो रहा है। कोई ठोस उपाय नहीं किए जा रहे हैं।

विभागीय सूत्रों के अनुसार, चौक विघुत उपकेंद्र को अपग्रेड किए जाने की आवश्यकता है। इस उपकेन्द्र से शहर का एक तिहाई हिस्सा जुड़ा है और अत्याधिक ओवरलोड में चल रहा है। बताया कि अधिकारियों के संज्ञान में है। इसके बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

नगर के तेलीटोला में फैला जर्जर तारों का जंजाल। अमृत विचार

सोहावल विद्युत उपकेंद्र के फीडर भी हो रहे प्रभावित। अमृत विचार

अंजनीपुरम कॉलोनी में रात भर कटौती, बेहाल रहे लोग

कैंट अंजनीपुरम विद्युत उपकेंद्र के अधीन अंजनीपुरम कॉलोनी, देवकाली इलाके में भी अघोषित कटौती की मार लोगों को झेलनी पड़ी। बताया गया कि यहां भी लोकल फाल्ट के कारण रात दो बजे तक आपूर्ति ठप रही। स्थानीय लोगों ने बताया कि रोज आठ से 10 घंटे की कटौती की जा रही है। भीषण गर्मी में बिजली न आने से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। यहां मंगलवार शाम को भी फाल्ट आने से देवकाली क्षेत्र में शाम सात बजे तक आपूर्ति ठप रही। इसके बाद रात में 10 बजे के बाद फिर चली गई।

ये इलाके भी रहे कटौती से प्रभावित

नगर क्षेत्र के अतिरिक्त मक्खापुर, हैबतपुर, दर्शननगर आसिफ बाग चौराहे के आसपास बुधवार सुबह से ही बिजली गुल रही। स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। भीषण गर्मी में बिजली आपूर्ति ठप होने से लोगों को पेयजल संकट भी झेलना पड़ा। बताया गया कि दोपहर बाद बिजली आपूर्ति सुचारू हुई तो उसके बाद ट्रिपिंग में दो घंटे कटौती हुई।

> मंगलवार रात 33 हजार केवीए लाइन में फाल्ट आने के कारण आपूर्ति बाधित हुई। रात 12 बजे बहाल कर दी गई थी। वर्तमान में ओवरलोड होने के कारण ट्रिपिंग की समस्या अधिक आ रही है। इसके बावजूद भी सुचारू आपूर्ति का प्रयास किया जा रहा है।
>
> **-प्रदीप कुमार वर्मा, अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खंड प्रथम**

उपभोक्ताओं को भारी पड़ रही 5 घंटे की कटौती

सोहावल, अयोध्या, अमृत विचार : विद्युत उपकेंद्र सोहावल से जुड़े फीडरों में चल रही पांच घंटे की अघोषित कटौती उपभोक्ताओं को भारी पड़ रही है। दोपहर में जब तापमान चरम पर होता है तब तीन घंटे की कटौती होती है। इससे बच्चों, बुजुर्ग व मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उपमंडलीय अभियंता मनोज कुमार यादव ने बताया मांग और आपूर्ति में अंतर आने के बाद विद्युत आपूर्ति की कटौती करनी पड़ती है। कभी-कभी ओवरलोड होने के कारण ऑटोमेटिक आपूर्ति प्रणाली स्वत: ट्रिप करके आपूर्ति ठप कर देती है। उपभोक्ताओं को चाहिए घरों में जितनी आवश्यकता हो उतने ही उपकरण चलाएं।

43 डिग्री पहुंचा पारा

नवीन मंडी रोड पर कड़ी धूप व धूल के गुबार के बीच मुंह बांध कर जाती युवती। अमृत विचार

अयोध्या कार्यालय

▸▸ **बढ़ रहा न्यूनतम तापमान, रात में भी होने लगी गर्मी**

अमृत विचार : नौतपा के नौ दिन अभी पूरे भी नहीं हुए हैं और दिन-ब-दिन पारा बढ़ता जा रहा है। जिले का बुधवार को अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिन में तेज धूप और भीषण गर्मी ने लोगों को छक्के छुड़ा दिए। न्यूनतम पारे के ऊपर जाते ही अब तो रात में भी गर्मी बढ़ गई है। कुल मिलाकर दिन का चैन और रात की नींद दोनों ही उड़ गई हैं।

हीट वेव को लेकर एडवाइजरी जारी होने का असर अब दिखने लगा है। सड़कों पर बुधवार को सिर्फ वही नजर आए, जिन्हें जरूरी काम था। चौक, देवकाली और नाका बाजार में खरीदारी करने वाले नहीं निकले। दोपहर में सन्नाटा छाया रहा। आचार्य नरेंद्र देव कृषि विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ. अमरनाथ मिश्र ने बताया कि न्यूनतम तापमान में लगातार इजाफा हो रहा है। अभी मौसम में कोई परिवर्तन की संभावना नहीं है।

कार का इंजन ओवरहीट

कार की एसी के कंप्रेशर की मरम्मत करता मैकेनिक।

अमृत विचार: तापमान 43 डिग्री पर पहुंचते ही वाहन भी जवाब देने लगे हैं। खराब होने वाले वाहनों में एक से लेकर 10 हजार रुपये तक का खर्च आ रहा है। वर्कशॉप संचालक सूफियान ने बताया कि वाहनों के कूलेंट में सबसे अधिक परेशानी आ रही है। कार के इंजन के ओवरहीट होने पर कूलेंट पर असर देखने को मिल रहा है। क्योंकि गर्मी में इंजन का तापमान और अधिक बढ़ जाता है।

हत्यारे को आजीवन कारावास की सजा

अयोध्या कार्यालय

▸▸ **कुल्हाड़ी से काटकर की थी हत्या 11 हजार का जुर्माना भी लगाया**

अमृत विचार : कुल्हाड़ी से काटकर युवक की हत्या कर देने के मामले में कोर्ट ने हत्यारे को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। उस पर 11 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। जुर्माने की आधी धनराशि वादी को बतौर प्रतिकर देने का आदेश हुआ है। यह आदेश फास्ट ट्रैक कोर्ट द्वितीय रवि कुमार गुप्ता की अदालत से बुधवार को हुआ।

एडीजीसी कौशल कुमार चतुर्वेदी, श्रीधर मिश्र, रंजीत मिश्रा अधिवक्ता सत्येंद्र वर्मा ने बताया कि घटना 25 अप्रैल 2018 की है। कुमारगंज थाना क्षेत्र के तुरसमपुर गांव निवासी जयकुमार तिवारी गांव के ही ज्ञानेंद्र के साथ हलियापुर गए थे। फोन करने पर उनका फोन भी बंद मिला। रात एक बजे उसके बरामदे में आवाज हुई। उनके पुत्र विकास तिवारी ने निकल कर देखा तो ज्ञानेंद्र सिंह खून से लथपथ एक बोरा उसके बरामदे में साइकिल से गिरा कर जा रहा था। विकास ने उसे रोकना चाहा तो उसने उसे भी जान से मारने की धमकी दी। विकास ने ज्ञानेंद्र सिंह और उसके बहनोई शैलेंद्र के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। विवेचना के दौरान हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी ज्ञानेंद्र सिंह के घर से बरामद की गई थी। सुनवाई के बाद कोर्ट ने ज्ञानेंद्र को दोषी पाते हुए सजा दी, जबकि शैलेंद्र को साक्षी के अभाव में दोष मुक्त कर दिया।

ऊर्जा की बर्बादी

तस्वीर अयोध्या के सिविल लाइंस स्थित टीवी टॉवर के निकट की है। बुधवार को दिन में हाईमास्क जलता मिला। एसडीओ को कॉल की गई तो उन्होंने पीडब्लूडी की जिम्मेदारी बताई। फिलहाल बिजली संकट के बीच सड़क पर हाईमास्क की जलती बिजली सच बयां कर रहीं हैं। यह फोटो 'अमृत विचार' के नियमित पाठक अंशुमान मित्रा द्वारा मोबाइल से खींच कर भेजी गई है।

दो बाइक भिड़ीं, वृद्धा की मौत, दो गंभीर

मिल्कीपुर, अयोध्या, अमृत विचार : अयोध्या-रायबरेली हाईवे पर दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इसमें बाइक सवार वृद्धा की मौत हो गई। दोनों बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गये।

थाना कोतवाली इनायत नगर क्षेत्र के खड़भड़िया गांव निवासी बंसीलाल अपनी पत्नी शिव कुमारी के साथ अयोध्या कैंट से अपने घर बाइक से आ रहे थे। इनायत नगर थाना क्षेत्र में बरम बाबा कट के पास विपरीत दिशा से मिल्कीपुर की ओर जाने लगे। दूसरी तरफ से सहुलारा गांव निवासी दीपक कुमार यादव बाइक से इनायत नगर की ओर जा रहे थे। तभी दोनों बाइकों में जबरदस्त टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों मोटरसाइकिल आपस में रगड़ते हुए काफी दूर तक गई। हादसे में दीपक (21), बंसीलाल (70) व बंसीलाल की पत्नी शिव कुमारी (60) गंभीर रूप से घायल हो गई। लोगों ने सभी घायलों को सीएचसी मिल्कीपुर पहुंचा। जहां से डॉक्टरों ने तीनों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान शिवकुमारी की मौत हो गई। वहीं पति बंसीलाल व दूसरे बाइक चालक दीपक यादव की हालत गंभीर बनी हुई है।

सार-संक्षेप

तीन लाख से अधिक पौधे रोपे जाने का लक्ष्य

हैदरगंज, अयोध्या, अमृत विचार : जुलाई माह में वन महोत्सव के तहत पौधरोपण के लिए वन संपदा की भूमि पर गड्ढों की खुदाई का काम शुरू हो गया है। बीकापुर रेंज में तीन लाख 20 हजार पौधे रोपित किये जाएंगे। इसके लिए नंसा जाना मार्ग स्थित चापरघटा पुल के पास ग्राम पंचायत पेड़रा में विसुही नदी के किनारे पांच एकड़ की भूमि पर पौध रोपने के लिए गड्ढों को खोदा जा चुका है। बीकापुर रेंज वन अधिकारी एसपी सिंह ने बताया कि कई प्रजाति के जैसे पीपल, बरगद, नीम, सागौन, अर्जुन, पाकड़, जंगली बबूल आदि पौधों को अधिक से अधिक संख्या में लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

लापता छात्र को परिजनों से मिलाया

अयोध्या, अमृत विचार : रहस्यमय ढंग से गायब हुए छात्र को पुलिस ने बुधवार को परिजनों को सौंप दिया है। कौशलपुरी निवासी एचसीजे स्कूल में कक्षा 10 का छात्र शुभ गुप्ता गत दिवस घर से कहीं निकला था। वापस न आने पर परिजनों ने गुमशुदगी दर्ज कराई थी। थाना कैंट प्रभारी संजय मौर्य ने बताया कि छात्र देवकाली पर मिला।

बोर्ड की मान्यता के लिए आवेदन कल तक

अयोध्या, अमृत विचार : शैक्षिक संस्थाओं को माध्यमिक शिक्षा परिषद की मान्यता लेने के लिए 31 मई तक आवेदन करना होगा। इसके लिए यूपी बोर्ड की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश कुमार आर्या ने बताया कि आवेदनों की जांच के बाद विद्यालय को मान्यता दी जाएगी।

कौशलपुरी के सैलून में चोरी

अयोध्या, अमृत विचार : थाना कैंट क्षेत्र के कौशलपुरी कॉलोनी फेज टू की सुपर मार्केट की दुकान का ताला तोड़कर चोरी का मामला सामने आया है। सैलून की दुकान से 27 हजार रुपये की नगदी चोरी कर ली गई।

हालात | भीषण गर्मी में श्रद्धालुओं की संख्या में कमी से रोजी-रोटी पर पड़ रहा असर

श्रद्धालुओं के ठिठके कदम, नाविकों की आमदनी ठप

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : नौतपा में चिलचिलाती गर्मी के कारण सरयू के घाटों पर आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में कमी देखी जा रही है। इसका असर नाविकों पर पड़ रहा है। श्रद्धालुओं से उनकी रोजी रोटी जुड़ी हुई है। अयोध्या के सरयू तट पर 100 से अधिक लोगों का परिवार नाव से ही चलता है। राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा होने से नाविकों के लिए भी आय का स्रोत बढ़ गया है, लेकिन गर्म मौसम और सरयू का जल स्तर घटने के साथ श्रद्धालुओं की कमी होते ही उनके रोजगार को प्रभावित हो गए हैं। आने वाले लोग नौका विहार नहीं कर रहे हैं।

भीषण गर्मी से सरयू के घाटों पर पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

लू चलने से नदी किनारे उड़ रही बालू

नाविक अनूप माझी व अन्नू माझी ने बताया कि गर्म हवा और लू के कारण नदी किनारे बालू उड़ रही हैं। इस कारण श्रद्धालु नौका विहार नहीं करते हैं। नदी का जल स्तर भी कम हो गया है। बीच-बीच में टापू बन जाने से नाव को चलाने में भी दिक्कत खड़ी हो रही है। आने वाले लोग सिर्फ दर्शन और पूजन करके चले जाते हैं। ऐसे में हम लोगों को परिवार चलाने में दिक्कत आ रही है। सुबह से शाम तक हम लोग अपनी नाव लेकर खड़े रहते हैं। कभी-कभी कुछ सवारी मिल जाती है। इससे सिर्फ तेल खर्च ही निकलता है। बचाने के नाम पर कुछ नहीं मिलता है। इसी तरह जून माह तक रहेगा।

विद्यालयों में आपदा प्रबंधन के लिए बनेगी विशेष टीम

अयोध्या, अमृत विचार : माध्यमिक विद्यालयों के छात्रों को आपदा से बचाव की जानकारी देने के लिए विशेष टीम गठित होगी। इसी क्रम में माध्यमिक विद्यालयों को छात्र-छात्राओं को भी आपदा प्रबंधन के लिए तैयार किया जा रहा है। माध्यमिक विद्यालय के छात्रों को आपदा की जानकारी देने के लिए जिला व विद्यालय स्तर पर स्कूल सेफ्टी एडवाइजरी कमेटी का गठन किया जा रहा है। जिसके लिए डीआईओएस ने सभी प्रधानाचार्यों को कमेटी गठित करने का निर्देश दिया है। डीआईओएस डॉ. राजेश कुमार आर्या ने बताया कि सभी माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य को निर्देशित किया गया है। जुलाई तक सभी कॉलेजों में गठन पूरा कर लिया जाएगा।

शिक्षकों की तैनाती की होगी जांच, हड़कंप

अयोध्या कार्यालय

▸▸ **शिक्षकों और छात्रों की संख्या भी परखी जाएगी**

अमृत विचार : जिले के परिषदीय विद्यालयों में शिक्षकों की तैनाती का शासन ने संज्ञान लिया है। अब हर स्कूल के शिक्षक व विद्यार्थियों की संख्या की पड़ताल होगी। पूरा ब्योरा अपलोड करके शासन को भेजा जाएगा। जिसके बाद शिक्षकों की तैनाती को लेकर निर्णय होगा। माना जा रहा है कि कम संख्या वाले विद्यालयों के कई शिक्षकों के तबादले हो सकते हैं। इसे लेकर हड़कंप मचा है।

जिले में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा 1792 परिषदीय विद्यालयों में मौजूदा समय में करीब एक लाख 75 हजार बच्चे पंजीकृत हैं। विभाग अभी नामांकन की प्रक्रिया चला रहा है। यह संख्या दो लाख पार करेगी। जबकि स्कूलों में साढ़े आठ हजार से अधिक शिक्षक-शिक्षिकाएं तैनात हैं। अयोध्या के करीब होने के कारण मसौधा पूरा और सोहावल ब्लॉक में हर व्यक्ति यहां पर ट्रांसफर पाने के जुगाड़ में रहता है। खासकर रुदौली, मवई, अमानीगंज, हैरिंगटनगंज, तारून जैसे सुदूर पिछड़े ब्लॉक के कई स्कूल ऐसे हैं, जहां शिक्षक के विभागीय काम में चले जाने से शिक्षामित्र या अनुदेशक के भरोसे हो जाते हैं। जिले को हाल ही में करीब 102 नए शिक्षक मिले है। इनकी तैनाती की जानी है। इसे शासन ने गंभीरता से लिया है।

शासन का मानक प्रति 30 बच्चों पर एक शिक्षक का है। विभागीय सूत्रों के अनुसार, शिक्षक व विद्यार्थियों की स्कैनिंग से सारी बात सामने आ जाएगी। इसके बाद नियुक्ति को लेकर आदेश जारी होंगे। बेसिक शिक्षा विभाग में इसे लेकर खलबली मची हुई है। माना जा रहा है कि अनियमित तरीके से तैनाती पाने वाले शिक्षकों और इसके जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई भी की जा सकती है। नए आदेश के बाद अब सब अपनी बचत के रास्ते तलाशने लगे हैं। जिला समन्वयक नमनराज ने बताया कि फिलहाल प्रेरणा पोर्टल बंद चल रहा लेकिन एक लाख 75 हजार छात्र अभी तक नामांकित हैं। उन्होंने बताया कि शासन के आदेश का पालन कराया जा रहा है।

एक नजर

विद्या मंदिर परिसर में किया गया पौधरोपण

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : अरविंद सोसाइटी की तरफ से सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज झारखंड के परिसर में पौधरोपण किया गया। सोसाइटी के नार्थ जोन के चेयरमैन डॉ. जेपी सिंह ने कहा कि हमें अपने जीवन को सुरक्षित रखने के लिए वृक्षों की जरूरत है। इसे देखते हुए विद्यालय परिसर में पौधरोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस अवसर पर नीम के कई पौधे लगाए गए। इस मौके पर प्रबंधक दया राम यादव, प्रधानाचार्य अवधेश कुमार मिश्र, महेंद्र प्रताप पांडे, संदीप अग्रहरि, डब्बू सिंह आदि मौजूद रहे।

जलपान गृह में लगी आग

चांदा, सुलतानपुर, अमृत विचार : स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के हाईवे किनारे छतौना मार्ग के समीप हरिश्चंद्र यादव की जलपान गृह की दुकान है। बुधवार दोपहर दुकान में अज्ञात कारणों से अचानक आग लग गई। जिससे हजारों का नुकसान हुआ है। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। दुकान में रखे कुछ सामान को बाहर निकाल लिया गया। देखते-ही-देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। मौके पर पहुंची गायत्री लिमिटेड की टैंकर एवं ग्रामीणों के प्रयास से आग पर काबू पा लिया गया। लेकिन तब तक छप्पर समेत अन्य सामान पूरी तरह से जल गया।

चुनाव कराने गाजीपुर रवाना हुई पुलिस फोर्स

सुलतानपुर, अमृत विचार : शनिवार को लोकसभा चुनाव के सातवें व अंतिम चरण का चुनाव है। चुनाव संपन्न कराने के लिए सुलतानपुर की पुलिस फोर्स गाजीपुर के लिए रवाना हो गई है। जिले से 25 उपनिरीक्षक, 330 कांस्टेबल व हेड कांस्टेबल रोडवेज की आठ बसों से गाजीपुर के लिए रवाना हुए हैं।

बनमई प्रधान के अधिकार किये गये सीज

सुलतानपुर, अमृत विचार : कूरेभार ब्लाक की बनमई ग्राम सभा की प्रधान बबिता वर्मा पर गांव के रवि सिंह ने विकास कार्यों में वित्तीय अनियमितता, पदीय दायित्व एवं कर्तव्य का सुचारु रूप से निर्वहन नहीं करने, शासकीय धनराशि का दुरुपयोग, शासनादेश का उल्लंघन, योजनाओं को प्रभावित करने तथा उच्च अधिकारियों के निर्देशों की अवमानना का आरोप लगाया था। इसकी जांच उप कृषि निदेशक सुलतानपुर को सौंपी गई थी। जांच में आरोप सही पाए जाने पर जिला मजिस्ट्रेट कृत्तिका ज्योत्सना ने प्रधान के अधिकार सीज कर दिए हैं। मामले में पंचायत सचिव गौतम पटेल भी लापरवाह पाए गए। प्रकरण की अंतिम जांच के लिए जिला प्रशिक्षण अधिकारी, जिला ग्राम्य विकास संस्थान सुलतानपुर और जल निगम के अधिशाषी अभियन्ता को नामित किया गया है।

43 डिग्री पार पहुंचा तापमान, दोपहर के समय सड़कों पर पसरा सन्नाटा

गर्मी के तेवर

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः मई माह समापन की ओर है। वहीं गर्मी सारे रिकार्ड तोड़ने पर आमादा है। बुधवार को जिले का अधिकतम तापमान 43 डिग्री के पार पहुंच गया, जबकि न्यूनतम तापमान 29 डिग्री रिकार्ड किया गया।

भीषण गर्मी के कारण कूलर-पंखे बेअसर हो गए और रात में भी उमसभरी गर्मी ने परेशान किया। गर्मी का सितम थमने का नाम नहीं ले रहा है। लगातार चढ़ते पारे से लोग बेहाल हो उठे हैं। बुधवार को अन्य दिनों के मुकाबले तापमान में एक डिग्री की और बढ़ोतरी हो गई। मंगलवार की रात भीषण गर्मी और उमस के कारण तमाम लोगों की रात जागते हुए गुजरी। बिजली की अघोषित कटौती ने मुश्किलें और बढ़ाई हैं। मंगलवार की रात से शुरू हुई बिजली की आवाजाही बुधवार को दिन में भी जारी रही। दोपहर दो बजे से लेकर शाम सात बजे तक भीषण गर्मी में बिजली दर्जनों बार कटी। हर 20 से 25 मिनट में एक बार बिजली गुल होती रही। अघोषित कटौती से सामान्य जनजीवन त्रस्त हो गया है। इससे लोगों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। बुधवार को गर्मी से बचने के लिए लोग तमाम जतन करते दिखे। बच्चे तालाब, जलाशयों और हैंडपंपों पर नहाकर गर्मी से निजात पाने का प्रयास करते दिखे। वही जिन्हे आवश्यक कार्य था वह धूप से बचने को सिर व चेहरे को गमछे से ढककर घर से बाहर निकले। जिला मुख्यालय का व्यस्ततम इलाका रोडवेज स्टेशन के सामने सूना नज़र आया तो प्रयागराज-अयोध्या राजमार्ग में भी दोपहर में सन्नाटा पसरा रहा।

अति व्यस्ततम इलाका बस स्टेशन के पास की सूनी सड़क। अमृत विचार

जरूरी होने पर ही घर से निकलें बाहर

सीएचसी जयसिंहपुर के नोडल चिकित्साधिकारी डॉ. दिग्विजय सिंह ने बताया कि धूप में घर से बाहर कम-से-कम निकलने की कोशिश करें। विशेषकर दोपहर 12 से शाम चार बजे तक। अगर बहुत जरूरी हो तभी घर से बाहर निकलें। ढीले सूती वस्त्र, चश्मा, गमछे से सिर ढक कर ही बाहर निकलें।

धनपतगंज में आई तेज आंधी

धनपतगंज ब्लाक के हरौरा बाजार मे आंधी से उड़ी सीमेंट की चादर। अमृत विचार

धनपतगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार : तेज आंधी से मौसम में अचानक बदलाव आ गया। गर्मी से थोड़ी बहुत लोगों को राहत मिली। बुधवार को अचानक शाम तेज आंधी के साथ मौसम ने करवट ले ली। देखते-देखते धूल भरी आंधी से धुंध सा छा गयी। इस आंधी से आम की फसल को काफी क्षति होने का अनुमान लगाया जा रहा है। आसमान मे छाये बादल से बूंदाबांदी होने की सम्भावना रही। हालांकि आंधी के कारण गर्मी से लोगों को काफी राहत मिली।

धनपतगंज क्षेत्र में तेज आंधी से गर्मी से मिली थोड़ी राहत।

पेट्रोल पंप संचालक समेत तीन घरों से नकदी समेत लाखों की चोरी

छत व पीछे के रास्ते से घरों में घुसे चोर, फॉरेंसिक टीम ने किया मौका मुआयना

वारदात

▸▸ 3.47 लाख की नकदी व लाखों के जेवरात उठा ले गए चोर

बल्दीराय, सुलतानपुर

अमृत विचारः बल्दीराय थाना अंतर्गत पूरे मेहरबान मजरे सैनी गांव में मंगलवार की रात पेट्रोल पंप संचालक समेत तीन घरों को चोरों ने निशाना बनाया। तीनों घरों से चोर तीन लाख की नगदी व लाखों रुपए कीमत के जेवरात उठा ले गए। पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाते हुए घटना के खुलासे की कवायद शुरूकर दी है।

स्थानीय थाना क्षेत्र के पूरे मेहरबान मजरे सैनी में मंगलवार रात चोरों ने पेट्रोल पंप संचालक भगौती दीन यादव के घर को पहना निशाना बनाया। इसके बाद रामदेव कनौजिया और राजाराम कनौजिया के घर को भी नहीं बख्शा। तीनों मकानों से चोरों ने नकदी समेत लाखों के जेवरात पार कर दिये। बुधवार की सुबह घर से बाहर तक सामान बिखरा देख परिवार वालों को घटना का पता चला। पीड़ित बृजेश कुमार ने बताया कि सुबह साढ़े पांच बजे अम्मा का फोन आया कि घर में चोरी हो गई है। घर पर पेट्रोल पंप का तीन लाख 20 हजार रुपए व पिता के 27 हजार रुपए रखे थे, जिसे चोर उठा ले गए हैं। उन्होंने बताया करीब तीन लाख के जेवरात भी चोर उठा ले गए हैं। इसकी सूचना डायल 112 और एसओ को दी है। वहीं, बृजेश यादव की मां ने बताया कि रात को दवा खाकर सो गए थे। तड़के उठे तो देखा घर का सामान बिखरा पड़ा हुआ है, इस पर चिल्लाये तो गांव के लोग जमा हुए। चोर बहुत सा सामान उठा ले गए। पीड़ित रामदेव कनौजिया ने बताया कि हमारे घर में चोरी हुई है। तीन भाइयों का शादी का सामान चोर उठा ले गए। चोर घर में पीछे के रास्ते से आए और गए हैं।

एसओ बल्दीराय आरबी सुमन ने बताया कि घटनास्थल का निरीक्षण किया गया है। फोरेंसिक टीम आदि ने साक्ष्य जुटाए हैं। अभी परिवार वालों से तहरीर नहीं मिली है। जांच कर रहे हैं अग्रिम विधिक कार्रवाई करते हुए चोरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

बल्दीराय थाने के सैनी गांव में चोरों ने बॉक्स तोड़कर उड़ाया सामान।

चोरी के बाद गांव में पहुंचकर पुलिस ने की जांच-पड़ताल। अमृत विचार

कोर्ट में हाजिर हुए जिला कृषि अधिकारी

सुलतानपुर, अमृत विचारः कूटरचित दस्तावेज के सहारे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि दिलाये जाने के मामले में तलब जिला कृषि अधिकारी न्यायाधीश संतोष कुमार की कोर्ट में हाजिर हुए परंतु कोर्ट को संतुष्ट नहीं कर सके।

न्यायाधीश ने बुधवार को उन्हें आरोपी इन्दूबाला की नियमित जमानत की सुनवाई के लिए तलब किया था। बचाव पक्ष के वकील संतोष पांडेय ने बताया कृषि अधिकारी ने शासनादेश का हवाला देते हुए कोर्ट को बताया कि काफी इंजीनियर, डॉक्टर, वकील व सरकारी कर्मचारी पेंशनर को भी किसान सम्मन निधि मिल गई है, जिनकी वसूली शासन स्तर पर मामला लंबित है। इंदूबाला के आवेदन संबंधी प्रपत्र मांगने पर कोर्ट के समक्ष कोई प्रपत्र पेश नहीं कर सके तथा मौके की मांग की। कोर्ट ने सुनवाई के लिए 3 जून की तारीख नियत की है। धम्मौर थानाक्षेत्र के सोनबरसा निवासी दलसिंगार सिंह ने गांव की इंदूबाला सिंह उर्फ इन्दू सिंह, कमला सिंह व कमला देवी पर बिना कोई कृषि भूमि के कूटरचित दस्तावेज के सहारे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के गबन का आरोप लगाते हुए बीते साल कोर्ट के जरिये केस दर्ज कराया था।

ड्रीम इलेवन पर मालामाल बनने की चाहत में तीन लाख गंवाए

सुलतानपुर, अमृत विचार : टीवी व मोबाइल पर प्रतिदिन विज्ञापन आता है टीम बनाओ लाखों जीतो। इसके चलते युवाओं में ड्रीम इलेवन पर टीम बनाने का ट्रेंड सा चल पड़ा है। अधिकतर युवा साइबर ठगी के शिकार हो रहे हैं। ऐसा ही एक मामला जिले में भी देखने को मिला है। शिकायत पर साइबर क्राइम पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। अलीगंज के रवनिया पूरब निवासी अमन यादव ने साइबर थाने पर तहरीर दी। पीड़ित ने बताया कि बीती 18 अप्रैल को उसके पास फोन आया कि ड्रीम इलेवन पर 55 लाख जीत चुके हो। पुष्टि के लिए वाट्सएप पर उसकी ड्रीम इलेवन के आईडी का स्क्रीन शाट भेजा गया। फोन करने वाले ने बताया कि आपका पैसा टैक्स के कारण खाते में नही जा रहा है। आपको तीन लाख चार हजार नौ सौ सत्तानवे रुपए देने होगे। इसके लिए उसने एक स्कैनर भी भेजा। साइबर ठग के झांसे मे आकर उसने जालसाज द्वारा बतायी गयी धनराशि कई बार में भेजा दी। माह भर बीतने के बाद भी जब उसके खाते में ड्रीम इलेवन का जीता हुआ पैसा नहीं आया तो ठगी का एहसास हुआ। साइबर सेल प्रभारी प्रवीण कुमार यादव ने बताया कि तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

सार-संक्षेप

रामकथा सुनने से मिलती है सभी कष्टों से मुक्तिः डा. अनिल

सुलतानपुर, अमृत विचार : राम कथा की सार्थकता तब सिद्ध होती है, जब हम इसको अपने जीवन में उतार लें। ये बातें जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के बझना गांव में तीन दिवसीय संगीतमय रामकथा के पहले दिन दिन वाराणसी से पधारे कथावाचक डा. अनिल पांडेय ने मंगलवार को कहीं। उन्होंने कहा कि राम कथा सुनकर मनुष्य अपने जीवन को आनंदमय, मंगलमय बनाकर आत्म कल्याण कर सकता है। राम कथा सुनने मात्र से मन को शांति व मुक्ति मिलती है। वही अयोध्या धाम से पधारे मधुसूदन शास्त्री ने बताया कि राम कथा सुनने से जन्म-जन्मांतर के विकार नष्ट होते हैं। कलियुग में कथा सुनने मात्र से व्यक्ति भवसागर से पार हो जाता है। मनुष्य का सोया हुआ ज्ञान वैराग्य कथा श्रवण से जाग्रत हो जाता है। कथा कल्पवृक्ष के समान है, जिससे सभी इच्छाओं की पूर्ति की जा सकती है। कहा कि कथा श्रवण का फल उसी को प्राप्त होता हैं जो संस्कारवान हो अर्थात घर में माता-पिता के प्रतिदिन पैर छूकर उनका आशीर्वाद ले। तभी ऐसे लोगों का साथ भगवान भी देते हैं और कथा श्रवण का फल उसी को मिलता हैं। मिर्जापुर से पधारे शीतलजी महराज ने हनुमानजी के बारे चर्चा करते हुए कहा कि तुलसी दासजी ने हनुमानजी को ही महावीर की उपाधि दी थी। कथा समापन की बाद समिति के अध्यक्ष पंडित प्रदीप कुमार पांडेय ने व्यास पीठ की आरती उतारी। इस दौरान सुरेशदत्त पांडेय, दिनेश पांडेय, लालजी पांडेय, उमेश पाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

डा. अनिल पांडेय।

पूर्व थानाध्यक्ष नीशू तोमर के मामले में सुनवाई 31 को

सुलतानपुर, अमृत विचार : हलियापुर थाने की महिला आरक्षी से दुराचार के आरोपी पूर्व थानाध्यक्ष नीशू तोमर के खिलाफ सीजेएम कोर्ट ने पुलिस रिपोर्ट खारिज कर दुराचार तथा अन्य आरोपों में संज्ञान लिया था। पूर्व थानाध्यक्ष नीशू तोमर ने सेशन कोर्ट में निगरानी दायर कर सीजेएम के आदेश को चुनौती दी है। बुधवार को मामले में सुनवाई नहीं हो सकी। महिला आरक्षी के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बताया कि सेशन जज जेपी पांडेय ने याचिका पर सुनवाई के लिए 31 मई की तारीख नियत की है। साल 2021 में हलियापुर थाने में तैनात रही एक महिला आरक्षी ने तत्कालीन थानाध्यक्ष नीशू तोमर पर मानसिक तथा शारीरिक उत्पीड़न कर अश्लील वीडियो बनाने, वीडियो वायरल करने की धमकी देकर कई बार दुराचार करने, मारपीट, धन हड़पने और गबन के आरोपों में मुकदमा दर्ज कराया था।

कनेक्शन तो कर दिया पर 25 दिन बाद भी नहीं जुड़ी लाइन

धम्मौर, सुलतानपुर, अमृत विचार : क्षेत्र में धम्मौर विद्युत उपकेंद्र अंतर्गत गांव कूड़धाम में विद्युत विभाग ने व्यावसायिक कनेक्शन तो कर दिया, लेकिन करीब 25 दिन बीतने के बाद भी लाइन से नहीं जोड़ा गया। इससे उपभोक्ता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उपभोक्ता विजय कुमार मिश्र का आरोप है कि बीते पांच मई को व्यवसाय के अंतर्गत उनका बिजली का कनेक्शन तो कर दिया गया है। 2112 रुपए बिल भी मई का भेज दिया गया है, लेकिन महीने भर बाद भी लाइन से नहीं जोड़ा गया है। बिना बिजली के ही बिल भेज दिया गया है। बार-बार विद्युत विभाग के अधिकारियों के पास जाकर थक चुके हैं। उन्होंने शीघ्र समस्या के समाधान की मांग की है। जेई सहाबुद्दीन ने बताया कि केबल जोड़ी गई है, केवल मीटर नहीं लगाया गया है, जल्द ही लगवा दिया जाएगा।

विदेश भेजने के नाम पर लिये डेढ़ लाख, मांगने पर दी धमकी

दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : स्थानीय थाना क्षेत्र के धतुरहा गांव निवासी रेखा निषाद ने अपने दो बेटों को दुबई भिजवाने के लिए गांव के ही संजय निषाद से बात की। इसके लिए उसने डेढ़ लाख रुपये की मांग की। दस अक्टूबर 2023 को रेखा ने निषाद ट्रेडर्स नाम के खाते में डेढ़ लाख रुपये जमा करा दिये। काफी समय तक रेखा के लड़कों को संजय निषाद जब दुबई नहीं भेज पाया तो रेखा ने अपने रुपये मांगे। आरोप है संजय निषाद ने पैसा वापस देने से मना करते हुए उसे जान से मारने की धमकी दी। इस पर पीड़िता ने स्थानीय थाने में तहरीर दी। दोस्तपुर थाना प्रभारी राम आशीष उपाध्याय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

192 कर्मियों को मिला मतगणना का प्रशिक्षण

प्रशिक्षण में मौजूद मतगणना कार्मिक। अमृत विचार

सुलतानपुर, अमृत विचार : चार जून को लोकसभा चुनाव की मतगणना होनी है। इसके लिए मतगणना कार्मिकों का पहले दिवस को दो पालियों में प्रशिक्षण विकास भवन के प्रेरणा सभागार मे संपन्न हुआ। सीडीओ अंकुर कौशिक ने मतगणना कर्मियों को निर्देश दिया कि निष्पक्षता को ध्यान में रखते हुए मतगणना कार्य करना है। डीडीओ अजय कुमार पांडेय ने सभी गणना कार्मिकों को गणना तिथि पर सुबह छह बजे कृषि मंडी अमहट पहुंचने का निर्देश दिया। जॉइंट मजिस्ट्रेट वैशाली चोपड़ा ने बताया कि मतगणना निर्वाचन प्रक्रिया का अंतिम चरण होता है। इसलिए मतगणना का कार्य शांति पूर्ण व निष्पक्षता के साथ सम्पन्न करना है। जिला प्रशिक्षण अधिकारी डा संतोष गुप्ता ने बताया कि प्रत्येक विधानसभा में 14 - 14 गणना टेबल पर मतगणना की जाएगी। ईवीएम की काउंटिंग की एक टेबल पर एक मतगणना पर्यवेक्षक, एक माइक्रो आब्जर्वर, एक गणना सहायक और एक चतुर्थ श्रेणी कार्मिक होगा। स्टेट मास्टर ट्रेनर सत्यदेव पांडेय ने कन्ट्रोल यूनिट की काउंटिंग की प्रक्रिया को बताया कि कन्ट्रोल यूनिट के बटन को ऑन कर रिजल्ट बटन को दबाना है और कैंडिडेटवार मिले मत को 17 सी मतपत्र लेखा के भाग- 2 में अंकित कर इसकी दो प्रति तैयार करनी होगी। स्टेट मास्टर ट्रेनर सुनील कुमार सिंह, स्टेट मास्टर ट्रेनर संतराम यादव ने प्रपत्रों पर विस्तृत चर्चा की। प्रशिक्षण की व्यवस्था देख रहे डॉ. जनार्दन राय ने बताया कि पहले दिन ईवीएम की मतगणना हेतु दोनों पाली में 48 मतगणना पार्टी के 192 कार्मिकों को प्रशिक्षित किया गया।

सेमहा ताल सूखा, पशु-पक्षियों के सामने गहराया पानी का संकट

मुड़िलाडीह, सुलतानपुर

अमृत विचारः भीषण गर्मी के चलते गांव में तालाब के सूख जाने से पशु पक्षियों एवं जीव जंतुओं के समक्ष पीने के पानी का संकट गहरा गया है।

क्षेत्र के अमरेथू डड़िया गांव में स्थित सेमहा ताल सूख गया है। जबकि इसी तालाब में गांव के पशु-पक्षी पानी पीने आते हैं। प्रचंड गर्मी में जब पानी की आवश्यकता है, तब पानी नदारद है। ग्राम पंचायत एवं प्रशासन के अधिकारी भी इस तरफ ध्यान नहीं दे रहे हैं। जबकि, तालाब में पानी भरवाने की महती जरूरत है। पानी के अभाव में पशु पक्षियों एवं जीव जंतुओं के समक्ष पानी पीने का संकट खड़ा हो गया है। गांव वासियों ने प्रशासन के अधिकारियों से तालाब में पानी भरवाये जाने की मांग की है।

अमरेथू डड़िया गांव में सूखा तालाब।

अधिवक्ता हत्याकांड में आरोपी प्रिन्स की जमानत खारिज

सुलतानपुर, अमृत विचार : अधिवक्ता आजाद अहमद हत्याकांड में जेल में निरुद्ध घरहां खुर्द निवासी आरोपी इस्माइल उर्फ प्रिंस की जमानत पर हुई सुनवाई में जिला जज जयप्रकाश पांडेय ने आरोपों को गंभीर पाते हुए उसकी जमानत खारिज कर दी है। वादी पक्ष के वकील शेख नजर अहमद ने बताया कोतवाली देहात थाने के अलहदादपुर गांव निवासी अधिवक्ता आजाद अहमद की बीते साल छह अगस्त को भुलकी चौराहे के पास गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जबकि उनके भाई मुनव्वर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। मृतक के पिता मो. सलीम ने कोतवाली नगर के लोलेपुर गांव निवासी सिराज अहमद उर्फ पप्पू, घरहा निवासी इस्माइल उर्फ प्रिंस, सोहराब, मेराज, सलमान समेत कई आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। आरोपियों के खिलाफ आरोप तय करने के बाद केस अभियोजन साक्ष्य में चल रहा है।

परीक्षा का बहिष्कार करेगा संयुक्त शिक्षक संघ

कादीपुर, सुलतानपुर

अमृत विचारः डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय द्वारा भीषण गर्मी में परीक्षा कराये जाने पर संत तुलसीदास पीजी कॉलेज कादीपुर की संयुक्त शिक्षक संघ ने निंदा करते हुए 31 मई से आयोजित की जाने वाली परीक्षा के बहिष्कार की घोषणा की है।

अध्यक्ष प्रो. मदन मोहन सिंह व महामंत्री प्रो. जितेन्द्र तिवारी ने बताया कि शिक्षक संघ ने मई-जून में परीक्षा न कराये जाने को लेकर प्राचार्य, परीक्षा नियंत्रक और कुलपति को ज्ञापन दिया था। इन सभी से कई बार मौखिक रूप से भी अवध विश्वविद्यालय महाविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रो. वीपी सिंह द्वारा भीषण गर्मी में परीक्षा न कराने का आग्रह किया गया था। लेकिन फिर भी विवि प्रशासन ने 31 मई से परीक्षा की समय सारिणी जारी कर दी है। शिक्षक, विद्यार्थी और कर्मचारीहित में इस समय परीक्षा टाला जाना उचित है। महाविद्यालय शिक्षक संघ की दोनों इकाइयों की संयुक्त बैठक में परीक्षा के बहिष्कार का निर्णय लिया गया। महाविद्यालय के स्ववित्तपोषित शिक्षक संघ अध्यक्ष डॉ. अशोक पाण्डेय व महामंत्री डॉ. शशिकांत द्विवेदी ने कहा कि इस लड़ाई में सभी शिक्षक साथ हैं। अनुदानित महाविद्यालय स्ववित्तपोषित शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष डॉ. करुणेश भट्ट ने महाविद्यालयों के शिक्षक और छात्रों से एकजुट होने की अपील की है। डॉ. भट्ट ने स्पष्ट किया कि कुलपति की तानाशाही के विरुद्ध जरूरत पड़ने पर छात्रों-अभिभावकों व समाज के अन्य वर्गों को मुहिम से जोड़ा जाएगा।

एसएफआई ने कुलपति व राज्यपाल को भेजे 200 मेल

सुलतानपुर, अमृत विचार : भीषण गर्मी के वजह से 31 मई से होने वाली अवध विवि एवं संबद्ध महाविद्यालयों की परीक्षा के विरोध में छात्र सेगठन एसएफआई ने कुलपति और महामहिम राज्यपाल को 200 से अधिक मेल भेजकर परीक्षा को आगे बढ़ाने की मांग की है। प्रदेश सचिव विवेक विक्रम सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में विवि के पास कोई शैक्षणिक कैलेंडर नहीं है। सबछ मनमर्जी तरीके से चलाया जा रहा है। छात्र संगठन ने परीक्षा न टलने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

लापरवाही सीएचसी अधीक्षक का दावा, जल्द होगा भवन निर्माण, मरीजों को मिलेंगी सुविधाएं

खंडहर में तब्दील एएनएम सेंटर, भटकने को मजबूर महिलाएं

धनपतगंज, सुलतानपुर

अमृत विचारः महिलाओं के बेहतर स्वास्थ्य के लिए सरकार सजग है। लेकिन, विभाग महिलाओं के स्वास्थ्य को लेकर उदासीन है। इसकी बानगी खंडहर मे तब्दील हरना हरौरा उप स्वास्थ्य केंद्र हैं। विभागीय उदासीनता के चलते उप स्वास्थ्य केंद्र जहरीले जीव-जंतुओं का रैन बसेरा बना हुआ है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धनपतगंज के अन्तर्गत आने वाला एएनएम सेंटर खंडहर में तब्दील हो चुका है। वहां अब लाभार्थियों की जगह जहरीले जीव-जंतुओं ने अपना आशियाना बना रखा है। इसका अंदाजा एएनएम सेंटर में उगे खजूर के पेड़ व झाड़ियों से लगाया जा सकता है। पहले इस एएनएम सेंटर से चबौली, बढ़ई पुरवा, पूरेकुलफत, हरना, पाठक पुरवा, पूरे निधऊ, पूरे विशुहिया, पूरे चतुरी, पीपर गांव, पूरे अवसान मिश्र, पतुर्जा, महमूदपुर जैसे एक दर्जन से अधिक गांव की महिलाओं को प्रसव और टीकाकरण हो जाता था। आलम यह है कि अब गर्भवती महिलाओं को प्रसव व टीकाकरण के लिए भटकना पड़ रहा है।

सेंचुरी वेलफेयर सोसायटी की अध्यक्ष अंकिता ने बताया कि गर्भवती महिलाओं को प्रसव व अन्य जरूरतों के लिए घर से 8 किमी दूर सीएचसी धनपतगंज जाना पड़ता है। दशकों से यह समस्या बनी हुई है। लगभग 20 हजार आबादी की महिलाओं के लिए यह इकलौता उप स्वास्थ्य केंद्र दोबारा अस्तित्व में नहीं आ पा रहा है। वहीं, हरना हरौरा ग्राम पंचायत की प्रधान हीरा सिंह का कहना है कि एएनएम सेंटर नवनिर्माण के लिए विभाग से कई बार मांग की गयी, लेकिन अभी तक निर्माण नहीं हो सका। टीकाकरण तो एएनएम और आंगनबाड़ी के सहयोग कहीं भी बैठ कर लेती हैं। लेकिन प्रसव तो संभव नहीं है। इसके लिए सीएचसी जाना मजबूरी है। सीएचसी अधीक्षक डा. अरुणेश सिंह ने बताया कि नये भवन निर्माण के लिए विभागीय कार्यवाही की गयी है। जल्द ही समस्या हल होगी। फिर किसी को कोई दिक्कत नहीं हो पायेगी।

प्रधान हीरा सिंह

अंकिता

खंडहर में तब्दील तब्दील हरना हरौरा उप स्वास्थ्य केंद्र। अमृत विचार

पिकअप ने किशोर को रौंदा, मौत

सुलतानपुर, अमृत विचारः साइकिल से घर का सामान लाने जा रहे किशोर को रौंदते हुए पिकअप भाग निकली। जब तक स्थानीय लोग मौके पर पहुंचते किशोर ने दम तोड़ दिया। कुड़वार थाना क्षेत्र के रवनिया पूरब गांव निवासी दयाशंकर का 15 वर्षीय पुत्र अंश प्रजापति बुधवार की सुबह साइकिल से घर का सामान लाने जा रहा था। रवनिया पश्चिम की तरफ जा रहा था कि लखनऊ की तरफ जा रही तेज़ रफ्तार पिकअप उसे कुचलते हुए भाग निकली। जब तक ग्रामीण मौके पर पहुंचते तब तक किशोर ने दम तोड़ दिया। सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया।

पं0 गजराज शुक्ल पी0जी0 कालेज चन्देलेपुर, धम्मौर, सुलतानपुर

में आवश्यकता है–

स्नातक स्तर पर बी0ए0 पाठ्यक्रम में (हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, समाजशास्त्र, प्राचीन इतिहास, राजनीतिशास्त्र, गृहविज्ञान, भूगोल, सैन्य विज्ञान, चित्रकला एवं शिक्षाशास्त्र) प्रत्येक विषय में प्रवक्ता–02 पद

तथा **स्नातक स्तर पर बी0एससी0 पाठ्यक्रम में** (वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, भौतिक विज्ञान, जन्तु विज्ञान) प्रत्येक विषय में प्रवक्ता–02 पद

तथा **परास्नातक स्तर पर एम0ए0 पाठ्यक्रम में** (हिन्दी, अंग्रेजी, समाजशास्त्र एवं गृहविज्ञान) प्रत्येक विषय में प्रवक्ता–02 पद

योग्यता एवं वेतनमान यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।

इच्छुक अभ्यर्थी 07 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों को दो स्व–हस्ताक्षरित प्रतियों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं दो स्वपता लिखे लिफाफे के साथ महाविद्यालय के उपरोक्त पते पर आवेदन करें।

भवदीय–डॉ0 सुरभि शुक्ला, मो0नं0–9889302052

एक नजर

स्मैक के साथ तीन युवकों को किया गया गिरफ्तार

बाजार शुकुल, अमेठी। थाना पुलिस ने क्षेत्र में चेकिंग के दौरान बुधवार सुबह तड़के दो युवकों को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया। अभियुक्त सहवाज (22) निवासी कलंदरगढ़ थाना बाजारशुक्ल को 15 ग्राम व अभियुक्त सलीम (21) निवासी मवैया रहमतगढ़ थाना बाजारशुक्ल को 12 ग्राम स्मैक के साथ बूढ़ूपुर जाने वाली सड़क के पास से गिरफ्तार किया। अभियुक्तों के कब्जे से कुल 27 ग्राम स्मैक बरामद हुआ। दोनों के खिलाफ केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया। वहीं इसके पहले मंगलवार को क्षेत्र में चेकिंग के दौरान थाना मोहनगंज पुलिस ने युवक को स्मैक के साथ दबोच लिया। अभियुक्त पिन्टू कहार (22) निवासी पूरे लोधी मजरे समरौता थाना शिवरतनगंज के पास से 14 ग्राम स्मैक बरामद की गई। थाना मोहनगंज पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया।

हीट स्ट्रोक से सुरक्षा को मजदूरों को दी गई ट्रेनिंग

जगदीशपुर, तिलोई। अमृत विचार। हीट स्ट्रोक से बचाव के सम्बन्ध में वेलस्पन कम्पनी की ओर जल जीवन मिशन के अन्तर्गत परियोजना स्थलों पर काम करने वाले मजदूरों को सुरक्षित रुप से काम करने के लिए ट्रेनिंग दी जा रही है। हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए सभी कार्यस्थलों पर शीतल पेय जल की व्यवस्था के साथ जीवन रक्षक दवाएं और इलेक्ट्राल पावडर भी रखे गये हैं। जिले में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत वेलस्पन, गायत्री और वीटीएल तीन कम्पनियों के 1800 मजदूर इस समय निर्माण कार्य में लगे हुए हैं। पारा, बाजार सुकुल और राजनपुर तिलोई में मजदूरों को हेल्मेट लगाकर ही साइट पर काम करने और शरीर में किसी भी स्थिति में पानी की कमी न होने देने के लिए सचेत किया गया।

करंट से युवती घायल

अमेठी। नुवावां गांव में युवती करंट की चपेट में आ गई। उसका इलाज सीएचसी अमेठी में हुआ। 26 वर्षीय प्राची मिश्रा घर में कुछ कर रही थी तभी वह करंट की चपेट में आ गई।

खेतों को ठंडा करके ही धान की नर्सरी डालें किसान

भीषण गर्मी व लू को देखते हुए कृषि वैज्ञानिकों ने दी सलाह, बुवाई से पूर्व बीज व भूमि शोधन जरूरी

संवाददाता, गौरीगंज, अमेठी

अमृत विचार। मई महीने के 29दिन बीत चुके हैं।हीट वेव के कारण धान की अगेती खेती करने वाले किसान नर्सरी नहीं तैयार कर पा रहे हैं। हीट स्ट्रोक के डर धान की नर्सरी लेट हो रही है,जिन किसानों ने नर्सरी डाल दी है, उन्हें नर्सरी को सुरक्षित करना मुश्किल हो रहा है। कृषि वैज्ञानिकों ने खरीफ की खेती करते के पहले भूमिशोधन और बीज शोधन की सलाह दी है। जिला कृषि रक्षा अधिकारी की ओर से भी एडवाइजरी जारी की गई है। धान की अगेती खेती करने वाले किसान आम तौर पर 20मई से नर्सरी डालने का काम शुरू कर देते हैं।इस वर्ष हीट वेव के कारण जनजीवन प्रभावित हैं। खेती के काम भी नहीं हो पा रहे हैं।धान की नर्सरी डाल चुके किसानों को पौधों को हीट स्ट्रोक से बचाना मुश्किल हो रहा है। वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक और कृषि विज्ञान केन्द्र के अध्यक्ष डॉ आर के आनंद ने बताया कि इस समय भीषण गर्मी पड़ रही है, ऐसे में धान की नर्सरी डालने के पहले खेत को ठंडा करना जरूरी है। खेतों में पानी भरकर गोबर आदि डालकर तक तीन चार दिन तक छोड़ दें,शाम के समय पानी भरते रहे। खेत अच्छी तरह ठंडा हो जाने के बाद बीज शोधन कर तब नर्सरी डालें।

जिला कृषि रक्षा अधिकारी हरिओम मिश्रा ने बताया कि जनपद के समस्त किसान खरीफ फसलों के बीजों की बुवाई से पूर्व बीज शोधन एवं भूमि शोधन की अवश्य कर लें, स्वस्थ बीज ही स्वस्थ फसल को पैदा करने की क्षमता रखता है। उन्होंने बताया कि किसान अपनी फसल में बीज शोधन को अपनाएं, इससे कम लागत में अधिक लाभ होता है तथा खरीफ की मुख्य फसल धान, मक्का बाजरा, ज्वार, दलहन व तिलहन की बुवाई करें तो विभिन्न बीमारियों जैसे झुलसा, तुलासिता, कण्डुआ, रॉट, सड़न पत्ती, धब्बा रोग आदि से बचाने के लिए थीरम 75 प्रतिशत डब्लू०एस० 2.5 ग्राम अथवा कार्बण्डाजिम 50 प्रतिशत डब्लू०पी० 2 ग्राम अथवा मेटालैक्सिल 35 प्रतिशत डब्लू०एस० 6 ग्राम का प्रयोग प्रति किग्रा० बीज को शोधित कर बुवाई करें। उन्होंने बताया कि धान की फसल में झुलसा एवं जीवाणुधारी रोग हेतु स्ट्रेप्टोसाईक्लीन सल्फेट 90 प्रतिशत $ टेट्रासाइक्लीन हाइड्रोक्लोराइड 10 प्रतिशत, 4 ग्राम 25 किग्रा बीज में तथा झोंका, मिथ्या, कंडुआ व गंडो हल्दी रोग से बचाव हेतु 2 ग्राम कार्बण्डाजिम 50 प्रतिशत डब्लूपी 2 ग्राम की मात्रा प्रति किग्रा बीज के अनुसार बीज शोधन कर बुवाई करें। जैविक मित्र फफूँद नाशक ट्राइकोडरमा-हारजिएनम की 4-5 ग्राम मात्रा प्रति किग्रा. बीज के अनुसार प्रयोग करें तथा ट्राइकोडरमा-हारजिएनम 2 प्रतिशत जैविक कीटनाशक का प्रयोग बीज शोधन एवं भूमि शोधन के लिए प्रयोग किया जा सकता है। बीज जनित रोग एवं भूमि जनित कीटों से बचाव हेतु भूमि शोधन के लिए विवेरिया वैसियान की 2.5 से 3 किग्रा. मात्रा को 50 से 60 किग्रा. गोबर की सड़ी हुई खाद में मिलाकर एक सप्ताह छाया में रखने के उपरान्त जुताई के समय इसका प्रयोग करने से भूमि जनित रोगों एवं कीट से निजात पाया जा सकता है। बताया कि बीज शोधक रसायन कार्बण्डाजिम 50 प्रतिशत डब्लूपी एवं बायोपेस्टीसाइड्स ट्राइकोडरमा-हारजिएनम 2 प्रतिशत डब्लूपी एवं विवेरिया वैसियाना जनपद के समस्त कृषि रक्षा इकाइयों पर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि किसान अपनी फसल की समस्या के निदान हेतु सहभागी फसल निगरानी एवं निदान प्रणाली के मोबाइल नं०-9452247111 एवं 9452257111 पर अपना पंजीकरण अथवा अपना नाम, ग्राम का नाम, विकास खण्ड का नाम, जनपद का नाम लिखते हुए एसएमएस व्हाट्सएप भेजें। उन्होंने बताया कि किसान घर पर रहते हुए सम्बन्धित समस्या के निदान की सूचना 48 घण्टे के अन्दर मोबाइल नम्बर पर भेजी जायेगी तथा अधिक जानकारी के लिए अपने विकासखण्ड पर स्थापित कृषि रक्षा इकाई से सम्पर्क कर फसलों में लगने वाले कीट रोगों के बारे में विस्तृत जानकारी एवं उपचार की विधि के साथ-साथ कृषि रक्षा रसायन प्राप्त कर सकते है।

समीक्षा बैठक करते राजेश कुमार अग्रहरि। अमृत विचार

निर्माण कार्यों में लगे श्रमिकों के लिए धूप से बचाव को हों पुख्ता इंतजाम

संवाददाता, अमेठी, अमृत विचार। जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश कुमार अग्रहरि ने ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। सम्बन्धित पत्रावलियों का निस्तारण किया। अध्यक्ष द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यों को गुणवत्ता पूर्णढंग से ससमय पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये। साथ ही साथ बढ़ी गर्मी से बचाने के लिए सम्बन्धित अभियंता, अवर अभियंता को निर्देश दिया कि चल रहे विकास कार्यो पर प्रयुक्त श्रमिकों के लिये पेयजल की समुचित व्यवस्था रखे एवं घड़े आदि में भी पेयजल उपलब्ध कराएं। कार्य स्थल पर ओआरएस, इलेक्ट्राल पाउडर एवं दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुये श्रामिक को गमछा, टोपी आदि लगाकर कार्य करने को प्रेरित किया जाए। जिससे हीटवेव, लू से बचाव हो सके। इस मौके पर अपर मुख्य अधिकारी, अवर अभियंता एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

मतगणना कार्मिकों को दिया गया प्रथम प्रशिक्षण

संवाददाता, अमेठी

अमृत विचार। लोकसभा सामान्य निर्वाचन की मतगणना जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज में 4 जून को प्रातः 8 बजे से होगी। जिसे सकुशल संपन्न कराने के लिए बुधवार को मनीषी महिला महाविद्यालय गौरीगंज में मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल की उपस्थिति में मतगणना कार्मिकों को प्रथम प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर मोहम्मद असलम, सुजीत कुमार, अभिजीत कुमार, देवेश शर्मा, प्रदीप श्रीवास्तव, मोहम्मद हरीश हाशमी के द्वारा पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से दिया गया, जिसमें उन्हें ईवीएम, पोस्टल बैलेट के साथ ही ईटीपीबीएस की मतगणना के बारे में विस्तार पूर्वक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि डाक मत पत्रों की मतगणना सबसे पहले शुरू की जाएगी एवं 30 मिनट के पश्चात ईवीएम में प्राप्त मतों की गणना प्रारंभ की जाएगी। कहा कि ईवीएम एवं पोस्टल बैलेट आदि का प्रशिक्षण पूर्ण मनोयोग से प्राप्त कर लें ताकि मतगणना के दिन किसी भी समस्या का सामना न करना पड़े। प्रशिक्षण में बताया गया कि मतगणना संबंधी उपलब्ध कराए गए प्रारूप के समस्त कलम स्पष्ट शब्दों में साफ-साफ भरे जाएं। सभी मतगणना कार्मिक मतगणना के दिन प्रातः 6 बजे अपने परिचय पत्र तथा ड्यूटी आदेश के साथ मतगणना स्थल पर पहुंच जाएंगे।

ऐप से कूड़ा प्रबंधन के लिए दिया गया प्रशिक्षण

अमेठी/शाहगढ़, अमृत विचार। स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत जिले में संचालित कूड़ा प्रबंधन केन्द्रों के संचालन के बारे में सूचनाओं के सम्प्रेषण को एक विशेष मोबाइल एप विकसित किया गया है।

मंगलवार को जिले के पंचायत के सभी सहायक विकास अधिकारियों और खंड प्रेरकों को इसके संचालन और सूचनाओं के सम्प्रेषण के बारे में ट्रेनिंग दी गई। ट्रेनिंग के लिए सभी कार्मिकों को डीपीआरओ ने अम्बेडकरनगर भेजा था। स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत जिले की 50 से अधिक ग्राम पंचायतों में कूड़ा प्रबंधन केन्द्रों का संचालन शुरू हो चुका है। अन्य 350 केन्द्र निर्माणाधीन हैं। कूड़ा प्रबंधन केन्द्रों के सम्बन्ध में सूचनाएं अब नये एप पर भेजी जाएंगी।

न चेते तो धरती पर संकट में आ जाएगा जीवन

संवाददाता, अमेठी।

अमृत विचार। नगर स्थित ओम् नगर में अमेठी जल बिरादरी की ओर से बुधवार को व्यापक जलवायु परिवर्तन विमर्श विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

अतिथियों का स्वागत करते हुए अध्यक्ष अमेठी जल बिरादरी डॉ अर्जुन पाण्डेय ने कहा कि आज सारी दुनिया बढ़ते भूमण्डलीय ताप के कारण व्यापक जलवायु परिवर्तन की चपेट में है। आज दिल्ली का तापमान 50 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है, जिसके निरन्तर बढ़ते जाने की सम्भावना है। वनों का कटान,जहर उगलते कल कारखाने, सुपरसोनिक जेट विमान, धुआं फेंकते वाहन आदि बढ़ते भूमण्डलीय ताप के मूल कारण हैं। आधुनिकता का भूत शिर पर सवार है।सत्य तो यह है कि प्रकृति आवश्यकता की आपूर्ति कर सकती है लोभ-लालच की नही।समय रहते न चेते तो वह दिन दूर नही जब जीव जन्तुओं का जीवन दूभर हो जायेगा। धरती पर हरियाली बढ़ाकर ही इस समस्या से निजात मिल सकता है।

संगोष्ठी को संबोधित करते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

संगोष्ठी

▸▸ **बढ़ते भूमंडलीय ताप से हो रहा व्यापक जलवायु परिवर्तन**

अम्बरीष मिश्र ने कहा बढ़ता पर्यावरण संकट आज सारी दुनिया के लिए चिंता का विषय है। जीवन अमूल्य है इसकी रक्षा के लिए वृक्ष लगाने के साथ इनका संरक्षण आवश्यक है। स्वार्थपरता और दिखावे पन से हटकर परोपकार की भावना के साथ यथार्थ की ओर बढ़ें। कैलाश शर्मा ने कहा कि पृथ्वी के चढ़ते बुखार एवं बिगड़ते मौसम के मिजाज को कम करने के लिए खेत खलिहान एवं सड़कों के किनारे वृक्षारोपण आवश्यक है।

सत्येन्द्र प्रकाश शुक्ल ने कहा कि सेमीनारों एवं कागजी अभियान चलाकर ढिंढोरा तो जरूर पीटते हैं लेकिन धरातल पर अमल नही करते। राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि परम्परागत पौराणिक ज्ञान के सहारे उभरते गंभीर संकट से निजात मिल सकता है। जगदम्बा प्रसाद तिवारी ने कहा कि इस समस्या से निजात पाने के लिए युवाओं को जगाना होगा। इस अवसर पर डॉ अभिमन्यु कुमार पाण्डेय, अनुभव मिश्र एवं श्रीमती रीता पाण्डेय की उपस्थिति विशेष उल्लेखनीय रही। वृक्ष मित्रों के माध्यम स्थानीय स्तर पर पौधरोपण हेतु वृक्ष मित्र संस्थान का गठन हुआ जिसका यह लक्ष्य निर्धारित किया गया कि गांव गांव जाकर वृक्ष मित्र बनायेगी।

मनुष्य में देवत्व का उदय ही गायत्री परिवार का उद्देश्य

पावन प्रज्ञा पुराण कथा श्रवण को पहुंचीं महिला श्रद्धालु। अमृत विचार

संवाददाता, तिलोई अमेठी

अमृत विचार। हनुमान गढ़ी तिलोई में चल रहे पावन प्रज्ञा पुराण के दूसरे दिन कथा वाचक सुषणा तिवारी ने बताया कि परम पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य ने मनुष्य जीवन का उद्देश्य बताते हुए कहा है कि मनुष्य एक अनगढ़ किस्म का पशु ही तो है। जब वह ध्यान करता है, यज्ञ करता है, श्रेष्ठ कार्य करता है तो उसके अंदर की प्रसुप्त शक्तियां अपने आप जागृत होने लगती हैं और फिर वह इंसान इंसान नहीं रह जाता, देवता बन जाता है। उसके अंदर का आत्म बल जाग जाता है फिर वह असंभव कार्य करके दिखाता है जो मानव अनुमान से परे है।

कहा कि इस संसार में तीन स्तर के व्यक्ति पाए जाते हैं जिनकी तुलना हम एक छोटे से बीज से करेंगे। एक छोटा सा बीज होता है जब वह गलता है तो अपने जैसे असंख्य बीजों को जन्म दे देता है यह बीज की प्रथम गति है, जो सबसे श्रेष्ठ और उत्तम है। दूसरे स्तर का बीज जो पिसकर आटा बन जाता है और उदर पूर्ति के काम आता है। तीसरे स्तर का बीज ना तो गल कर असंख्य बीजों को जन्म देता है और न ही पिस कर उदर पूर्ति के काम आता है। वह किसी सड़न सीलन युक्त स्थान में पड़ा रहता है जो अंत में नष्ट हो जाता है। बीज की सबसे निकृष्ट स्थिति यही है। गुरुदेव ने तीन स्तर के व्यक्तियों का वर्णन किया है प्रथम स्तर के व्यक्ति होते हैं जो गायत्री महामंत्र के अमृत का पान करके खुद देवता बन जाते हैं तो अपने जैसे असंख्य व्यक्तियों को देवता बना देते हैं। वे प्रकाश स्तंभ की तरह होते हैं जो खुद प्रकाशित होते हैं और दूर-दूर तक प्रकाश बिखेरते हैं। उन्हीं को पैगंबर, मसीहा, युग दूत, समाज सुधारक कहते हैं।

समर कैंप में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

संवाददाता अमेठी

अमृत विचार। संस्कार ग्लोबल स्कूल गौरीगंज में समर कैंप का समापन मंगलवार को बच्चों की रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ हुआ। रंग-बिरंगी पोशाक धारण कर मनमोहक अंदाज में नन्हे मुन्ने बच्चों ने नृत्य, गीत, नाटक, विज्ञान मॉडल, योगा एवं अन्य सीखी गई गतिविधियों का प्रदर्शन किया, जिसे देखकर लोग मंत्रमुग्ध हो गए।

कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधानाचार्य देवांश भरतद्वाज उपाध्याय ने वाग्देवी मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि ऐसी गतिविधियों से बच्चों का शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक गुणों का विकास होता है। संस्था के निदेशक से संजय सिंह ने कैंप के समापन की बधाई दी। कहा कि ऐसे आवश्यक विद्यार्थियों को संकुचित विचारधारा से निकाल कर उनकी सामाजिकता एवं नैतिकता के विकास में योगदान करते हैं। संस्था की चेयरपर्सन डॉक्टर अंजना सिंह सेंगर ने समर कैंप में शामिल सभी प्रशिक्षकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी। कहा कि बच्चों को शैक्षिक विकास के साथ-साथ शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक विकास की आवश्यकता होती है जो ऐसे अवसर सहजता से प्रदान करते हैं और बच्चों में आत्मविश्वास की वृद्धि करते हैं। उक्त कार्यक्रम, कार्यक्रम प्रभारी खुशबू गिरि के निर्देशन में जानवी अग्रहरि, आदित्य, नेहा सिंह, नेहा मिश्रा, साधना तिवारी, पूर्णिमा सिंह, अनामिका सिंह, ऋचा पुष्पाकर, अस्मिता सिंह, सूर्य प्रकाश सिंह के सहयोग से संपन्न हुआ। इस अवसर पर चित्र केतु सिंह, मंजू सिंह, जीत लाल पटेल, पूजा उपाध्याय, देशराज मौर्य, शैलेश तिवारी, सत्यम शुक्ला, रोहित तिवारी, संतलाल जायसवाल, प्रभात सिंह, अनिल मिश्र, विमल सिंह, आशीष तिवारी, नीरज मौर्य, सर्वेश मौर्य, ऐश्वर्य, अमन सिंह, मोहित शर्मा, धर्मेंद्र कुमार, रघुराज प्रताप सिंह आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। अमृत विचार

नशा भिक्षाटन कार्यक्रम का आयोजन कल होगा

अमेठी, अमृत विचार। 31 मई को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर गायत्री परिवार अमेठी द्वारा प्रात : 8 :30 बजे से गौरीगंज में नशामुक्ति रैली एवं नशा भिक्षाटन का आयोजन किया गया है। गायत्री परिवार के कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक गायत्री प्रज्ञा पीठ गौरीगंज निकट सरस्वती शिशु मंदिर से प्रारम्भ होकर-सब्जी मंडी तिराहा-कोतवाली के सामने से जामों मोड़ होते हुए कलेक्ट्रेट पर समाप्त होने वाली यात्रा में शामिल होंगे। गायत्री परिवार द्वारा प्रदेश में नशीले पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने की माँग करते हुए राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया जाएगा।

वर्ग पहेली-85

बाएं से दाएं

1. किसी को छीनने की क्रिया में प्रवृत्त करना, छीनने का काम दूसरे से कराना।
3. 1. छाला, झलका 2. जलने आदि से शरीर पर होने वाला उभार
5. 1. परिचारक, परिचारी, सेवक 2. भ्रमण करने वाला, टहलुआ 3. देवमंदिर का प्रबंधक 4. रोगी की सेवा करने वाला व्यक्ति।
8. (साहित्य) नायक या नायिका की विरहावस्था के दुख का वर्णन।

ऊपर से नीचे

2. किसी बड़े बरतन से तेल आदि निकालने का डंडीदार पात्र, बड़ी पली।
3. 1. नीचे-ऊपर या इधर-उधर इस प्रकार हिलना कि 'फड़-फड़' की ध्वनि हो 2. शरीर के किसी हिस्से का रुक-रुक कर या अचानक चलायमान होना
4. साढ़े चार गुना करते हुए पढ़ा जाने वाला पहाड़ा।
6. सेवा से अवकाश प्राप्त।
7. 1. अच्छी तरह दहन, अच्छी तरह जलना या जलाना 2. जलन, दाह 3. ईर्ष्या, डाह 4. आहत करना 5. निंदा करना 6. श्मशान।



वर्ग पहेली -84 का हल

■	1 आ	■	2 कू	■	■	3 मे
4 फ़े	लो	शि	प	■	■	ह
■	ड़	■	मं	■	5 चु	र
■	न	■	डू	■	■	बा
■	■	6 ने	क	च	7 ल	न
8 पौ	■	■	ता	■	ति	■
9 आ	रा	म	■	10 म	का	म

सुडोकू -164

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

					1		3	
		4						
				7				
								1
2								
					2			
			7					
							6	
	5							

सुडोकू -163 का हल

9	7	1	2	3	4	8	5	6
6	3	5	1	9	8	2	4	7
2	8	4	6	5	7	9	3	1
1	2	3	4	6	9	5	7	8
4	9	7	5	8	1	6	2	3
8	5	6	3	7	2	1	9	4
7	1	2	9	4	6	3	8	5
5	6	8	7	2	3	4	1	9
3	4	9	8	1	5	7	6	2

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 30 मई गुरुवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-सप्तमी 11 .43 तक तत्पश्चात अष्टमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-दक्षिण। **ऋतु**-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुम्भ।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-धनिष्ठा 07 .31 तक तत्पश्चात शतभिषा।

मेष — आज आपके लिए समय अनुकूलता भरा रहेगा। विदेश यात्रा की इच्छा रख रहे लोगों की आकान्क्षा पूरी हो सकती है। वैवाहिक जीवन के लिए आपको काफी समय निकालना होगा। ऐश्वर्य के संसाधनों पर धन खर्च कर सकते हैं। अपने सिद्धान्तों के साथ समझौता न करें।

वृष — आज व्यवसाय में आप काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। आपकी आय में अचानक वृद्धि होने के योग बन रहे हैं। प्रेम संबंधों को लेकर ज्यादा भावुक होना उचित नहीं है। मित्रों के साथ अच्छा समय बिता सकते हैं। अपनी आत्मप्रशन्सा करने से आपको बचना चाहिए।

मिथुन — आज कार्यक्षेत्र में कई नकारात्मक लोगों को झेलना पड़ सकता है। वैवाहिक जीवन से जुड़े मामलों में बाहर वाले लोगों की राय न लें। प्रतिष्ठित लोगों को अपने मान-सम्मान के खोने का भय रहेगा। दिनचर्या का क्रम बिगड़ सकता है।

कर्क — आज आप कुछ तनाव में हो सकते हैं। बड़े अधिकारियों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। विवादों से आपको पूरी तरह दूरी बनाकर रखना होगा। यदि किसी रोग से पीड़ित हैं तो दवाइयों का विशेष ध्यान रखें। बजट से अधिक धन खर्च करना हानिकारक हो सकता है।

सिंह — आज सामाजिक कार्यक्रमों में आप काफी व्यस्त हो सकते हैं। ससुराल पक्ष के लोगों से मिलना हो सकता है। किसी के भी बारे में नकारात्मक राय न रखें। इससे आपके विषय में भी लोग गलत राय बना सकते हैं। जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करें।

कन्या — आज आप कई सारे कार्यों में एक साथ उलझ सकते हैं। अपनी सीमा से ज्यादा काम न करें। व्यवसाय को लेकर लुभावने अवसर मिलने के योग बन रहे हैं। कानूनी मामलों में लापरवाही महंगी पड़ सकती है। जीवनसाथी के प्रति प्रेम भाव बढ़ेगा।

तुला — आज आप अपने विरोधियों के ऊपर काफी नाराज रहेंगे। विद्यार्थी पढ़ाई को लेकर लापरवाह हो सकते है। भावुक होकर कोई भी निर्णय न लें। कला से जुड़े लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। लोग आपकी भावनाओं का शायद मान न रखें।

वृश्चिक — आज आप भविष्य को लेकर काफी चिन्तित हो सकते हैं, लेकिन इसके बावजूद आप पीछे नहीं हटेंगे। आप अपनी परिस्थितियों को लेकर उदास हो सकते हैं। लोग आपकी बातों का गलत मतलब निकालने का प्रयास करेंगे।

धनु — आज आपकी बातों से लोग काफी प्रभावित रहेंगे, लेकिन इसका आपको गलत लाभ नहीं उठाना चाहिए। भाई-बहनों को लेकर आप काफी परेशान हो सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों से आपकी मित्रता होगी। किसी वेबसीरीज या सिनेमा का आनन्द उठा सकते हैं।

मकर — आज आप धन को लेकर कुछ परेशान हो सकते हैं। उत्तम भोजन का आनन्द लेंगे। इन्टरव्यू आदि में जा रहे हैं तो आपको झूठ बोलने से बचना चाहिए। शरीर में दर्द की शिकायत हो सकती है। यदि संभव हो तो आज कोई महत्वपूर्ण निर्णय न लें।

कुंभ — आज लोग आपकी बातों से काफी प्रभावित रहेंगे। किन्तु किसी से अनावश्यक चर्चा में समय बर्बाद न करें। आपके गुप्त शत्रु आज सक्रिय हो सकते हैं। ऐसे में कार्यक्षेत्र में आपको अपनी गुप्त बातें लोगों से शेयर नहीं करनी चाहिये। नशे की सामग्रियों का उपभोग न करें।

मीन — आज आप किसी बात को लेकर निराश हो सकते हैं। शेयर मार्केट में सम्भलकर निवश करें। आपका धन आज फंस सकता है। वैवाहिक जीवन में कुछ अशान्ति रहेगी। फिलहाल यथास्थिति में बदलाव करने का विशेष प्रयास न करें।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
रेस 3
सुबह : 11.50
खलनायक
रात : 09 .54

&pictures
दंबग 2
सुबह : 11.02
नोटबुक
रात : 08 .00

SONY PIX
द मास्क
दोपहर : 12 .42
जस्टिस लीग
शाम : 06 .54

ZEE CINEMA
घायल
सुबह : 07 .20
मिस्टर एंड मिसेज खिलाड़ी
शाम : 06 .00

colors CINEPLEX
फिर हेरा फेरी
सुबह : 08 .06
दिवाने हुए पागल
शाम : 05 .58

आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर्स पर रात : 08 .00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

लड़की (टीटी)-अमृतसर जाने वाली गाड़ी कब आएंगी?
टीटी-6 बजे
लड़की-और लोकल?
टीटी-09 बजे
लड़की तो फिर मालगाड़ी
टीटी-अरे,क्यों परेशान कर रह हो,
लड़की-बताओ ना, प्लीज
टीटी-बाबा 1 बजे आएगी।
पर आपको कहां जाना है?
लड़की-कही नहीं सर जी,
बस पटरी पर लेट कर एक सेल्फी लेनी थी।
टीटी बेहोश...।

न विश्चसेदविश्चस्ते विश्चस्ते नातिविश्चसेत्।
विश्चासाद् भयमुत्पन्न मुलान्यपि निकृन्तति ॥

जो व्यक्ति भरोसे के लायक नहीं है ,उस पर तो भरोसा न ही करें ,लेकिन जो बहुत भरोसेमंद है, उस पर भी अंधे होकर भरोसा न करें , क्योंकि जब ऐसे लोग भरोसा तोड़ते हैं तो बड़ा अनर्थ होता है।

संपादकीय

घटता मत प्रतिशत

आम चुनाव 2024 समाप्ति की ओर हैं। केवल एक चरण का मतदान बाकी है। अंतिम चरण का मतदान 1 जून को होगा और परिणाम 4 जून को आने हैं। जनादेश का विश्लेषण तो उसके बाद ही किया जा सकता है। परंतु चुनाव में देश भर में मतदाताओं की भागीदारी से पता चलता है कि 2019 और यहां तक कि 2014 की तुलना में चुनावों के मतदान में महत्वपूर्ण गिरावट आई है। मतदाताओं की उदासीनता हमारी व्यवस्था में गहरी अस्वस्थता का लक्षण है। याद रखना चाहिए कि मतदान न केवल हमारा अधिकार है, बल्कि हमारी जिम्मेदारी भी है। इस बार चुनाव की बुनियादी चिंता यह रही कि शहरी मतदाता अपेक्षाकृत उदासीन रहा। उसने मतदान के प्रति दायित्व और मताधिकार के महत्व को कमतर आंका, नतीजतन मतदान के शुरुआती आंकड़े निराश करते रहे। लंबे समय तक मतदाताओं की उदासीनता लोकतांत्रिक प्रक्रिया को ही कमजोर कर सकती है। दरअसल मुंबई से लखनऊ तक का चुनाव शहरी उदासीनता का प्रतीक रहा है। बेशक यह झुलसाती, चिलचिलाती गर्मी और लू का मौसम है। कई जगहों पर 44-45 डिग्री तक तापमान रिकॉर्ड किया गया। गर्मी के कारण मतदान कम हुआ, यह तर्क गले नहीं उतरता। क्योंकि अक्सर आम चुनाव इन्हीं महीनों में कराए जाते रहे हैं। 2009 के आम चुनाव से पहले किए गए नवीनतम परिसीमन के बाद से इतनी बड़ी संख्या में सीटों पर मतदाताओं की भागीदारी में गिरावट अभूतपूर्व है। संख्याओं पर करीब से नजर डालने से पता चलता है कि 2014 में कुल मतदाताओं (18 वर्ष से अधिक आयु के योग्य मतदाता) में उल्लेखनीय वृद्धि हुई थी, और 2019 और 2024 में मामूली वृद्धि हुई थी। लेकिन केवल 2024 में ही मतदान प्रतिशत में नाटकीय रूप से गिरावट आई।

पूर्व, उत्तर-पूर्व और दक्षिण में कई मतदाताओं ने आमतौर पर पश्चिम, मध्य और उत्तर भारत की तुलना में अधिक मतदान किया। फिर भी, तेलंगाना और कर्नाटक जैसे कुछ अपवादों को छोड़कर, जहां मतदान प्रतिशत में 62.8 प्रतिशत से 65.7 और 68.8 प्रतिशत से 70.6 प्रतिशत की मामूली वृद्धि दर्ज की गई, 2024 में राज्यों में मतदान में सामान्य गिरावट आई है। जबकि यह समय लोकतांत्रिक प्रक्रिया के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करने का समय होता है। मतदाता की उदासीनता अन्याय और असमानता को जड़ जमाने के लिए उपजाऊ जमीन तैयार करती है। मतदान न करना भी लोकतंत्र और संविधान की अवमानना है। लिहाजा चुनाव आयोग की ओर से आवश्यक मतदान के लिए कुछ तो प्रावधान किए जाने चाहिएं।

ये कहां आ गए हम

प्रयाग पाण्डे
वरिष्ठ पत्रकार

यदि ऐतिहासिक परिपेक्ष्य में देखें तो भारत में पत्रकारिता की शुरुआत सतयुग से मानी जा सकती है। सतयुग में देवर्षि नारद जी मानव कल्याण के निमित्त समाचार संप्रेषित करते थे। कहा जाता है कि उनके द्वारा संप्रेषित समाचारों का देवलोक में व्यापक असर होता था। यह बात अलग है कि देवर्षि नारद जी को आधुनिक युग के पत्रकारों के मानिंद संवाददाता के रूप में अपनी हैसियत का गुमान होने लगा था।

हिंदी भाषी पत्रकारों के लिए आज हिंदी पत्रकारिता के जनक जुगल किशोर सुकुल जी को श्रद्धा पूर्वक नमन करने और उनके प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता प्रकट करने का दिन है। हिंदी पत्रकारिता के गौरवशाली इतिहास को याद करने का मौका है। साथ ही हिंदी पत्रकारिता के बुनियादी चरित्र और उसूलों में आए सकारात्मक एवं नकारात्मक बदलावों का विवेचन का अवसर भी। यदि ऐतिहासिक परिपेक्ष्य में देखें तो भारत में पत्रकारिता की शुरुआत सतयुग से मानी जा सकती है। सतयुग में देवर्षि नारद जी मानव कल्याण के निमित्त समाचार संप्रेषित करते थे। महाभारत काल में संजय ने पत्रकार की भूमिका निभाई। उन्होंने धृतराष्ट को महाभारत के युद्ध के मैदान का आंखों देखा हाल सुनाया था। रामायण काल में कूटनीतिक पत्रकारिता की शुरुआत हुई। उस दौर में मंथरा नामक एक पात्र ने यह भूमिका अदा की। मंथरा की कुटिलता ने भगवान श्री राम के राज्याभिषेक के हर्षोल्लास के अवसर को शोकाकुल वातावरण में तबदील कर दिया। मंथरा के भड़काऊ सूचना के कारण भगवान श्री राम को वनवास हुआ और उनके विरह में राजा दसरथ जी को अपने प्राण त्यागने पड़े थे।

प्रारंभिक काल में संत, फ़क़ीर, भाट और चारण सूचनाओं के प्रसार में सहायक होते थे। प्राचीन काल में समाज की नब्ज टटोलने के लिए भारत में राजाओं द्वारा गुप्तचरों की नियुक्तियां की जाती थीं। मुगलकाल में महत्वपूर्ण नगरों में संवाद लेखकों की नियुक्तियां की जाती थी, इन्हें 'वाकया नवीस' कहा जाता था। वाकया नवीसों के मुखिया को 'वाकया निगार' कहते थे। उस दौर में एक जगह से दूसरी जगह खबरें पहुंचाने का काम हरकारे करते थे। अकबर के शासनकाल में समाचार संकलित करने वालों को 'खबर नवीस' और समाचार लेखकों को 'वाकया नवीस' कहा जाता था। समाचारों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाने वालों को 'क़ासिद' या 'हरकारा' कहते थे।

भारत में आधुनिक पत्रकारिता के जनक जेम्स ऑगस्टन हिकी थे। 29 जनवरी,1780 को जेम्स ऑगस्टन हिकी ने कोलकाता से 'बंगाल गजट' या 'कलकत्ता जर्नल एडवाइजर' नामक समाचार -पत्र का प्रकाशन प्रारंभ किया था। 'बंगाल गजट' भारत का पहला आधुनिक समाचार-पत्र था, जो

हिंदी पत्रकारिता दिवस

कि 'हिकीज गजट' के नाम से ख्यात हुआ। जेम्स ऑगस्टन हिकी ने भारत की भावी पत्रकारिता के न्यूनतम आदर्श तय कर दिए थे। उन्होंने निर्भीक पत्रकारिता की उम्दा मिशाल पेश की। सर्वशक्तिमान साम्राज्यवादी सत्ता की तीखी आलोचना से नहीं घबराए। भारतीय भाषाओं की पत्रकारिता के जनक थे- लाला राममोहन राय। उन्होंने 4 दिसंबर 1821 को बंगला साप्ताहिक 'संवाद कौमुदी' का प्रकाशन एवं संपादन प्रारंभ किया था। लाला राममोहन राय ने 12 अप्रैल, 1822 को 'मिरातुल अखबार' नाम से फ़ारसी भाषा का एक और अखबार का प्रकाशन शुरू किया था। 1923 में भारत में उर्दू का पहला अखबार निकला, जिसका नाम 'जामे-जहांनुमा' था। मुंशी सदासुखलाल इसके संपादक और हरिहर दत्त प्रकाशक थे। 30 मई, 1826 को जुगल किशोर सुकुल ने कलकत्ता से हिंदी साप्ताहिक 'उदन्त मार्तण्ड' का प्रकाशन/ संपादन शुरू किया था। 1845 में बनारस से 'बनारस अखबार' प्रकाशित हुआ। गोविंद नाथ थत्ते इसके संपादक थे। 'बनारस अखबार' हिंदी प्रदेश से प्रकाशित होने वाला पहला हिंदी साप्ताहिक था। 1850 में 'सुधाकर' का प्रकाशन शुरू हुआ, यह हिंदी और बांग्ला दोनों भाषाओं में प्रकाशित होता था। इसी वर्ष जुगल किशोर सुकुल ने 'सामदण्ड मार्तण्ड' नाम से एक और अखबार निकाला। यह अखबार भी अधिक दिन नहीं चला। 1854 में श्याम सुंदर सेन ने कलकत्ता से 'समाचार सुधावर्षण' नामक हिंदी और बांग्ला में द्विभाषी दैनिक समाचार-पत्र का प्रकाशन शुरू किया। यह हिंदी का पहला दैनिक अखबार था। 'समाचार सुधावर्षण' 1873 तक प्रकाशित हुआ था। संयोग की बात यह है कि हिंदी पत्रकारिता की शुरुआत गैर हिंदी भाषी कलकत्ता से हुई। हिंदी भाषा का पहला दैनिक समाचार-पत्र भी कलकत्ता से ही प्रकाशित हुआ था। प्रथम स्वाधीनता संग्राम के दौरान 8 फ़रवरी, 1857 में अमीमुल्ला खां ने 'पयामे आजादी' नाम का समाचार - पत्र निकाला। यह भारत में देसी भाषा का पहला राजनीतिक समाचार-पत्र था। 1871 में अल्मोड़ा से 'अल्मोड़ा अखबार' का प्रकाशन शुरू हुआ। बुद्धिबल्लभ पंत इसके संपादक थे। 1900 में काशी से 'सरस्वती' का प्रकाशन प्रारंभ हुआ। 1903 में आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी ने 'सरस्वती' के संपादक का दायित्व संभाला। 'सरस्वती' ने सही अर्थों में आधुनिक पत्रकारिता को जन्म दिया। जब मराठा दैनिक 'केसरी' के संपादक लोकमान्य बालगंगाधर तिलक 'स्वराज हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है और हम इसको लेकर रहेंगे' के उदघोष द्वारा राजनीतिक जड़ता को तोड़कर भारतीय जनमानस को झकझोर रहे थे, ठीक उसी दौर में गणेश शंकर विद्यार्थी के संपादन में नवंबर, 1913 में कानपुर से 'प्रताप' का उदय हुआ।

स्वतंत्रता सेनानियों ने आजादी की लड़ाई में पत्रकारिता को ढाल के रूप में इस्तेमाल किया। 1907 में 'जू उन करनीन' नामक एक अखबार में संपादक की तलाश में छपे विज्ञापन के द्वारा स्वाधीनता संग्राम के दौर की पत्रकारिता के खतरों और पत्रकारों के संघर्ष, त्याग, तपश्चर्या एवं देश और देशवासियों के हितों के प्रति प्रतिबद्धता को बखूबी समझा जा सकता है। शांति भूषण भटनागर इलाहाबाद से 'स्वराज' नामक साप्ताहिक अखबार निकालते थे। उन्हें 'स्वराज' के लिए एक संपादक की आवश्यकता थी। इसके लिए उन्होंने 'जू उन करनीन' में एक विज्ञापन साया करवाया। जिसका मज़मून इस प्रकार थाः- 'एक जौं की रोटी और एक प्याला पानी, यह तनख़्वाह है,जिस पर 'स्वराज' इलाहाबाद के वास्ते एक एडिटर मतलूब है।' आजादी करीब चार दशक के बाद वैश्वीकरण और बाजारवाद का नया दौर शुरू हुआ। इससे पहले जन संचार माध्यम शिक्षा, सूचना और ज्ञान के महत्वपूर्ण माध्यम थे। पत्रकारिता का पहला और अंतिम लक्ष्य बृहत्तर समाज का हित था। संचार माध्यमों को समाज की गतिविधियों का दर्पण माना जाता था। पत्रकार, सामाजिक मूल्यों का नियामक की भूमिका में थे। पत्रकारिता को सनातन विपक्ष और समाज का सशक्त प्रवक्ता माना जाता था। सामाजिक समरसता, समानता, सद्भाव, बंधुत्व, राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति की भावनाओं का प्रसार कर समाज में वैज्ञानिक सोच का प्रचार-प्रसार करना पत्रकारिता का पेशेवराना धर्म माना जाता था। जन संचार माध्यम आम जनता की आवाज थे।

1990 के दशक में शुरू हुए वैश्वीकरण और उसके बाद आई नई संचार क्रांति ने टेलीविजन को असीमित विस्तार दिया। न्यूज चैनलों की भरमार हो गई। टीवी ने एक नई किस्म की पत्रकारिता को जन्म दिया। टीवी पत्रकारिता ने पत्रकारिता के बुनियादी चरित्र को बदल दिया है। पत्रकारिता समाजोन्मुखी से बाजारोन्मुखी हो गई। मिशन, प्रोफेशन हो गया। भाषा की मर्यादाएं भी टूट गईं। सामाजिक उत्तरदायित्वों से विमुख बाजारवाद और वैश्वीकरण के दौर की इस संवेदनहीन पत्रकारिता ने इस पेशे की विश्वसनीयता को जबरदस्त आघात पहुंचाया है। मौजूदा दौर की पत्रकारिता के मूल्य, सरोकार, पक्षधरता और वैचारिक एवं पेशेवराना निष्पक्षता पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। आज सूचनाओं का चौतरफा अंबार लगा हुआ है लेकिन इन सूचनाओं में से सत्य तथ्यों को खोजना मुश्किल होता चला जा रहा है। सूचनाओं का प्रवाह स्वार्थपरक एवं एकपक्षीय है। आधुनिक जन संचार माध्यमों से जनहित के मुद्दे नदारत होते जा रहे हैं। टीआरपी की होड़ में पत्रकारिता के आदर्शों को तिलांजलि देने की अघोषित प्रतिस्पर्धा चल रही है।

पंडित जवाहरलाल नेहरू स्वतंत्र और जनपक्षधर प्रेस के प्रबल पैरोकार थे। पंडित नेहरू ने कहा था-'मैं दबी हुई और नियंत्रित प्रेस की तुलना में स्वतंत्रता के दुरुपयोग के तमाम खतरों के बावजूद स्वतंत्र प्रेस ही देखना चाहूंगा।' छायावादी युग की प्रमुख स्तंभ कवयित्री महादेवी वर्मा जी ने पत्रकारों की भूमिका को स्पष्ट करते हुए कहा थाः- 'पत्रकारिता एक रचनाशील विधा है। इसके बगैर समाज को बदलना असंभव है। अतः पत्रकारों को अपने दायित्वों और कर्तव्यों का निर्वाह निष्ठापूर्वक करना चाहिए। क्योंकि उन्हीं के पैरों के छालों से इतिहास लिखा जाएगा।' भविष्य में जब कभी इस दौर की पत्रकारिता और पत्रकारों की भूमिका का इतिहास लिखा जाएगा, वह निश्चित ही कवियत्री महादेवी वर्मा की अपेक्षाओं के बिल्कुल उलट होगा।

प्रसंगवश

चुनावी अतिश्योक्तियां

हमारे नेतागण भी खूब साहित्यकार हैं। वे पिंगलशास्त्र का सम्यक ज्ञान भले ही न रखते हों किंतु चुनावी सभाओं में अलंकारिक भाषा जरूर प्रयोग करते हैं। उनके प्रयुक्त अलंकारों में भ्रम, संदेह, विरोधाभास और अतिश्योक्ति प्रमुख होते हैं। यहां हम अतिश्योक्ति अलंकार की ही बात करते हैं। इसका प्रयोग तो वे 'गप' की सीमा तक करते हैं। अब देखिए प्रधानमंत्री ने पटियाला की एक रैली में कहा है कि यदि 1971 के बांग्लादेश वाले युद्ध के समय वे पीएम होते, तो आत्म समर्पण करने वाले 93000 युद्धबंदियों को तब देते जब सिख तीर्थ करतारपुर साहब, जो पाकिस्तान में है, को वापस न ले लेते।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

बताते चलें कि पंजाब की तेरह सीटों का चुनाव 1 जून को होना है। अतः सिख भाइयों को खुश करने को एक डायलाग ही तो मारना है, तो मार दो। वैसे प्रधानमंत्री क्या यह नहीं जानते कि युद्ध बंदियों के बारे में 'जेनेवा कनवेंशन' एक अंतर्राष्ट्रीय समझौता है, जो हर देश को मानना होता है। यह 1949 में अपडेट किया गया था। इसके अंतर्गत युद्ध समाप्त हो जाने पर सामान्यतया बंदी छोड़े ही जाते हैं और जब तक वे बंदी रहते हैं तब तक सही भोजन, चिकित्सा, रखरखाव और उचित सम्मान भी सुनिश्चित करना होता है। तो क्या तत्कालीन सरकार 93000 शत्रुओं की अनिश्चित काल तक खातिर करती और इस तरह देश की आर्थिकी का भट्टा बैठालती ! कोई जरूरी था कि पाकिस्तान सरकार करतारपुर वापसी की बात मान लेती ? क्या बांग्लादेश युद्ध करतारपुर साहब की वजह से हुआ था ? प्रधानमंत्री को पाकिस्तान के दो टुकड़े करने के इंदिरा गांधी की इस बड़ी उपलब्धि की प्रशंसा में भी दो शब्द बोलने चाहिए थे। कुछ बड़े भाजपाई नेता इधर पाक अधिकृत कश्मीर को मोदी के अगले कार्यकाल में लेने की गर्वोक्तयां कर रहे हैं। हालांकि वे यह नहीं बताते कि इन बीते दस सालों में इसे क्यों नहीं ले लिया ? इसी तरह करतारपुर साहब को सर्जिकल स्टाइक की तर्ज पर अब तक अपने देश में क्यों नहीं मिला लिया ? दस साल तो काफी होते हैं ? क्या ये अतिरंजित और लोक लुभावन हवा हवाई, अव्यावहारिक बाते केवल अगले पांच साल का जनादेश पाने के लिए की जा रही हैं ?

जहर होता जीवनदायी जल


पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

यह भयावह आंकड़े सरकार के ही हैं कि भारत में करीब 1.4 लाख बच्चे हर साल गंदे पानी से उपजी बीमारियों के चलते मर जाते हैं।

गर्मी में पानी धरती के लिए प्राण है लेकिन यदि जल दूषित हो तो यह प्राण हर भी सकता है। हमारे विकास के बड़े बड़े दावे कहीं जल जैसी मूलभूत सुविधा के सामने या कर ठिठक जाते हैं। बहुत सी सरकारी योजनाएं हर घर स्वच्छ जल के वायदे करती रही हैं लेकिन आपूर्ति पर केंद्रित ये योजनाएं हर समय सुरक्षित जल-स्रोत विकसित करने में असफल ही रही हैं।

कितना दुखद है कि पांच साल पहले राजधानी के करीबी पश्चिम उत्तर प्रदेश के सात जिलों में पीने के पानी से कैंसर से मौत का मसला जब गरमाया तो एनजीटी में प्रस्तुत रिपोर्ट के मुताबिक इसका कारण हैंडपंप का पानी पाया गया। अक्तूबर 2016 में ही एनजीटी ने नदी के किनारे के हजारों हैंडपंप बंद कर गांवों में पानी की वैकल्पिक व्यवस्था का आदेश दिए थे। कुछ हैंडपंप तो बंद भी हुए, कुछ पर लाल निशान की औपचारिकता हुई लेकिन सुरक्षित जल का विकल्प ना मिलने से मजबूर ग्रामीण वही जहर पी रहे हैं।

अतीत में झांकें तो केंद्र सरकार की कई योजनाएं, दावे और नारे फाईलों में तैरते मिलेंगे, जिनमें भारत के हर एक नागरिक को सुरक्षित पर्याप्त जल मुहैया करवाने के सपने थे। इन पर अरबों खर्च भी हुए लेकिन आज भी कोई करीब 3.77 करोड़ लोग हर साल दूषित पानी के इस्तेमाल से बीमार पड़ते हैं। लगभग 15 लाख बच्चे दस्त से अकाल मौत मरते हैं। अंदाजा है कि पीने के पानी के कारण बीमार होने वालों से 7.3 करोड़ कार्य-दिवस बर्बाद होते हैं। इन सबसे भारतीय अर्थव्यवस्था को हर साल करीब 39 अरब रूपए का नुकसान होता है।

हर घर जल की केंद्र की योजना इस बात में तो सफल रही है कि गांव-गांव में हर घर तक पाईप बिछ गए, लेकिन आज भी इन पाईपों में आने वाला 75 प्रतिषत जल भूजल है। गौरतलब है कि ग्रामीण भारत की 85 फीसदी आबादी अपनी पानी की जरूरतों के लिए भूजल पर निर्भर है। एक तो भूजल का स्तर लगातार गहराई में जा रहा है, दूसरा भूजल एक ऐसा संसाधन है जो यदि दूषित हो जाए तो उसका निदान बहुत कठिन होता है। यह संसद में बताया गया है कि करीब 6.6 करोड़ लोग अत्यधिक फ्लोराइड वाले पानी के घातक नतीजों से जूझ रहे हैं, इन्हें दांत खराब होने, हाथ पैरे टेड़े होने जैसे रोग झेलने पड़ रहे हैं। जबकि करीब एक करोड़ लोग अत्यधिक आर्सेनिक वाले पानी के शिकार हैं। कई जगहों पर पानी में लोहे (आयरन) की ज्यादा मात्रा भी बड़ी परेशानी का सबब है।

नेशनल सैंपल सर्वे आफिस(एनएसएसओ) की 76वीं रिपोर्ट बताती है कि देश में 82 करोड़ लोगों को उनकी जरूरत के मुताबिक पानी मिल नहीं पा रहा है। देश के महज 21.4 फीसदी लोगों को ही घर तक सुरक्षित जल उपलब्ध है। सबसे दुखद है कि नदी-तालाब जैसे भूतल जल का 70 प्रतिशत बुरी तरह प्रदूशित है। यह सरकार स्वीकार रही है कि 78 फीसदी ग्रामीण और 59 प्रतिषत शहरी घरों तक स्वच्छ जल उपलब्ध नहीं हैं। यह भी विडंबना है कि अब तक हर एक को पानी पहुंचाने की परियोजनाओं पर 89,956 करोड़ रुपये से अधिक खर्च होने के बावजूद, सरकार परियोजना के लाभों को प्राप्त करने में विफल रही है। आज लगभग 19,000 गांव ऐसे भी हैं जहां साफ पीने के पानी का कोई नियमित साधन नहीं है। पूरी दुनिया में, खासकर विकासशील देशों जलजनित रोग एक बड़ी चुनौती हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और यूनिसेफ का अनुमान है कि अकेले भारत में हर रोज 3000 से अधिक लोग दूषित पानी से उपजने वाली बीमारियों का शिकार हो कर जान गंवा रहे हैं। गंदा पानी पीने से दस्त और आंत्रशोथ, पेट में दर्द और ऐंठन, टाइफाइड, हैज़ा, हेपेटाइटिस जैसे रोग अनजाने में शरीर में घर बना लेते हैं।

यह भयावह आंकड़े सरकार के ही हैं कि भारत में करीब 1.4 लाख बच्चे हर साल गंदे पानी से उपजी बीमारियों के चलते मर जाते हैं। देश के 639 में से 158 जिलों के कई हिस्सों में भूजल खारा हो चुका है और उनमें प्रदूषण का स्तर सरकारी सुरक्षा मानकों को पार कर गया है। हमारे देश में ग्रामीण इलाकों में रहने वाले तकरीब 6.3 करोड़ लोगों को पीने का साफ पानी तक मयस्सर नहीं है। इसके कारण हैजा, मलेरिया, डेंगू, ट्रेकोमा जैसी बीमारियों के साथ-साथ कुपोषण के मामले भी बढ़ रहे हैं। देश के पेय जल से जहर के प्रभाव को शुन्य करने के लिए जरूरी है कि पानी के लिए भूजल पर निर्भरता कम हो और नदी-तालाब आदि सतही जल में गंदगी मिलने से रोका जाए।

सोशल फोरम

मानव जीवन की बेहतरी का मूल्य

भारतीय जनसामान्य ने कभी वैसा दौर नहीं देखा जैसा यूरोपीय राष्ट्रों के जनसामान्य ने दोनों विश्वयुद्धों, ख़ासकर दूसरे विश्वयुद्ध के दौर में देखा और झेला।

इतिहास में कोई भी घटित विच्छिन्न और स्वतंत्र इकाई नहीं होता। उसके पीछे क्रिया-प्रतिक्रिया की एक लंबी और प्रायः अगोचर श्रृंखला अंधेरे में अपना जाल बुनती रहती है। व्यक्तिगत की तरह सामूहिक जीवन भी अतियों के साथ दूर तक निभा नहीं पाता। लेकिन हर अति में एक त्वरा, एक चमक होती है जो आंखों में ऐसी धुंध भर देती है कि वे समय के पार देखने में अक्षम हो जाती हैं। ब्रिटेन में दीर्घकालीन गृहयुद्ध (1642-1651), जिस दौरान राजा चार्ल्स-प्रथम का सर काटा गया (30 जनवरी 1649), के बाद ही जनतंत्र अपनी जड़ें जमाने में सफल हुआ। किंतु राजतंत्र पर उसकी अंतिम विजय और पूर्ण प्रतिष्ठा महिमामय क्रांति (गौरवशाली क्रांति 1688) के बाद ही संभव हुई।


कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

अमेरिका में अश्वेतों को ग़ुलामी से मुक्ति उत्तरी तथा दक्षिणी राज्यों के बीच एक लंबे, संहारक गृहयुद्ध (1861-65) के बाद ही मिल सकी, जिसके अंतिम दौर में मानवतावादी राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन को स्वयं की आहुति देनी पड़ी (14 अप्रैल 1865)। यूरोप प्रथम विश्वयुद्ध और द्वितीय विश्वयुद्ध की विभीषिका से गुज़रने के बाद ही मुक्त आकाश में सांस ले सका।

भारतीय जनसामान्य ने कभी वैसा दौर नहीं देखा जैसा यूरोपीय राष्ट्रों के जनसामान्य ने दोनों विश्वयुद्धों, ख़ासकर दूसरे विश्वयुद्ध के दौर में देखा और झेला। इतिहास में हर बेहतरी अपना मूल्य वसूलती रही है। उसके सामने भारत में वर्तमान की चपड़चूं कुछ नहीं है। विश्वास कीजिए, 4 जून को जो भी होगा, हमारी बेहतरी की ओर ही ले जाएगा।

-फेसबुक वॉल से

जोश परिस्थितिजन्य होता है

'उदन्त मार्तंड' इसलिए बंद हुआ कि उसे चलाने लायक संसाधन पं जुगल किशोर शुक्ल के पास नहीं थे। आज बहुत से लोग पैसा लगा रहे हैं। यह बड़ा कारोबार बन गया है।

गुरुवार को हिंदी पत्रकारिता दिवस है। 198 साल हो गए। पहली नजर में मुझे लगता है कि हिंदी पत्रकार के मन में अपने कर्म के प्रति जोश कम है। पर यह मैं अपने नजरिए से सोचता हूं। गहराई से विचार करने पर यह भी समझ में आता है कि युवा पत्रकार के जोश में कमी नहीं है, उसके हालात में फर्क है। जोश परिस्थितिजन्य होता है। व्यावसायिक-दृष्टि से उसके सामने अस्थिरता और असुरक्षा है। उसे न तो बौद्धिक-संरक्षण प्राप्त है और न आर्थिक-सुरक्षा। समय और तकनीक के साथ चीजें बदल रहीं हैं। पर जिस वजह से पत्रकारिता का कर्म विकसित हुआ वे खत्म नहीं हुईं हैं। पाठक को जानकारी देने और विचार-विनिमय को बढ़ाने की जरूरत आज, पहले की तुलना में कहीं ज्यादा है। पत्रकारिता और लोकतंत्र का विकास, साथ-साथ हुआ है।

प्रमोद जौशी
वरिष्ठ पत्रकार

'उदन्त मार्तंड' इसलिए बंद हुआ कि उसे चलाने लायक संसाधन पं जुगल किशोर शुक्ल के पास नहीं थे। आज बहुत से लोग पैसा लगा रहे हैं। यह बड़ा कारोबार बन गया है। सूचनाओं का भंडार भी काफी बड़ा हो गया है। एक दौर था जब सूचनाएं नहीं थीं। आज इतनी हैं कि वे शोर की शक्ल ले रही हैं। फिर भी अफवाहें हैं। इसका मतलब है कि पत्रकारिता अपनी जिम्मेदारी पूरी करने में पूरी तरह कामयाब नहीं है। मैं उसे नाकामयाब भी नहीं कहूंगा, क्योंकि जो जानकारी और विचार उपलब्ध हैं वे इसी मीडिया से निकले हैं। आज शोर के बीच संयत और वस्तुनिष्ठ सूचना-विचार की जरूरत है। यह ज्यादा बड़ी चुनौती है। जीवन में चुनौतियां हमेशा बनी रहेंगी। हमें चुनौतियों की तरफ भी ध्यान देना चाहिए।

बाबा साहब के धम्म दीक्षा गुरु चंद्रमणि

बौद्ध अनुयायी कुशीनगर के भिक्षु चंद्रमणि स्थविर को बाबा साहेब के धम्म दीक्षा गुरु के रूप में जानते हैं। 14 अक्टूबर 1956 को जब डॉ.आंबेडकर हिंदू धर्म को त्याग बुद्ध की शरण में गए तब के वयोवृद्ध बौद्ध भिक्षु चंद्रमणि से ही आंबेडकर धम्म दीक्षा ली थी, भिक्खू चंद्रमणि स्थविर का जन्म ज्येष्ठ माह की छठी को 25 मई 1876 को पौ पड़ ग्वाड़ गांव वर्मा में वैशाख पूर्णिमा के छठे दिन हुआ था। इसीलिए उनकी जयंती वैशाख बुद्ध पूर्णिमा के छठे दिन मनाई जाती है। पिता ऊ चौमो माता अवाथ थीं। जिन्होंने अपने बालक का नाम सावाउं रखा था। चाचा भिक्खू चंदिमा के पास अध्ययन हेतु चले गए। उन्होंने 1888 में श्रामफेर की दीक्षा ली परम्परानुसार श्रामनेर चंदा रखा गया।

श्रीलंका के अनारगिक धम्मपाल अपने भिक्खू साथियों के साथ 1891 में भारत आए थे और ऐतिहासिक बौद्ध स्थलों की यात्राएं कीं। पवित्र स्थलों की दुर्दशा देखकर बहुत दुखी हुए। अधिकतर बौद्ध स्थल ब्राह्मण पुरोहितों के कब्जे में थे। तब उन्होंने बौद्ध भिक्खुओं की कमी दूर करने को भारत के पवित्र बौद्ध स्थलों की दुर्दशा का मार्मिक उल्लेख करते हुए पड़ोसी बौद्ध देशों के भिक्खु संगठनों से अपने देश के युवा साहसी और कर्मठ भिक्खुओं को भारत भेजने का आह्वान किया। अनारगिक धम्मपाल की पुकार पर बर्मा के महान भिक्खू ऊ चंदिमा महास्थविर ने तीन श्रामनेर चंदा, सुरिय, और सदाऊ को अध्ययन और बौद्ध धम्म के पुनरोत्थान तथा प्रसार हेतु भारत भेजा। इस तरह सदाऊ भारत आए। श्रामनेर चंदा को जानकारी मिली कुशीनगर में 1876 में तथागत गौतम बुद्ध की निर्वाण की मुद्रा में एक विशाल प्रतिमा खोजी गई थी।

सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

गौतम बुद्ध की महापरिनिर्वाण वाली मुद्रा की प्रतिमा ब्राहमणों के चंगुल से न निकलते देख भिक्खू चन्द्रमणि अकेले ही इंग्लैंड के अधिकारियों से मिलने 1904 में सभी प्रमाणपत्र लेकर इंग्लैंड जा पहुंचे और संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर भगवान बुद्ध की प्राचीन प्रतिमा पर बौद्ध अनुयायियों के एक मात्र अधिकार को प्रमाणित कर उक्त प्रतिमा बौद्धों के अधिकार देने के पक्ष आदेश जारी कराकर वापिस लौटे। आज भी वह प्रतिमा कुशीनगर के विहार में लोगों के दर्शनार्थ सरंक्षित है। चंद्रमणि स्थविर ने जनता में बौद्ध धम्म के साथ शिक्षा के प्रचार व प्रसार में बहुत योगदान दिया उन्होंने कुशीनगर में महापरिनिर्वाण स्तूप, मठाकुवर मंदिर, सीमा बुद्ध मंदिर, श्रावस्ती में वर्मी बुद्ध बिहार, लुम्बिनी में बुद्ध विहार, सारनाथ में वर्मी धर्मशाला अनेक बौद्ध स्थल के साथ, स्कूल व जनसुविधाओं के लिए निर्माण कराए आयुर्वेद चिकित्सा व ज्योतिष के जानकार लोगों को निशुल्क सेवा करते रहे।

इतना बड़ा इतिहास समेटे महास्थविर चंद्रमणि को अपने आपको चमकाने की इच्छा नहीं थी। बरेली में डेलापीर गुरुजी मार्बल वाली गली में एक बहुत बड़ा बुद्ध विहार का निर्माण हुआ है, जिसका नाम आपके ही नाम से चंद्रमणि बुद्ध विहार है। इनके नामकरण में इनसे ही जुड़ी एक कड़ी है बुद्ध विहार के पहले भंते व संस्थापक 1972 में दीपांकर जी थे, जो कि भंते ज्ञानेश्वर जी के सानिध्य में रहे ज्ञानेश्वर ने चंद्रमणि के साथ लोककल्याण व बौद्ध पथ में काम किया था। बरेली के चंद्रमणि बौद्ध विहार बहुत विशाल भगवान गौतम बुद्ध की प्रतिमा स्थापित करने के लिए बिल्डिंग का निर्माण हो रहा है, जो कि भारत मे दूसरे नंबर बनने जा रही है। अभी चंद्रमणि बुद्ध विहार के अध्यक्ष जागन सिंह राकेश और उनके साथी जगनलाल भारती, डॉ.जीपी प्रेमी, ओमप्रकाश बौद्ध, मास्टर हरपाल, नेतराम सागर, दीनदयाल गौतम बुद्ध विहार के निर्माण में जुटे हैं।

पहाड़ों पर बढ़ रहा दबाव

पर्यटकों के साथ पहुंच रहा तरह-तरह का कचरा नदियों, तालों और पर्यावरण को प्रदूषित कर रहा है, जो निसंदेह चिंता का कारण है।

ज्यों ज्यों मैदानों में आसमान से आग बरसनी शुरू हुई है और तापमान बढ़ रहा है पर्यटकों की संख्या पर उतनी ही तेजी से बढ़ रही है। समुचित व्यवस्था न होने और स्थान की कमी से दुश्वारियां भी बढ़ रही है, ट्रैफिक समस्या से तमाम व्यवस्थाएं ध्वस्त हो चुकी है। पर्यटकों के साथ पहुंच रहा तरह तरह का कचरा नदियों, तालों और पर्यावरण को प्रदूषित कर रहा है, जो निसंदेह चिंता का कारण है। शायद इस विषय में लोग सोच ही नहीं रहे। ज्यादा पर्यटकों से पहाड़ों के होटल मालिक और व्यापारी तो गदगद है क्योंकि यही सीजन उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने वाला होता है, लेकिन सारी व्यवस्थाएं ध्वस्त होने से स्थानीय लोग परेशानी उठाने को मजबूर दिख रहे हैं। यह कहना गलत न होगा कि शायद पहाड़ इसके लिए तैयार नहीं है। मैदानी इलाकों के मुकाबले पहाड़ों का इको सिस्टम नाजुक होने की वजह से सालाना बढ़ती पर्यटकों की आमद के बहुत दुष्परिणाम वर्तमान में दिखने लगे हैं। यह अनुमान लगाना मुश्किल नहीं है कि निकट भविष्य में यह समस्या विकराल रूप लेने की ओर बढ़ रही है जिसका समाधान समय रहते निकालना बहुत जरूरी है।

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

वीकेंड पर पहुंचने वाले पर्यटकों से मुख्य सड़कों पर भयकर जाम की स्थिति देखने को मिल रही है। लंबे लंबे जाम से घंटो लाइन में पर्यटक फसे रहते हैं यह सिलसिला जारी है। इससे ध्वनि प्रदूषण और वायु प्रदूषण तेजी से बढ़ रहा है। यह भी एक गंभीर समस्या है जो लगातार बढ़ रही हैं। क्या समस्या का कोई हल समय रहते निकल सकेगा।

भाजपा ने हर वर्ग को ठगने का काम किया

बरकछां कलां में बोले अखिलेश यादव, पश्चिम से पूरब तक हार रही है भाजपा

संवाददाता, मिर्जापुर।

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बुधवार को मिर्जापुर के बरकछां कलां में इंडिया गठबंधन सपा प्रत्याशी रमेश चन्द बिन्द के समर्थन में चुनावी जनसभा की।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने आयोजित जनसभा में कहा है कि भाजपा सरकार के खिलाफ जनता की नाराजगी सड़कों पर दिख रही है। भाजपा ने दस सालों में सभी के साथ धोखा किया है। हर वर्ग के साथ भेदभाव किया है। भाजपा संविधान बदलना चाहती है। यही संविधान न्याय, अधिकार, सम्मान, नौकरी दिलाता है। भेदभाव खत्म करता है। सपा प्रमुख ने कहा कि भाजपा की नीयत ठीक नहीं है। इस लड़ाई में एक तरफ संविधान बचाने के लिए हम इंडिया गठबंधन के लोग है। वहीं, दूसरी तरफ संविधान बदलने की बात करने वाले भाजपा के लोग है। इस लोकसभा चुनाव में जनता संविधान और लोकतंत्र बचाने के लिए इंडिया गठबंधन के साथ खड़ी हो गयी है। पहले चरण के चुनाव से ही जनता ने भाजपा के सफाये का मन बना लिया था। जैसे-जैसे चुनाव आगे बढ़ा जनता ने भाजपा का सफाया कर दिया है। सातवें चरण में भाजपा पूरी तरह साफ हो जाएगी। उन्होंने मिर्जापुर से इण्डिया गठबंधन सपा प्रत्याशी रमेश चन्द बिन्द को भारी मतों से जिताने की अपील की। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी व संचालन जिला महासचिव आदर्श यादव ने किया। इस अवसर पर समाजवादी, कांग्रेस एवं आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। चुनावी जनसभा को प्रत्याशी रमेश चन्द बिन्द, जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी, कैलाश चैरसिया, मनोज पारस, ललितेशपति त्रिपाठी, लालचन्द कोल, अशोक यादव, कीर्ति कोल, दिनेश यादव, रामराज पटेल, राजेश भारती, मिर्जापुर लोकसभा चुनाव प्रभारी अभय यादव, रामजी मौर्या, संजय यादव, परवीन बानो, अतीक खान, सत्यप्रकाश यादव, मुमताज अहमद आदि ने सम्बोधित किया।

बरकछां कलां में प्रत्याशी रमेश चन्द बिन्द के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करते सपा प्रमुख अखिलेश यादव।

भाजपा ने किसानों को दिया धोखा

सपा प्रमुख ने कहा कि भाजपा सरकार ने किसान, नौजवान सभी को ठगने का काम किया। धोखा दिया। किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया। आय दोगनी नहीं हुई लेकिन खेती का लागत मूल्य बढ़ा दिया। खेती सम्बन्धित जरूरत का हर सामान महंगा कर दिया। कीटनाशक दवा डीजल, पेट्रोल, खाद सब महंगा कर दिया। गन्ने का किसान पूरी लागत लगा रहा है, लेकिन कीमत नहीं मिली। अन्य फसलों की भी कीमत नहीं मिली। उत्तर प्रदेश में गन्ने की कीमत दूसरे प्रदेशों से कम है। इंडिया गठबंधन सरकार किसानों के कर्ज माफ करेगी, साथ ही फसलों की सही कीमत दिलाएगी। जिससे किसानों के घर खुशहाली आये।

सरकार बनने पर खाली पदों को भरेंगे

इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर किसानों की मदद की जाएगी। साथ ही नौजवानों की सरकारी विभागों में खाली पड़े लाखो पदों पर भर्ती करेगी। नौजवानों को नौकरी और रोजगार देगी। इंडिया गठबंधन की सरकार गरीबों को अच्छी गुणवत्ता का राशन देगी। राशन दोगुना दिया जाएगा। पौष्टिक पैकेट आटा और मोबाइल चलाने के लिए फ्री इंटरनेट डाटा दिया जाएगा। भाजपा पश्चिम से लेकर पूरब तक सब जगह हार रही है। भाजपा नेताओं की भाषा लड़खड़ा रही है। उन्होंने कहा कि हमें इस बात का दु:ख है। मुख्यमंत्री पेपर लीक पर कुछ नहीं बोलते है। इनकी सरकार ने लाखों नौजवानों का भविष्य बर्बाद कर दिया। इनका बुल्डोजर केवल गरीबों और असहायों पर चलता है। पेपर लीक कराने वालों पर नहीं चलता है। बुलडोजर गायब है। जो 400 पार करने की बात कर रहे है वे 400 हार रहे है। 140 करोड़ की जनता इन्हे 143 पर ही सिमट रही है।

अभय यादव का जलवा रहा कायम

लोकसभा चुनाव के प्रभारी अभय यादव का जलवा सभा स्थल पर कायम रहा। बताते चले कि अभय यादव को चुनाव को लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पूरी जिम्मेदारी दे रखी थी। वह पलक झपकते ही कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों की हर बात को बखूबी सुनकर हल कर देते थे। उनके इस मुरीद की जनपद की जनता कायल रही, जिसकी चर्चा जोरो पर है। लोगों का कहना था कि आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव में किसी भी विधानसभा से चुनाव जनपद से चुनाव लड़ सकते है।

कचेहरी मे तैनात दरोगा की हीट स्ट्रोक से मौत

प्रयागराज। अमृत विचार : कचहरी में ड्यूटी पर आए दरोगा रणकेंद्र सिंह (56) से बुधवार को मौत हो गई। घटना के बाद कचेहरी मे हड़कंप मच गया। आनन फानन में सूचना स्थानीय पुलिस को दी। जिसके बाद दरोगा को अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दरोगा के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और परिजनों को खबफ कर दी है। जानकारी के मुताबिक मूलरूप से झांसी के उल्दन थाना क्षेत्र के उल्दन गांव के रहने वाले रणकेंद्र सिंह 1987 में पुलिस विभाग में भर्ती हुए थे। कुछ समय पहले उनका प्रमोशन उप निरीक्षक पद पर हो गया था। वह 19 जनवरी 2023 से धूमनगंज थाने में तैनात थे। इन दिनों उनकी ड्यूटी न्यायालय की सुरक्षा में चल रही थी। बुधवार को वह थाने से कचहरी में ड्यूटी पर पहुंचे थे। जहां सुबह करीब नौ बजे वह अचानक गश खाकर जमीन पर गिर पड़े। आनन-फानन उन्हें बेली अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वह झूंसी में परिवार के साथ रहते थे। घटना की सूचना पाकर परिवार के लोग पहुंच गए। उनकी मौत का कारण हीट स्ट्रोक बताया जा रहा है। फिलहाल मौत के सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद सामने आ सकेगा।

सार-संक्षेप

बाइक चलाकर घर पहुंचे अधिवक्ता को आया चक्कर, मौत

संतोष कुमार गुप्ता (फाइल फोटो)

संवाददाता, रानीगंज प्रतापगढ़ अमृत विचार : रानीगंज क्षेत्र के जयरामपुर दुर्गागंज के 50 वर्षीय सन्तोष कुमार गुप्ता ग्राम प्रधान थे। वह रानीगंज तहसील में वकालत भी करते थे। बुधवार को बाइक से वह जिला मुख्यलय गए थे। वहां से शाम करीब पांच बजे बाइक से वापस घर आए। घर पहुंचने पर उन्हे चक्कर आया और गिर पड़े। परिजन उपचार के लिए दुर्गागंज स्थित एक निजी अस्पताल ले गए। जहां उनकी हालत गंभीर देख परिजन राजा प्रताप बहादुर अस्पताल ले गए। वहां से चिकित्सक ने एसआरएन प्रयागराज रेफर कर दिया। वहां पहुंचने पर रात करीब नौ बजे डॉक्टर ने संतोष गुप्ता को मृत घोषित कर दिया। घटना से परिजन रो-रोकर बेहाल हैं। सूचना पर घर पर गांव वाले अधिवक्ता घर पहुंचे।

टप्पेबाजों ने दुकानदार से उड़ाये 30 हजार रूपये

संवाददाता, लालगंज, प्रतापगढ़। अमृत विचार : टप्पेबाजों ने पेंट की दुकान से दुकानदार को झांसा देकर तीस हजार रूपये उडा लिये। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। लालगंज कोतवाली के पूरे नेवाजी लाल निवासी राजेन्द्र प्रसाद मिश्र के पुत्र देवेन्द्र मिश्र ने नेशनल हाइवे लालगंज-प्रतापगढ़ पर एक पेट्रोल पम्प के पास पेंट की दुकान खोल रखी है। बुधवार की सुबह करीब पौने दस बजे उसकी दुकान पर दो अज्ञात व्यक्ति बाइक से पहुंचे। बाइक से आये टप्पेबाजों ने दुकानदार से कुछ सामान दिखाने को कहा। पीड़ित सामान दिखाने लगा इतने में एक आरोपी ने दुकान के काउण्टर से 500 रूपये की 30 हजार की गडडी निकाल कर भाग निकला। पीड़ित ने शोर मचाया तो दूसरा आरोपी भी सगरा सुंदरपुर की तरफ बाइक से भाग निकला। पीडित ने घटना की सूचना पुलिस को दी है। प्रभारी निरीक्षक अवन दीक्षित ने बताया कि तहरीर मिली है, छानबीन की जा रही है।

तापमान 47 पार, चारों ओर मचा गर्मी से हाहाकार

संवाददाता, हलिया (मिर्जापुर)। अमृत विचार : ज्येष्ठ माह की तपती दोपहरी में बुधवार को भीषण गर्मी से लोग धधक उठे। उमस व चिलचिलाती धूप में हलिया का पारा अधिकतम 47 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। गर्मी के भीषण प्रकोप से जनजीवन उबल गया। गर्मी की तपिश व लू के थपेड़ों से पशु पक्षियों भी बेहाल होकर हलक तर करने के लिए इधर-उधर भटकते नजर आए। बुधवार को इस सीजन का सबसे गर्म दिन रहा। लगातार पड़ रही गर्मी से आमजन बेहाल हो गए हैं। वहीं, पारा दिन पर दिन अपनी बढ़त बनाए हुए हैं। तापमान 47 डिग्री पार कर गया। आसमान से बरसती आग से लोग घरों से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। बाजार में दोपहर में सन्नाटा पसरा हुआ है। एक-दो वाहन सड़कों पर दौड़ते नजर आये। बाजार में अस्थाई दुकानदार ग्राहक के इंतजार में टूक टूकी लगाए बैठे रहे। बिजली के आंख मिचौली खेल से लोग काफी परेशान नजर आ रहे हैं। बिजली के जर्जर हालत में पड़े तार गर्मी में शार्ट सर्किट होने से टूटकर गिर था रहे हैं जिससे लोगों के एसी कूलर, पंखे नही चल पा रहे हैं।

ट्रक की चपेट में आने से भाई की मौत, बहन रेफर

संवाददाता, जौनपुर। अमृत विचार : जिले के खुटहन थाना क्षेत्र के रामनगर बाजार के पास शाहगंज प्रयागराज राजमार्ग संख्या 7 पर ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। साथ ही बाइक पर बैठी उसकी छोटी बहन गंभीर रूप से घायल हो गई। दुर्घटना के बाद चालक ट्रक छोड़ कर मौके से फरार हो गया। ट्रक को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आजमगढ़ जिले के पवई थाना क्षेत्र स्थित मिल्कीपुर गांव निवासी अवधेश कुमार यादव (26) का ननिहाल इमामपुर गांव के राजकुमार यादव उर्फ अजय के यहां है, वह छुट्टियों में आता था तो ननिहाल में ही रहता था। वहीं से अपनी बहन के साथ बाइक से प्रयागराज जा रहा था। दोनों प्रयागराज रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे थे। उक्त बाजार के पास सामने से आ रहे ट्रक की चपेट में आ गया, जिससे अवधेश कुमार यादव की मौके पर मौत हो गई और बहन गंभीर रूप से घायल हो गई। ग्रामीणों ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुटहन भेजवाया। जहां चिकित्सकों ने देखते ही युवक को मृत घोषित कर दिया। बहन को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक खुटहन संजय वर्मा ने बताया कि मृतक के मामा राजकुमार यादव उर्फ अजय द्वारा प्राप्त तहरीर के आधार पर अज्ञात ट्रक चालक के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

योग से शुरू हुई बच्चा बैंक के समर कैंप की शुरुआत

संवाददाता, प्रतापगढ़। अमृत विचार : आर्थिक तंगी और अभाव के चलते वॉटर पार्क और समर कैंप का लुत्फ से वंचित जरूरतमंद बच्चों के लिए बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप ने फन समर कैंप के आयोजन की पहल की है। इसकी शुरुआत बुधवार को योग से हुई है। जिसमें बच्चों को स्वस्थ रखने की टिप्स भी दिए गए। सपंन्न परिवार की तरह सामान्य परिवार के बच्चों को भी पार्क और समर कैंप में गर्मी की छुट्टी बिताने का मन कहता है लेकिन आर्थिक स्थिति उनकी खुशी में बाधा बनती है। उनका यह सपना पूरा करने के लिए बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप और उसके सहयोगी आगे आए हैं। भंगवा गांव में ग्रुप के द्वारा संचालित नि:शुल्क स्टडी सेंटर के मैदान को फन समर कैंप में तब्दील कर दिया है। पांच दिनों तक चलने वाले कैंप में विविध गतिविधियां कराई जाएगी। जिसमें बच्चों का मनोरंजन होगा। सेंटर के प्रिंसिपल शनि ने बताया कि बुधवार को योग कार्यक्रम से समर फन कैंप की शुरुआत की गई। पहले दिन काफी संख्या में छात्र और छात्राओं ने प्रतिभाग किया। समर कैंप में विविध गतिविधियां कराई जाएगी जिसमें मेहंदी, कला, क्राफ्ट, गायन, नृत्य, तैराकी, फ्लाइंग डिश, निबंध, सामान्य ज्ञान की प्रतियोगिता के अलावा इनडोर गेम जैसे कैरम, लूडो इत्यादि खेल से बच्चे अपना मनोरंजन करेंगे। ग्रुप के सहयोगी मेडिकल कॉलेज के वरिष्ठ फिजिशियन डा.मनोज खत्री ने बताया कि पांचवे दिन फाइनल होगा। जिसमें बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चे को पुरस्कार दिया जाएगा।

शिक्षकों ने की कार्यमुक्त करने की मांग

संवाददाता, प्रयागराज। अमृत विचार : परिषदीय शिक्षकों ने एक-दूसरे जिले में अंतर जनपदीय पारस्परिक तबादले के लिए शिक्षकों को कार्यमुक्त करने की मांग की है। शिक्षकों ने बुधवार को शिक्षा निदेशालय में सचिव बेसिक शिक्षा परिषद सुरेन्द्र कुमार तिवारी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। शिक्षकों का कहना है कि हाईकोर्ट से शिक्षकों के पक्ष में निर्णय होने के बावजूद पारस्परिक तबादला नहीं हो रहा है। निर्भय सिंह, पियूष सिंह, दिलीप कुमार आदि शिक्षकों ने कहा कि 20 मई से स्कूलों में गर्मी की छुट्टियां शुरू हो चुकी है। लिहाजा इन्हीं छुट्टियों में कार्यमुक्त करते हुए स्थानान्तरित जनपद में कार्यभार ग्रहण कराया जाए।

नाले में गिरने से साइकिल सवार की मौत

संवाददाता, थरवई, प्रयागराज। अमृत विचार : थाना क्षेत्र के थरवई बाजार में एक साइकिल सवार नाले में गिर गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रामसेवक यादव लगभग 52 वर्ष निवासी जैतवारडीह बीते मंगलवार को देर रात थरवई बाजार कुछ काम से आया था। वापस घर जाते समय अंधेरा होने के नाते वह साइकिल समेत नाले में गिर गया। जिसको गंभीर चोटे लगने से उसकी मौत हो गई। सूचना पर परिजन पहुंचे और उसे फाफामऊ किसी निजी अस्पताल ले गए जहां डाक्टरो ने रामसेवक को मृत घोषित कर दिया।

मारपीट-फायरिंग का वीडियो वायरल होने पर केस दर्ज

संवाददाता, प्रयागराज। अमृत विचार : थाना जार्ज टाऊन के अंतर्गत हासिमपुर इलाके में जमकर चले लाठी डंडे खुलेआम की गई फायरिंग के मामले में पुलिस ने कोई कार्रवाई नही की थी। वहीं, बुधवार को वीडियो वायरल होने के बाद जार्जटाउन थाने की पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मंगलवार देर रात हाशिमपुर इलाके में सुशीला नर्सिंग होम के सामने दबंगों ने जमकर बवाल किया था। वही, बुधवार को मारपीट के साथ गोली चलने का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने दबंगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस ने पांच नामजद रितिक भारतीया, रजत अजय, भोला, राहुल व पांच अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है।

डीएम ने मतगणना की तैयारी को लेकर की बैठक

संवाददाता, जौनपुर। अमृत विचार : जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड की अध्यक्षता में मतगणना की तैयारी के संबंध में बैठक संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने बताया कि मतगणना 4 जून को वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल यूनिवर्सिटी के मूल्यांकन भवन में की जाएगी। इस सम्बन्ध में सभी प्रकार की तैयारियों को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिये गए। उन्होंने प्रत्याशी प्रतिनिधियों को मतगणना की प्रक्रिया के सम्बंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने निर्वाचन आयोग के मतगणना को लेकर जारी दिशा निर्देश के बारे में सभी को अवगत भी कराया। प्रत्येक राउंड की मतगणना को लेकर राउंडवार अनाउंसमेंट भी की जायेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना स्थल पर मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता के निर्देश संबंधित नोडल अधिकारियों को दिए गए। काउंटिंग एजेंट, एडिशनल काउंटिंग एजेंट की नियुक्ति, विधानसभावार टेबल, कंप्यूटर आदि की उपलब्धता, पोस्टल बैलेट के मतों की गणना, सुरक्षा आदि के संदर्भ में उपस्थित प्रतिनिधिगण को जानकारी दी। बैठक में उम्मीदवारों तथा उनके प्रतिनिधियों को मतगणना को लेकर गणना एजेंट बनाए जाने की पात्रता, प्रति उम्मीदवार गणना एजेंटों की संख्या, काउंटिंग हाल के अंदर के नियम आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट इशिता किशोर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम अक्षयबर चौहान, नगर मजिस्ट्रेट इंद्रनंदन सिंह, समस्त एआरओ सहित अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे

कलयुगी बेटे ने मां पर छिड़का पेट्रोल

▸▸ तंग आकर मां ने खुद को लगाई आग, बर्न वार्ड में कराया भर्ती

संवाददाता, कौशांबी, प्रयागराज।

अमृत विचार: कलयुगी बेटे ने मां पर पेट्रोल छिड़क कर जिंदा जलाने की धमकी देने लगा। बेटे की रोज की हरकतों से आजिज आकर मां खुद माचिस से आग लगाकर जिंदगी को खत्म करने पर आमादा हो गयी। महिला को गंभीर हालत मे मेडिकल कालेज मंझनपुर इलाज के लिए भर्ती करा दिया। जहां से महिला को प्रयागराज में हायर हेल्थ सेंटर के बर्न वार्ड मे भर्ती कराया गया है।

कोखराज के भरवारी कस्बे मे स्नेहलता (52) पत्नी स्व. अरुण कुमार उर्फ पप्पू रहती है। पति की मौत के बाद स्नेहलता अपने बेटे पवन एवं पल्लो के साथ रह रही है। बुधवार की दोपहर उनका बेटा पल्लो शराब के नशे में घर पहुंचा और मां से झगड़ा करते हुए रुपये मांगने लगा। पैसे न देने पर विवाद शुरु हो गया। पल्लो ने मां स्नेहलता पर पेट्रोल की बोतल से तेल छिड़क दिया और आग लगाकर मारने की धमकी देने लगा। बेटे की इस हरकत से आजिज आकर मां ने माचिस उठाकर खुद को आग के हवाले कर दिया। जान बचाने के लिए सड़क पर भागी। पड़ोसियों ने किसी तरह से महिला को पुलिस की मदद से मंझनपुर स्थित मेडिकल कालेज में भर्ती करा दिया। महिला को प्रयागराज के हायर हेल्थ सेंटर में भर्ती करा दिया जहां महिला का इलाज चल रहा है। थाना प्रभारी इंद्रदेव ने बताया, महिला के जिंदा जलने के मामले मे थाना पुलिस ने महिला को अस्पताल भेज कर इलाज शुरू करा दिया है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

हीट स्ट्रोक से दो लोगों की गई जान

टूटा रिकॉर्ड, पारा 45 डिग्री के पार, बेल्हा में सबसे अधिक गर्म रहा बुधवार का दिन

संवाददाता, प्रतापगढ़

अमृत विचार : जनपद में नौतपा के पांचवें दिन बुधवार को सबसे गर्म दिन रहा। जिले में अब तक के सारे रिकार्ड टूट गये, पारा 45.6 डिग्री तक पहुंच गया। हीट स्ट्रोक से दो लोगों की मौत हो गई। प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है।

प्रतापगढ़ में कई साल बाद पारा 45 डिग्री के पार पहुंचा है। भीषण गर्मी की वजह से हीट स्ट्रोक, उल्टी, दस्त और सिरदर्द के मरीजों की संख्या में बाढ़ आ गई है। मेडिकल कालेज से सम्बद्ध राजा प्रताप बहादुर अस्पताल और निजी अस्पतालों में लू के शिकार मरीजों की संख्या में एकाएक इजाफा हुआ है। सोमवार को राजा प्रताप बहादुर अस्पताल की ओपीडी में 1200, मंगलवार को 1150 और बुधवार को 1240 मरीज पहुंचे। इनमें से अकेले मेडिसिन विभाग में 20 फीसदी मरीज पहुंचे। कुल 258 मरीज उल्टी, दस्त, बुखार और हीट स्ट्रोक के रहे। वहीं, बाल रोग विभाग में मंगलवार को 95 व बुधवार को 70 बच्चे पहुंचे, जो लू के शिकार हो गए थे। रानीगंज के ढिंढौसी निवासी 85 वर्षीय हरिकांत शुक्ल को तेज बुखार होने पर बुधवार को राजा प्रताप बहादुर अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी सांसे थम गई। लालगंज क्षेत्र के गोखाड़ी निवासी 56 वर्षीय श्याम सुंदर सिंह बुधवार को आटा चक्की से घर आए तो उनकी तेज गर्मी से तबीयत खराब हो गई। लालगंज ट्रामा सेंटर ले जाने पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस सम्बन्ध में सीएमओ डा. जीएम शुक्ल ने बताया हीट स्ट्रोक से मौत की जानकारी नहीं है। इनके बारे में पता किया जा रहा है। वहीं सनई अनुसंधान केंद्र के मौसम विज्ञान प्रेक्षक देशराज मीना ने बताया कि बुधवार को न्यूनतम तापमान 29.5 व अधिकतम अब तक का सर्वाधिक तापमान 45.6 डिग्री सेल्सियस रहा। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने जनपदवासियों से गर्मी को लेकर सतर्क और सुरक्षित रहने की अपील की है।

डीएम ने खराब हैंडपंपों की सूचना के लिए जारी किया हेल्पलाइन नम्बर

प्रतापगढ़, अमृत विचार : जिलाधिकारी संजीव रंजन ने भीषण गर्मी के प्रकोप को देखते हुए ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में आमजन को पीने के पानी की असुविधा ना हो, इसके लिए पांच हेल्पलाइन नम्बर जारी किये हैं। कोई भी व्यक्ति ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में खराब हैंडपंपों की सूचना इन हेल्पलाइन नम्बरों पर दे सकते हैं, सूचना प्राप्त होने पर यथाशीघ्र हेंडपम्प ठीक करवाया जायेगा। यह हेल्पलाइन नम्बर हैं- 6392190163, 9792718278, 9455130854, 7897534717, 9451727210 इन नंबरों पर सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक कॉल करके सूचना दर्ज करवा सकते हैं।

जानवर चरा रहे वृद्ध की थमीं सांसे

लालगंज, प्रतापगढ़। अमृत विचार : उदयपुर थाना क्षेत्र के कुसौली गांव निवासी 65 वर्षीय झगरू गुप्ता पुत्र गौरी गुप्ता की बुधवार दोपहर अपने जानवरों को खेत में चराने ले गये थे। ग्रामीणों के अनुसार झगरू खेत के पास एक पेड़ के नीचे बैठा करता था। शाम करीब छह बजे जानवर चराने गए अन्य लोग जब अपने जानवर वापस घर लेकर आने लगे तो देखा कि झगरू का शव खेत में पेड़ के नीचे पड़ा था। ग्रामीणों के अनुसार तेज धूप व गर्म हवा की वजह से वृद्ध की मौत हुई है। मौत की सूचना पर पहुंची मृतक की पत्नी, बच्चे व परिजन बिलखते रहे।

करैली में पांच दिन से बिजली गुल, महिलाओं ने घेरा उपकेंद्र

▸▸ घरों के बाहर लटक रहे जर्जर तार, दे रहे हादसे का दावत

संवाददाता, प्रयागराज

विद्युत आपूर्ति बंद होने के बाद करेली की महिलाओं ने घेरा विद्युत उपकेंद्र।

अमृत विचार: नौतपा की इस गर्मी में लोग बेहाल हैं। वहीं, करेली इलाके में पिछले पांच दिनों से विद्युत आपूर्ति बंद है। विद्युत आपूर्ति न होने को लेकर बुधवार को करेली की रहने वाली महिलाओं ने विद्युत उपकेंद्र का घेराव करते हुए हंगामा शुरू कर दिया। काफी देर हुए हंगामे महिलाओं को आश्वासन दिया गया। जिसके बाद हंगामा शांत हो सका।

करेली जफीर पुलिया कई पिछले कई दिनों से बिजली का तार बिल्कुल जर्जर पड़ा हुआ हैं। पांच दिन से विद्युत आपूर्ति बंद की गयी है। भीषण गर्मी से जहां एक तरफ लोग बेहाल है। वहीं, दूसरी तरफ पांच दिनों से की गयी बिजली कटौती से करैली की रहने वाली जनता परेशान हो गयी है। बुधवार को बिजली कटौती को लेकर आक्रोशित महिलाओं और बच्चों ने गौस नगर विद्युत उपकेंद्र पहुंचकर जमकर हंगामा किया। महिलाओं का आरोप है कि एसडीओ को लिखित शिकायत देने के बाद भी समस्या का हक नही निकल सका। विद्युत विभाग के अधिकारी कुम्भकर्णी नींद में सो रहे है।

महिलाओं का कहना है कि गौस नगर मे लोगों के दरवाजे कई जर्जर तार लटके हैं। जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय महिलाओं ने कहा कि अगर विद्युत आपूर्ति नही शुरु की जाती है तो यह हंगामा और उग्र होगा।

ट्रांसफार्मर में आई खराबी

बमरौली विद्युत उपकेंद्र के एरिया गंगा विहार कॉलोनी, नीमसाराय एरिया की विद्युत सप्लाई सुबह 8 बजे से बंद रही। हाल-बेहाल लोग घरों के बाहर निकल आये। बताया जा रहा है कि ट्रांसफार्मर में कोई फाल्ट आ गया, जिसे सही कराने के लिए विभाग को सूचना दी गयी। देर शाम तक ठीक होने की संभावना है।

हत्यारोपी को आजीवन कारावास, अर्थदण्ड

प्रतापगढ़ अमृत विचार : जिला सत्र न्यायाधीश अब्दुल शाहिद ने हत्या के आरोप में दोषी पाते हुए पंकज पटेल निवासी कोठियाही थाना दिलीपपुर को सश्रम आजीवन कारावास व 20 हजार रुपए अर्थदंड से दण्डित किया है। वादी मुकदमा सुनील कुमार निवासी अलीपुर थाना कंधई के अनुसार वह और उसका भाई अनिल बचपन से ही अपने नानी के घर ग्राम कोठियाही थाना दिलीपपुर में रहता था। एक सितम्बर 2023 समय साढ़े आठ बजे रात पुरानी रंजिश को लेकर पंकज पटेल घर के पास चकरोड पर मेरे छोटे अनिल पटेल को जान से मारने की नियत से उसके सीने में बाएं तरफ चाकू घोप दिया। जब मेरा भाई चिल्लाया तो मैं भी मौके पर पहुंचा तो पंकज मौके से भाग गया। गांव वालों की मदद से मैं अपने भाई को लेकर मरणासन्न अवस्था में जिला अस्पताल पहुंचा, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में पैरवी कर रहे डीजीसी क्रिमिनल योगेश शर्मा व एडीजीसी विक्रम सिंह ने बताया कि अभियोजन की ओर सात गवाहों के माध्यम से साबित कराया गया। उपरोक्त मुकदमे में सात नवम्बर 2023 को आरोप बनाया गया। लगभग छह माह में उपरोक्त मुकदमे का निस्तारण किया गया। राज्य की ओर से पैरवी डीजीसी योगेश शर्मा व एडीजीसी विक्रम सिंह ने संयुक्त रूप से किया।

टेंडर के इंतजार में फेको मशीन से आंख का आपरेशन

संवाददाता, प्रतापगढ़।

▸▸ राजा प्रताप बहादुर अस्पताल में चीरा विधि से किया जा रहा मोतियाबिंद का आपरेशन

अमृत विचार : राजा प्रताप बहादुर अस्पताल में फेको मशीन नहीं है। इसके लिए पूर्व में कराया गया टेंडर निरस्त हो गया था। इससे लोगों के मोतियाबिंद के आपरेशन में परेशानी होती है। अस्पताल में पुरानी विधि चीरा लगाकर आंखों के मोतियाबिंद का आपरेशन किया जाता है। यही कारण है कि अब आपरेशन के लिए मरीजों की संख्या कम हो गई है।

प्रायः फेको सर्जरी मोतियाबिंद हटाने की सबसे आम तकनीक मानी जाती है। इसमें बेहोश करने की प्रक्रिया की सबसे कम जरूरत पड़ती है और सर्जरी की तैयारी करने के लिए आंखों में सुन्न करने वाले ड्राप डाला जाता है। इस प्रक्रिया में कार्निया (यह साफ गुंबद के आकार का हिस्सा है, जो आपकी आंख के सामने के भाग को घेरता है) के किनारे पर एक अत्याधुनिक मशीन से एक छोटा चीरा लगाया जाता है। फेको मशीन न होने से राजा प्रताप बहादुर अस्पताल में पुरानी विधि चीरा लगाकर आंखों का आपरेशन किया जाता है। कुछ माह पूर्व नेत्र सर्जन डॉ. विवेक त्रिपाठी की मांग पर फेको मशीन के लिए मेडिकल कालेज प्रशासन ने टेंडर कराया था। इसे बाद में निरस्त कर दिया गया। अब इसके लिए पुनः टेंडर कराया जाएगा। नेत्र सर्जन डा. विवेक त्रिपाठी ने बताया कि अस्पताल में पिछले माह अप्रैल में 50 मोतिया बिंद के आपरेशन हुए तथा 28 मई तक कुल 35 आपरेशन किए गए।

> फेको मशीन के लिए टेंडर हुआ था, वह निरस्त हो गया है। बजट उपलब्ध है, जल्द ही पुन: टेंडर कराकर फेको मशीन मंगाई जाएगी।
> -डॉ. सलिल श्रीवास्तव, प्राचार्य मेडिकल कालेज

मतगणना कार्य में हुई लापरवाही तो होगी सख्त कार्रवाई : सीडीओ

▸▸ मतगणना स्थल पर मोबाइल या अन्य प्रकार के इलेक्ट्रानिक गैजेट्स रहेंगे प्रतिबंधित

संवाददाता, प्रतापगढ़।

मतगणना कार्मिकों को आवश्यक जानकारी देते सीडीओ नवनीत सेहारा।

अमृत विचार: लोकसभा सामान्य निर्वाचन की मतगणना आगामी 04 जून को होनी है। इस सम्बन्ध में सेन्ट एन्थोनी इण्टर कालेज में मतगणना कार्मिकों का प्रथम एक दिवसीय प्रशिक्षण बुधवार को सम्पन्न हुआ। जिसमें ईवीएम तथा पोस्टल बैलेट मतगणना के बारे में विस्तारपूर्वक पावर प्वाइन्ट प्रजेन्टेशन के माध्यम से प्रशिक्षण जनपद स्तरीय कुशल, अनुभवी एवं प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रदान किया गया। राज्य स्तरीय सुपर मास्टर ट्रेनर डा.विन्ध्याचल सिंह, डा.मोहम्मद अनीस एवं धर्मेन्द्र ओझा ने प्रशिक्षण दिया।

बताया कि मतगणना में एक टेबल पर एक माइक्रो आब्जर्वर, एक गणना पर्यवेक्षक व एक गणना सहायक की ड्यूटी लगेगी, उनके सहयोग के लिये एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी रहेगा जो कि पुलिस अभिरक्षा में स्ट्रांग रूम से कन्ट्रोल यूनिट को लेकर आएगा और फिर वापस लेकर जायेगा। गणना सहायक कन्ट्रोल यूनिट के रिजल्ट बटन को दबाकर एजेन्टों को रिजल्ट जोर-जोर से बोलकर नोट करेंगे, जिसे माइक्रो आब्जर्वर और गणना पर्यवेक्षक भी अपने निर्धारित प्रोफार्मा पर अंकित करेगें, फिर एक राउण्ड की समाप्ति के बाद इन महत्वपूर्ण कागजात को एआरओ के पास हस्ताक्षर करके जमा करना होगा। मतगणना स्थल पर न तो मतगणना कर्मी और न ही कोई एजेन्ट मोबाइल या अन्य प्रकार के इलेक्ट्रानिक गैजेट्स या इलेक्ट्रानिक वाच लेकर नहीं जा पायेगें, इन्हें पूर्णतया प्रतिबंधित रखा गया है। मतगणना कार्मिकों के प्रशिक्षण स्थल का सीडीओ नवनीत सेहारा ने निरीक्षण किया और सभी प्रशिक्षण कक्षा में जाकर मतगणना कार्मिकों को महत्वपूर्ण दिशा निर्देश प्रदान किये। कहा कि ईवीएम एवं पोस्टल बैलेट आदि का प्रशिक्षण आप पूर्ण मनोयोग से प्राप्त करें ताकि मतगणना कार्य को अच्छे ढंग एवं अनुशासित रूप से सम्पन्न कर सके। उन्होंने कहा कि गणना सहायक कन्ट्रोल यूनिट को इस तरह से खड़े होकर दिखायेंगे की सामने जाली के पीछे उपस्थित प्रत्याशियों के एजेन्ट उसे अच्छी तरह से देख ले और नोट कर लें। सभी मतगणना दल के सदस्य मतगणना टेबल पर अपना व्यवहार शांत, मर्यादित एवं संयमित रखेंगे। पोस्टल बैलेट की गणना हेतु प्रत्येक टेबल पर एक सहायक रिटर्निंग आफिसर, एक गणना आब्जर्वर, एक गणना पर्यवेक्षक तथा दो गणना सहायक रहेगें। सीडीओ ने समस्त मतगणना कार्मिकों को निर्देशित किया है कि मतगणना कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता, संल्पितता, संदिग्धता, लापरवाही की स्थिति पाये जाने पर आयोग की सुसंगत धाराओं में कठोर कार्रवाई की जायेगी। इस अवसर पर डीडीओ राकेश प्रसाद, एलडीएम गोपाल शेखर झा, नसीमद्दीन, अशोक शुक्ला मास्टर ट्रेनर, हेल्पडेस्क में सुशील सिंह, रामकुमार, नीरज मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

मतगणना के लिए प्रातः 6.30 बजे खोला जाएगा स्ट्रांगरूम

संवाददाता, प्रतापगढ़। अमृत विचार : जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन ने चुनाव लड़ने वाले सभी प्रत्याशियों को सूचित किया है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 39-प्रतापगढ़ संसदीय क्षेत्र में आने वाली विधानसभा रामपुरखास, विश्वनाथगंज, सदर, पट्टी एवं रानीगंज तथा लोकसभा कौशाम्बी (आंशिक) विधानसभा बाबागंज (अ0जा0) एवं कुण्डा की मतदान के बाद ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों को नवीन मण्डी स्थल महुली में बने सम्बन्धित स्ट्रांग रूम में रखी गयी है। जो 04 जून 2024 को प्रातः 6.30 बजे मतगणना कार्य हेतु नवीन मण्डी स्थल में बने सम्बन्धित स्ट्रांग रूम को खोला जायेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रत्याशियों से अनुरोध किया है कि स्ट्रांग रूम को खोलते समय प्रत्याशी या आपके निर्वाचन अभिकर्ता अथवा अधिकृत प्रतिनिधि की उपस्थिति वांछनीय है।

शहजाद को सऊदी अरब से गांव खींच लाई मौत

सड़क हादसे में मारा गया शहजाद 14 महीने बाद मंगलवार को लौटा था गांव, परिजनों पर टूटा दुखों का पहाड़

संवाददाता, करनैलगंज/ गोंडा

अमृत विचारः बुधवार को करनैलगंज हुजूरपुर मार्ग पर हुए सड़क हादसे में जान गवाने वाले शहजाद को उसकी मौत ही गांव खींच लाई थी। शहजाद सऊदी अरब में रहकर काम कर रहा था। वह एक दिन पहले यानि मंगलवार को ही सऊदी अरब से अपने गांव लौटा था। बुधवार की सुबह वह रेहान का इलाज करने के लिए बाइक लेकर करनैलगंज जाने के लिए निकला था, लेकिन छितईपुरवा गांव के समीप भीषण सड़क हादसे में उसकी जान चली गई। शहजाद और रेहान की मौत से उनके परिवार में मातम पसरा है।

कर्नलगंज कोतवाली क्षेत्र के निंदूरा गांव के रहने वाले आजाद खान का बेटा शहजाद (22) सऊदी अरब में रहकर मजदूरी कर रहा था। 14 माह बाद मंगलवार को वह सऊदी अरब से अपने गांव लौटा था। शहजाद के लौटने पर उसके परिवार में खुशियां बिखरी थीं। शहजाद भी गांव आने पर खुश था। बुधवार की सुबह शहजाद अपने चचेरे भाई रेहान (17) को दवा कराने के लिए बाइक से करनैलगंज जाने के लिए निकला था। कर्नलगंज हुजूरपुर मार्ग पर दोनों छितईपुर गांव के समीप पहुंचे थे कि विपरीत दिशा से आ रहे भाजपा प्रत्याशी करण भूषण सिंह के काफिले में चल रही पुलिस स्कोर्ट लिखी एक फार्च्यूनर कार ने दोनों को ठोकर मार दी। कार की ठोकर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइक से उछलकर सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों कोई इलाज के लिए कर्नलगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। सड़क हादसे की खबर निंदूरा गांव में पहुंची तो पूरे गांव में कोहराम मच गया परिजन दौड़ते भागते घटनास्थल पर पहुंचे तो पुलिस ने उन्हें अस्पताल पहुंचाने की सलाह दी मृतक के चाचा फरमान ने बताया कि जब वह अस्पताल पहुंचे तो उनके दोनों भतीजे के शव रखे हुए थे। जवान भतीजे का सब देख फरमान फफक पड़े और गश खाकर वहीं गिर गए। मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह फरमान को संभाल कुछ ही देर बाद परिवार के अन्य सदस्य भी अस्पताल पहुंच गए और पूरा अस्पताल मृतकों के परिजनों के करुण क्रंदन से गूंज उठा। फरमान ने बताया कि शहजाद परिवार का कमाऊ सदस्य था वह सऊदी अरब में रहकर काम कर रहा था मंगलवार को ही वह सऊदी अरब से अपने गांव लौटा था। अभी उसकी शादी नहीं हुई थी। शहजाद के वापस आने पर परिवार में खुशी का माहौल था। बुधवार की सुबह शहजादा यह कहकर घर से निकला था कि वह रिहान को दवा लेकर अभी थोड़ी देर में लौट आएगा लेकिन परिवार के लोगों को क्या पता था कि अब शहजाद व रेहान वापस नहीं लौटेंगे।

युवकों का शव निंदूरा गांव पहुंचने पर जुटी ग्रामीणों की भीड़ व रोते-बिलखते परिजन।

क्षतिग्रस्त कार को जेसीबी से खींचकर ले जाती पुलिस। अमृत विचार

पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद परिजन। अमृत विचार

घटना के बाद शहजाद के घर के बाहर जुटी भीड़। अमृत विचार

नंदिनी नगर इंस्टीट्यूट के नाम पर पंजीकृत है फार्च्यूनर

करनैलगंज हुजूरपुर मार्ग पर बुधवार की सुबह बाइक सवार दो युवकों को रौंदने वाली पुलिस एस्कॉर्ट लिखी फर्च्यूनर कार नंदिनी नगर इंस्टीट्यूट के नाम पर पंजीकृत है। यह इंस्टीट्यूट भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह का है। यह फॉर्च्यूनर भाजपा प्रत्याशी व सांसद के बेटे करण भूषण सिंह के काफिले में चल रही थी। इसे पुलिस एस्कॉर्ट के तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा था। हालांकि इसमें पुलिस के बजाय उनके समर्थक ही बैठते थे। बुधवार की सुबह इसी कार ने करनैलगंज हुजूरपुर मार्ग पर छितईपुरवा गांव के समीप बाइक सवार दो युवकों समेत तीन को रौंद डाला।

परिवार के दो युवकों की मौत से मातम में डूबा निंदूरा गांव

बुधवार का दिन निंदूरा गांव के लिये बेहद मनहूस साबित हुआ। हंसते मुस्कराते दो युवा चेहरे अचानक काल के गाल में समा गए। करनैलगंज बहराइच मार्ग पर भाजपा प्रत्याशी करणभूषण सिंह के काफिले की बेकाबू फॉर्च्यूनर ने जहां एक हंसते खेलते परिवार की खुशियां छीन ली तो वहीं पूरे गांव को दुख के अथाह सागर में धकेल दिया। हादसे में जान गंवाने वाले सहजाद व रेहान आपस में चचेरे भाई थे। शहजाद सउदी में रहकर नौकरी करता था तो रेहान अभी पढ़ रहा था। वह कक्षा नौ का छात्र था। मंगलवार को जब सहजाद गांव लौटै तो रेहान की तबीयत खराब थी। बुधवार की सुबह सहजाद रेहान को लेकर दवा कराने जा रहा था कि रास्ते में दोनों सड़क हादसे का शिकार हो गए। दोनों की मौत जब निंदूरा गांव पहुंची तो पूरे गांव में मातम पसरा गया। दोनों युवकों के शव देखकर परिजन दहाड़े मार कर रो रहे थे। परिजनों की चीत्कार सुनकर अस्पताल परिसर में मौजूद हर किसी की आंख नम हो गयी।

परिजनों ने सीएचसी का किया घेराव, लगाया जाम

घटना के बाद मौके पर तनाव पैदा हो गया। परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का घेराव किया और नारेबाजी करते हुए जाम लगा दिया। परिजन फार्च्यूनर कार को न ले जाने की जिद पर अड़े रहे। इस दौरान ग्रामीणों से पुलिस की तीखी नोंकझोंक भी हुई। काफी जद्दोजहद व मान मनौव्वल के बीच शव को पीएम के लिए भेजा है।

तनाव के चलते कई बुलाई गयी कई थानों की फोर्स

हादसे के बाद उपजे तनाव को देखते हुए मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात है। घटनास्थल पर अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय, पुलिस क्षेत्राधिकारी चंद्र पाल शर्मा, प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायण सिंह व एसडीएम भारत भार्गव समेत अन्य पुलिस अफसर मौजूद हैं।

सड़क हादसे का आरोपी चालक गिरफ्तार

करनैलगंज हुजूरपुर मार्ग पर कैसरगंज भाजपा प्रत्याशी करण भूषण सिंह के काफिले में शामिल एसयूवी से हुए हादसे के आरोपी चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय ने बताया कि कार चालक लवकुश श्रीवास्तव निवासी सिरसा खैरगाढा नवाबगंज को गिरफ्तार किया गया है।

पानी फैक्ट्री पर छापेमारी पैकेजिंग मशीन सीज

फैक्ट्री पर छापेमारी के दौरान जांच करती टीम। अमृत विचार

गोंडा कार्यालय

अमृत विचारः खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने पानी पैकेजिंग करने वाली फैक्ट्री पर छापेमारी की कार्रवाई की है। मौके से तीन नमूने लिए गए हैं जिनको प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। बिना लाइसेंस के पैकेजिंग करने व बेचे जाने को लेकर प्रतिष्ठान तथा 4540 पानी के पैकेट को को सीज कर दिया गया है।कार्रवाई से हड़कंप मचा हुआ है।

नगर कोतवाली अंतर्गत गणेश नगर कटहा घाट स्थित पेयजल पैकेजिंग प्लांट स्वामीनाथ मिनरल प्राइवेट लिमिटेड प्रतिष्ठान पर बुधवार को खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने सहायक आयुक्त द्वितीय की अगुवाई में छापेमारी की। मौके पर टीम को बिना अनुमति लिए तीन अलग-अलग तरीके के पानी से भरे हुए पैकेट मिले जब प्रतिष्ठा के संचालक से लाइसेंस के अभिलेख मांगे गए तो वह नहीं दे सका। टीम ने अलग-अलग ब्रांड के तीन नमूनो को संकलित करते हुए प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजा है। साथ ही 4540 पैक्ड पानी को बरामद किया गया है। बिना लाइसेंस के प्रतिष्ठान चलाने के आरोप में कारोबार पर रोक लगा दी गई है तथा पैकेजिंग करने वाली मशीन को भी सीज कर दिया गया है। छापेमारी के दौरान मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी संजय कुमार सिंह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद वर्मा, जयप्रकाश, संतोष कुमार, मनीष युगल किशोर आदि लोग मौजूद रहे। सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय अजीत कुमार मिश्रा ने बताया कि नगर कोतवाली क्षेत्र के एक प्रतिष्ठान पर छापेमारी की गई है 4540 पैकेट पानी बरामद हुआ है। पैकेजिंग मशीन को सीज कर दिया गया है। अलग-अलग ब्रांड के पानी के तीन नमूने लिए गए हैं। जिनको जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। उन्होंने बताया कि बिना लाइसेंस के प्रतिष्ठान संचालित हो रहा था जिसकी वजह से कारोबार पर रोक लगा दी गई है। लिए गए नमूनों के रिपोर्ट आने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी ने किया मतगणना कार्मिकों के प्रशिक्षण का निरीक्षण

गोंडा कार्यालय

अमृत विचारः लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के चुनाव की मतगणना चार जून को नवीन गल्ला मण्डी में की जाएगी। मतगणना को लेकर बुधवार को श्री लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय के ललिता सभागार गोण्डा में सीडीओ एम. अरून्मोली की देखरेख में मतगणना कार्मिकों एवं आरओ व एआरओ का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण में डीएम ने मतगणना कार्मिकों को समय से मतगणना स्थल पर पहुंच कर मतगणना का कार्य शुरू करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि धैर्य पूर्वक अपना काम करें।

प्रशिक्षण के दौरान डीएम नेहा शर्मा ने कहा कि मतगणना पूरी चुनाव प्रक्रिया का आखिरी और सर्वाधिक संवेदनशील चरण है। इसलिए सभी कार्मिक मतगणना प्रशिक्षण को पूरी गंभीरता से लें और मतगणना को बेहद सावधानी पूर्वक पूरा कराएं। मतगणना के दौरान प्रत्याशी व उनके एजेंट कभी-कभी दबाव में उत्तेजित हो जाते हैं इसलिए मतगणना कार्मिक अपना धैर्य बनाए रखें।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन के चुनाव की मतगणना को लेकर प्रशिक्षण लेते कार्मिक।

चुनाव ड्यूटी न करने पर दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज

इटियाथोक, अमृत विचार : दो आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। दोनों आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने लोकसभा चुनाव ड्यूटी में हिस्सा नहीं लिया था। लोकसभा चुनाव में ग्राम पंचायत कठौवा की आंगनबाड़ी कार्यकत्री रीना चतुर्वेदी की मनकापुर विधानसभा क्षेत्र व ग्राम अयाह की कार्यकत्री अनीता देवी की ड्यूटी करनैलगंज विधानसभा क्षेत्र में मतदान अधिकारी तृतीय के स्थान पर लगाई गई थी, दोनों आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने 19 मई को शहीदे आजम सरदार भगत सिंह इंटर कॉलेज में उपस्थित होकर निर्वाचन ड्यूटी में हिस्सा नहीं लिया। जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर बाल विकास परियोजना अधिकारी इटियाथोक नीतू रावत ने दोनों आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व धारा 134 के तहत थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

स्वतंत्र पत्रकारिता के मूल्यों को सहेजें

संवाददाता, नवाबगंज

अमृत विचारः सरयू घाट क्षेत्र के कटरा कुटी धाम पर हिंदी पत्रकारिता दिवस के पूर्व संध्या पर बुधवार को पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।इस मौके पत्रकारों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्रह्मा कुमारी आश्रम की बहन प्रतिमा ने माता सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम का संचालन कवि रविंद्र पांडे रवि ने किया। कार्यक्रम के संरक्षक पत्रकार महादेव सागर, संयोजक पत्रकार राकेश सिंह ने कहा कि स्वतंत्र पत्रकारिता राष्ट्रोत्थान के लिए महावरदान "श्रेष्ठ भारत के नवनिर्माण में निष्पक्ष निर्भीक एवं निर्णायक पत्रकारिता की सबसे अहम भूमिका खबरें वही लिखना चाहिए जो समाज के लिए लाभदायक हो। कटरा कुटी धाम के पीठाधीश्वर महंत स्वामी चिन्मयानंद महाराज ने कहा कि मीडिया की जीवंतता लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है।आज के दौर में पत्रकारिता को सच पर ही आधारित होना चाहिए । जो लोग अपनी विरासत और अपने इतिहास को याद रखते हैं। इतिहास भी उन्हें हमेशा याद रखता है। वर्तमान में सच्ची पत्रकारिता दुर्लभ होती जा रही है। पत्रकार को चाहिए कि अपनी कलम पर दाग न लगने दें। पूर्व के पत्रकारों ने इस परम्परा को बखूबी निभाया है। पत्रकार का सम्मान सांसद विधायक समाजसेवी को भी करना चाहिए। इस मौके पर राकेश सिंह, महादेव सागर, हरीश तिवारी, मौजी राम यादव, अशोक श्रीवास्तव, चंद्रशेखर सोनी, मोहम्मद रियाजुद्दीन, राजेश सोनी, नीरज श्रीवास्तव, ध्रुव मिश्रा, अखिलेश त्रिपाठी, रमेश कुमार मिश्रा, सोनिया त्रिपाठी, आशीष श्रीवास्तव, बनारसी मौर्य, विपिन श्रीवास्तव, रामशंकर शर्मा, एसके सिंह, अशोक सिंह, सुरेश शुक्ला, अमित श्रीवास्तव, वेद प्रकाश मिश्रा, डॉ अरुण सिंह, विनोद कुमार गुप्ता, प्रवीण सिंह, मनोज यादव, रविंद्र पांडे, सुरेंद्र सिंह, राजेंद्र तिवारी, बबलू तिवारी का सहयोग रहा।

कतराकोटी धाम पर पत्रकारों को सम्मानित करते महंत स्वामी चिन्मयानंद।

सार-संक्षेप

दुष्कर्म के आरोपी युवक को किया गिरफ्तार

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार : कटरा बाजार पुलिस ने नाबालिक से हुए दुष्कर्म के मामले में वांछित युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। थाना क्षेत्र के एक गांव की नाबालिक के साथ परसपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने यौन उत्पीड़न किया था। पीड़िता के पिता ने एक माह पूर्व कटरा बाजार थाने में एक महिला सहित दो विरुद्ध पाक्सो सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि पीड़िता के पिता ने सुसुंडा निवासी राजकुमार व कटरा बाजार निवासी महिला के विरुद्ध केस दर्ज कराया था।

बनगाई में 31 को भंडारे का आयोजन

रुपईडीह अमृत विचार : ब्लॉक की ग्राम पंचायत बनगाई में ज्वाला जी के स्थान पर हो रही देवी भागवत के कार्यक्रम का समापन आगामी 31 मई को विशाल भंडारे के साथ संपन्न होगा। मुख्य यजमान शिव कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि इस कार्यक्रम को सफल बनाए जाने के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

शिविर में छह किसानों से 7.25 लाख ऋण वसूला

रुपईडीह, अमृत विचार : इंडियन बैंक की शाखा आर्य नगर ने वसूली अभियान के तहत फरेंदा शुक्ल गांव में वसूली शिविर आयोजित किया। शाखा प्रबंधक वीरेंद्र मिश्र ने बताया कि इस शिविर मे किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत छह किसानों से 7 .25 लाख रुपए ऋण वसूल किया गया।

गुरुनानक चौराहे पर रोज लगता है जाम

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार : नगरवासियों को जाम के झाम से मुक्ति नहीं मिल पा रही है। आने जाने वाले लोगों को जाम के चलते मुसीबत झेलना पड़ रहा है। बुधवार को तेज धूप, दोपहरी में लोग काफी देर तक गुरु नानक चौराहा पर जाम में फंसे रहे। चौराहे के चारों ओर ई रिक्शा वाले कतार बनाकर खड़े हो जाते हैं। रही सही कसर प्राइवेट बस वाले पूरी कर देते हैं। हालांकि ट्रैफिक सिपाही अकेले दम पर जाम को हटाने का प्रयास करते दिखा।

राशनकार्ड के लिए कार्यालय का लगा रहे चक्कर

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार : राशन कार्ड के लिए रोज जिलापूर्ति कार्यालय का चक्कर काटना पड़ रहा है । विभागीय लापरवाही के चलते आपत्रों के नाम राशन कार्ड जारी हो गया है जबकि पात्र रोज दौड़ा लग रहे हैं। बुधवार को राशनकार्ड बनवाने शैलेंद्र, जितेंद्र, राघवराम, गोरे, श्यामू, विनोद, बरकतउल्ला ने बताया कि एक महीने से राशन कार्ड बनवाने के लिए चक्कर काट रहे हैं अधिकारी बार-बार दौड़ा रहे हैं। इन सभी लोगों ने प्रशासन से राशन कार्ड जारी करने की मांग की है।

भागवत कथा में श्रीकृष्ण की बाललीला का किया वर्णन

परसपुर, अमृत विचार : ग्राम पंचायत प्यौली के पूरे बिलंद में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन कथावाचक पंडित संतोष पाण्डेय ने कृष्ण की बाललीला का वर्णन करते हुए कहा कि कर्मयोगी श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं मानव जीवन में आध्यात्मिक व अधिकारिक ज्ञान प्रदान करती हैं। परमात्मा का कृष्ण अवतार पूर्णत: लीला प्रधान है। उन्होंने कहा श्रीकृष्ण की लीलाएं मानव जीवन को आध्यात्मिक रसपान तो कराती ही हैं साथ ही अपना अधिकारिक ज्ञान भी प्रदान करती हैं। कथावाचक ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं, माखन चोरी लीला, ऊखल बंधन लीला, गोबर्धन लीला, कालिया मर्दन आदि का विस्तार से वर्णन किया। इस अवसर पर महादे सिंह, शिवसरन, प्रदीप, मुन्नू सिंह, जन्मेजय, दिग्विजय, अंजनी सिंह, रमेश, राजेश, आशी आदि रहीं।

अवकाश का निस्तारण न होने पर जताई नाराजगी

रुपईडीह, अमृत विचार : ब्लॉक के विभिन्न प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत आठ शिक्षामित्रो का मानव संपदा पोर्टल पर लंबित आकस्मिक अवकाशों का निस्तारण न किये जाने पर खंड शिक्षा अधिकारी मनीष कुमार सिंह ने नाराजगी व्यक्त की है। खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय दुधेरवा की शिक्षामित्र उमादेवी, तेलिया कोट की सुधा श्रीवास्तव व मुकेश चंद्र, इटहिया नवी जोत की निर्मला श्रीवास्तव, भवानीपुर खुर्द की बॉबी वर्मा, बिछूड़ी की आरती देवी, अनेगी की कुमकुम श्रीवास्तव व रज्जनपुर द्वितीय के धर्मराज द्वारा एक माह पहले मानव संपदा पोर्टल पर आकस्मिक अवकाश लिया गया था। इन शिक्षामित्रो का आकस्मिक अवकाश प्रधानाध्यापकों द्वारा स्वीकृत नहीं किया गया है। ऐसी स्थिति में शिक्षामित्रो से संबंधित स्कूलों के प्रधानाध्यापकों को आकस्मिक अवकाश स्वीकृत किए जाने का निर्देश दिया गया है।

राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के बीटेक पाठ्यक्रमों को मिली एआईसीटीई की मंजूरी

गोंडा कार्यालय

अमृत विचारः अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद ने जिले के राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज गोण्डा को बीटेक पाठ्यक्रम के संचालन को मंजूरी दे दी है। परिषद द्वारा गठित समिति ने संस्था के जांच और निरीक्षण के बाद लेटर ऑफ अप्रूवल जारी करने की संस्तुति कर दी है। जनपद के इस राजकीय कॉलेज में सिविल, इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल एवं कम्प्यूटर साइंस में बीटेक पाठ्यक्रम संचालित करने का रास्ता साफ हो गया है। राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. गोविंद पाडेय ने बताया कि संस्थान के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी नेहा शर्मा और जिला प्रशासन के सहयोग के कारण इसे एआईसीटीई की अप्रूव्ल की प्रक्रिया को सफलता पूर्वक पूरा किया जा सका है। प्रशासन की सफल कोशिशों का परिणाम है कि अब जनपद और आसपास के जिलों के हजारों होनहार छात्रों को बेहतर तकनीकी ज्ञान प्राप्त करने का अवसर मिल सकेगा। बता दें, उत्तर प्रदेश सरकार ने वर्ष 2016 में जनपद के उतरौला रोड पर राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज की स्थापना को मंजूरी दी थी। वर्तमान में निर्माण कार्य अपने अंतिम चरण में पहुंच गया है। सत्र 2023-24 में संस्थान के पहले बैच में दाखिले लिए गए। हालांकि, निर्माण कार्य पूरा न होने के कारण दाखिला लेने वाले छात्रों की कक्षाएं राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज अम्बेडकरनगर के परिसर में ही संचालित की जा रही हैं।

नए सत्र से अपने परिसर में ही पढ़ेंगे छात्र

प्रिंसिपल प्रो. गोविंद पाडेय ने बताया कि सिविल, इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल एवं कम्प्यूटर साइंस को मिलाकर प्रथम वर्ष में बी.टेक की 240 सीट हैं। नए सत्र में इनके लिए प्रवेश लिए जाएंगे। इनकी कक्षाओं का संचालन जनपद स्थित अपने ही परिसर में संचालित करने की तैयारी है।

कार्यशाला में मौजूद प्रतिभागियों को संगीत सिखाते प्रशिक्षक पंडित शिवपूजन शुक्ला।

कार्यशाला में सिखाया गया देश भक्ति गीत

बेलसर, अमृत विचार : महाराजा देवी बख्श सिंह इंटर कॉलेज बेलसर में उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी लखनऊ संस्कृत विभाग उत्तर प्रदेश के सहयोग से ग्रीष्मकालीन संस्कार गीतों की प्रस्तुति परक 15 दिवसीय कार्यशाला में चतुर्थ दिवस देश भक्ति गीत- हे भवानी वीणा बाजवा करो हम शहीदन कै गुणगान गावा करी। कंहरा - सीता आवै नही कनिया, पाँव पैजानिया बाजै नाय सिखाया गया। इस अवसर पर मुख्य प्रशिक्षक पंडित शिवपूजन शुक्ला ने प्रशिक्षणार्थियों को वाद्ययंत्र हार्मोनियम हरीश द्विवेदी ने ढोलक एवं विकास पांडेय ने बाँसुरी बांसुरी पर साथ अपनी मनमोहक प्रस्तुति दिया । इस दौरान रुचि शर्मा, तुषा शुक्ला, अर्चना, शिखा तिवारी, मनीष चौहान,आदि उपस्थित रहे। कार्यशाला संचालन में विद्यालय के शिक्षक रघुनाथ द्विवेदी, अशोक कुमार, रामेश्वर प्रताप सिंह राजेश वर्मा का विशेष सहयोग रहा।

एसी का तापमान रखें 26, कूलिंग के चक्कर में न बढ़ाएं ज्यादा लोड

गोंडा कार्यालय

अमृत विचारः बिजली को लेकर चारों तरफ हाहाकार मचा हुआ है। आवश्यकता के हिसाब से बिजली का उत्पादन भी प्रभावित है। जिसके चलते लो वोल्टेज व विद्युत कटौती लगातार जारी है । गर्मी से हर कोई परेशान है कटौती होने से उपभोक्ताओं में आक्रोश भी है लेकिन बिजली आपूर्ति कम होने के चलते सप्लाई कम मिल रही है। एक तरफ से विद्युत विभाग भी हाथ खड़ा कर रहा है और लोगों से बिजली बचाने की अपील कर रहा है। विद्युत विभाग की ओर से कहा जा रहा है कि हीट वेव का आरंभ हो चुका है। इसी को देखते हुए एसी एवम पंखों का भी भारी उपयोग किया जा रहा है । लेकिन इसके कारण ग्रिड पर भी काफी लोड आ रहा है। जिससे ग्रिड का संतुलन बिगड़ने की संभावना बढ़ जाती है और इस कारण के लंबे कटो का सामना करना पड़ सकता है। इसीलिये इससे बचाव के लिए कुछ बदलाव करके इस स्थिति से बचा जा सकता है।जिसमे एसी का टेम्प्रेचर 26 पर रखें। ज्यादा कूलिंग के चक्कर मे लोड न बढ़ाएं।कमरे से बाहर निकलते हुए अनावश्यक पंखे, लाइट इत्यादि को जरूर बंद करें। 5 स्टार रेटिंग वाला उपकरण ही प्रयोग करें। सुबह 07 से 10 बजे तक एवम रात को 08 से 11 बजे तक यथा संभव बिजली बचाने का प्रयास करें।

नियम विरुद्ध दर्ज वरासत निरस्त करने का आदेश

- जनसुनवाई के दौरान मिली शिकायत पर जिलाधिकारी ने की कार्रवाई
- राजस्व निरीक्षक को दी गयी प्रतिकूल प्रवृष्टि

गोंडा कार्यालय

अमृत विचारः नियम विरुद्ध द्वारा कर दर्ज करने के मामले में जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने एसडीएम सदर को वरासत आदेश रद्द करने का निर्देश दिया है साथ ही वरासत दर्ज करने वालेसदर तहसील के राजस्व निदेशक को प्रतिकूल प्रविष्टि दिए जाने का आदेश दिया है। जनसुनवाई में सामने आए एक प्रकरण की जांच पर खुलासे के बाद यह कार्रवाई की गई है।

बीते 24 मई को जनसुनवाई के दौरान चिस्तीपुर निवासी अरमान ने जिलाधिकारी के समक्ष शिकायत प्रस्तुत की थी। अरमान ने बताया कि उसके पिता नसीर गाटा संख्या 229, 133 के मालिक थे। नसीर की मृत्य के बाद अरमान और उसके भाई इरफान के नाम वरासत दर्ज की गई। यह जून 2022 में दर्ज कर दी गई थी। अरमान ने आरोप लगाया था कि वरासत दर्ज होने के बावजूद राजस्व निरीक्षक/लेखपाल ने साजिश कर एक दूसरा प.क.11 दर्ज करा दिया। जबकि, उपरोक्त प्रकरण में एक वाद पहले ही न्यायालय नायब तहसीलदार गोण्डा के समक्ष विचाराधीन है। जिलाधिकारी के आदेश पर उपजिलाधिकारी सदर अवनीश त्रिपाठी ने जांच की। जांच में शिकायत की पुष्टि होने पर जिलाधिकारी ने एसडीएम को वरासत रद्द करने का निर्देश दिया है तथा वरासत दर्ज करने वाले राजस्व निरीक्षक को प्रतिकूल प्रविष्टि प्रदान की है। डीएम ने साफ किया है कि इस तरह के प्रकरणों को किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं किया जाएगा।

छप्पर के नीचे चल रहा था अस्पताल, सीज

संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार। बड़े-बड़े हास्पिटल भी कैंसर के मरीज़ को भर्ती करने से पहले जांच पड़ताल करते हैंलेकिन ऐसे मरीज़ो को छप्पर के नीचे चल रहे हास्पिटल में भर्ती कर बाकायदा इलाज हो रहा था। जानकारी होने पर स्वास्थ्य विभाग ने आनन-फानन में हास्पिटल को सीज़ कर दिया। उसके संचालक के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी चल रही है। जानकारी के अनुसार लखनऊ-पलिया हाई-वे पर कछौना कोतवाली के कटियामऊ में छप्पर के नीचे मरीजों को भर्ती कर इलाज किया जा रहा था। बुधवार को नोडल अधिकारी डा. मनोज सिंह ने सीएमओ के निर्देश पर सीएचसी अधीक्षक डा. किसलय बाजपेयी के साथ छापा मारा। अधिकारियों ने अस्पताल को सीज कर दिया। सूत्रों के अनुसार पहले भी इसी हास्पिटल के खिलाफ कार्रवाई की गई थी लेकिन संचालक ने अधिकारियों को रकम पहुंचाकर सब मैनेज कर लिया था। सीएमओ के निर्देश पर बुधवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंचते ही हास्पिटल का संचालक और तथाकथित डाक्टर वहां से खिसक गए। नोडल अधिकारी डा .मनोज सिंह ने बताया कि इस तरह के अवैध व मानको को दरकिनार कर चल रहे हास्पिटल और क्लीनिकों के खिलाफ अभियान लगातार चलता रहेगा। हास्पिटल सीज़ करने के साथ रिपोर्ट भी दर्ज की जाएगी।

बेजोड़ बनारस में मोदी महिमा गान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो अब खुद को बनारसी कहते हैं, लगातार नई काशी बनाने के अभियान में जुटे हैं। इसी का नतीजा है कि विश्वनाथ धाम कॉरीडोर बनने के बाद 13 करोड़ पर्यटकों के आने से यहां आय और रोजगार के साधन तेजी से बढ़े हैं।

मनोज त्रिपाठी

अमृत विचार। वाराणसी मोदी मय है। गंगा किनारे घाट हों या गलियां चाहे बाजार कहीं भी किसी से पूछ लीजिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तीसरी जीत पर किसी को कोई संशय नहीं है, बल्कि इस तरह का सवाल करने पर लोग आपको घूरते या अचरज से देखते नजर आएंगे। चर्चा में अगर कुछ है, तो वह यह कि इस बार जीत का अंतर कितना बड़ा होगा, 400 पार होगा या नहीं। गोदौलिया चौक में एक चाय के अड्डे पर सुबह अखबार के पन्नों में झांकते हुए मोदी के विरोधी भी उनकी जीत पर बहस करते और शर्त लगाते मिलते हैं। इसी तरह अंधरापुल चौराहा जिसका नामकरण अब सीता राम द्वार किया जा चुका है, पर भीड़भाड़ के बीच सड़क किनारे एक होटल में छिड़ी चुनावी चर्चा में ज्यादातर लोग मानते हैं कि मोदी के आने के बाद बीते दस साल में शहर की सूरत काफी बदल गई है, बड़े शहरों जैसी भव्यता, सुविधा और चमक-दमक आ गई है। मोदी ने जो किया है, वह और कोई नहीं कर सकता है। हालांकि कुछ लोग इस बात से थोड़ा खिन्न नजर आते हैं कि सब कुछ पर्यटकों की खातिर हो रहा है। इससे बनारस का अपना मिजाज और रिवाज बदल रहा है। काशी वाली संस्कृति की पहचान कम होती जा रही है। विरासत भले सहेजी जा रही हो, लेकिन अध्यात्म और मुक्ति वाली पुरानी बात पीछे छूट रही है। लेकिन बात जैसे ही जीत-हार पर आती है तो सबकी राय एक ही नजर आती है कि अब दस लाख से जीतेंगे कि नहीं यह तो नहीं पता पर इतना तय है कि मोदी पिछली बार से ज्यादा वोटों से जीतेंगे।

भाजपा नेता और संगठन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस बार वाराणसी से चुनावी इतिहास की सबसे बड़ी जीत दिलाने के लिए दिन-रात एक किए है। प्रचार में जुटे लोग पूछने पर कहते हैं कि 10 लाख से ज्यादा वोटों से जिताने के लिए मेहनत कर रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगे बढ़कर चुनावी अभियान संभाल रखा है। वह लगातार दौरे, जनसभाएं और रैली कर रहे हैं। आधा दर्जन से ज्यादा केंद्रीय मंत्री, कई राज्यों के मुख्यमंत्री, सांसदों, विधायकों की फौज के साथ संगठन के बड़े पदाधिकारियों की टीम वाराणसी में डेरा डाले हैं। छोटी-छोटी की गलियों में बड़े-बड़े नेता प्रधानमंत्री को वोट देने के लिए लोगों के हाथ जोड़ रहे हैं। अलग-अलग वर्गों को साधने के लिए अलग-अलग नेता लगाए गए हैं। कहा जा रहा है कि अंतिम तीन दिन प्रधानमंत्री भी वाराणसी में मौजूद रहेंगे।

- भाजपा अपने सबसे बड़े नेता और प्रधानमंत्री को इस बार 10 लाख वोटों से जीत दिलाने के मिशन में जुटी
- अधिकतर लोगों का मानना है कि मोदी ने जो किया, वह कोई नहीं कर सकता, बदल गई शहर की तस्वीर

मोदी की जीत की हैट्रिक अजय की हार का चौका !

- 2019 के लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने करीब पांच लाख वोटों से जीत दर्ज की थी। इस बार वह जीत की हैट्रिक लगाने के साथ बड़े वोटों के अंतर से जीत का रिकार्ड बनाने की तरफ देख रहे हैं। वहीं उनका मुकाबला करने के लिए चुनावी मैदान में उतरे इंडिया गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की हार का हैट्रिक का रिकार्ड पिछले चुनाव में ही बन चुका है, यदि वह इस बार भी चुनाव हारते हैं, तो उनके नाम पर हार का चौका दर्ज हो जाएगा। अजय राय की पिछली तीनों हार में एक और खास बात रही है कि वह तीनों मर्तबा तीसरे नंबर पर ही रहे हैं, यानी थर्ड डिवीजन हार की हैट्रिक। लेकिन उनके लिए इस बार हालात पिछले चुनावों से थोड़े बेहतर नजर आ रहे हैं। हालांकि मुकाबले में बसपा से अतहर लारी भी हैं, लेकिन मोदी के साथ सीधी लड़ाई अजय राय की ही है। 2019 के चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में अजय राय को 1,52,548 वोट मिले थे। सपा-बसपा गठबंधन से चुनाव लड़ीं शालिनी यादव 1,95,159 वोट हासिल करके दूसरे नंबर पर रही थीं। इससे पहले 2014 के चुनाव में तीसरे स्थान पर रहने के साथ अजय राय की जमानत भी जब्त हो गई थी। इस चुनाव में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मोदी को चुनौती दी थी। दूसरे नंबर पर रहे केजरीवाल को 2,09,238 वोट मिले थे और अजय राय सिर्फ 75,614 वोट ही पा सके थे। 2009 का लोकसभा चुनाव अजय राय सपा के टिकट पर लड़े थे और तीसरे स्थान पर रहते हुए 1,23,874 वोट पाए थे। भाजपा से डॉ. मुरली मनोहर जोशी चुनाव जीते थे। बसपा से मैदान में उतरे माफिया मुख्तार अंसारी दूसरे नंबर पर रहे थे। अजय राय चार बार विधायक रह चुके हैं। वह तीन बार भाजपा और एक बार निर्दलीय चुनाव लड़कर जीते थे। 2009 में भाजपा से लोकसभा का टिकट नहीं मिलने पर सपा से लोकसभा का चुनाव लड़े थे। साल 2012 में वह कांग्रेस में शामिल हो गए थे। इसके बाद 2012 से 2017 तक वाराणसी की पिंडरा विधानसभा सीट से कांग्रेस के विधायक रहे थे।

2019 का परिणाम

दल	उम्मीदवार	वोट	चुनाव चिन्ह
भाजपा	नरेंद्र मोदी	6,74,664	
सपा	शालिनी यादव	1,95,159	
कांग्रेस	अजय राय	1,52,548	

2014 का जनादेश

दल	उम्मीदवार	वोट	%
भाजपा	नरेंद्र मोदी	5,81,022	56.37
आप	अरविंद केजरीवाल	2,09,238	20.30
कांग्रेस	अजय राय	75,614	7.34
बसपा	विजय जयसवाल	60,579	5.88
सपा	कैलाश चौरसिया	45,291	4.39

गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने के लिए मांग रहे समर्थन

- वाराणसी में के. शिव कुमार अपनी युग तुलसी पार्टी से मैदान में हैं। वह आंध्र प्रदेश में तिरुमाला वेंकटेश्वर मंदिर सहित अन्य मंदिरों के प्रबंधन के लिए बने तिरुपति देवस्थानम ट्रस्ट के पूर्व बोर्ड सदस्य हैं। शिव कुमार ने जीवन भर गाय संरक्षण पर काम किया है। वह हैदराबाद में तीन गौशालाओं के मालिक हैं। शिव कुमार का वाराणसी में चुनाव अभियान के दौरान मुख्य मुद्दा यह है कि केंद्र सरकार गाय को भारत का राष्ट्रीय पशु घोषित करे। उनका कहना है कि भाजपा सनातन धर्म के बारे में तो बात करती है, लेकिन वे इस संबंध में कुछ भी लागू नहीं कर रहे हैं।

बसपा प्रत्याशी लड़ चुके दो लोकसभा और दो विस चुनाव

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने उतरे बसपा प्रत्याशी अतहर जमाल लारी 1984 में जनता पार्टी के टिकट पर वाराणसी लोकसभा सीट से चुनाव लड़े थे। 1991 में उन्होंने जनता दल से वाराणसी कैंट विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा था, लेकिन भाजपा की ज्योत्सना श्रीवास्तव से 5,000 वोटों से हार गए थे। 1995 में सोनेलाल पटेल के नेतृत्व वाले अपना दल में शामिल हो गए थे। 2004 में अपना दल से वाराणसी से लोकसभा चुनाव लड़कर तीसरे स्थान पर रहे थे। 2012 में लारी ने मुख्तार अंसारी के नेतृत्व वाले कौमी एकता दल से वाराणसी दक्षिण विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा था।

वाराणसी में पिछले चुनाव का वोट शेयर



मोदी के विरुद्ध ये तीन प्रमुख प्रत्याशी मैदान में

अजय राय।

अतहर जमाल लारी।

के. शिव कुमार।

इस बार सिर्फ छह प्रत्याशी लड़ रहे चुनाव

- साल 2014 के चुनाव में वाराणसी लोकसभा सीट पर 41 प्रत्याशी मैदान में थे। पिछली बार 2019 में कुल 26 प्रत्याशी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चुनौती दे रहे थे, लेकिन इस बार यह आंकड़ा सिमटकर छह पर आ गया है।

नेहरू और इंदिरा के रिकार्ड की कर लेंगे बराबरी

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस बार वाराणसी से जीत हासिल करते ही पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू और इंदिरा गांधी की तरह प्रदेश के एक निर्वाचन क्षेत्र से तीन चुनाव जीतने के रिकार्ड की बराबरी कर लेंगे। बतौर प्रधानमंत्री पं. नेहरू ने फूलपुर लोकसभा सीट से लगातार तीन चुनाव जीते थे, जबकि इंदिरा ने भी रायबरेली से यही रिकार्ड बनाया था। हालांकि वह रायबरेली से जीत की हैट्रिक नहीं लगा सकी थीं।

दो महिला सांसदों का ममता के गढ़ में संघर्ष

- भाजपा ने कोलकाता दक्षिण लोकसभा सीट पर रायगंज की सांसद देबश्री चौधरी के लिए झोंक रखी है ताकत
- इस लोकसभा क्षेत्र से 1952 में पहले सांसद चुने गए थे भारतीय जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी

अमृत विचार। पश्चिम बंगाल में सातवें और अंतिम चरण में दम दम, बारासात, बशीरहाट, जयनगर, मथुरापुर, डायमंड हार्बर, जादवपुर, कोलकाता दक्षिण और उत्तर सीटों पर मतदान होना है। इनमें भाजपा ने जिन सीटों को जीतने के लिए तगड़ी व्यूह रचना की है, उनमें कोलकाता दक्षिण लोकसभा क्षेत्र प्रमुख है।

इस सीट को पहले कलकत्ता दक्षिण पूर्व नाम से जाना जाता था। वर्ष 1952 में इस सीट से जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी पहले सांसद बने थे। पिछले कुछ समय से कोलकाता दक्षिण सीट पर टीएमसी का दबदबा है। लेकिन इस बार भाजपा यहां कमल खिलाने को बेताब है। टीएमसी की सांसद माला राय के मुकाबले भाजपा ने रायगंज से सांसद देबश्री चौधरी को मैदान में उतारा है, जो कड़ी टक्कर दे रही हैं। सीपीआई (एम) से सायरा शाह हैं, जो अभिनेता नसीरुद्दीन शाह की भतीजी हैं। कोलकाता दक्षिण को मुख्यमंत्री और टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी का गढ़ कहा जाता है। वह छह बार यहां से सांसद चुनी गई थीं। इसकी शुरुआत उन्होंने 1991 में सीपीआई (एम) नेता बिप्लब दास गुप्ता को हराकर की थी। इसके बाद 1996, 1998, 1999, 2004 और 2009 में वह सांसद चुनी गईं। लेकिन 2011 में सांसद पद से इस्तीफा देकर मुख्यमंत्री बन गई थीं, क्योंकि उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने राज्य में जीत हासिल कर ली थी।

दम दम से भाजपा ने ढाई दशक पहले खोला था खाता

दम दम लोकसभा क्षेत्र में इस बार टीएमसी के दिग्गज नेता सांसद सौगत रॉय का मुकाबला भाजपा के सीलभद्र दत्ता और सीपीआई (एम) के सुजन चक्रवर्ती से है। बंगाल में दम दम सीट पर ही सबसे पहले भाजपा ने वर्ष 1998 में खाता खोला था। तपन सिकंदर बंगाल के पहले भाजपाई सांसद बने थे। वह 1999 में दोबारा चुने गए थे। इसके बाद से भाजपा यहां जीत को तरस रही है। 2019 में दम दम में टीएमसी सांसद सौगत राय ने भाजपा के समिक भट्टाचार्य को हराया था। 2014 के चुनाव में सौगत राय ने सीपीआई (एम) के असीम दास गुप्ता को पराजित किया था। भाजपा के तपन सिंकदर तीसरे स्थान पर पिछड़ गए थे। 2009 का चुनाव भी सौगत राय ने ही जीता था। राज्य की बारासात सीट पर डॉ. काकोली घोष दस्तीदार का मुकाबला भाजपा के स्वपन मजूमदार और सीपीआई(एम) के संजीब चटर्जी से है। बशीरहाट में हाजी नुरुल इस्लाम का भाजपा की रेखा पात्रा और सीपीआई (एम) के निरापद सरदार में मुकाबला है। मथुरापुर में बापी हलदर, भाजपा के अशोक पुरकैत और शरत चंद्र हलदर में लड़ाई है। डायमंड हार्बर में टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी का मुकाबला भाजपा के अभिजीत दास से हो रहा है। जादवपुर में टीएमसी की सयोनी घोष का मुकाबला भाजपा के डॉ. अनिर्बान गांगुली से है।

बलिया में बगावत से गड़बड़ाए समीकरण

चुनाव डेस्क

अमृत विचार। पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के नाम से पहचान रखने वाली बलिया लोकसभा सीट पर इस बार उनके बेटे नीरज शेखर भाजपा से चुनावी मैदान में उतरने के बाद सपा के जातीय समीकरण में फंस गए थे। साल 2019 के चुनाव में सिर्फ 15,000 वोटों से पिछड़ने वाले सपा प्रत्याशी सनातन पांडेय उनके सामने कड़ी चुनौती पेश कर रहे थे। पिछले दो चुनाव से भाजपा यहां जीत रही थी, लेकिन इस बार कांटे की टक्कर मानी जा रही थी। ऐसे में राजनीति के चाणक्य माने जाने वाले गृहमंत्री अमित शाह ने बुधवार को बलिया पहुंचकर एक झटके में समीकरण बदल दिए। उन्होंने सपा नेता और पूर्व मंत्री नारद राय तथा पूर्व विधायक राम इकबाल सिंह को भाजपा में शामिल कराकर माहौल भाजपा की तरफ मोड़ दिया।

बलिया में चुनाव ब्राह्मण बनाम राजपूत के बीच सिमटता नजर आ रहा था। ऐसे में सपा की पिछड़ा वर्ग में पैठ ने भाजपा की मुश्किलें बढ़ा रखी थीं। बलिया से भाजपा प्रत्याशी नीरज शेखर के समर्थन में सभा करने पहुंचे अमित शाह ने मंच पर नारद राय को खास तवज्जो दी। नारद राय भूमिहार समाज के बड़े नेता माने जाते हैं और भूमिहार समाज की पूर्वांचल की बलिया, गाजीपुर, मऊ, देवरिया, मिर्जापुर, चंदौली, भदोही, महाराजगंज, गोरखपुर जैसे जिलों में ठीक-ठाक पैठ है। माना जा रहा है कि अमित शाह ने नारद राय को भाजपा में लाकर बलिया के साथ ही चार और सीटों पर सपा के समीकरण गड़बड़ा दिए हैं। नारद राय की सपा से नाराजगी का कारण सोमवार को बलिया में सनातन पांडे के समर्थन में अखिलेश यादव की रैली से शुरू हुई थी। जब अखिलेश ने मंच से नारद राय का नाम नहीं लिया था। इसी से खफा होकर नारद राय ने बागी तेवर अपनाए और भाजपा का दामन थाम लिया।

जनता ही राजा हिमाचल प्रदेश की हॉट सीट मंडी में कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह के समर्थन में सभा करने पहुंची प्रियंका गांधी वाड्रा भीड़ देखकर खुशी से उछलती नजर आईं।

दो बार की सांसद किरन खेर की जगह भाजपा ने इस बार उतारा है संजय टंडन को चुनावी मैदान में, मुकाबला कांटे का दिख रहा

चंडीगढ़ में दांव पर लगी है कांग्रेस नेता मनीष तिवारी की साख

कांटे का मुकाबला

चुनाव डेस्क

अमृत विचार। चंडीगढ़ लोकसभा सीट पर बीते 10 साल से भारतीय जनता पार्टी का कब्जा है। फिल्म अभिनेता अनुपम खेर की पत्नी किरन खेर यहां से लगातार 2014 और 2019 के चुनाव जीती थीं। इससे पहले 2009 के चुनाव में कांग्रेस को जीत मिली थी। पवन कुमार बंसल सांसद चुने गए थे। लेकिन 2014 की मोदी लहर में वह भाजपा प्रत्याशी किरन खेर से चुनाव हार गए थे। इस बार यहां भाजपा ने किरन खेर के स्थान पर संजय टंडन को चुनावी मैदान में उतारा है, जिनका मुकाबला कांग्रेस नेता मनीष तिवारी से हो रहा है।

पंजाब और हरियाणा की राजधानी चंडीगढ़ में पले-बढ़े 58 वर्षीय पूर्व केंद्रीय मंत्री मनीष तिवारी कांग्रेस का जाना पहचाना चेहरा हैं। उन्होंने पिछली लोकसभा में आनंदपुर साहिब का प्रतिनिधित्व किया था। इससे पहले वह 2009 से 2014 तक लुधियाना से सांसद रहे थे। मनीष तिवारी पिछले दो चुनावों से अपने गृहनगर चंडीगढ़ से चुनाव लड़ने के इच्छुक थे। उधर, भाजपा नेता बलरामजी दास टंडन के पुत्र संजय टंडन चंडीगढ़ लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार के रूप में अपनी चुनावी राजनीति शुरू कर रहे हैं। वह 1990 के दशक से भाजपा के साथ जुड़े हैं और पार्टी के भीतर व्यापक संगठनात्मक अनुभव रखते हैं। चंडीगढ़ लोकसभा सीट से बसपा ने डॉ. ऋतु सिंह को उतारा है। ऋतु दिल्ली विश्वविद्यालय में प्रोफेसर रही हैं। वहां भी वह दलितों के लिए आवाज उठाने के लिए जानी जाती थीं। उन्हें पद से बर्खास्त कर दिया गया था।

जानकार चंडीगढ़ में मेयर चुनाव को लेकर हुई भाजपा की किरकिरी और मनीष तिवारी को आम आदमी पार्टी का समर्थन मिलने से उनकी स्थिति बेहतर मान रहे हैं। शायद इसी के मद्दे नजर यहां भाजपा ने अंतिम चरण के प्रचार में पूरी ताकत झोंक रखी है। अंतिम दिन केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और सांसद मनोज तिवारी सभाएं करेंगे। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल मनीष तिवारी के समर्थन में रोड शो करके माहौल बना गए हैं।

संजय टंडन।

मनीष तिवारी।

2019 चुनाव परिणाम

दल	उम्मीदवार	वोट %
भाजपा	किरण अनुपम खेर	50.64
कांग्रेस	पवन कुमार बंसल	40.35
आप	हरमोहन धवन	3.82
बसपा	परवीन कुमार	1.62

2014 का जनादेश

दल	उम्मीदवार	वोट%
भाजपा	किरण अनुपम खेर	42.20
कांग्रेस	पवन कुमार बंसल	26.84
आप	गुलकीरत कौर पनाग	23.97
बसपा	जन्नत जहां-उल-हक	3.51

लुधियाना व आनंदपुर साहिब से चुनाव जीतने के बाद चंडीगढ़ से किस्मत आजमा रहे हैं मनीष तिवारी

मैंथा बाजार भाव

रामपुर–शिवालिक 970 फ्लैग 1085 डीएमओ 855 बोल्ड 1145, **सम्भल–चन्दौसी**–शिवालिक 970 फ्लैग 1085 बोल्ड 1135 डीएमओ 850।

लखनऊ मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)–	
गेहूं (आरआर 21)	2360–2800
गेहूं (के 65)	3500–3800
बाजरा	2200–2300
मक्का	2700–2800
जौ	2900–3000
चावल (प्रति क्वि.)	
चावल सेल्हा	2800–3100
चावल बासमती	7000–8000
चावल मोटा	2800–3000
चावल मन्सूरी	3200–3500
चावल शक्कर चीनी	4800–5200
चावल गोल्डन सेल्हा	5600–8600
चावल राजरानी	7000–7500
दाल दलहन	
चना देशी	6800–7000
चना फार्मी	7200–7500
चना काबली	14500–17000
मटर हरा	6000–6200
मटर सफेद	6100–6500
दाल चना	8000–8400
दाल मटर	6400–6500
उड़द हरा	12000–12500
उड़द काला	9000–9500
दाल उड़द हरी	15500–16000
दाल उड़द काली	10500–11000
दाल उड़द धोवा	12000–12500
मूंग खड़ा	10000–10500
मूंग दाल	10500–11000
मूंग धोवा	12000–13000
मसूर	8800–9000
मलका	9000–9500
दाल अरहर फूल	16000–17000
दाल स्पेशल	13000–14000
राज्मा सफेद	13000–14000
राज्मा काला	11500–12500
मूंगफली का दाना	11000–12000
तेल तिलहन	
अलसी	5310–5510
लाही	4800–5200
काली सरसों	4900–5300
पीली सरसों	5600–5800 रुपये।

एसएंडपी ने भारत की रेटिंग को सुधारा

स्थिर से बढ़ाकर किया सकारात्मक और दो साल में सुधार की जताई है उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी

एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग ने भारत के साख (रेटिंग) परिदृश्य को स्थिर से बढ़ाकर सकारात्मक कर दिया है। मजबूत वृद्धि, पिछले पांच वर्षों में सार्वजनिक व्यय की बेहतर गुणवत्ता तथा सुधारों और राजकोषीय नीतियों में व्यापक निरंतरता की उम्मीद के बीच 10 साल के अंतराल के बाद भारत के रेटिंग परिदृश्य में यह बदलाव संभव हुआ है। एसएंडपी ने हालांकि, भारत की सॉवरेन रेटिंग को निम्नतम निवेश ग्रेड 'बीबीबी-' पर बरकरार रखा है। 'बीबीबी-' सबसे निचली निवेश श्रेणी रेटिंग है। एजेंसी ने पिछली बार 2014 में रेटिंग परिदृश्य को नकारात्मक से बढ़ाकर स्थिर किया था।

अमेरिका की एजेंसी ने बुधवार

को बयान में कहा कि यदि भारत सतर्क राजकोषीय और मौद्रिक नीति अपनाता है जिससे सरकार के बढ़े हुए कर्ज तथा ब्याज के बोझ में कमी आती है और आर्थिक मोर्चे पर जुझारूपन बढ़ता है तो वह अगले 24 महीने में भारत की साख को बढ़ा सकती है। एसएंडपी की रेटिंग भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा सरकार को 2.10 लाख करोड़ रुपये का रिकॉर्ड लाभांश हस्तांतरित करने के एक सप्ताह के भीतर आई है। इस राशि का इस्तेमाल केंद्र के राजकोषीय घाटे को कम करने के लिए किया जा सकता है। एसएंडपी ने कहा-बढ़ती गुणवत्ता के दम पर भारत का परिदृश्य संशोधित कर सकारात्मक किया गया। साथ ही 'बीबीबी-' दीर्घकालिक की पुष्टि की जाती है।

एशिया-प्रशांत में सबसे अधिक रही जीडीपी की वृद्धि दर

एसएंडपी ने कहा–सकारात्मक परिदृश्य हमारे इस दृष्टिकोण को प्रतिबिंबित करता है कि निरंतर नीतिगत स्थिरता, गहन आर्थिक सुधार तथा उच्च बुनियादी ढांचा निवेश दीर्घकालिक वृद्धि संभावनाओं को बनाए रखेंगे। एजेंसी का अनुमान है कि पिछले तीन वर्षों में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर औसतन 8.1 प्रतिशत सालाना रही है, जो एशिया–प्रशांत क्षेत्र में सबसे अधिक है। एसएंडपी ने कहा कि यदि भारत का राजकोषीय घाटा सार्थक रूप से कम होता है और परिणामस्वरूप सामान्य सरकारी ऋण संरचनात्मक आधार पर सकल घरेलू उत्पाद के सात प्रतिशत से नीचे आ जाता है, तो वह रेटिंग बढ़ा सकती है। एसएंडपी ने कहा कि पिछले चार से पांच वर्षों में सरकारी खर्च की गुणवत्ता में सुधार हुआ है। सार्वजनिक निवेश तथा उपभोक्ता गति अगले तीन से चार साल में ठोस वृद्धि संभावनाओं को आधार प्रदान करेगी। भारत की कमजोर राजकोषीय स्थिति हमेशा से ही इसकी सॉवरेन रेटिंग की पृष्ठभूमि का सबसे कमजोर हिस्सा रही है। सभी तीन प्रमुख वैश्विक रेटिंग एजेंसियों एसएंडपी, फिच और मूडीज ने भारत को सबसे निम्न निवेश ग्रेड रेटिंग दी है। वहीं फिच और मूडीज ने अपनी रेटिंग पर अब भी स्थिर परिदृश्य कायम रखा है।

बाजार में भारी गिरावट, सेंसेक्स 668 अंक लुढ़का

मुंबई, एजेंसी

- निवेशकों की मुनाफावसूली से निफ्टी भी 183.45 अंक गिरा

स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को लगातार चौथे दिन भारी गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 667 अंक से अधिक लुढ़क गया। लोकसभा चुनाव के नतीजे आने से पहले सतर्क निवेशकों की मुनाफावसूली से बाजार नीचे आया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 667.55 अंक यानी 0.89 प्रतिशत की गिरावट के साथ 75,000 अंक के नीचे 74,502.90 अंक पर बंद हुआ। यह कारोबार के दौरान 715.9 अंक टूटकर 74,454.55 अंक के निचले स्तर तक आ गया था। बीएसई सेंसेक्स 27 मई को अपने अबतक के उच्चतम स्तर 76,009.68 अंक तक गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज निफ्टी भी 183.45 अंक यानी 0.80 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,704.70 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी सोमवार को अपने अब तक के उच्चतम स्तर

23,110.80 अंक पर बंद हुआ था।

सेंसेक्स के शेयरों में टेक महिंद्रा, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फिनसर्व, एचडीएफसी बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, एक्सिस बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और इन्फोसिस प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ पावर ग्रिड, सन फार्मा, नेस्ले, आईटीसी और भारती एयरटेल के शेयर चढ़ गए।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा-वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख को देखते हुए निवेशकों ने अमेरिका में कोर पीसीई (व्यक्तिगत उपभोग व्यय) आंकड़े जारी होने से पहले मुनाफावसूली की। यह आंकड़ा मुद्रास्फीति के बारे में संकेत देता है। मुद्रास्फीति में वृद्धि की संभावना है।

निवेशकों की संपत्ति 5.12 लाख करोड़ घटी

नई दिल्ली। शेयर बाजार में लगातार चार कारोबारी सत्रों की गिरावट से निवेशकों की पूंजी 5.12 लाख करोड़ रुपये घट गई है। लोकसभा चुनाव के नतीजों से पहले निवेशकों की सतर्कता के बीच शेयर बाजार में इससे पहले रिकॉर्ड बढ़त दर्ज हो रही थी। बैंक शेयरों में बिकवाली और कमजोर वैश्विक रुझानों के बीच सूचकांक में गिरावट आई है। बीएसई सेंसेक्स 24 मई से चार कारोबारी सत्रों में 915.14 अंक गिर चुका है। हालांकि 27 मई को सेंसेक्स 76,009.68 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ था।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	97,300
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	95,000
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	100000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	74,450
गिन्नी (प्रति नग)	55,500–55,700
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	72,850
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	72,700
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	92,000
चांदी तैयार	92,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	73,000
सोना जेवरात गिन्नी	72,000
चांदी पक्की	908 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	73,325
चांदी आभूषण	92,300।

पेटीएम-अडाणी समूह ने हिस्सेदारी बिक्री संबंधी बातचीत से किया इनकार

नई दिल्ली। वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड ने बुधवार को कहा कि वह अडाणी समूह को हिस्सेदारी बेचने के लिए कोई बातचीत नहीं कर रही है। अडाणी समूह ने भी ऐसी खबरों को गलत और असत्य करार दिया है। वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड के पास पेटीएम का स्वामित्व है। उद्योगपति गौतम अडाणी के पेटीएम में संभावित हिस्सेदारी खरीदने के लिए मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विजय शेखर शर्मा के साथ बातचीत करने संबंधी खबरों पर वन97 कम्युनिकेशंस ने कहा-यह केवल अटकलें हैं। कंपनी इस संबंध में कोई बातचीत नहीं कर रही है।

एडीबी ने विकास के लिए 2023 में भारत को दिए 2.6 अरब डॉलर के ऋण

नई दिल्ली एजेंसी

एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने 2023 में भारत को 2.6 अरब डॉलर का ऋण दिया जिसका उद्देश्य शहरी विकास को मजबूत करना, औद्योगिक गलियारे के विकास का समर्थन करना, बिजली क्षेत्र के सुधारों को बढ़ावा देना, भारत की जलवायु लचीलापन बनाना, बागवानी का समर्थन करना और कनेक्टिविटी को बढ़ाना है।

एडीबी ने सॉवरेन पोर्टफोलियो के तहत 2.353 करोड़ डॉलर की तकनीकी सहायता और 41 लाख डॉलर का अनुदान भी दिया। इसके अलावा, उसने वर्ष के दौरान निजी क्षेत्र की परियोजनाओं के लिए एक अरब डॉलर से अधिक की प्रतिबद्धता जताई।

एडीबी के भारत के कंट्री निदेशक मियो ओका ने कहा-वर्ष 2023 में एडीबी के पोर्टफोलियो ने सरकार के प्राथमिकता वाले एजेंडे का समर्थन किया। हम उन परियोजनाओं और कार्यक्रमों पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखेंगे जो भारत के संरचनात्मक परिवर्तन को गति देते हैं, रोजगार पैदा करते हैं, बुनियादी ढांचे की कमियों को दूर करते हैं, हरित विकास को बढ़ावा देते हैं।

स्पाइसजेट के खिलाफ एनसीएलटी में दिवाला याचिका दाखिल

नई दिल्ली। विमानों का इंजन मुहैया कराने वाली कंपनी इंजन लीज फाइनेंस (ईएलएफ) ने करीब 100 करोड़ रुपये की देनदारी के मामले में कर्ज संकट में फंसी एयरलाइन स्पाइसजेट के खिलाफ दिवाला अर्जी दाखिल की है। ईएलएफ ने स्पाइसजेट को आठ विमान इंजन पट्टे पर दिए हुए हैं। उसने दावा किया है कि स्पाइसजेट पर किराये एवं ब्याज समेत करीब 1.6 करोड़ डॉलर की देनदारी बनती है। राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की दिल्ली पीठ ने बुधवार को इस याचिका पर संक्षिप्त सुनवाई की।

डिजाइन, प्रोग्रामिंग प्रवेश स्तर की नौकरियों के लिए शीर्ष कौशल

नई दिल्ली, एजेंसी

नए स्नातकों के लिए डिजाइन, एनालिटिक्स और प्रोग्रामिंग जैसे कौशल करियर में ढेरों अवसर खोल सकते हैं। अग्रणी पेशवर नेटवर्क लिंक्डइन के अनुसार, सॉफ्टवेयर इंजीनियर, सिस्टम इंजीनियर और प्रोग्रामिंग विश्लेषक में स्नातक डिग्री धारकों के लिए रोजगार के प्रमुख अवसर हैं।

लिंक्डइन की करियर स्टार्टर 2024 रिपोर्ट के अनुसार, स्नातक डिग्री वाले युवा पेशेवरों के लिए यूटिलिटी सबसे तेजी से बढ़ने वाला उद्योग है। नए स्नातकों को नियुक्त करने वाले अन्य शीर्ष उद्योगों में तेल, गैस व खनन, रियल एस्टेट, उपकरण किराया सेवाएं और उपभोक्ता सेवाएं शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया, शैक्षिक पृष्ठभूमि से परे विभिन्न नौकरियां तेजी से बढ़ रही हैं। सामुदायिक व सामाजिक सेवा, कानूनी, विपणन और मीडिया व संचार जैसे क्षेत्रों में स्नातक डिग्री धारकों के लिए पर्याप्त अवसर उपलब्ध हैं। लिंक्डइन करियर विशेषज्ञ एवं भारत की वरिष्ठ प्रबंध संपादक निराजिता बनर्जी ने कहा-नौकरी बाजार में प्रवेश करना कठिन हो सकता है...खासकर करियर की शुरुआत में।

राष्ट्रीय

एक नजर

आदेश के खिलाफ याचिका पर जामिया विवि से जवाब-तलब

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को जामिया मिल्लिया इस्लामिया (जेएमआई) के प्रोफेसर इकबाल हुसैन की याचिका पर विश्वविद्यालय से बुधवार को जवाब तलब किया। हुसैन ने अपनी याचिका में एकल न्यायाधीश के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसके जरिये विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति और इसके बाद कार्यवाहक कुलपति के तौर पर उनकी नियुक्ति रद्द कर दी गयी थी। न्यायमूर्ति विभु बाखरू की अध्यक्षता वाली पीठ ने एकल न्यायाधीश के फैसले के खिलाफ हुसैन की अपील पर जेएमआई को नोटिस जारी किया और मामले की अगली सुनवाई की तिथि 12 अगस्त तय की।

फैक्ट्री में लगी आग, दो महिलाओं की मौत

रायपुर। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर स्थित गोदवारा के फोम फैक्ट्री में बुधवार को भीषण आग लग गई। इस घटना में दो महिलाओं की जिन्दा जलकर मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम आग पर काबू पाने की कोशिश में लगी हुई है। आग इतना भयानक है कि दूर दूर तक केवल धुंएं का गुबार नजर आ रहा है। मौके पर पहुंचे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने बताया कि ये जो फैक्ट्री है वो थाना खमतराई के बसंत नगर में स्थित है। उन्होंने बताया कि यहां सात कर्मचारी काम कर रहे थे। तभी अचानक फैक्ट्री में आग लगी और पांच कर्मचारियों ने यहां से भागकर अपनी जान बचाई है।

अमृतसर में हेरोइन के साथ दो ड्रोन बरामद

जालंधर। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पंजाब के अमृतसर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में दो अलग–अलग स्थानों से एक किलो 90 ग्राम हेरोइन के साथ दो ड्रोन बरामद किये हैं। बीएसएफ के प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि सुबह के समय ड्यूटी पर तैनात बीएसएफ के सतर्क जवानों ने अमृतसर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में दो अलग–अलग स्थानों पर ड्रोन की आवाजाही को रोका। प्रोटोकॉल के अनुसार, बीएसएफ के जवानों ने ड्रोन की हरकतों पर तुरंत नज़र रखी और उन्हें बेअसर करने का प्रयास किया गया है।

पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती इलाकों में घुसपैठ के कारण बदल रही है जनसांख्यिकी: मोदी

रैली में प्रधानमंत्री ने लगाया आरोप, टीएमसी सरकार जारी कर रही फर्जी जाति प्रमाण पत्र

काकद्वीप (पश्चिम बंगाल), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती इलाकों में घुसपैठ के कारण जनसांख्यिकी बदल रही है तथा अवैध तरीके से प्रवेश करने वाले लोग स्थानीय युवाओं के लिए उपलब्ध अवसरों को छीन रहे हैं।

मोदी ने यह भी दावा किया कि राज्य की तृणमूल कांग्रेस सरकार फर्जी जाति प्रमाण पत्र जारी कर मूल ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) के अधिकार मुसलमानों को दे रही है। उन्होंने कहा-बंगाल के सीमावर्ती क्षेत्रों में जनसांख्यिकी को

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पश्चिम बंगाल के मथुरापुर में लोकसभा चुनाव के लिए रैली के दौरान जनता का अभिवादन करते हुए। ● एजेंसी

बदला जा रहा है। टीएमसी धार्मिक रूप से प्रताड़ित अल्पसंख्यकों को नागरिकता देने के खिलाफ है। वे सीएए का इतना विरोध क्यों कर रहे हैं? ये लोग (तृणमूल नेता) सीएए के बारे में झूठ क्यों बोल रहे हैं।

भाजपा सत्ता में आई तो संविधान खत्म कर देगी

चंडीगढ़। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को आरोप लगाया कि अगर भारतीय जनता पार्टी सत्ता में वापस आई तो संविधान को खत्म कर देगी। कांग्रेस नेता ने पंजाब में मादक पदार्थों की समस्या का मुद्दा भी उठाया और कहा कि यह समस्या बढ़ती जा रही है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस खतरे को खत्म करने के लिए सख्त कार्रवाई की जरूरत है।

भाजपा नेता ने मुख्यमंत्री विजयन की बेटी के खिलाफ न्यायालय का किया रुख

कोच्चि। भाजपा नेता शोन जॉर्ज ने केरल उच्च न्यायालय में एक अर्जी दायर कर आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री पिनराई विजयन की बेटी की अब बंद हो चुकी कंपनी 'एक्सलॉजिक' ने अबू धाबी के एक खाते में भारी रकम जमा की और कनाडाई कंपनी एसएनसी लवलीन ने इसके माध्यम से धन को अमेरिका स्थानांतरित कर दिया। विजयन पर 1996 में केरल के ऊर्जा मंत्री रहने के दौरान कनाडाई कंपनी एसएनसी लवलीन को ठेका देने में हुए कथित भ्रष्टाचार में शामिल होने का आरोप है, जिससे सरकारी खजाने को कथित तौर पर नुकसान हुआ था। तिरुवनंतपुरम स्थित एक विशेष अदालत ने 2013 में विजयन और दो अन्य को इस मामले में बरी कर दिया था।

गर्मी में ठंडक का अहसास...



गुरुग्राम में भीषण गर्मी के दिनों में बच्चे जलाशय में अठखेलियां करते हुए। ● एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने छात्र शरजील इमाम को दी जमानत

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने छात्र कार्यकर्ता शरजील इमाम को राजद्रोह और गैरकानूनी गतिविधियों के आरोप संबंधी 2020 के सांप्रदायिक दंगों से जुड़े एक मामले में बुधवार को जमानत दी। इमाम ने सुनवाई अदालत के उस आदेश को चुनौती दी थी जिसमें उसे जमानत देने से इनकार किया गया जबकि दोषसिद्धि की स्थिति में उसे दी जाने वाली अधिकतम सजा की आधी से अधिक अवधि वह काट चुका है।

न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति मनोज जैन की पीठ ने इमाम और दिल्ली पुलिस के वकील की दलीलें सुनने के बाद कहा-अपील स्वीकार की जाती है। अभियोजन के अनुसार इमाम ने 13 दिसंबर 2019 को जामिया मिल्लिया इस्लामिया में और 16 दिसंबर 2019 को अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में कथित तौर पर भाषण दिया जहां उसने असम और शेष पूर्वोत्तर को देश से काटने की धमकी दी थी। इमाम ने निचली अदालत के समक्ष दावा किया था कि वह पिछले चार वर्षों से हिरासत में है और गैरकानूनी गतिविधियां

सांप्रदायिक दंगों से जुड़ा मामला

(रोकथाम) अधिनियम की धारा 13 (गैरकानूनी गतिविधियों के लिए सजा) के तहत अपराध के लिए दोषी पाए जाने पर अधिकतम सजा सात वर्ष है। आपराधिक दंड संहिता (सीआरपीसी) की धारा 436-ए के अनुसार किसी व्यक्ति को हिरासत से उस स्थिति में रिहा किया जा सकता है यदि उसने अपराध के लिए निर्धारित अधिकतम सजा की आधी से अधिक अवधि काट ली हो।

वहीं सुनवाई अदालत ने 17 फरवरी को उसे जमानत देने से इनकार करते हुए अपने फैसले में कहा था कि असाधारण परिस्थितियों में आरोपी की हिरासत की अवधि को बढ़ाया जा सकता है। जानकारी के मुताबिक इमाम 2020 के सांप्रदायिक दंगों से जुड़े कई मामलों में आरोपी है, जिसमें हिंसा की कथित बड़ी साजिश का मामला भी शामिल है। वह साजिश के एक मामले में भी न्यायिक हिरासत में है।

पालघर रेलवे स्टेशन पर पटरी से उतरी मालगाड़ी

मुंबई, एजेंसी

- घटना से कई ट्रेन रद और कई का बदला गया समय

महाराष्ट्र के पालघर रेलवे स्टेशन पर एक मालगाड़ी के पटरी से उतरने के कारण पश्चिमी रेलवे को कई ट्रेनों का परिचालन रद्द करने के साथ ही कई ट्रेनों का समय बदलना पड़ा। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि घटनास्थल पर मरम्मत का काम जारी है।

पश्चिमी रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि बुधवार दोपहर तक 41 रेलगाड़ियां रद्द कर दी गईं, 28 आंशिक रूप से रद्द कर दी गईं, 12 के मार्ग में परिवर्तन किया गया और 22 रेलगाड़ियों के समय में परिवर्तन किया गया। दोपहर को जारी बुलेटिन में पश्चिमी रेलवे ने कहा कि दहानु रोड (पालघर जिले में) और मुंबई के बीच लोकल ट्रेन सेवाएं (आने-जाने के लिए) शाम तक फिर से शुरू हो जाएंगी। रेलवे के एक प्रवक्ता ने पहले बताया था कि मंगलवार शाम 5.08 बजे मुंबई से करीब 100 किलोमीटर दूर पालघर में मालगाड़ी के सात डिब्बे पटरी से उतर गए, जिससे गुजरात से मुंबई आने वाली रेलगाड़ियों का यातायात प्रभावित हुआ। अधिकारियों के मुताबिक दुर्घटना के 15 घंटे बाद भी रेल मार्ग बहाल करने का कार्य जारी है।

दिल्ली उच्च न्यायालय में लोगों के लिए मुफ्त वाई–फाई सुविधा शुरू

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने अधिवक्ताओं, वादियों-प्रतिवादियों और आम लोगों के लिए अपने परिसर में मुफ्त वाई-फाई सुविधा बुधवार को शुरू की, ताकि उन्हें मुकदमे और अन्य डेटा की महत्वपूर्ण जानकारी जैसे कानूनी संसाधनों तक पहुंच आसान बनाने में मदद मिल सके। न्यायालय के अधिकारियों ने बताया कि इस सुविधा का शुरू होना न्यायिक बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण की दिशा में एक बड़ा कदम है, जिससे इसका उपयोग करने वाले लोगों को एक नया अनुभव मिलेगा। इस पहल के पहले चरण के तहत ओटीपी-आधारित मुफ्त वाई-फाई सुविधा खंड-ए, खंड-बी, खंड-सी, विस्तारित खंड, मध्यस्थता केंद्र और अधिवक्ताओं के लिए जलपान स्थल में होगी।

बदमाशों ने ट्रक में लगाई आग, एक व्यक्ति की जिंदा जलकर मौत

रांची। झारखंड के रांची में अज्ञात हथियारबंद लोगों ने एक ट्रक में आग लगा दी, जिसमें एक व्यक्ति की जिंदा जलकर मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना यहां से करीब 65 किलोमीटर दूर मैक्लुस्कीगंज-चामा रोड पर मंगलवार को हुई। खलारी के डीएसपी राम नारायण चौधरी ने बताया कि शुरु में संदेह था कि इस घटना को माओवादियों ने अंजाम दिया है। उन्होंने कहा-अब ऐसा लग रहा है कि अपराध को स्थानीय गिरोह ने अंजाम दिया है। डीएसपी के मुताबिक, ड्राइवर से पैसे मांगने को लेकर विवाद हुआ था।

दिल्ली के उपराज्यपाल ने स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज के ओएसडी को किया निलंबित

नई दिल्ली, एजेंसी

- चिकित्सा उपकरणों की खरीद में अनियमितताओं के चलते हुई कार्रवाई

दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने चिकित्सा उपकरणों की खरीद में कथित अनियमितताओं के सिलसिले में स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज के विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी) आर एन दास को बुधवार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। एक आधिकारिक आदेश में यह जानकारी दी गई।

दास को 2021 में कोविड-19 महामारी के दौरान 60 करोड़ रुपये मूल्य के व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (पीपीई) किट, दस्ताने, मास्क और रैपिड एंटीजन टेस्ट (आरएटी) किट जैसे विभिन्न चिकित्सा उपकरणों की खरीद में कथित अनियमितताओं के संबंध में अप्रैल में सतर्कता निदेशालय द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। सतर्कता निदेशालय ने बुधवार को एक आदेश में कहा- दिल्ली के माननीय उपराज्यपाल ने सीसीएस (सीसीए) नियम, 1965 के नियम-10 के उप-नियम (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सरकार के स्वास्थ्य मंत्री के विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी) को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। भारतीय जनता पार्टी ने दिल्ली के विवेक विहार इलाके में बच्चों के अस्पताल की पंजीकरण प्रक्रिया में भी दास की भूमिका होने का आरोप लगाया है। इस अस्पताल में शनिवार रात आग लगने की घटना में छह नवजात की मौत हो गई थी।

गिरफ्तारी के खिलाफ बिभव कुमार की याचिका पर शुक्रवार को होगी सुनवाई

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय आप की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल से मारपीट मामले में गिरफ्तारी के खिलाफ मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के करीबी सहयोगी बिभव कुमार की एक याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करेगा। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पी एस अरोड़ा की पीठ के समक्ष याचिका को तत्काल सुनवाई के लिए प्रस्तुत किया गया जिसने इस पर 31 मई को सुनवाई करने पर सहमति व्यक्त की। कुमार ने अधिवक्ता रजत भारद्वाज के माध्यम से अपनी याचिका में गिरफ्तारी को अवैध घोषित करने का अनुरोध किया है। उन्होंने अपनी गिरफ्तारी को दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 41ए के प्रावधानों का घोर उल्लंघन तथा कानून के विरुद्ध बताया है। कुमार ने अपनी अवैध गिरफ्तारी के लिए उचित मुआवजे और उनकी गिरफ्तारी का निर्णय लेने में शामिल दोषी अधिकारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू करने की भी मांग की। सोमवार को कुमार की जमानत याचिका को एक सत्र अदालत ने खारिज कर दिया था।

खेल डायरी

आईडब्ल्यूएल के दूसरे सत्र में खेलेंगी श्रीभूमि एफसी और नीता फुटबॉल अकादमी

नई दिल्ली। श्रीभूमि एफसी और नीता फुटबॉल अकादमी को इंडियन वुमैन्स लीग आईडब्ल्यूएल 2 में क्रमशः पहला और दूसरा स्थान हासिल करने के बाद आईडब्ल्यूएल में प्रोमोट कर दिया गया। श्रीभूमि ने गोवा के मापुसा में दुलेर स्टेडियम में पुधुवाई यूनिकॉर्न्स पर 2-0 की जीत से आईडब्ल्यूएल 2 खिताब अपने नाम किया। पांच टीम श्रीभूमि एफसी, नीता फुटबॉल अकादमी, गढ़वाल यूनाईटेड एफसी, पुधुवाई यूनिकॉर्न्स और एफसी टूएम अंतिम दिन लीग जीतने की दौड़ में बनी हुई थी, लेकिन लीग के अंतिम दौर में श्रीभूमि और नीता फुटबॉल अकादमी ने 10-10 अंक हासिल किए। बेहतर रिकॉर्ड की बदौलत श्रीभूमि को विजेता घोषित किया गया। नीता एफए ने अंतिम दिन एसएजी फुटबॉल अकादमी को हराया।

एआईएफएफ फुटसाल क्लब चैंपियनशिप 22 से

नई दिल्ली। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की फुटसाल क्लब चैंपियनशिप 2023-24 का आयोजन गुजरात में 22 जून से पांच जुलाई तक स्वर्णिम गुजरात खेल विश्वविद्यालय में किया जाएगा। टूर्नामेंट का ड्रॉ बुधवार को यहां फुटबॉल हाउस में हुआ। टूर्नामेंट में कुल मिलाकर 18 टीम हिस्सा लेंगी। संबंधित राज्य संघों ने 14 टीमों को नामित किया है जबकि पिछले सत्र में फुटसाल क्लब चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले दिल्ली फुटबॉल क्लब, मोहम्मडन स्पोर्टिंग क्लब, मिनर्वा अकादमी एफसी और इलेक्ट्रिक वेंग फुटसाल क्लब को टूर्नामेंट में सीधे प्रवेश दिया गया है। टूर्नामेंट का आयोजन लीग सह नॉकआउट प्रारूप में किया जाएगा जहां सभी चार ग्रुप के विजेता सेमीफाइनल में जगह बनाएंगे।

नॉर्वे शतरंजः प्रगनानंद हारे, वैशाली को मिली जीत

स्टवान्गर (नॉर्वे)। नॉर्वे शतरंज के दूसरे दौर में भारतीय ग्रैंडमास्टर प्रगनानंद को मौजूदा विश्व चैंपियन डिंग लिरेन से शिकस्त का सामना करना पड़ा। स्पेयरबैंक 1 एसआर-बैंक में मैग्नस कार्लसन, अलीरेजा फिरोजा और डिंग लिरेन ने आर्मागेडन (सडन डेथ) खेलों में सफेद रंग के मोहरों से जीत हासिल की और प्रत्येक ने 1.5 अंक हासिल किए। विश्व चैंपियन डिंग लिरेन के खिलाफ 2-0 की बढ़त के साथ आगे बढ़ने वाले भारत के विलक्षण प्रगनानंद ने नॉर्वे शतरंज के मुख्य दौर में अपना पहला क्लासिकल पहला मैच ड्रॉ खेला। उधर, वैशाली ने कोनेरू को हराकर महिला टूर्नामेंट में बढ़त बना ली है। वैशाली आर ने नॉर्वे शतरंज महिला टूर्नामेंट में अपनी पहली क्लासिकल जीत दर्ज करने के लिए साथी भारतीय कोनेरू हम्पी को हराया।

अपने खेल और टीम का ऋणी रहूंगा : छेत्री

कोलकाता। अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल को अलविदा कहने की दहलीज पर खड़े भारत के करिश्माई कप्तान सुनील छेत्री ने कहा कि वह अपने साथी खिलाड़ियों और खेल के हमेशा ऋणी रहेंगे जिन्होंने हमेशा उनकी मदद करके इस मुकाम तक पहुंचाया। भारतीय टीम छह जून को कुवैत के खिलाफ 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफायर खेलने यहां पहुंच गई है। छेत्री का यह आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मैच होगा। छेत्री ने कहा ये आखिरी कुछ दिन है जो मेरे लिये दुविधा से भरे हैं। अब राष्ट्रीय टीम में मेरे कुछ ही दिन रह गए हैं। भारत के लिए 150 मैचों में 94 गोल करने वाले छेत्री ने कहा मैने अपने सत्र गिनने का फैसला किया है लेकिन कृतज्ञता के भाव से। मैं अपनी टीम और इस खेल के प्रति सदैव ऋणी रहूंगा। अगर भारत जीतता है तो पहली बार फीफा विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में पहुंच जाएगा। साथ ही एएफसी एशियाई कप सउदी अरब 2027 के लिए स्वतः क्वालीफाई करने की दिशा में अगला कदम बढ़ाएगा।

एएसी की नियुक्ति पर रोक, समिति को सौंपी जिम्मेदारी

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय की खंड पीठ ने बुधवार को भारतीय घुड़सवारी महासंघ (ईएफआई) के दैनिक मामलों की देखरेख के लिए तदर्थ प्रशासनिक समिति (एएसी) की नियुक्ति पर रोक लगाकर खेल संस्था का नियंत्रण 2019 को चुनी गयी कार्यकारी समिति को वापस दे दिया। दिल्ली उच्च न्यायालय ने राजस्थान घुड़सवारी संघ (आरईए) द्वारा दायर याचिका की सुनवाई करते हुए 24 मई को ईएफआई का रोजमर्रा का कामकाज देखने के लिए न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) नज्मी वजीरी की अध्यक्षता वाले तदर्थ पैनल की नियुक्ति का आदेश दिया था। महासंघ ने एकल पीठ के इस आदेश के खिलाफ पेटेंट अपील दायर की थी और उसे मनमुताबिक फैसला भी मिला। भारत ने अभी तक ड्रेसज स्पर्धा में पेरिस ओलंपिक का एक कोटा हासिल किया है जो एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता अनुष अगरवाला ने दिलाया था।

कोहली-रोहित के लिए खिताब का आखिरी मौका

2007 और 2011 विश्वकप विजेता टीम का हिस्सा रहे हैं दिग्गज, 13 साल बाद फिर जीतना चाहेंगे ट्रॉफी

बेंगलुरू, एजेंसी

ऐसे दो क्रिकेटर मिलना मुश्किल है जो एक-दूसरे से इतने अलग हों लेकिन फिर भी भाग्य के धागे से इतने करीब से जुड़े हों जैसे विराट कोहली और रोहित शर्मा। रोहित ने शीर्ष स्तर के क्रिकेट में शुरुआत 2007 में बेलफास्ट में की जबकि कोहली ने इससे एक साल बाद दांबुला में अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय मैच खेला। एक साथ चले इस सफर का एक और दिलचस्प अध्याय संभवतः अगले महीने कैरेबियाई द्वीपों में समाप्त हो जाएगा।

अगला टी-20 विश्व कप 2026 में है जिसकी मेजबानी भारत और श्रीलंका संयुक्त रूप से करेंगे लेकिन तब रोहित 40 साल के होने वाले होगे और कोहली 38 वर्ष के होंगे। एकदिवसीय प्रारूप का विश्व कप इसके एक और साल बाद होगा। इन दोनों को इनमें से किसी में भी खेलते हुए देखना मुश्किल है। इसलिए रोहित और कोहली दोनों अगले महीने विजेता का पदक अपने गले में लटकाए मंच से विदा लेना चाहेंगे। अगर वे ऐसा कर पाते हैं तो यह 2007 टी-20 विश्व कप रोहित और 2011 में 50 ओवर के विश्व कप विराट का दूसरा विश्व खिताब होगा और यह उन दो खिलाड़ियों के लिए एक बेहतरीन विदाई होगी जिन्होंने पिछले 17 वर्षों में भारत के सीमित ओवरों के क्रिकेट में काफी प्रभाव डाला।

2026 में होगा अगला टी-20 विश्व कप तब रोहित 40 साल के होने वाले होगे और 38 वर्ष के होंगे कोहली

2007 बेलफास्ट में रोहित ने जबकि कोहली ने 2008 दांबुला में खेला था अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय मैच

खास हैं रोहित और विराट की बल्लेबाजी के अंदाज

रोहित में बड़े शॉट खेलने की क्षमता है जिससे उन्हें मदद मिलेगी, लेकिन कोहली का खेल थोड़ा अलग है। वह कभी-कभार बड़ी हिट लगा सकते हैं लेकिन उन्हें अक्सर स्पिन के खिलाफ जूझना पड़ता है, विशेषकर बाएं हाथ के स्पिनरों के खिलाफ। टी-20 में धीमे गेंदबाजों के खिलाफ उनका करियर स्ट्राइक रेट 120 के आसपास रहता है। बीच के ओवरों में उनकी प्रगति में बाधा डाली लेकिन इस साल के आईपीएल के दौरान उन्हें इसका समाधान मिल गया। उन्होंने स्पिनरों के खिलाफ स्लॉग स्वीप का इस्तेमाल किया। इसका उनके स्ट्राइक रेट पर अच्छा असर पड़ा क्योंकि कोहली ने 188 गेंदों पर 260 रन बनाए और स्पिनरों के खिलाफ 15 छक्के लगाए। स्पिन के खिलाफ उनका स्ट्राइक रेट 139 तक पहुंच गया जो उनके आईपीएल के 124 के समग्र स्ट्राइक रेट से काफी बेहतर है। यह कोहली के लिए टी-20 विश्व कप में काम आ सकता है जहां पिचों के टूर्नामेंट आगे बढ़ने के साथ धीमा होने की उम्मीद है जिससे स्पिनरों की अहमियत बढ़ती है। क्रिकेट के दायरे से परे दोनों दिग्गजों का आईसीसी ट्रॉफी जीतने का अंतिम प्रयास करना व्यक्तिगत रूप से और टीम के लिए एक आकर्षक दृश्य होगा।

कोहली-रोहित की कहानी आपसी सम्मान और इस जागरूकता पर आधारित है कि उन्हें एक-दूसरे के काम मे दखल नहीं देनी। कोहली ने अपने करियर की शुरुआत से ही रोहित के लिए उनके मन में जो प्रशंसा है, उसके बारे में बात की है। विराट ने क्रिकेट की दुनिया में हर जगह रन बनाए हैं जो सचिन तेंदुलकर के सुनहरे दिनों के बाद शायद ही कभी देखा गया हो। रोहित ने सफेद गेंद के प्रारूपों में अपनी अलग पहचान बनाई लेकिन मुंबई का यह बल्लेबाज अपने करियर में अधिकांश समय टेस्ट क्रिकेट में वह सफलता हासिल नहीं कर पाया। करियर के दूसरे हाफ में सलामी बल्लेबाज की भूमिका में हालांकि रोहित ने टेस्ट क्रिकेट में बेहतर प्रदर्शन किया, लेकिन अभी के लिए कोहली और रोहित को टी-20 विश्व कप में भारत के अभियान को आगे बढ़ाने के लिए इस प्रारूप में अपने विशाल अनुभव पर निर्भर रहना होगा।

ठंड से सांमजस्य बिठाने में जुटी भारतीय टीम

न्यूयॉर्क, एजेंसी

दूधिया रोशनी में दो महीने तक आईपीएल में प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेलने के बाद भारतीय क्रिकेट टीम ने विराट कोहली के बिना टी-20 विश्व कप के लिए सुबह ट्रेनिंग सत्र के साथ अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। टी-20 विश्व कप में भारत के सभी शुरूआती मैच सुबह साढ़े 10 बजे शुरू होंगे इसलिए सुबह के ट्रेनिंग सत्र को तवज्जो दी गई।

आईपीएल में आरसीबी के बाहर होने के बाद कोहली ने व्यक्तिगत काम के लिए ब्रेक लिया है और उनके शुक्रवार को टीम से जुड़ने की संभावना है, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि वह लंबी यात्रा के बाद शनिवार को बांग्लादेश के खिलाफ होने वाले भारत के एकमात्र अभ्यास मैच में हिस्सा लेंगे या नहीं। भारत में तेज गर्मी में 90 प्रतिशत मैच खेलने के बाद खिलाड़ी यहां सुबह के खुशनुमा मौसम के अनुरूप ढलने पर ध्यान लगाएंगे क्योंकि यहां तापमान 25 से 27 डिग्री सेल्सियस रहता है जिसमें बहुत कम आद्रता होती है। सुबह हल्की हवा में सफेद कूकाबूरा गेंद का सामना करना चुनौतीपूर्ण हो सकता है और इसके लिए पूरी तरह से तैयार रहना होगा। यात्रा की थकान के बाद खिलाड़ियो को सुबह की इन परिस्थितियों के अनुरूप ढलना होगा। सहयोगी स्टाफ ने नासाऊ काउंटी मैदान पर अभ्यास पिचों पर नेट सत्र में कौशल ट्रेनिंग शुरू करने से पहले खिलाड़ियां को परिस्थितियों के हिसाब से सांमजस्य बिठाने में मदद करने का फैसला किया। टीम के 14 खिलाड़ियों ने शुरूआत हल्की जांगिग से की, इसके बाद शटल रन लगाई और कुछ फुट वॉली भी की।

नासाऊ काउंटी मैदान पर ट्रेनिंग सत्र में दौड़ते भारतीय खिलाड़ी। ● एजेंसी

कदमों पर तो खड़ा हो गया, इंडिया के लिए खड़ा होना बाकी : पंत

मुबंई। आईसीसी टी-20 विश्व कप 2024 के आधिकारिक प्रसारणकर्ता स्टार स्पोर्ट्स ने स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के साथ एक प्रोमो लॉन्च किया है। स्टार स्पोर्टस ने बुधवार को ट्वीट कर प्रोमो का वीडियो शेयर किया है जिसमें पंत के साथ बैकग्राउंड म्यूजिक के साथ कहा जा रहा है दिल में एक कसक अभी बाकी है, दिल में एक धड़क अभी बाकी है, अपने कदमों पर तो खड़ा हो गया, अभी इंडिया के लिये खड़ा होना बाकी है। वीडियो में ऋषभ पंत देश को गर्व, खुशी और आशा के साझा बैनर के तहत एकजुट करने की कोशिश कर रहे हैं। टीम टी-20 विश्व कप में सबसे बड़े क्रिकेट गौरव के लिए तैयार है। यह देश और दुनिया के हर कोने में रहने वाले प्रत्येक भारतीय के लिए एक भारत के रूप में खड़े होने का समय है।

ऑस्ट्रेलिया ने अभ्यास मैच में नामीबिया को हराया

पोर्ट ऑफ स्पेन, एजेंसी

ऑस्ट्रेलिया ने टी-20 विश्वकप से पहले अभ्यास मैचों में नामीबिया को वॉर्नर की 21 गेंदों में नाबाद (54) रनों की पारी की बदौलत 10 ओवर में लक्ष्य को हासिल कर सात विकेट से जीत दर्ज की।

ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी नामीबिया की संघर्षपूर्ण शुरुआत हुई। नामीबिया की ओर से जेन ग्रीन ने 30 गेंदों में सर्वाधिक 38 रन बनाए। निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर 119 का स्कोर खड़ा किया। जवाब में ऑस्ट्रेलिया के डेविड वॉर्नर ने नाबाद 54 रनों की पारी खेली और 10 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर 123 रन बनाकर मुकाबला सात विकेट से जीत लिया।

चयनकर्ता और कोच के साथ खेली ऑस्ट्रेलिया

पोर्ट ऑफ स्पेन। खिलाड़ियों की कमी के कारण ऑस्ट्रेलिया को नामीबिया के खिलाफ अभ्यास मैच में मुख्य चयनकर्ता और मुख्य कोच सहित सहयोगी स्टाफ के चार सदस्यों को मैदान पर उतराना पड़ा लेकिन इसके बावजूद टीम ने आसान जीत दर्ज की। आईपीएल में हिस्सा लेने के बाद पैट कमिंस, ट्रेविस हेड, मिशेल स्टार्क, कैमरन ग्रीन, स्टोइनिस और मैक्सवेल को स्वदेश में ब्रेक दिया गया है और ऐसे में मुख्य चयनकर्ता और पूर्व कप्तान जॉर्ज बैली तथा मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड को क्षेत्ररक्षण के लिए मैदान पर उतरना पड़ा। बैली और मैकडोनाल्ड के अलावा 46 साल के क्षेत्ररक्षण कोच आंद्रे बोरोवेच को भी क्षेत्ररक्षण के लिए आना पड़ा। मार्श और हेजलवुड जब ड्रेसिंग रूम में लौटे तो मैकडोनाल्ड और 49 साल के बल्लेबाजी कोच ब्रेड हॉज को मैदान पर आना पड़ा।

अरूंधति प्री क्वार्टर फाइनल में, नरेंदर बाहर

ओलंपिक क्वालीफायर

बैंकॉक, एजेंसी

गत राष्ट्रीय चैंपियन अरूंधति चौधरी ने बुधवार को दूसरे मुक्केबाजी विश्व ओलंपिक क्वालीफायर में आसान जीत के साथ 66 किग्रा वर्ग के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई जबकि एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता नरेंदर बेरवाल (92 किग्रा) हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गए।

अरूंधति ने पुएर्टो रिको की स्टेफनी पाइनेइरो को 5-0 से हराया जबकि नरेंदर को इक्वाडोर के गेरलोन गिलमार कॉन्गो चाला के खिलाफ 2-3 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। अरूंधति ने पहले राउंड में अपनी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ शानदार शुरुआत की जबकि दूसरे राउंड में उन्होंने थोड़ा सतर्क रवैया अपनाते हुए स्थिति मजबूत की। अरूंधति ने तीसरे राउंड में आसान जीत दर्ज की। नरेंदर ने भी विरोधी को कड़ी टक्कर दी लेकिन यह अगले दौर में जगह बनाने के लिए पर्याप्त नहीं था।

पदक विजेताओं को पुरस्कार देगा आईबीए

जिनेवा। अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाजी महासंघ (आईबीए) ने बुधवार को कहा कि पेरिस ओलंपिक में हर स्वर्ण पदक विजेता को वह 50000 डॉलर नकद पुरस्कार देगा। आईओसी ने आईबीए पर प्रतिबंध लगा रखा है और ओलंपिक पदक विजेताओं को नकद पुरस्कार देने के उसके फैसले को भी मंजूरी नहीं दी है। उसके पास 13 भारवर्गों में क्वार्टर फाइनल पहुंचने वाले पुरूष और महिला मुक्केबाजों, उनके कोचों और राष्ट्रीय टीमों के लिए 21 लाख डॉलर ईनामी राशि है। हर ओलंपिक मुक्केबाजी चैंपियन को 25000 और क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले को 10000 डॉलर दिये जाएंगे।

नियमों में बदलाव के कारण सिंहराज ने छोड़ा पेरिस कोटा

पैरा निशानेबाज

नई दिल्ली, एजेंसी

दो बार के पैरालंपिक पदक विजेता निशानेबाज सिंहराज अधाना पेरिस के लिए भारतीय दल का हिस्सा नहीं हो पायेंगे क्योंकि 2021 तोक्यो चरण के बाद अंतरराष्ट्रीय पैरालिंपिक समिति (आईपीसी) द्वारा प्रतियोगिता नियमों में बदलाव किया गया है।

42 वर्षीय सिंहराज ने मिश्रित 50 मीटर पिस्टल एसएच1 में रजत और 10 मीटर एयर पिस्टल एसएचआई श्रेणी में कांस्य जीता था। भारतीय पैरालंपिक समिति के निशानेबाजी के लिए चयन पैनल ने बैठक की और फैसला किया कि केवल आठ ही पैरा निशानेबाज पेरिस के लिए उड़ान भरेंगे। देश के पैरा निशानेबाजों ने नौ पेरिस कोटा स्थान हासिल किए हैं। पीसीआई चयन समिति की बैठक के मिनटस के अनुसार हालांकि हमने पेरिस पैरालंपिक के लिए नौ कोटा स्थान हासिल किए, लेकिन हमारी पीसीआई चयन नीति और विश्व शूटिंग पैरा स्पोर्ट्स दिशानिर्देशों के अनुसार केवल आठ निशानेबाज ही भाग ले पाएंगे इसलिए हमें सिंहराज का एक कोटा छोड़ना होगा।

फ्रेंच ओपन में हर्बर्ट को हराकर दूसरे दौर में पहुंचे जोकोविच

पेरिस। सार्बिया के दिग्गज खिलाड़ी नोवाक जोकोविच फ्रांस के पियरे ह्यूजेस हर्बर्ट को हराकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पहुंच गए है। दुनिया के नंबर वन टेनिस खिलाड़ी जोकोविच ने दो घंटे 33 मिनट तक चले मुकाबले में ह्यूजेस हर्बर्ट पर 6-4, 7-6, 6-4 से जीत दर्ज की। जोकोविच की 93वीं जीत है। जोकोविच रोलां गैरो पर तीन बार के विजेता हैं और अपनी नंबर एक रैंकिंग बचाने के लिए उन्हें एक बार फिर फाइनल में जगह बनानी होगी। दूसरे दौर में जोकोविच का मुकाबला स्पेन के खिलाड़ी रॉबर्टो कारबेलास बेइना से होगा।

2 घंटे 33 मिनट तक चले मुकाबले में ह्यूजेस हर्बर्ट पर 6-4, 7-6, 6-4 से दर्ज जीत की जोकोविच की यह 93वीं जीत है।

लावेर कप में टीम यूरोप के कप्तान होंगे यानिक

पेरिस। फ्रेंच ओपन 1983 चैंपियन यानिक नोआह लावेर कप 2025 में ब्योर्न बोर्ग की जगह यूरोपीय टेनिस टीम के कप्तान होंगे। पिछले सप्ताह आंद्रे अगासी को विश्व टीम का कप्तान चुना गया जो जॉन मैकेनरो की जगह लेंगे। नोआह ग्रैंडस्लैम जीतने वाले फ्रांस के आखिरी खिलाड़ी थे जो 1986 में एटीपी रैंकिंग में तीसरे स्थान तक पहुंचे। अगला लावेर कप सेन फ्रांसिस्को में होगा।

बॉलीवुड हलचल

पुष्पा 2 के पोस्टर में दिखा रश्मिका का अलग अंदाज

मुंबई। दक्षिण भारतीय फिल्मों के जानेमाने अभिनेता अल्लू अर्जुन और अभिनेत्री रश्मिका मंदाना की आने वाली फिल्म पुष्पा 2 द रूल का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। अल्लू अर्जन की फिल्म पुष्पा 2 द रूल इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। मेकर्स ने अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना अभिनीत इस फिल्म का नया पोस्टर जारी किया है। पोस्टर में अल्लू और रश्मिका का रोमांटिक अंदाज नजर आ रहा है। इस नए पोस्टर में पीछे का बैकग्राउंट काफी कलरफुल नजर आ रहा है। साथ ही इसमें अल्लू बिल्कुल शाहरुख खान की तरह बाहें फैलाए नजर आ रहे हैं। रश्मिका के चेहरे पर प्यारी सी मुस्कान दिखाई दे रही है। मेकर्स ने फिल्म का नया पोस्टर एक्स अकाउंट पर जारी किया है। मेकर्स ने एक्स अकाउंट पर लिखा, इंडिया की सबसे पसंदीदा जोड़ी जल्द ही कपल सॉन्ग को लेकर आ रही है। पुष्पा 2 द रूल 15 अगस्त 2024 को रिलीज होगी।

भानुशाली ने सुपर्ण के साथ साइन की तीन फिल्मों की डील

मुबई। भानुशाली स्टूडियोज लिमिटेड के विनोद भानुशाली ने सफल फिल्म सिर्फ एक बंदा काफी है के बाद सुपर्ण एस वर्मा के साथ तीन फिल्मों की डील साइन की है। भानुशाली स्टूडियोज लिमिटेड ने तीन फिल्मों की एक शानदार डील क्रैक की है। इस स्टूडियो ने क्रिटिकली अक्लेम्ड निर्देशक सुपर्ण एस वर्मा को एक अपकमिंग फिल्म का निर्देशन करने और दो और फिल्मों का रचनात्मक निर्माण करने के लिए साइन किया है। हाल में भानुशाली स्टूडियोज लिमिटेड ने इसकी घोषणा की है। अपनी दूरदर्शी स्टोरीटेलिंग और इनोवेटिव फिल्ममेकिंग अपरोच के लिए जाने जाने वाले, सुपर्ण एस वर्मा अपना अनूठा दृष्टिकोण और रचनात्मक विशेषज्ञता भानुशाली स्टूडियोज लिमिटेड में लाएंगे। इसके तहत निर्देशक एक आगामी फिल्म की बागडोर संभालेंगे, जिसमें वे अपनी विशिष्ट शैली और रचनात्मकता का समावेश करने का वादा करेंगे। यह फिल्म अभी प्री-प्रोडक्शन फेज में है और अगले साल की शुरुआत में इसकी शूटिंग शुरू होने वाली है। वहीं कास्ट और क्रू के बारे में ज्यादा जानकारी जल्द ही घोषित की जाएगी। निर्देशन के अलावा, वह दो और फिल्मों के लिए क्रिएटिव प्रोड्यूसर के रूप में भी काम करेंगे।

भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम जर्मनी से हारी

मोनशेनग्लाबाख (जर्मनी)। भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम को यूरोप दौरे पर जर्मनी के खिलाफ करीबी मुकाबले में 2-3 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। मंगलवार को हुए इस मुकाबले में भारत के लिए योगेंबर रावत और गुरजोत सिंह ने गोल दागे।

पहले क्वार्टर में कड़ा मुकाबला देखने को मिला। दोनों टीमों के पास पेनल्टी कार्नर के जरिए बढ़त बनाने का मौका था लेकिन दोनों टीमों को नाकामी हाथ लगी जिससे पहला क्वार्टर गोल रहित रहा। दूसरे क्वार्टर में जर्मनी ने बढ़त बना ली। भारत ने हालांकि मध्यांतर से पहले डिफेंडर योगेंबर के पेनल्टी कॉर्नर पर दागे गोल की मदद से स्कोर 1-1 कर दिया। तीसरे क्वार्टर की शुरुआत में ही भारत को एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला और गुरजोत ने इसे गोल में बदलकर टीम को 2-1 से आगे कर दिया। जर्मनी ने भी पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागकर स्कोर 2-2 कर दिया। मैच के अंतिम लम्हों में जर्मनी को एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला और उसने इसका फायदा उठाते हुए 3-2 की बढ़त बना ली जो निर्णायक स्कोर साबित हुआ। भारत यूरोप दौरे पर अपना अंतिम मैच बुधवार को नीदरलैंड के ब्रेडा में जर्मनी के खिलाफ खेलेगा।

पीवी सिंधू सिंगापुर ओपन के दूसरे दौर में, लक्ष्य हारे

सिंगापुर, एजेंसी

पूर्व चैंपियन पीवी सिंधू ने सिंगापुर ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल के दूसरे दौर में प्रवेश किया लेकिन लक्ष्य सेन दुनिया के नंबर एक विक्टर एक्सेलसेन से हारकर बाहर हो गए। सिंधू ने दो साल पहले सिंगापुर में बीडब्ल्यूएफ खिताब जीता था और वह पिछले हफ्ते थाईलैंड ओपन में उप विजेता रही थीं।

सिंधू ने दुनिया की 21वें नंबर की खिलाड़ी डेनमार्क की लिने होजमार्क जार्सफेल्ट पर 44 मिनट तक चले शुरूआती दौर के मुकाबले में 21-12 22-20 से जीत हासिल की। अब दूसरे दौर में उनकी भिड़ंत रियो ओलंपिक चैम्पियन स्पेन की कैरोलिना मारिन से होगी। दुनिया की तीसरे नंबर की खिलाड़ी मारिन का सिंधू के खिलाफ जीत का रिकॉर्ड 11-5 का है। वहीं लक्ष्य ने एक्लेसेन के सामने कड़ी चुनौती पेश की, लेकिन 62 मिनट में पराजित हो गए। एक्लेसन ने पिछले हफ्ते थाईलैंड ओपन में सत्र का पहला खिताब जीता था। किदाम्बी श्रीकांत को पहले दौर के मुकाबले में जापान के कोडाई नाराओका के खिलाफ पिछड़ने के बाद रिटायर होना पड़ा। बी सुमित रेड्डी और एन सिक्की रेड्डी को मिश्रित युगल मैच में मलेशिया के गोह सून हुआत और लाई शेवोन जेमी की जोड़ी से 18-21 19-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

किशोर न्याय बोर्ड के आचरण की जांच को समिति गठित

पुणे (महाराष्ट्र), एजेंसी

पुणे कार दुर्घटना

- 19 मई को पोर्श कार की टक्कर से बाइक सवार दो सॉफ्टवेयर इंजीनियर की हो गई थी मौत

महाराष्ट्र सरकार ने पुणे कार दुर्घटना मामले में एक समिति गठित की है जो किशोर न्याय बोर्ड (जेजेबी) के सदस्यों के आचरण की जांच करेगी और यह देखेगी कि क्या मामले में आदेश जारी करते हुए नियमों का पूर्णतः पालन किया गया था।

एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि राज्य महिला एवं बाल विकास विभाग (डब्ल्यूसीडी) ने पिछले सप्ताह पांच सदस्यीय समिति गठित की है। उन्होंने बताया कि इसका नेतृत्व विभाग का उपायुक्त पद का एक अधिकारी कर रहा है और इसके अगले सप्ताह तक अपनी रिपोर्ट सौंपने की संभावना है। पुणे के कल्याणी नगर में 19 मई को पोर्श कार चला रहे नाबालिग आरोपी ने एक मोटरसाइकिल पर सवार दो सॉफ्टवेयर इंजीनियर को कथित तौर पर टक्कर मार दी थी, जिससे उनकी मौत हो गयी थी। पुलिस ने दावा किया कि 17 वर्षीय आरोपी नशे की हालत में कार चला रहा था। जेजेबी ने घटना के कुछ घंटों बाद नाबालिग को जमानत दे दी थी। उसने नाबालिग से सड़क दुर्घटनाओं पर 300 शब्दों का एक निबंध लिखने को कहा था जिसकी काफी आलोचना हुई थी। डब्ल्यूसीडी आयुक्त प्रशांत नारनवरे ने बताया कि जेजेबी में न्यायपालिका का एक सदस्य और राज्य सरकार द्वारा नियुक्त दो लोग होते हैं। उन्होंने कहा, हमने एक समिति गठित की है जो राज्य सरकार द्वारा नियुक्त जेजेबी सदस्यों के आचरण की जांच करेगी और यह देखेगी कि कार दुर्घटना मामले में आदेश जारी करते हुए नियमों का पूरी तरह पालन किया गया या नहीं। नारनवरे ने कहा, एक और तीन सदस्यीय समिति नाबालिग आरोपी के रक्त नमूनों को कथित तौर पर बदलने की जांच कर रही है।

पाकिस्तान में जासूसी में गिरफ्तार दो भारतीयों से मिले उच्चायोग के अधिकारी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में भारतीय उच्चायोग के अधिकारियों ने रावलपिंडी की अदियाला जेल में उन दो भारतीयों से मुलाकात की, जिन्हें चार साल पहले जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने सूत्रों के हवाले से अपनी खबर में कहा कि जम्मू-कश्मीर में बांदीहुराह शहर के गोरेज इलाके के फिरोज अहमद लोन और नूर मोहम्मद वानी नामक दो युवकों को 2020 में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के गिलगित-बाल्टिस्तान में गिरफ्तार किया गया था।

खबर में कहा गया है कि दोनों भारतीयों को हाल में गिलगित-बाल्टिस्तान की जेल से रावलपिंडी की अदियाला जेल में भेजा गया था। सूत्रों के अनुसार भारत सरकार के अनुरोध पर राजनयिक पहुंच प्रदान की गई। यहां भारतीय उच्चायोग या पाकिस्तान विदेश कार्यालय की ओर से इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। राजनयिक सूत्रों के हवाले से खबर में कहा गया है, इस्लामाबाद स्थित भारतीय उच्चायोग के तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने अदियाला जेल में बंद दो कैदियों से मुलाकात की। सोमवार को हुई इस मुलाकात के दौरान गृह मंत्रालय के अधिकारी भी मौजूद थे। खबर के अनुसार, दोनों व्यक्ति नवंबर, 2018 से पीओके से लापता थे और सूत्रों ने संकेत दिया था कि उन्होंने अवैध रूप से सीमा पार की थी और बाद में उन्हें जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

नाइट्रोजन गैस का पाइप मुंह में लगाकर युवक ने दी जान

- सुसाइड नोट में लिखा था खुदकुशी का तरीका, लखनऊ का था युवक

भोपाल। आत्महत्या के लिए युवक ने पॉलीथिन से सिर-चेहरे को कवर किया और नाइट्रोजन गैस सिलेंडर का पाइप मुंह में डालकर चालू कर दिया। दर्द रहित मौत के लिए उसने चार पन्नों में फॉर्मूला भी लिखा था।

मिसरोद पुलिस ने मंगलवार रात जाटखेड़ी के निरूपम रॉयल इमारत के फ्लैट से युवक की दो-तीन दिन पुरानी लाश बरामद की। जांच में पता चला कि युवक ने आत्महत्या की है। पुलिस के अनुसार सिद्धार्थ खुराना लखनऊ का निवासी था। सिद्धार्थ पहले आईटी कंपनी में था, लेकिन छह महीने से वह घर पर था। उसके फ्लैट के सामने केदार कदम रहता था जो ट्रेवल्स एजेंसी में काम करता है। दोनों में पहचान थी। मंगलवार रात नौ बजे दरवाजा न खुलने पर केदार ने पुलिस बुलाई। पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो अंदर सिद्धार्थ मृत पड़ा था।

हाय गर्मी को ऐसे करें बाय- बाय...

गर्मी के मौसम में स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से बचने के लिए सावधानी बरतनी काफी जरूरी है। इस दौरान गर्मी से संबंधित बीमारियों जैसे हीट स्ट्रोक, डिहाइड्रेशन, और हीट एक्सॉशन से बचने के साथ ही अपने खान पान का भी विशेष ध्यान देने की जरूरत हैं ताकि शरीर को ठंडक मिल सके इसके लिए कुछ संबंधित बिन्दुओं पर आईए करते हैं चर्चा...

गर्मी में ये न खाए

- **तला-भुना और मसालेदार भोजन** : तले हुए और मसालेदार भोजन से बचें क्योंकि ये शरीर में गर्मी बढ़ा सकते हैं ।

हीट स्ट्रोक के उपचार

- प्रभावित व्यक्ति को छायादार या ठंडे स्थान पर ले जाएं।
- ठंडे पानी से स्पंज करें या ठंडे पानी से स्नान कराएं।
- यदि व्यक्ति होश में है तो उसे ठंडे पानी, नींबू पानी, या इलेक्ट्रोलाइट्स दें।
- गर्मी के मौसम में इन उपायों का पालन करने से हीट स्ट्रेस और अन्य गर्मी से संबंधित समस्याओं से बचा जा सकता है और स्वस्थ रहा जा सकता है।

हीट स्ट्रोक के लक्षण

- अत्यधिक पसीना आना या बिल्कुल पसीना न आना
- उल्टी या मितली महसूस होना
- तेज सिरदर्द
- तेज धड़कन
- कमजोरी या चक्कर आना

गर्मी से बचाव के उपाय

- **पर्याप्त पानी पिएं** : दिनभर में पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं ताकि शरीर में पानी की कमी न हो। नींबू पानी, नारियल पानी, छाछ, और फलों का रस पीने से भी शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स की पूर्ति होती है।
- **हल्का और ढीला कपड़ा पहनें** : सूती कपड़े पहनें जो शरीर को ठंडा रखें। हल्के रंग के कपड़े पहनने से सूरज की किरणों का असर कम होता है।
- **धूप से बचें** : सुबह 10 से शाम 4 बजे के बीच जब सूरज की किरणें सबसे तेज होती हैं तो धूप में जाने से बचें। यदि बाहर जाना पड़े तो छतरी या टोपी का उपयोग करें और सनस्क्रीन लगाएं।

एक नजर

छत्तीसगढ़ के बीजापुर में हुई मुठभेड़ में दो नक्सली ढेर

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में दो नक्सलियों को मार गिराया है। पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि जिले के मद्देड थाना क्षेत्र के अंतर्गत बद्देपारा इलाके में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में दो नक्सलियों को मार गिराया है। मद्देड थाना क्षेत्र में नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना मिलने पर सुरक्षाबलों को गश्त के लिए रवाना किया गया था। बद्देपारा के करीब नक्सलियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षाबलों ने भी जवाबी कार्रवाई की।

चीन में पूर्व बैंकर को रिश्वत लेने के जुर्म में मौत की सजा

बीजिंग। चीन की अदालत ने 15.1 करोड़ डॉलर की घूस लेने के जुर्म में पूर्व बैंकर को मौत की सजा सुनाई है। चीन की सरकारी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' ने बुधवार को बताया कि चाइना हुआरोंग इंटरनेशनल होल्डिंग्स (सीएचआईएच) के पूर्व महाप्रबंधक बाई तिआनहुई को मंगलवार को तिआनजिन की अदालत ने मौत की सजा सुनाई। अदालत के फैसले के अनुसार, उसके आजीवन राजनीतिक अधिकार भी छीन लिए गए और उसकी सारी संपत्ति जब्त कर ली गई है।

छात्राओं के स्कूल में बदमाशों ने लगाई आग

मीरानशाह। पाकिस्तान के उत्तरी वजीरिस्तान में छात्राओं के विद्यालय में आग लगा दी गई। पुलिस ने बताया कि रजमक उपमंडल के शाखिमर गांव स्थित गोल्डन एरो पब्लिक स्कूल में अज्ञात बदमाशों ने आग लगा दी। आग तेजी से फैली और पूरी इमारत इसकी चपेट में आ गयी। आग से इमारत में रखे फर्नीचर और कंप्यूटर जलकर राख हो गए। स्थानीय लोगों ने घटना की निंदा की और स्कूल के तत्काल पुनर्निर्माण की मांग की है।

न्यू मैक्सिको में एफ-35 विमान दुर्घटनाग्रस्त

सैन फ्रांसिस्को। अमेरिका के न्यू मैक्सिको प्रांत में अल्बुकर्क इंटरनेशनल सनपोर्ट के हवाई क्षेत्र के पास एफ-35 विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। लॉकहीड मार्टिन के अधिकारियों ने कहा कि एफ-35 विमान टेक्सास से कैलिफोर्निया के एडवर्ड्स एयर फोर्स बेस जा रहा था। यह न्यू मैक्सिको के कीर्टलैंड एयर फोर्स बेस में ईंधन भरने के बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

साइबर ठगी में चीनी नागरिक समेत पांच लोग गिरफ्तार

नोएडा। गौतमबुद्धनगर जिला पुलिस ने निवेश अवसरों का झांसा देकर लोगों से ठगी करने में लिप्त साइबर अपराधियों के गिरोह के पांच सदस्यों को पकड़ा है। आरोपियों में एक चीनी नागरिक भी है। पुलिस उपायुक्त (जोन प्रथम) विद्यासागर मिश्रा ने बताया कि थाना एक्सप्रेसवे पुलिस ने सेक्टर 134 स्थित सोसाइटी के पास से तेनजिंग कालसंग, कृष्ण मुरारी, शोभित तिवारी, त्सेरिंग धोन्दुप और चीनी नागरिक झु जुन्काई को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने मोबाइल फोन के 223 सिम कार्ड, दो लैपटॉप, 19 मोबाइल फोन, विदेशी मुद्रा, भारतीय मुद्रा, आधार कार्ड, पैन कार्ड और डेबिट कार्ड समेत अन्य सामान बरामद किया है।

ब्रिटेन की पहली अश्वेत महिला सांसद के चुनाव पर विवाद

लंदन। ब्रिटेन की विपक्षी लेबर पार्टी में बुधवार को तब विवाद खड़ा हो गया जब आंतरिक अनुशासनात्मक प्रक्रिया के बाद देश की पहली अश्वेत महिला सांसद के चुनाव पर परस्पर विरोधी बातें सामने आईं। पूर्वी लंदन के हैकनी नॉर्थ और स्टोक न्यूइंगटन के लिए 1987 में पहली बार सांसद चुनी गईं डायने एबॉट ने दावा किया कि उन्हें लेबर उम्मीदवार के रूप में सीट से फिर से चुनाव लड़ने से रोक दिया गया है। यह घटनाक्रम विभिन्न समुदायों के नस्लवाद का सामना करने के बारे में उनकी टिप्पणियों की जांच के बाद उनका निलंबन रद किए जाने के पश्चात हुआ।

इजराइली कार्रवाई पर नीतियों में कोई बदलाव नहीं : अमेरिका

कहा- राफा में हुए हमले में जानमाल के नुकसान दिल दहला देने वाले और भयावह

वाशिंगटन, एजेंसी

- इजरायल ने हथियारों को पाने के लिए निर्धारित दायरे को नहीं किया है पार : अमेरिकी प्रवक्ता
- अमेरिका को लगता है, शहर में व्यापक पैमाने पर जमीनी आक्रमण नहीं करेगा इजराइल

अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय एवं आवास व्हाइट हाउस ने गाजा के शहर राफा पर इजराइल के हवाई हमले में लोगों के मारे जाने की घटना की निंदा की लेकिन कहा कि वह इजराइल की कार्रवाइयों को लेकर नीतियों में बदलाव नहीं करेगा।

अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा कि इजरायल ने भविष्य में हथियारों को पाने के लिए राष्ट्रपति जो बाइडन के निर्धारित दायरे को पार नहीं किया है और अमेरिका को लगता है कि वह शहर में व्यापक पैमाने पर जमीनी आक्रमण नहीं करेगा। ऐसा लगता है कि वह राफा के आबादी वाले इलाके में कोई जमीनी अभियान नहीं चला रहे हैं। उन्होंने राफा में हवाई हमले में हुए जानमाल के नुकसान को दिल दहला देने वाला और भयावह करार दिया और कहा कि अमेरिका इजराइल द्वारा की जा रही जांच के परिणामों को देख रहा है, जिसमें कहा गया है कि हमास के दो लड़ाकों पर हमले के बाद हुए दूसरे धमाके में आम नागरिक मारे गए। किर्बी ने कहा कि इस हमले में हमास के दो सरगना मारे गए, जो हमलों के लिए जिम्मेदार हैं।

इजराइल ने किया फिर हमला : इजराइल ने बुधवार को राफा पर फिर हमला किया। हमास पर युद्ध में नागरिकों की मौत पर चिंता के बावजूद इजराइल ने बदलाव का संकेत नहीं दिया है, जिससे युद्धविराम के हो रहे प्रयासों में रुकावट आ रही है।

इजरायल ने राफा शिविर पर बमबारी में शामिल होने से किया इनकार

गाजा। इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने राफा के पास अल-मवासी इलाके में शिविर पर हुए बम विस्फोट में अपनी संलिप्तता से इनकार किया। आईडीएफ ने कहा कि कुछ घंटों की रिपोर्टों के विपरीत, अल-मवासी में मानवीय क्षेत्र में हमला नहीं किया गया।

एर्दोगन ने संयुक्त राष्ट्र पर लगाया गाजा में हिंसा रोकने में विफल होने का आरोप

अंकारा। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने गाजा के राफा में रक्तपात रोकने में विफल होने के लिए संयुक्त राष्ट्र पर बुधवार को हमला बोला और कहा कि संयुक्त राष्ट्र की आत्मा मर चुकी है। एर्दोगन ने कहा कि अगर आप नरसंहार को नहीं रोक सकते तो संयुक्त राष्ट्र का क्या उपयोग है? अगर दुनिया का भाग्य पांच देशों के हाथों में है, तो इन इमारतों का क्या उपयोग है? संयुक्त राष्ट्र अपने कर्मचारियों की भी सुरक्षा नहीं कर सकता।

आलिया, प्रियंका सहित कई हस्तियों ने फिलिस्तीन के साथ दिखाई एकजुटता

नयी दिल्ली। अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा जोनस, आलिया भट्ट और करीना कपूर खान सहित कई भारतीय हस्तियों ने राफा में एक शिविर पर इज़राइली हमले के बाद फिलिस्तीन के प्रति समर्थन जाहिर की है। इज़राइल के हमले में 45 लोगों की मौत हुई है। इज़राइली हमले की कड़ी निंदा हो रही है हालांकि इज़राइली सेना का दावा है कि शिविर में आग फिलिस्तीनी आतंकियों के हथियारों से हुए विस्फोटों से लगी होगी। वहीं सोनम कपूर, सामंथा रुथ प्रभु, कोंकणा सेन शर्मा, एटली, वीर दास, दीया मिर्जा, तृप्ती डिमरी, शिल्पा राव, भूमि पेडनेकर, रकुल प्रीत सिंह सहित कई हस्तियों ने राफा की वह तस्वीर साझा की जिस पर लिखा है, सबकी निगाहें राफा पर हैं।

ब्राजील ने इजराइल से राजदूत बुलाया

रियो डी जेनेरियो। ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डा सिल्वा ने गाजा में युद्ध को लेकर अपने देश और इजराइल के बीच महीनों से जारी तनाव के बाद बुधवार को अपने राजदूत को बुला लिया। ब्राजील के राजपत्र में इसकी जानकारी दी गई है। लूला कई बार गाजा में इजराइल के आक्रमण की आलोचना कर चुके हैं। शुरुआत में उन्होंने गाजा युद्ध की तुलना यहूदियों के नरसंहार से की थी। इजराइल के विदेश मंत्री काट्स ने ब्राजील के राजदूत को यरूशलम स्थित राष्ट्रीय होलोकॉस्ट संग्रहालय में बुलाकर सार्वजनिक रूप से नाराजगी जाहिर की थी।

रूसी हस्तक्षेप की आशंका में यूरोपीय संसद की ली तलाशी

ब्रसेल्स। बेल्जियम के संघीय अभियोजक कार्यालय ने बुधवार को कहा कि पुलिस ने रूसी हस्तक्षेप को लेकर यूरोपीय संसद के एक कर्मचारी के आवास और ब्रसेल्स में संसद भवन में उसके कार्यालय की तलाशी ली।

अभियोजकों ने कहा कि फ्रांस के स्ट्रासबर्ग में संदिग्ध के कार्यालय की न्यायिक सहयोग एजेंसी यूरोजस्ट और फ्रांसीसी अधिकारियों के सहयोग से तलाशी ली गई। स्ट्रासबर्ग में यूरोपीय संघ की संसद का मुख्यालय है। यह तलाशी यूरोपीय संसद के चुनाव के लिए होने वाले मतदान से पहले ली गई। जांच की घोषणा पिछले महीने बेल्जियम के प्रधानमंत्री अलेक्जेंडर डी क्रू ने की थी। प्रधानमंत्री ने कहा था कि बेल्जियम की खुफिया सेवा ने एक ऐसे नेटवर्क का पता लगाया है, जो यूक्रेन के समर्थन को कमजोर करने की कोशिश कर रहा है। अभियोजकों ने कहा कि यह तलाशी हस्तक्षेप, भ्रष्टाचार और आपराधिक संगठन की सदस्यता के मामले का हिस्सा है और रूसी हस्तक्षेप के संकेतों से संबंधित है, जिस पर यूरोपीय संसद के सदस्यों से संपर्क किया गया और वॉयस ऑफ यूरोप समाचार वेबसाइट के माध्यम से रूसी हित वाले प्रचार को बढ़ावा देने के लिए उन्हें भुगतान किया गया।

राजकोट के गेम जोन में आग

एसआईटी को शीर्ष अधिकारियों से पूछताछ की मिली अनुमति

अहमदाबाद, एजेंसी

- गृह राज्य मंत्री ने दी अनुमति, 7 सरकारी और दो पुलिस कर्मियों की भूमिका की हो रही जांच

गुजरात के राजकोट में 'गेम जोन' में लगी आग की जांच के लिए गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) के प्रमुख ने बुधवार को कहा कि जांच में जरूरत के अनुरूप उन्हें भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के वरिष्ठ अधिकारियों से भी पूछताछ करने की अनुमति मिल गई है।

संबंधित घटनाक्रम में राजकोट के जिलाधिकारी ने कहा कि सभी मृतकों के डीएनए नमूने उनके रिश्तेदारों से मेल खा गए हैं। गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष सांघवी द्वारा गांधीनगर में एसआईटी सदस्यों से मुलाकात करने और जांच में प्रगति की समीक्षा करने के बाद विशेष जांच दल के प्रमुख सुभाष त्रिवेदी ने मीडिया से बात की। त्रिवेदी ने कहा कि हमें राजकोट नगर निगम, अग्निशमन विभाग, पुलिस और बिजली कंपनी से जुड़े अधिकारियों की भूमिका की जांच करने और दोषी पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।

एसआईटी में तकनीकी शिक्षा आयुक्त बीएन पाणि, गांधीनगर स्थित फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला के निदेशक एचपी सांघवी, अहमदाबाद के मुख्य अग्निशमन अधिकारी जेएन खड़िया और सड़क एवं भवन विभाग के अधीक्षण अभियंता एमबी देसाई शामिल हैं।

त्रिवेदी ने कहा कि गृह राज्य मंत्री (सांघवी) ने कहा है कि यदि आवश्यक हो तो आईएएस और आईपीएस अधिकारियों सहित वरिष्ठ सरकारी कर्मचारियों से भी पूछताछ की जाए। एसआईटी दो पुलिसकर्मियों समेत उन सात सरकारी कर्मचारियों में से प्रत्येक की भूमिका की भी जांच कर रही है, जिन्हें पहले ही निलंबित कर दिया गया था। त्रिवेदी ने कहा कि गेम जोन संचालकों ने सीमा से अधिक 30 लीटर से ज्यादा पेट्रोल संग्रहित किया था, इसलिए पेट्रोलियम अधिनियम के तहत प्राथमिकी में धाराएं जोड़ी जाएंगी। मंत्री ने हमें जांच करने को कहा है ताकि इस त्रासदी के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके।

गुप्त धन मामले में ट्रंप चुनाव कानून उल्लंघन के दोषी

वाशिंगटन, एजेंसी

- वयस्क फिल्म स्टार स्टॉर्मी को किए गए भुगतान से जुड़ा मामला

अमेरिकी अभियोजक जोशुआ स्टीनग्लास ने जूरी से कहा है कि पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के गुप्त धन मामले में अभियोजन पक्ष ने साबित कर दिया है कि ट्रंप चुनाव कानूनों के उल्लंघन के दोषी हैं। ट्रंप पर आरोप है कि उन्होंने वयस्क फिल्म स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स को 2006 में उनके बीच हुए यौन संबंध के बारे में सार्वजनिक रूप से बताने से चुप कराने के लिए कथित गुप्त धन भुगतान से संबंधित व्यावसायिक रिकॉर्ड में हेराफेरी की। ट्रंप पर यह भी आरोप है कि 2016 के चुनाव से पहले उन्होंने चुप्पी साध ली। सीएनएन की रिपोर्ट में कहा गया है कि ट्रंप ने आरोपों और डेनियल्स के साथ कोई संपर्क होने से इनकार किया है। मंगलवार को अंतिम दलील देते हुए अभियोजक ने कहा कि यह साबित हो गया है कि ट्रंप ने चुनाव कानून का उल्लंघन करने, सहायता करने या छिपाने का प्रयास किया था। अभियोजक ने बताया कि बहुत सारे सबूत हैं कि यह भुगतान डेनियल्स को किया गया था। जूरी बुधवार को न्यायाधीश जुआन मर्चन के 12-सदस्यीय जूरी को निर्देश देने के बाद इस पर विचार करेगी कि ट्रंप को दोषी ठहराए या नहीं।

इन्हें भी चाहिए गर्मी से राहत

चिलचिलाती गर्मी का कहर जारी है। देश की राजधानी दिल्ली में बुधवार को तापमान 52.3 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। गर्मी से राहत पाने के लिए विजय चौक पर लगे फव्वारे के पानी में बंदर अठखेलियां करते नजर आए। ● एजेंसी

मेक्सिको में इज़रायली दूतावास के बाहर पुलिस-प्रदर्शनकारियों में झड़प

मेक्सिको सिटी, एजेंसी

- 80 लोगों ने दूतावास घेरने का किया प्रयास, इनमें ज्यादातर महिलाएं रहीं शामिल

मेक्सिको सिटी में इजरायली दूतावास के बाहर विरोध प्रदर्शन पुलिस के साथ हिंसक झड़प में बदल गया और पत्रकारों समेत कई घायल हो गए। मैक्सिकों के प्रसारक टेलीडियारियो ने रिपोर्ट में यह जानकारी दी।

रिपोर्ट के मुताबिक इजराइली दूतावास के बाहर मंगलवार रात 80 लोग एकत्र हुए तथा पुलिस घेरा और अवरोधकों को तोड़ने का प्रयास किया। पुलिस के सहयोग से दूतावास के गार्डों ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस छोड़ी लेकिन उन पर पत्थरों और पेट्रोल बमों से हमला किया गया। प्रदर्शन और झड़पें जिनमें कथित तौर पर ज्यादातर महिलाएं शामिल थीं, दो घंटे तक चली और बिना किसी गिरफ्तारी के समाप्त हो गई। घटनाओं को कवर करने के लिए मौजूद कई पत्रकार भी झड़प के दौरान घायल हो गए। रिपोर्ट में पुलिस का हवाला देते हुए कहा गया है कि झड़प के दौरान चार पुलिस अधिकारियों और दो महिलाओं को चोटें आईं, जिनमें से ज्यादातर के शरीर के विभिन्न हिस्से जल गए और डॉक्टरों द्वारा उनका इलाज किया जा रहा है। मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार यह विरोध प्रदर्शन दक्षिणी गाजा पट्टी में एक शरणार्थी शिविर पर हाल ही में हुए इजरायली हमलों को लेकर था।

बुशरा बीबी के पूर्व पति पर इमरान खान के वकील ने किया हमला

इस्लामाबाद। इमरान खान की तीसरी पत्नी बुशरा बीबी के पूर्व पति पर इस्लामाबाद की अदालत के बाहर खान के वकील ने हमला कर दिया। यह हमला तब हुआ जब वह गैर-इस्लामिक विवाह मामले में दंपती की सजा के खिलाफ अपील पर सुनवाई के लिए उपस्थित हुए थे।

इमरान खान और बुशरा बीबी को तीन फरवरी को एक निचली अदालत ने शादी के लिए सात-सात साल जेल की सजा सुनाई थी। बुशरा के पूर्व पति खावर ने 2023 में दंपती के खिलाफ मामला दर्ज कराया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि उन्होंने बुशरा द्वारा इद्दत की अनिवार्य प्रतीक्षा अवधि का पालन किए बिना शादी कर ली थी।

उत्तर कोरिया ने दक्षिण की ओर उड़ाए कचरे से भरे गुब्बारे

सियोल। उत्तर कोरिया ने अपने प्रतिद्वंद्वी दक्षिण कोरिया की ओर कचरे से भरे सैकड़ों गुब्बारे उड़ाए जिससे दक्षिण की सेना को देश के विभिन्न हिस्सों में कचरे और मलबे को इकट्ठा करने के लिए रासायनिक तथा विस्फोटक प्रतिक्रिया टीमों को तैनात करना पड़ा।

उत्तर कोरिया द्वारा कचरे के गुब्बारे उड़ाया जाना हाल के वर्षों में दक्षिण कोरिया के प्रति सबसे विचित्र उकसावे वाला कदम है। उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ने सैन्य वैज्ञानिकों से उपग्रह प्रक्षेपण में मिली असफलता से उबरने और अंतरिक्ष में अपनी टोही क्षमताओं को विकसित करने को कहा था, जिसके बाद ये गुब्बारे उड़ाए गए। किम ने अंतरिक्ष परियोजना को अमेरिका और दक्षिण कोरियाई सैन्य गतिविधियों का मुकाबला करने में बेहद महत्वपूर्ण करार दिया। उत्तर कोरिया का उपग्रह प्रक्षेपण मिशन सोमवार को असफल हो गया था। कुछ घंटे पहले दक्षिण कोरिया ने अंतर-कोरियाई सीमा के पास 20 लड़ाकू विमानों के साथ अभ्यास किया था। किम ने प्रक्षेपण असफल होने के बाद पहली टिप्पणी करते हुए दक्षिण कोरिया के सैन्य अभ्यास के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी भी दी। उत्तर कोरिया की समाचार एजेंसी 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' की खबर के मुताबिक, किम ने मंगलवार को अपने भाषण में दक्षिण कोरिया के सैन्य अभ्यास को उन्मादी पागलपन और नजरअंदाज नहीं करने योग्य खतरनाक उकसावे वाला कदम करार दिया था।

खगोलीय घटना | मैगलन मिशन से प्राप्त आंकड़ों से इस रहस्य का हुआ खुलासा

लावा उगल रही है खूबसूरत वीनस की सतह

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : हमारे सौर मंडल का सबसे खूबसूरत ग्रह वीनस यानी शुक्र ग्रह की सतह पर ज्वालामुखी सक्रिय हैं, जो बड़े पैमाने पर लावा उगल रही है। मैगलन मिशन से प्राप्त आंकड़ों से इस रहस्य का खुलासा हुआ है।

शुक्र ग्रह की सतह पर माट मॉन्स नामक स्थान पर यह ज्वालामुखी काफी सक्रिय है। 3-डी कंप्यूटर मॉडल से लावा उगलते ज्वालामुखी का स्पष्ट पता लगाया जा सका है। नासा के मैगलन मिशन ने शुक्र ग्रह की कक्षा में पहुंचकर इसकी तस्वीरें ली हैं। इन तस्वीरों का कई वर्षों तक अध्ययन किया गया। तब जाकर इस रहस्य का खुलासा हो पाया। वीनस पर सक्रिय ज्वालामुखी की यह दूसरी खोज है। मैगेलन अंतरिक्ष यान 1990 से 1992 तक शुक्र ग्रह की सतह का 98 फीसद मानचित्रण किया था और इटली के वैज्ञानिकों ने इसका विश्लेषण किया।

पेस्कारा डी अन्नुंजियो विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक डेविड सुल्केनीज़ ने अपने बयान में कहा कि सक्रिय ज्वालामुखी के लिहाज से पृथ्वी और शुक्र ग्रह में एक जैसी समानता है और शुक्र पर यह नवीनतम खोज मैगलन के सिंथेटिक एपर्चर रडार से छवियों की ऐतिहासिक 2023 खोज पर आधारित है। विज्ञान पत्रिका नेचर एस्ट्रोनॉमी में यह खोज प्रकाशित हुई है।

शुक्र ग्रह की सतह पर बने ज्वालामुखी की तस्वीर।

- नासा के मैगलन मिशन ने शुक्र की कक्षा में पहुंचकर ली तस्वीर, कई वर्षों तक किया गया अध्ययन

3 से 20 मीटर ऊंचे ज्वालामुखी

नैनीताल : शुक्र के दोनों ज्वालामुखी 3 से 20 मीटर ऊंची हैं, जो ज्वालामुखी लगभग 30 वर्ग किलोमीटर में फैले हुए हैं। संभव है कि और भी ज्वालामुखी हो सकते हैं। जिनकी जानकारी भी जुटाई जा रही है। इसके अलावा शुक्र की भूगर्भीय स्थिति का पता भी लगाया जा रहा है। इस खोज से शुक्र की पृथ्वी की तुलना में भूगर्भीय स्थिति की सही जानकारी मिल पाएगी।

पाकिस्तान में बस के खड्ड में गिरने से 28 लोगों की मौत

कराची। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में एक तेज रफ्तार यात्री बस के पलट कर खड्ड में गिर जाने से बच्चों और महिलाओं सहित 28 लोगों की मौत हो गई। मीडिया की खबरों में यह जानकारी दी गई। यह बस तुर्बत से बलूचिस्तान प्रांत की राजधानी क्वेटा जा रही थी और क्वेटा से लगभग 700 किलोमीटर दूर वाशुक शहर के पास खड्ड में गिर गई। रिपोर्ट के अनुसार तेज रफ्तार के कारण यह दुर्घटना हुई।

जियो न्यूज ने बचाव अधिकारियों के हवाले से बताया कि यात्री बस का टायर फटने से यह दुर्घटना हुई। हादसे में 28 लोगों की मौत हो गई और करीब 22 लोग घायल हो गए और उन्हें बसिमा के सिविल अस्पताल भेजा गया। पाकिस्तान में सड़क दुर्घटनाएं आम हैं, यहां यातायात नियमों और सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया जाता। पंजाब के खुशाब जिले में 18 मई को एक ट्रक के खाई में गिरने से एक ही परिवार के कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई थी और नौ अन्य घायल हो गए थे। इससे पहले तीन मई को गिलगित बाल्टिस्तान में एक यात्री बस के एक संकरी सड़क से फिसलकर खड्ड में गिर जाने से कम से कम 20 लोगों की जान चली गई थीं, जबकि 21 अन्य घायल हो गए थे।